३.१० निक्षेपप्रकरणम् १४४

३.११ अस्वामिविक्रयप्रकरणम् १५२

३.१२ वाक्पारुष्यप्रकरणम् १५६

३.१३ समयव्यतिक्रान्तिप्रकरणम् १६०

३.१४ स्त्रीग्रहप्रकरणम् १६४

३.१५ द्यूतविधिप्रकरणम् १६९
३.१६ स्तैन्यप्रकरणम् १७२
३.१७ साहसप्रकरणम् १७८
३.१८ दण्डपारुष्यप्रकरणम् १८६
३.१९ स्त्रीपुरुषधर्मप्रकरणम् १९२

चतुर्थ अधिकार

४. प्रायश्चित्तम् २०१

परिशिष्ट

१. श्लोकानुक्रमणिका २०९
२. ग्रन्थानुक्रमणिका २२४
३. शब्दानुक्रमणिका २२९

॥ श्री गुरुभ्यो नमः॥

लघ्वर्हन्नीति

प्रथम अधिकार

भूपालादिगुणवर्णनम्

श्रीमन्तं नाभिजं वन्दे प्रथमं तीर्थनायकम्।
भूपं च योगिनं योग[1] विल्लक्ष्यं रम्यविग्रहम्॥१॥

विभूति सम्पन्न, राजा नाभि के पुत्र प्रथम तीर्थङ्कर, प्रथम राजा, योगी और योगाभ्यासियों के ध्येय रूप सुन्दर शरीर वाले (श्री ऋषभदेव) की वन्दना करता हूँ।

देवार्याय नमस्तस्मै यस्माच्चरमशासनम्।
प्रवृत्तमस्मिन् भरते संसारार्णवतारकम्॥२॥

संसार रूपी समुद्र को पार कराने वाले, इस भरत क्षेत्र में जिससे अन्तिम (जिन) शासन आरम्भ हुआ उस श्रेष्ठ देव (महावीर) का नमन करता हूँ।

गणेशान् पुण्डरीकादीन् द्विपञ्चाब्धिरसामितान्।
प्रणमामि त्रिधा भक्त्या प्रत्यूहोच्छित्तिकारकान्॥३॥

दो, पाँच, सात और नौ (२, ५, ७, ९) संख्या वाले, विघ्न का नाश करने वाले पुण्डरीक आदि गणधरों की त्रिविध (मन, वचन, काय) भक्ति से वन्दन करता हूँ।

सुधर्मस्वामिनं स्तौमि पञ्चमं गणनायकम्।
यदादिष्टगिरा सर्वं श्रुतं लोके प्रवर्तते॥४॥

जिसकी वाणी द्वारा प्ररूपित समस्त आगम शास्त्र लोक में प्रचलित हैं (महावीर के) उस पञ्चम गणधर सुधर्मा स्वामी की वन्दना करता हूँ।

---

१. योगि० भ १, भ २, प १, प २॥

श्रुतदेवीं सद्गुरूंश्च नतिर्मेऽस्तु मुहुर्मुहुः।
यत्प्रसादसमुद्भूतो मयि बोधः प्रसर्पति।।५।।

देवी सरस्वती तथा सद्गुरु की मैं बारम्बार वन्दना करता हूँ जिनकी कृपा से उत्पन्न हुए ज्ञान का मुझमें प्रसार हो रहा है।

कुमारपालक्ष्मापाला[1]ग्रहेण पूर्वनिर्मितात्।
अर्हन्नीत्यभिधात् शास्त्रात्सारमुद्धृत्य किञ्चन।। ६।।
भूपप्रजाहितार्थं हि शीघ्रस्मृतिविधायकम्।
लघ्वर्हन्नीतिसच्छास्त्रं सुखबोधं करोम्यहम्।।७।। युग्मम्।।

चौलुक्य राजा कुमारपाल के आग्रह से पूर्व विरचित 'अर्हन्नीति' नामक शास्त्र से कुछ सार उद्धृत् कर निश्चय ही राजा और प्रजा के कल्याण के लिए शीघ्रता से स्मरण में आने वाले तथा सरलता से ज्ञान होने वाले उत्तम शास्त्र लघु-अर्हन्नीति की रचना करता हूँ।

एकदा वीरभगवान् राजगृहपुराद्बहिः।
उद्याने समवासार्षी[2]द्गौतमादिव्रतीडितः।।८।।

एकबार गौतमादि मुनियों से पूजित भगवान् महावीर ने राजगृह नगर से बाहर उपवन में समवसरण किया।

तदागमनवृत्तान्तं श्रुत्वा श्रेणिकभूमिराट्।
जगाम वन्दितुं तूर्णं समुत्कः सपरिच्छदः।।९।।

उन (भगवान् महावीर) के आगमन का वृत्तान्त सुनकर राजा श्रेणिक अपने परिजनों सहित उत्सुकता से शीघ्र वन्दना हेतु गये।

प्रणिपत्य जगन्नाथमुपविश्योचितस्थले।
देशनान्ते चावसरं प्राप्य पप्रच्छ भूधनः।। १०।।

जगत् के स्वामी (भगवान् महावीर) की वन्दना कर उपयुक्त स्थान पर बैठकर प्रवचन के अन्त में अवसर पाकर राजा ने पूछा।

राजप्रश्नाः

पुरा स्वामिन् राजनीतिमार्गः केन प्रकाशितः।
कतिभेदश्च किंरूपो जिज्ञासेति भृशं मम।। ११।।

हे प्रभु! प्राचीन काल में राजनीति का मार्ग किसके द्वारा उद्घाटित किया

---

१. ०पालग्रहेण भ २।।
२. समवासार्षी प १।।

गया, (राजनीति के) कितने भेद हैं, क्या स्वरूप है? इस सम्बन्ध में जानने की मुझे प्रबल इच्छा है।

तत्समाख्याहि भगवन् कृपां कृत्वा ममोपरि।
परार्थसाधने दक्षाः भवन्ति हि महाशयाः।।१२।।

हे भगवन्! मेरे ऊपर कृपा कर उसका सम्यक्प्रकार से प्ररूपण कीजिए। निश्चय ही महात्मा या उदारचेता दूसरों के प्रयोजन को सिद्ध करने में कुशल होते हैं।

ततो जगाद भगवान् शृणु भो मगधेश्वर!।
कालेऽस्मिन्नादिमो भूप ऋषभोऽभूज्जिनेश्वरः।।१३।।

तत्पश्चात् भगवान् बोले हे मगधराज! सुनो इस युग में आदि जिनेश्वर भगवान् ऋषभदेव प्रथम राजा हुए।

स एव कल्पद्रुमफले क्षीणे कालप्रभावतः।
भारतान् दुःखितान् दृष्ट्वा कलिछद्मपरायणान्।।१४।।
कारुण्याद्युग्मजातानां छित्वा धर्मं पुरातनम्।
वर्णाश्रमविभागं वै तत्संस्कारविधिं पुनः।।१५।।
कृषिवाणिज्यशिल्पादिव्यवहारविधिं तथा।
नीतिमार्गं च भूपानां पुरपट्टनसंस्थितिम्।।१६।।
विद्याः सर्वाः क्रियाः सर्वाः ऐहिकामुष्मिकाअपि।
प्रादुश्चकार भगवान् लोकानां हितकाम्यया।।१७।।

– चतुर्भिः कलापकम्।

काल के प्रभाव से कल्पवृक्ष के फल के क्षीण हो जाने पर कलिकाल के कपट के वशीभूत भरत की प्रजा को दुःखी देखकर करुणावश युगलियों (युग्म रूप में उत्पन्न) के पुरातन धर्म का भेदन कर संस्कारविधि सहित वर्ण और आश्रम (दो प्रकार) के विभाग तथा कृषि, वाणिज्य, शिल्प आदि, व्यवहार विधि तथा राजाओं का नीति मार्ग, पुर तथा नगरों की व्यवस्था, लौकिक-पारलौकिक सभी विद्यायें, सभी क्रियायें, भगवान् (ऋषभदेव) ने लोगों के हित की कामना के लिए प्रवर्तित किया।

तत्पुत्रो भरतश्चक्रे निधाय हृदि तद्वचः।
निधाननवकप्राप्तनीतिधर्मादिमर्मवित् ।।१८।।
आर्यवेदचतुष्कं हि जगत्स्थित्यै चकार सः।
पुरुषार्थार्जने दक्षाः यतः स्युर्निखिलाः प्रजाः।।१९।। युग्मम्।।

उस (भगवान् ऋषभ) के पुत्र नवनिधान प्राप्त, नीति, धर्मादि के मर्म को जानने वाले भरतचक्रवर्ती ने पिता के वचन को हृदय में धारण कर (शासन किया)। उसने संसार के पालन के लिए आर्य वेद-चतुष्क की रचना की जिससे सम्पूर्ण प्रजा पुरुषार्थ की प्राप्ति में निपुण हो गयी।

तत्तु कालान्तरे भ्रष्टं जातं हिंसादिदूषितम्।
मिथ्यात्विभिर्गृहीतं हि सुविध्यादिजिनान्तरे।।२०।।

परन्तु समय बीतने के साथ सुविधि आदि तीर्थङ्करों के काल में मिथ्यात्वियों (जैनेतरों) द्वारा अङ्गीकार करने से हिंसा आदि से दोषयुक्त होकर वह (शास्त्र) भ्रष्ट हो गया।

तदार्यैस्तत्परित्यज्य पूर्वाचार्यैर्विनिर्मिताः।
ग्रन्था अनेकशः सन्त्यधुनापि पृथिवीतले।।२१।।
तानाश्रित्य जनो लोकव्यवहारे प्रवर्त्तते।
एतन्निदानमेतस्य जानीहि मगधाधिप।।२२।।

इस लिए श्रेष्ठ पुरुषों द्वारा उसे छोड़ कर, पूर्व के आचार्यों द्वारा रचित अनेक ग्रन्थ, जो पृथ्वीतल पर अब भी विद्यमान हैं, उनका आश्रय लेकर लोकव्यवहार का आचरण किया जाता है। हे मगधराज! यही (नीतिशास्त्र की उत्पत्ति का) कारण जानो।

इति प्रथमप्रश्नस्योत्तरं दत्वा जगत्प्रभुः।
प्रश्नान्तरसमाधानं यथा चक्रे तथोच्यते।।२३।।

इस प्रकार प्रथम प्रश्न का उत्तर देकर संसार के स्वामी (भगवान् महावीर) ने जिसप्रकार (राजा श्रेणिक के) अन्य प्रश्न का समाधान किया वह निरूपित किया जाता है–

(वृ०) तथाहि – **उदाहरणार्थ–**

तत्रादावुपयोगित्वान्नृपाणां मन्त्रिणां गुणाः।
प्रकाश्य च तथा तेषामेव शिक्षाश्च काश्चन।।२४।।

उपयोगी होने के कारण ग्रन्थ के प्रारम्भ में राजा तथा मन्त्री के गुणों को सूचित कर उन (राजा तथा मन्त्री) की ही कुछ शिक्षाओं का (कथन करेंगे)।

अव्यङ्गो १ लक्षणैः पूर्णः २ रूपसम्पत्तिभृत्तनुः ३।
अमदो ४ जगदोजस्वी ५ यशस्वी ६ च कृपापरः ७।।२५।।

कलासु कृतकर्मा च ८ शुद्धराजकुलोद्भवः ९।
वृद्धानुगस्त्रिशक्तिश्च १०-११ प्रजारागी १२ प्रजागुरुः १३।।२६।।

समर्थनः पुमर्थानां त्रयाणां सममात्रया १४।
कोशवान् १५ सत्यसन्ध[1]श्च १६ चरद्दग् १७ दूरमन्त्रदृक् १८॥२७॥
आसिद्धिकर्मो[2]द्योगी १९ च प्रवीणः शस्त्रशास्त्रयोः २०।
निग्रहानुग्रहपरो २१ निर्लञ्जो २२ दुष्टशिष्टयोः २३॥२८॥
उपायार्जितराज्यश्री २४ दानशीलो २५ ध्रुवञ्जयी २६।
न्यायप्रियो २७ न्यायवेत्ता २८ व्यसनानां व्यपासकः २९॥२९॥
अवार्यवीर्यो ३० गाम्भीर्यौदार्यचातुर्यभूषितः ३१-३३।
प्रणामावधिकक्रोधः ३४ सात्विकस्तात्त्विको ३५-३६ नृपः॥३०॥
— इति नृपगृणाः॥

राजा १. पूर्ण अङ्गों वाला, २.समस्त (शुभ) लक्षणों से परिपूर्ण, ३. सुन्दर शरीर वाला, ४. मद रहित, ५. ओजस्वी, ६. यशस्वी, ७. दयावान, ८. कलाओं में निपुण, ९. शुद्ध राजवंश में उत्पन्न, १०. वृद्ध (वयोवृद्ध, धर्मवृद्ध, ज्ञानवृद्ध और आगमवृद्ध) का अनुगमन करने वाला, ११. तीन (प्रभाव, मन्त्र और उत्साह) शक्तियों से युक्त, १२. प्रजा में अनुरक्त, १३. प्रजा का स्वामी, १४. समान रूप से उपयुक्त मात्रा में तीन पुरुषार्थों (धर्म, अर्थ, काम) का समर्थन करने वाला, १५. कोशवान्, १६. सत्यनिष्ठ (वचन का पालन करने वाला), १७. गुप्तचर रूपी आँख वाला, १८. दूरदृष्टिवाला, १९. कार्यसिद्धि पर्यन्त उद्यम करने वाला, २०. शस्त्र और शास्त्र में प्रवीण, २१. दण्ड देने और कृपा करने में निपुण, २२. लोभ में न आने वाला, २३. दुष्टों को अनुशासित करने वाला, २४. पराक्रम से राज्यरूपी लक्ष्मी की वृद्धि करने वाला, २५. दानशील, २६. निश्चित रूप से विजय प्राप्त करने वाला, २७. न्यायप्रिय, २८. न्यायवेत्ता, २९. व्यसन-त्यागी, ३०. अप्रतिरोधी पराक्रमवाला, ३१-३३. गम्भीरता, उदारता, दक्षता से सुशोभित, ३४. क्षमायाचना की अवधि तक क्रोध धारण करने वाला, ३५. सात्विक और ३६. तात्त्विक हो।

देवान् गुरून् द्विजांश्चैव कुलज्येष्ठांश्च लिङ्गिनः।
विहाय भवतान्येषां न विधेया नमस्कृतिः॥३१॥

---

१. सप्तसन्धश्च १६ प १, सतसन्धश्च १६ भ १, भ २, प २॥
२. ०कर्मो १९ द्योगी च २० प्रवीणः शस्त्र २१ शास्त्रयोः
२२ निग्रहा २३ नुग्रहपरो २४ निर्लञ्जो दुष्टशिष्टयोः २४॥२८॥
उपायार्जितराज्यश्रीः २५ दानशीलो २६ ध्रुवंजयी २७।
न्यायप्रियो २८ न्यायवेत्ता २९ व्यसनानां व्यपासकः ३०॥२९॥
आचार्यवीर्ये ३१ गाम्भीर्यौ ३२ दार्य ३३ चातुर्यभूषितः ३४।
प्रणामावधिकक्रोधः ३५ सात्विक ३६ स्तात्विको नृपः॥३०॥ भ १, भ २, प १, प २॥

देव, गुरु, ब्राह्मण, कुल के ज्येष्ठ और साधुओं के अतिरिक्त आप अन्य किसी की वन्दना न करें।

न स्पृष्टं क्वापि भोक्तव्यं नान्येन सह भोजनम्।
न श्राद्धभोजनं कार्यं भोक्तव्यं नान्यवेश्मनि।।३२।।

(राजा को) न ही किसी के द्वारा भी स्पर्श किया हुआ और न ही दूसरे के साथ भोजन करना चाहिए, न ही श्राद्ध (पितृ क्रियाकर्म) भोजन करना चाहिए और न ही किसी के घर में भोजन करना चाहिए।

अगम्यास्पृश्यनारीणां विधेयो नैव सङ्गमः।
परेण धारितं वस्त्रं नो धार्यं भूषणं तथा।।३३।।

(राजा को) गमन न करने योग्य, स्पर्श के अयोग्य (अछूत) नारियों के साथ सम्पर्क या मैथुन नहीं करना चाहिए, दूसरों के द्वारा धारण किये गये वस्त्र तथा आभूषण नहीं धारण करना चाहिए।

शयनं परशय्यायामासनं च परासने।
परपात्रे भोजनं च वर्जयेः[1] सर्वदा नृपः।।३४।।

राजा दूसरे की शय्या पर शयन, दूसरे के आसन पर बैठने तथा दूसरे के पात्र में भोजन का सर्वदा त्याग करे।

नैवारोप्या गुरून्मुक्त्वा स्वशय्यासनवाजिषु।
स्वे रथे वारणे चैव पर्याणे क्रोड एव च।।३५।।

अपनी शय्या, आसन, घोड़े, रथ, हाथी आदि पर गुरुओं के अतिरिक्त किसी को न बिठाये।

काञ्जिकं[2] क्वथितान्नं च यवान्नं तैलमेव च।
न भोक्तव्यं क्वचिद्राज्ञा पञ्चोदुम्बरजं फलम्।।३६।।

– इति नृपाणाम् नियमशिक्षाः।।

काञ्जी (खट्टा पेय-विशेष), क्वथित (धीमी आँच पर उबाला हुआ) अन्न, जौ, तेल और उदुम्बर (गूलर) जाति के पाँच फलों का राजा को कभी भी आहार नहीं करना चाहिए।

अपराधसहस्रेऽपि योषिद्द्विजतपस्विनाम्।
न वधो नाङ्गविच्छेदस्तेषां कार्याः प्रवासनम्।।३७।।

---

१. वर्जये प २।।
२. काजिकं भ १।।

हजार अपराध होने पर भी स्त्री, ब्राह्मण तथा तपस्वियों का वध और न ही अङ्ग-भङ्ग करना चाहिए बल्कि उनका देश से निर्वासन करना चाहिए।

देवद्विजगुरूणां च लिङ्गिनां च सदैव हि।
अभ्युत्थाननमस्कारप्रभृत्या मानमाचर।।३८।।

देव, ब्राह्मण, गुरु और साधुओं (के आगमन पर) अपने आसन से खड़े होकर (अभ्युत्थान), नमस्कार आदि के द्वारा सदैव उनका समादर करना चाहिए।

धर्मार्थकामान् सन्दध्या अन्योऽन्यमविरोधितान्।
पालयस्व प्रजाः सर्वाः स्मृत्वा स्मृत्वा क्षणे क्षणे।।३९।।

धर्म, अर्थ और काम को परस्पर विरोध के विना साधना चाहिए। प्रत्येक क्षण सभी प्रजाजनों का स्मरण कर उनका पालन करना चाहिए।

मन्त्रिभिः सेवकैश्चैव पीड्यमानाः प्रजा नृप।
क्षणे क्षणे पालयेथाः प्रमादं तत्र माचर।।४०।।

हे राजन्! मन्त्रियों और सेवकों द्वारा पीड़ित की जाती हुई प्रजा की रक्षा प्रत्येक क्षण करनी चाहिये, इसमें रञ्चमात्र भी आलस्य नहीं करो।

दण्ड्या न लोभतः केचिन्न क्रोधान्नाभिमानतः।
दोषानुसारिदण्डश्च विधेयः सर्वदा त्वया।।४१।।

हे राजन्! लोभ, क्रोध और अभिमान के कारण किसी को दण्डित नहीं करना चाहिए बल्कि तुम्हारे (राजा) द्वारा सदा दोष के अनुसार दण्ड देना चाहिए।

हित्वालस्यं सदा कार्यं नीत्या कोषस्य वर्द्धनम्।
प्रजायाः पालनं नीत्या नीत्या राष्ट्रहितं पुनः।।४२।।

आलस्य छोड़कर सदा नीति द्वारा कोष की वृद्धि करना चाहिए। नीतिपूर्वक प्रजा का पालन करना चाहिए, पुनः नीति से ही राष्ट्रहित करना चाहिए।

कदापि न हि मोक्तव्यो नीतिमार्गो हितेच्छुभिः।
स्यान्न्यायवर्ज्जितो भूप इहामुत्र च दुःखभाक्।।४३।।

अपना हित चाहने वाले राजाओं द्वारा कभी भी नीतिमार्ग का त्याग नहीं करना चाहिए। न्यायगुण से वञ्चित राजा इस लोक और परलोक में दुःख का भागी होगा।

यदुक्तम् – जैसा कि कहा गया है –

दुष्टदण्डः[१] सुजनस्य पूजा न्यायेन कोशस्य च सम्प्रवृद्धिः।
अपक्षपातो रिपुराष्ट्ररक्षा पञ्चैव यज्ञाः कथिता नृपाणाम्।।४४।।

---

१. दुष्टस्यदण्डः प २।।

दुष्ट को दण्ड, सज्जन की पूजा, न्यायपूर्वक कोश की सम्यक् रूप से वृद्धि, पक्षपात का अभाव और शत्रु से राष्ट्र की रक्षा – राजाओं के ये ही पाँच यज्ञ कहे गये हैं।

अङ्गरक्षान्सौविदल्लान् मन्त्रिणो दण्डनायकान्।
सूपकारान् द्वारपालान् कुर्याद्वंशक्रमागतान्।।४५।।

अङ्गरक्षकों, कञ्चुकियों, मन्त्रियों, सेनापतियों, रसोइयों और द्वारपालों की नियुक्ति वंशानुगत रूप से आये हुए लोगों की करनी चाहिए।

वर्जयन्मृगयां द्यूतं वेश्यां दासीं परस्त्रियः।
सुरां वचनपारुष्यं तथा चैवार्थदूषणम्।।४६।।

राजा द्वारा शिकार, द्यूत, वेश्या, दासी, परस्त्री, मदिरा, वाणी की कठोरता तथा धन के अपव्यय का त्याग करना चाहिये।

वृथार्थदण्डपारुष्यं वाद्यं गीतं तथाधिकम्।
नृत्यावलोकनं भूयो दिवा निद्रां च सततम्।।४७।।
परोक्षनिन्दा व्यसनान्येतानि परिवर्जयेः।[1]
न्यायान्यायपरामर्शे नीरक्षीरविवेचने।।४८।।

निष्प्रयोजन दण्ड, कठोरता, अत्यधिक वाद्य और गीत, बार-बार नृत्य देखना, निरन्तर दिन के समय शयन और पीठ पीछे निन्दा – इन दुर्व्यसनों का परित्याग करो। न्याय और अन्याय के विवेचन में (हंस के समान) नीर-क्षीर विवेक वाला होना चाहिए।

न पक्षपातो नोद्वेगस्त्वया कार्यः कदाचन।
स्त्रीणां श्रीणां विपक्षाणां नीचानां रसितागसाम्।।४९।।
मूर्खाणां चैव लघ्वानां[2] मा विश्वासं कृथाः क्वचित्।
देवगुर्वाराधने च स्वप्रजानां च पालने।।५०।।
पोष्यपोषणकार्ये च मा कुर्यात्प्रतिहस्तकान्।
कार्यः सम्पदि नोत्सेको धैर्यछेदो च चापदि।।५१।।
एतद्द्वयं निगदितं बुधैरुत्तमलक्षणम्।
शास्त्रैर्दानैः प्रपाभोज्यैः प्रासादैश्च[3] जलाशयैः।।५२।।

---

१. परिवर्जयेत् प १।।
२. लुध्वानां भ १, प २।।
३. प्रशादैश्च भ १, भ २, प १, प्रसादै० प २।।

यशस्करै[१] रमाभिश्च पूरयेः सकलामिलाम्।
घातयेः शत्रुवंश्यांश्च पोषयेः सुहृदन्वयम्।।५३।।

तुम्हारे (राजा) द्वारा न कभी किसी का पक्ष ग्रहण करना चाहिए और न ही चित्त को अस्थिर (उद्वेग) करना चाहिए। स्त्रियों, धनवानों, विपक्षियों, अधम, मदिरा सम्बन्धी अपराधियों, मूर्खों तथा अल्पवयस्कों का कभी विश्वास नहीं करना चाहिए। देव और गुरु की आराधना, अपनी प्रजा का पालन तथा पोषण किये जाने योग्य वर्ग के पोषण का कार्य दूसरों के हाथ में नहीं सौंपना चाहिए। आनन्द में अत्यधिक अहङ्कार तथा सङ्कट के समय में धैर्य का त्याग नहीं करना चाहिए – बुद्धिमानों द्वारा ये दो उत्तम लक्षण बताये गये हैं। राजा कीर्ति में वृद्धि करने वाले शास्त्र, दान, परिखाओं, भोजनशालाओं, भवनों और जलाशयों से सम्पूर्ण पृथ्वी को पूर्ण कर दे। राजा शत्रु के वंशजों को नष्ट करे और मित्रों के वंश का पोषण करे।

शक्तित्रिकमुपायानां चतुष्कं चाङ्गसप्तकम्।
वर्गत्रयं सदैतानि रक्षणीयानि यत्नतः।।५४।।

तत्र प्रभूत्साहमन्त्राः शक्तयः समुदाहृताः।
उपायाः सामदामौ च दण्डभेदाविति क्रमात्।।५५।।

स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशराष्ट्रदुर्गबलानि च।
सप्ताङ्गी नीतिराज्यस्य प्रकृतिश्चाष्टमा क्वचित्।।५६।।

षड्गुणाश्च समाख्याता राज्यस्तम्भोपमा इमे।
सन्धिविग्रहयानासनाश्रयद्वैधभावनाः ।।५७।।

तीन शक्ति, चार उपाय, सात अङ्ग और त्रिवर्ग से सदा प्रयत्नपूर्वक (राज्य का) रक्षण करे। सामर्थ्य (बल), उत्साह तथा मन्त्र (तीन) शक्तियाँ कही गई हैं। साम, दाम, दण्ड और भेद क्रमशः उपाय कहे गये हैं। स्वामी, प्रधान, मित्र, कोश, राष्ट्र, दुर्ग और सैन्य – ये सात राज्य के अङ्ग हैं। कुछ प्रकृति को राज्य का आठवाँ अङ्ग भी स्वीकार करते हैं। सन्धि, विग्रह (युद्ध), यान, आसन, आश्रय और द्वैध भावना (राजनीति में दुरङ्गी नीति बरतने का गुण) – इन छः गुणों को राज्य के स्तम्भ की उपमा दी जाती है।

पालयेच्च प्रजाः सर्वाः स्वपरापेक्षयोज्झितः।
दुष्टान् प्रजापीडकांश्च तथा राज्यपदैषिणः।।५८।।

---

१. यशस्कारै भ १, भ २, प १, प २।।

गुरुदेवभिदः शत्रून् चौरान् प्राणैर्वियोजयेः।[1]
सर्वदा दण्डनीयाश्च लञ्चाग्राहिनियोगिनः।।५९।।
यथा स्युः सुस्थिताः सर्वाः प्रजाः कार्यं तथा सदा।
इत्येषा भवता शिक्षा करणीया दृढात्मना।।६०।।

– इति नृपाणां नीतिशिक्षा।।

बिना अपने पराये के भेद-भाव के सम्पूर्ण प्रजा का पालन करना चाहिए। दुष्टों, प्रजा को पीड़ित करने वालों राज्य पाने की इच्छा वालों, गुरु और देव का नाश करने वालों, तथा शत्रुओं और चोरों का प्राणहरण करना चाहिए। रिश्वत ग्रहण करने वाले अधिकारियों को सदा दण्डित करना चाहिए। हे राजन्! आप दृढ़तापूर्वक इन (उपर्युक्त वर्णित शिक्षाओं) को धारण करें और सम्पूर्ण प्रजा जिसप्रकार सुख से रहे आपको सदा वैसा आचरण करना चाहिए।

कुलीनः कुशलो धीरो दाता सत्यसमाश्रितः।
न्यायैकनिष्ठो मेधावी शूरः शास्त्रविचक्षणः।।६१।।
सर्वव्यसननिर्मुक्तो दण्डनीतिविशारदः।
पुरुषान्तरविज्ञाता सत्यासत्यपराक्रमः।।६२।।
कृतापराधसौदर्ये शत्रावपि समाशयः।
धर्मकर्मरतो नित्यमनागतविमर्शकः।।६३।।
अत्यास्तिक्यादिमतिषु चतसृष्वपि बद्धधीः।-
भक्तः षड्दर्शनेष्वेव गुरुदेवाद्युपासकः।।६४।।
नित्यमाचारनिरतः पापकर्मपराङ्मुखः।
सदा विचारयेन्न्यायं क्षीरनीरविवेचनम्।।६५।।
कुलक्रमागतं मात्रं नृपयोग्यमुदीरयन्।
ईदृशः पुरुषो मन्त्री जायते राज्यवृद्धिकृत्।।६६।।

– इति मन्त्रिगुणाः।।

उच्चकुल में उत्पन्न, कुशल, धीर, दानी, सत्य का आश्रय लेने वाला, न्यायप्रिय, मेधावी, वीर, शास्त्रज्ञ, समस्त व्यसनों से मुक्त, दण्डनीति वेत्ता, पुरुषों में अन्तर का विज्ञाता, सत्य-असत्य कथन में साहसी, अपराधी सहोदर हो अथवा शत्रु उनके प्रति समान दृष्टि वाला, धर्म कार्य में लीन, सदा भविष्य का चिन्तन करने वाला, आस्तिक्य आदि चार प्रकार की बुद्धियों में नैसर्गिक प्रवृत्ति वाला,

---

१. वियोजये प २।।

षड्दर्शनों का ज्ञाता, गुरु, देव आदि का उपासक, सर्वदा सदाचार का पालन करने वाला, पापकर्म से विमुख, सदा हंस की भाँति दुग्ध और पानी को पृथक् करने वाला, सतत न्याय का चिन्तन करने वाला, कुलपरम्परा से आया हुआ, राजोचित मार्ग को बताने वाला, इस प्रकार का पुरुष राज्य की वृद्धि करने वाला मन्त्री होता है।

क्रोधाल्लोभात्तथोत्सेकाद्दर्पादपथिवर्त्तनम् ।
वर्जनीयं सदामात्यैर्वाच्यं नित्यं यथाहितम्।।६७।।

व्यवहारे न कस्यापि पक्षः कार्यस्त्वया।
नृप्रजाहितैकनिष्ठत्वं धारणीयं निरन्तरम्।।६८।।

परामर्शं विधायोच्चैः राज्याङ्गेषु च वैरिषु।
तथा कार्यं यथा स्वामिकार्ये हानिर्न जायते।।६९।।

– इति मन्त्रिशिक्षा।।

अमात्यों द्वारा क्रोधवश, लोभवश, अहङ्कारवश और अभिमानवश कुत्सित मार्ग के आचरण का सदा त्याग करना चाहिए तथा सदैव हितकारी वचन बोलना चाहिए। व्यवहार में किसी का भी पक्ष नहीं लेना चाहिए, निरन्तर राजा एवं प्रजा के हित का ही एक मात्र लक्ष्य धारण करना चाहिए। राज्य के अङ्गों तथा शत्रुओं के विषय में उच्च अधिकारियों से परामर्श कर उस प्रकार कार्य करना चाहिए जिससे राज्य की हानि न हो।

नृपामात्यौ यदि स्यातां पूर्वोक्तगुणधारकौ।
तदा प्रवर्तते नीतिर्न च स्याद् द्विषदागमः।।७०।।

यदि राजा और अमात्य पूर्व में कहे गये गुणों के धारक हों तब नीति के अनुसार (राज्य-कार्य) सञ्चालन होने पर राज्य में शत्रु का प्रवेश नहीं होगा।

पूर्वोक्तशिक्षया युक्तः प्रातरुत्थाय भूपतिः।
मङ्गलातोद्यनादेन स्मरेत्पञ्चनमस्कृतिम्।।७१।।

पूर्व में कही गई शिक्षाओं से युक्त राजा प्रातः उठकर मङ्गल वाद्यों की ध्वनि के साथ पञ्चपरमेष्ठि नमस्कार का स्मरण करे।

कृत्वा प्राभातिकं कृत्यं स्नात्वा गत्वा जिनालये।
जिनभक्तिं विधायोच्चैः परिच्छदसमावृतः।।७२।।

गुरुश्चेत्तर्हि तत्पादनतिं कृत्वा तदग्रतः।
स्थित्वा तद्देशनां श्रुत्वाभियुक्तः सुसमाहितः।।७३।।

आगत्य च सभामध्ये स्थित्वा सिंहासने ततः।
मन्त्रियुक्तपार्थिवः सर्वराजचिह्नसमन्वितः।।७४।।
पश्येत्सभागतान्सर्वान् राज्यकर्माधिकारिणः।
सेनापतितलारक्षप्रभृतींश्च चरानपि।।७५।।

– चतुर्भिःकलापकम्।।

प्रातःकालीन नित्य कर्म कर, स्नान कर, जिनालय जाकर, जिन की भक्ति कर, उच्च अधिकारियों एवं सेना से घिरा हुआ यदि गुरु हो तो उसके चरणों में नमनकर, उसके सम्मुख सावधानीपूर्वक दत्तचित्त हो बैठकर, देशना सुनकर और समस्त राजचिह्न से युक्त हो मन्त्रियों सहित सभा में आकर, तत्पश्चात् सिंहासन पर बैठकर सभा में आये हुए सेनापति, तलारक्ष आदि सभी राज्य कर्माधिकारियों और गुप्तचरों का भी निरीक्षण करे।

लक्षणानि स्वकर्माणि चैषां प्रस्तावयोगतः।
कथ्यन्तेऽत्र यथा प्रोक्तान्यागमे नीतिकोविदैः।।७६।।

प्रस्तुत विषय के सन्दर्भ में आगमशास्त्र में और नीतिशास्त्र के ज्ञाताओं द्वारा इनके लक्षण और कर्म जिस प्रकार कहे गये हैं उनका यहाँ निरूपण किया जाता है।

(वृ०) तद्यथा –

सेनापतिर्भवेद्दक्षः यशोराशिर्महाबलः।
स्वभावतः सदातप्तस्तेजस्वी सात्त्विकः शुचिः।।७७।।

सेनापति दक्ष, (अनेक वीरतापूर्ण कार्य करने से) कीर्तिवान, महाबलशाली, सदा तीक्ष्ण स्वभाव वाला, तेजस्वी, सत्त्वगुण प्रधान और पवित्र हृदय वाला हो।

यवनादिलिपौ दक्षो म्लेच्छभाषाविशारदः।
ततो म्लेच्छप्रभृतिषु साम[1]दामाद्युपायकृत्।।७८।।
विचारपूर्वको भाषो यथावसरवाक्यविद्।
गम्भीरमधुरालापी नीतिशास्त्रार्थकोविदः।।७९।।
जागरूको दीर्घदर्शी सर्वशास्त्रकृतश्रमः।
ज्ञातयुद्धविधिश्चक्रव्यूहाव्यूहविशेषवित् ।।८०।।
सावहित्थस्यापि यत्तूर्णं दम्भादम्भादिभाववित्।
प्रत्युत्पन्नमतिर्वीरोऽमूढः कार्यशतेष्वपि।।८१।।

---

१. समदामा० भ १, प १, प २।।

स्वामिभक्तः प्रजाप्रेष्ठः प्रसन्ननयनाननः।
दुर्दशनो द्विषां वीररसावेशे भयङ्करः।।८२।।
लञ्चादिलोभानाकृष्टः स्वामिकार्यैकसाधकः।
सल्लक्षणः कृतज्ञश्च दयालुर्विनयी नयी।।८३।।
जेतव्यवर्षे निम्नोच्चजलशैलादिदुर्गवित्।
नानाविषमदुर्गाणां भङ्गादानादिमर्मवित्।।८४।।
सन्धाने प्रतिभिन्नानां संहतानां च भेदने।
उपायज्ञो प्रयासेन द्विषतैवं द्विषं जयेत्।।८५।।

— इति सेनापतिलक्षणानि।।

यवनादि लिपि में सिद्धहस्त, म्लेच्छ भाषा में निपुण, तत्पश्चात् म्लेच्छ आदि जातियों में साम-दाम आदि उपाय करने वाला, गम्भीरता के साथ विचारपूर्वक बोलनेवाला, अवसर के अनुकूल वचन बोलने वाला, गम्भीर और मधुर वाणी बोलने वाला, नीतिशास्त्र के अर्थ में प्रवीण, अपने कर्त्तव्य के विषय में सावधान, दूरदर्शी, समस्त शास्त्रों का ज्ञाता, युद्ध-विधि का ज्ञाता, चक्रव्यूह संरचना और अव्यूह (व्यूह-भेदन) में निपुण, मनोभाव प्रकट न करने वाले लोगों के भी छल और प्रामाणिकता को शीघ्रता से जानने वाला, प्रत्युत्पन्नमति वीर, सैकड़ों कार्यों में कुशल, स्वामिभक्त, प्रजा का अत्यन्त प्रिय, प्रसन्न नेत्र और मुखवाला, शत्रुओं में भय उत्पन्न करने वाली आकृति वाला, वीर रस के आवेश में भयङ्कर (प्रतीत होने वाला), रिश्वत आदि के लोभ की ओर आकृष्ट न होने वाला, अपने स्वामी के कार्य को सिद्ध करने में अद्वितीय, शुभ लक्षणों वाला, उपकार मानने वाला, दयालु, विनयशील, नीतिवान्, विजयी होने योग्य, क्षेत्र की नीची-ऊँची भूमि, जल, शैलादि और दुर्ग के विषय में जानने वाला, अनेक प्रकार के विषम दुर्गों को भङ्ग करने, ग्रहण करने आदि का रहस्य जानने वाला, शत्रुओं की सन्धि को तोड़ने के उपाय को जानने वाला और शत्रुओं को शत्रु के प्रयास से ही जीतनेवाला—इन गुणों से युक्त सेनापति योग्य है।

त्वया परबलावेशो बुध्या बाहुबलेन च।
भञ्जनीयो विधेयो न विश्वासः कस्यचित् परम्।।८६।।
परस्य मण्डलं प्राप्य कार्या नानवधानता।
अल्पेऽपि परसैन्ये च महान् कार्यः उपक्रमः।।८७।।
देशं कालं बलं पक्षं षड्गुण्यं शक्तिसङ्गमम्।
विलोक्य भवता शत्रुरभियोज्यो न चान्यथा।।८८।।

स्वस्वामिने जयो देयः कार्यं स्वप्राणरक्षणम्।
दण्डनायकमुत्कृष्टमित्येवं शिक्षयेद्गुरुः।।८९।।

– इति सेनापतिशिक्षा।।

बुद्धि और बाहुबल से शत्रु बल को तोड़ना चाहिए, शत्रुपक्ष का भरोसा नहीं करना चाहिए। दूसरे के राज्य में पहुँचकर प्रमाद नहीं करना चाहिए। शत्रुसेना के संख्या में कम होने पर भी महान प्रयास करना चाहिए। देश, काल, सैन्य, पक्ष, षड्गुण तथा शक्ति का सङ्गम देखकर शत्रुओं के साथ युद्ध करना चाहिये अन्यथा नहीं। अपने राजा को विजय प्रदान करना चाहिये और अपने प्राणों की रक्षा करनी चाहिये इस प्रकार गुरु द्वारा दण्डनायक को उत्तम शिक्षा देनी चाहिये।

कुलीनाः कुशलाधीराः शूराः शास्त्रविशारदाः।
स्वामिभक्ता धर्मरताः प्रजावात्सल्यशालिनः।।९०।।
सर्वव्यसननिर्मुक्ताः शुचयो लोभवर्जिताः।
समाशयाश्च सर्वेषु नृपवस्तुसुरक्षकाः।।९१।।
परोपेक्षाविनिर्मुक्ताः गुरुभक्ताः प्रियंवदाः।
महाशया महाभाग्याः धर्मे न्याये सदा रताः।।९२।।
अप्रमादाः प्रसन्नाश्च प्रायः कीर्त्तिप्रिया अपि।
कर्माधिकारे योग्याः स्युरीदृशाः पुरुषाः परम्।।९३।।

उच्च कुल, कुशल, धैर्यवान्, पराक्रमी, शास्त्रवेत्ता, स्वामिभक्त, धर्मनिष्ठ, प्रजावत्सल, समस्त व्यसनों से मुक्त, पवित्र, लोभरहित, सबके प्रति समभाववाला, राजा की वस्तु की रक्षा करने वाला, दूसरे की आशा नहीं रखने वाला, गुरुभक्त, प्रियभाषी, उदार चित्तवाला, भाग्यशाली, सर्वदा धर्म तथा न्याय में अनुरक्त, आलस्यरहित, प्रसन्नचित्त और प्रायः यश की आकांक्षा वाला, इस प्रकार के पुरुष राजा के अधिकारी बनने के अत्यन्त योग्य हैं।

(वृ०) इतिसामान्यतःसर्वेषांकर्माधिकारिणां लक्षणानि –

इस प्रकार सामान्य रूप से सभी राजकर्मचारियों के लक्षण (कहे गये) –

स्वामिना यदि यत्कर्म न्यस्तं विश्वासतस्त्वयि।
अत्र प्रमादो नो कार्यो विधेयं स्वामिवाञ्छितम्।।९४।।

स्वामी द्वारा कर्मचारी में विश्वासपूर्वक उसे जो भी कार्य सौंपा गया है उसमें आलस्य नहीं करना चाहिए, स्वामी के अभिलषित की पूर्ति करनी चाहिए।

प्रजा न पीडनीयास्तु स्वयं पत्युर्न कर्म च।
अर्जनीयं नयाद्वित्तं न हेयं सत्यमुत्तमम्।।९५।।

प्रजाधने नृपस्वे च न कार्या कर्हिचित्स्पृहा।
एवं शिक्षा सदा देया सर्वकर्माधिकारिषु।।९६।।

– इति सामान्यतःसर्वेषांकर्माधिकारिणांतत्कर्मबोधिकाशिक्षा।।

प्रजा को पीड़ित नहीं करना चाहिए, स्वयं राजा का कार्य नहीं बिगाड़ना चाहिए, न्यायपूर्वक धन एकत्र करना चाहिए और सर्वोत्कृष्ट सत्य का परित्याग नहीं करना चाहिए। प्रजा के धन और राजा के धन की कभी आकांक्षा नहीं करनी चाहिए, इस प्रकार की शिक्षा राज्याधिकारियों को सदा दी जानी चाहिए।

मध्वाम्लकटुतिक्तेषु वाग्भेदेषु विचक्षणाः।
औत्पत्तिक्यादिधीयुक्ताः शीघ्रकार्यविधायिनः।।९७।।
विनीताः स्वामिभक्ताश्च स्वामिकार्यैकतत्पराः।
सर्वभाषासु दक्षाश्च प्रायेण स्युर्द्विजाश्चराः।।९८।।

– इतिदूतलक्षणानि।।

मधुर, आम्ल, कड़वा और तिक्त वाणी में अन्तर करने में कुशल, औत्पत्तिकी आदि बुद्धि से युक्त, कार्य को शीघ्र सम्पन्न करने वाले, विनीत, स्वामिभक्त, स्वामी के कार्य में अत्यन्त तत्पर और सभी भाषाओं में दक्ष प्रायः ब्राह्मण गुप्तचर हों।

स्वस्वामिनेा वृथोत्साहो न देयो रभसात्कदा।
परप्रसादो नापेक्ष्यः कार्यं सत्यनिवेदनम्।।९९।।
स्वामिप्रतापसंवृद्धिः कार्या सर्वत्र च त्वया।
ज्ञात्वान्यभावं तद्वाच्यं यत्स्यात्स्वाम्यर्थसाधकम्।।१००।।

– इति दूतशिक्षा।।

कभी भी उतावलेपन से स्वामी को व्यर्थ का उत्साह न दिलाये, दूसरे की कृपा की आकांक्षा नहीं करे, सत्य का ही निवेदन करे। गुप्तचर द्वारा सर्वत्र स्वामी के पराक्रम की वृद्धि करनी चाहिए और दूसरे के मन्तव्य को जानकर वह बोलना चाहिए जिससे स्वामी का प्रयोजन सिद्ध हो।

तेषां विज्ञापनं सम्यक् श्रुत्वा मन्त्रियुता नृपः।
हिताहितं विविच्याथ कुर्याद्राष्ट्रहितं भृशम्।।१०१।।

राजा मन्त्री सहित उनकी सूचना को भली प्रकार सुनकर हित-अनहित का विवेचन करने के पश्चात् राष्ट्र के लिए अत्यन्त हितकारी कार्य करे।

इत्याचार्य श्रीहेमचन्द्रविरचिते चौलुक्यवंशभूषणकुमार-

पालशुश्रूषिते लघ्वर्हन्नीतिशास्त्रे भूमिकाभूपालादिगुण-
वर्णननाम प्रथमोऽधिकारः।।१।।

यह आचार्य श्री हेमचन्द्र द्वारा विरचित चौलुक्यवंश के भूषण राजा कुमारपाल द्वारा सेवित लघु अर्हन्नीति नामक शास्त्र में भूमिका के रूप में भूपालादिगुणवर्णन शीर्षक प्रथम अधिकार है।

—O—

द्वितीय अधिकार

२.१

युद्धनीतिप्रकरणम्

जगन्नाथं सनाथं चाद्भुतलक्ष्म्योर्ज्जितप्रभम्।
प्रत्यूहनाशने दक्षमजितं समुपास्महे।।१।।

जगत के स्वामी, अलौकिक सौन्दर्य से दीप्त कान्ति वाले, विघ्न का नाश करने में सक्षम, (दूसरे तीर्थङ्कर) अजित की उपासना करता हूँ।

पूर्वाधिकारे यत्प्रोक्तं हिताहितविचारणम्।
नीतिप्रवर्तनं कृत्यं भूपालस्य तदुच्यते।।२।।

पूर्व अर्थात् प्रथम अधिकार में वर्णित हित-अहित के विमर्श के सम्बन्ध में नीति के क्रियान्वयनरूप राजा का जो कर्त्तव्य है उसका कथन किया जाता है।

(वृ०) तत्रादौ नृपेण विचारणा कुत्र कथं कैश्च कर्त्तव्येत्याह –

आरम्भ में राजा द्वारा किस स्थल पर, किस रीति से और किनके साथ मन्त्रणा करनी चाहिए, इसका निरूपण –

उद्याने विजने गत्वा प्रासादे[1] वा रहःस्थितः।
मन्त्रयेन्मन्त्रिभिर्मन्त्रं भूयः स्वस्थः समाहितः।।३।।

निर्जन उद्यान में अथवा महल में एकान्त में जाकर स्वस्थ तथा दत्तचित्त होकर राजा द्वारा मन्त्रियों के साथ बार-बार मन्त्रणा करना चाहिये।

मन्त्रभेदे कार्यभेदः पार्थिवानां प्रजायते।
अतो मन्त्रणेऽखिलान् मन्त्रभेदकानपसारयेत्।।४।।

परामर्श या गुप्त वार्ता का रहस्य खुलने से राजाओं की कार्य योजना बाधित होती है। इसलिए मन्त्रणा के समय गुप्त परामर्श के सभी भेद खोलने वालों को बाहर हटाना चाहिए।

---

१. प्रसादे भ १, भ २, प १, प २।।

(वृ०) विचारानन्तरं नीत्या राष्ट्रहितं कार्यम्। तत्र नीतिः कति-धेत्याह –

परामर्श के पश्चात् नीतिपूर्वक राष्ट्रहित (का कार्य) करना चाहिए। नीति के कितने भेद वर्णित हैं, इसका निरूपण –

नीतिस्त्रिधा युद्धदण्डव्यवहारैरुदाहृता।
तत्राद्या कार्यकालीना मध्यान्त्या च निरन्तरा।।५।।

युद्ध, दण्ड तथा व्यवहार रूप से नीति तीन प्रकार की कही गई है। प्रथम नीति (युद्ध) को अवसरानुकूल, मध्य (दण्ड) और अन्तिम (व्यवहार) निरन्तर प्रयोग में लाना चाहिए।

(वृ०) तत्रतावद्यथोद्देशनिर्देशेन युद्धनीतिवर्णनावसरेसन्ध्यादिगुणानामुपयो-गित्वात्स्वरूपमुच्यते –

विषय के सङ्केत से युद्धनीति के वर्णन के अवसर पर सन्धि आदि गुणों की उपयोगिता होने से उनके स्वरूप का कथन किया जाता है –

सन्धिर्व्यवस्था वैरं च विग्रहः शत्रुसन्मुख-।
गमनं यानमाख्यातमुपेक्षणमथासनम् ।।६।।

(राज्यों में परस्पर) व्यवस्था सन्धि, शत्रुता रखना विग्रह, शत्रु के सामने गमन यान, शत्रु की उपेक्षा कर अपने स्थान में रहना आसन है।

द्विधा कृत्वा बलं स्वीयं स्थाप्यं तद्द्वैधमुच्यते।
बलिष्ठस्यान्यभूपस्याश्रयणं संश्रयः स्मृतः।।७।।

अपनी सेना का दो भागकर स्थापित करना द्वैध कहा जाता है, (शत्रु के भय से) अन्य शक्तिशाली राजा का आश्रय संश्रय कहा गया है।

इत्येते षड्गुणा नित्यं चिन्तनीया[1] महीभुजा।
कालं वीक्ष्य प्रयोक्तव्या यथास्थानं यथाविधि।।८।।

इन छः गुणों (सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैध और संश्रय) का राजा को सदैव चिन्तन करना चाहिए। अवसर देखकर, स्थान एवं विधि के अनुरूप इसका प्रयोग करना चाहिए।

(वृ०) पङ्क्तिचिन्निबन्धनेन परस्परोपकारनियमबन्धव्यवस्था सन्धिः। स द्विविधः सत्यसन्धिः मायासन्धिश्च।

---

१. चिन्तया भ १, चिन्तनाया भ २, चिन्तनया प २।।

कुछ शर्तों के साथ परस्पर उपकार के नियमों की व्यवस्था करना सन्धि है। सन्धि दो प्रकार की है – सत्यसन्धि और माया सन्धि।

यदुक्तम् – जैसा कि कहा गया है –

तत्रैकः सत्यसन्धिः स्याद्यथोक्तं नान्यथा भवेत्।
मायासन्धिर्द्वितीयस्तु मायया यः प्रतन्यते।।१।।

उनमें प्रथम सत्यसन्धि में कथन के अनुरूप व्यवहार होता है, इससे भिन्न नहीं और द्वितीय माया सन्धि में माया का विस्तार होता है। दूसरे शब्दों में सत्यसन्धि जिस रूप में की जाती है उसी रूप में उसका पालन होता है। द्वितीय माया सन्धि प्रपञ्च रूप है।

स्वार्थं मित्रार्थं वा युद्धाद्यपकाराचरणं विग्रहः।२।

अपने लिए अथवा मित्र के लिए युद्ध आदि अपकार करना विग्रह है।

एकाकिनः समित्रस्य वा शत्रुं प्रति साधनार्थगमनं यानम्।३।

शत्रु के दमन हेतु अकेले अथवा मित्र सहित गमन यान है।

दीनबलतया मित्रानुरोधेन वोपेक्षासनम्।४।

निर्बल होने अथवा मित्र के अनुरोध से (शत्रु की) उपेक्षा कर (अपने स्थान पर रहना) आसन है।

शत्रुरोधार्थं सेनानीः कतिपय बलान्वित एकतो दुर्गबहिस्तिष्ठेदन्यतो राजापि कतिचित्सेनाकलितो दुर्गे तिष्ठेत् इति स्वबलस्य द्विधाकरणं द्वैधम्।५।

शत्रु को रोकने के लिए कुछ सेना सहित सेनापति एक ओर दुर्ग के बाहर स्थित रहे, दूसरी ओर राजा भी कुछ सेना के साथ दुर्ग में रहे इस प्रकार अपनी सेना को दो हिस्से में विभाजित करना द्वैध है।

शत्रुसङ्कटे सहायेच्छया साम्प्रतिकायतिकदुःखनिवृत्यर्थं बलवत्तरान्यभूपाश्रयणं संश्रयः।६।

शत्रु से सङ्कट देख दुःख के निवारण हेतु सहायता प्राप्त करने की इच्छा से अधिक शक्तिशाली राजा का आश्रय संश्रय है।

एते गुणा यथावसरं यथास्थानं प्रयोगार्हाः, तदेव दर्शयति –

उपरोक्त छः गुण अवसरानुकूल और उचितस्थान पर प्रयोग करने के योग्य हैं। उसी का निरूपण किया जाता है –

आत्मनश्चेन्नृपः पश्येदेष्यद्धाविफलं शुभम्।
विसह्याप्यल्पहानिं वै सन्धिं कुर्याद्द्रुतं तदा।।९।।

यदि राजा भविष्य में अपना शुभ परिणाम देखे तो किञ्चित् हानि सहकर भी (शत्रु के साथ) शीघ्रता से सन्धि करनी चाहिये।

बलोपचितमात्मानं तुष्टामात्यादिसंयुतम्।
यदा जानाति भूपालस्तदा कुर्याद्धि विग्रहम्।।१०।।

यदि राजा स्वयं को बढ़ी हुई सैन्य शक्तिवाला, सन्तुष्ट अमात्य आदि (अधिकारियों) से सम्पन्न समझता हो तब शत्रु से विग्रह – शत्रुता या युद्ध करना चाहिये।

विपक्षपक्षदलनोत्साहभृत्सूर्ज्जितं बलम्।
पुष्टं प्रकृष्टं जानीयादरिं यायात्तदा नृपः।।११।।

यदि राजा सेना को शत्रुपक्ष का मर्दन करने के उत्साह से पूर्ण, तेजस्वी, शक्तिशाली और उत्तम समझे तब शत्रु की ओर गमन करना चाहिये।

पूर्वार्ज्जिता यदा शक्तिर्बलहीना प्रजायते।
सामदामभिदोद्युक्तस्तदासीत् प्रयत्नतः।।१२।।

पूर्व की लड़ाई से यदि सेना बलहीन हो गई हो तब राजा साम, दाम, भेद आदि युक्तियों से प्रयत्न करता हुआ स्थिर रहे।

रिपुं बलिष्ठं दुर्धर्षं यदा मन्येत भूधनः।
तदा बलं द्विधा कृता दुर्गे तिष्ठेत्समाहितः।।१३।।

जब राजा शत्रु को अतिशय शक्तिशाली और वश में न आने वाला जाने तब सेना को दो हिस्सों में विभाजित कर दुर्ग में सावधान होकर रहे।

आत्मानं यदि दुर्गोऽपि रक्षितुं न क्षमो भवेत्।
तदा बलिष्ठराजानं धर्मिष्ठं संश्रयेद् द्रुतम्।।१४।।

यदि राजा अपने दुर्ग की भी रक्षा करने में समर्थ न हो तो शीघ्रता से शक्तिशाली तथा अत्यन्त पुण्यात्मा राजा का आश्रय ले।

तत्रापि यदि शङ्का स्यात्सोऽपि त्याज्यो ध्रुवं तदा।
निःशङ्कः समरे स्थित्वा युद्धमेव समाचरेत्।।१५।।

यदि वहाँ (शक्तिशाली तथा अत्यन्त पुण्यात्मा राजा के आश्रय से) भी शङ्का हो तो निश्चित रूप से उस आश्रय का भी त्याग करना चाहिए और निःशङ्क हो रण में रहकर युद्ध ही करना चाहिए।

जये च लभ्यते लक्ष्मीर्मरणे च सुराङ्गना।
क्षणविध्वंसिनः कायश्चिन्ता का मरणे रणे।।१६।।

युद्ध में विजय प्राप्त होने पर लक्ष्मी प्राप्त होती है और मृत्यु प्राप्त होने पर स्वर्ग की अप्सरा (प्राप्त होती है)। क्षणभर में नष्ट हो जाने वाली इस काया के लिए युद्ध में मरने की क्या चिन्ता करना।

(वृ०) अथ सामाद्युपायचतुष्कस्वरूपं वर्ण्यते –

इसके बाद साम आदि चार उपायों का वर्णन किया जाता है –

कार्यसिद्धिः प्रियालापैः साम दानेन दाम च।
भिन्नताकरणं भेदो मिथो राज्याधिकारिषु।।१७।।

प्रिय वचनों से कार्य की सिद्धि करना साम, दान से (कार्य-सिद्धि) दाम, राज्य के अधिकारियों में परस्पर फूट डालकर (कार्य-सिद्धि) भेद है।

दण्डो हि वधपर्यन्तोऽपकारः प्रतिपन्थिनाम्।
स्यादुपायो नरासाध्ये कार्ये कार्योऽन्यथा न च।।१८।।

शत्रुओं का (छोटे से लेकर) वध पर्यन्त अपकार दण्ड है। इसके बाद साम, दाम और भेद से जो कार्य साध्य न हो उसी को दण्ड उपाय से करना चाहिये अन्यथा नहीं करना चाहिये।

(वृ०) सत्कारादरप्रीतिसम्भाषणादिभिः सान्त्वनं साम।

स्वर्णेभवाजिराजतादि दानेन कार्यसाधनं दाम।
द्रव्यादिलोभदर्शनेन वाग्चातुर्येण वामात्यादीनाम्
परस्परचित्तभेद-तापादनं भेदः।
धनहरणवधबन्धनादिरूपोऽपकारो दण्डः।

आदर, सत्कार तथा प्रीतियुक्त वचन आदि से सान्त्वना देना – साम।

सोना, हाथी, घोड़ा, चाँदी आदि द्रव्य के दान से कार्य का सम्पादन – दाम।

द्रव्यादि का लोभ दिखाकर अथवा वाणी के चातुर्य से अमात्य आदि को फोड़ना – भेद।

धन का हरण कर लेना, वध करना, बन्धन आदि रूप अपकार – दण्ड।

अथसामदामभेदसाध्ये युद्धं न विधेयमन्यत्र विधेयमिति दर्शयन्नाह–

इसके पश्चात् साम, दाम और भेद के साध्य होने पर युद्ध नहीं करना चाहिए, इसके अभाव में युद्ध करना चाहिए यह प्ररूपित करते हुए कथन –

साम्ना दाम्ना च भेदेन जेतुं शक्या यदारयः।
तदा युद्धं न कर्त्तव्यं भूपालेन कदाचन॥१९॥

यदि साम, दाम और भेद से शत्रुओं को जीतने में समर्थ हो तो राजा को कभी भी युद्ध नहीं करना चाहिए।

सन्दिग्धो विजयो युद्धेऽसन्दिग्धः पुरुषक्षयः।
सत्स्वन्येष्वित्युपायेषु भूपो युद्धं विवर्ज्जयेत्॥२०॥

युद्ध में विजय सन्दिग्ध है, पुरुषों का नाश निश्चय है, अन्य उपायों के होने पर राजा युद्ध का त्याग करे।

सामादित्रितयासाध्ये त्वनन्यगतिको नृपः।
युद्धे प्रवृत्तिकामः स्याद्यदा तत्कृत्यमुच्यते॥२१॥

यदि सामादि तीनों उपायों से कार्य सिद्ध न हो तो राजा की गति अन्य हो अर्थात् वह अवश्य युद्ध करे। जब युद्ध करने के लिए तत्पर हो जाये तब उसे क्या करना चाहिए, वह कार्य बताया जा रहा है –

पूर्वं सम्प्रेष्यते दूतश्चतुर्मुख उदारधीः।
विपक्षव्यूहधीभावगमागमपरीक्षणे ॥२२॥

शत्रु के सैन्यव्यूह और आने-जाने वाले मार्ग के परीक्षण हेतु पहले उदार बुद्धि वाला, चतुर्मुख दूत शत्रु के पास भेजा जाता है।

सोऽपि गत्वाऽथ मधुरैः पूर्वं वाक्यैर्निवेदयेत्।
तदसिद्धौ पुनर्ब्रूयादाम्लं तिक्तं तथा कटु॥२३॥

इसके बाद वह दूत भी जाकर पहले मधुर वचनों से निवेदन करे। उन (मधुर वचनों के) असफल होने पर वह पुनः आम्ल (कषैला), तिक्त और कटु वचन बोले।

सिद्धासिद्धौ तदाकारैर्भाषणेनेङ्गितेन च।
तदीयचित्ताभिप्रायं बलशक्तिं च सर्वथा॥२४॥
बुद्धिशक्तिं कलाशक्तिं निर्गमं गमनं तथा।
सम्यक् ज्ञात्वा त्वरावृत्य यथावत् स्वामिनं वदेत्॥२५॥

उस (शत्रु पक्ष) के मनोभावों को अभिव्यक्त करने वाली शारीरिक चेष्टा, कथन तथा हाव-भाव से उद्देश्य की सफलता अथवा विफलता, सब प्रकार से शत्रु का विचार, अभिप्राय, सैन्यशक्ति, बुद्धिबल, कलाशक्ति, गमनागमन आदि की यथास्थिति जानकर शीघ्रता से वापस लौटकर दूत को अपने स्वामी से ज्यों का त्यों निवेदन करना चाहिये।

दूतद्वारेण यज्ज्ञातं परोयोद्धुं समीहते।
तदा मन्त्रिवरैः सार्द्धं मन्त्रयित्वा भृशं नृपः।।२६।।

तथा कुर्याद्यथा न स्याद्विग्रहो बहुनाशकृत्।
केनापि नीतिमार्गेण सन्तोष्यः परभूपतिः।।२७।।

दूत द्वारा जो ज्ञात हुआ उसके बाद राजा यदि युद्ध की इच्छा करता है तब श्रेष्ठ मन्त्रियों के साथ बार-बार परामर्श कर राजा को वैसा कदम उठाना चाहिए जिससे युद्ध अत्यधिक विनाशक न हो। किसी भी नीति मार्ग से शत्रु राजा को सन्तुष्ट करने का प्रयास करना चाहिए।

यदि केनाप्युपायेन परस्त्यजति नो रणम्।
तदा वीक्ष्य मिथः साम्यं युद्धायैवोद्यतो भवेत्।।२८।।

यदि किसी भी उपाय से दूसरा राजा युद्ध (रण) का त्याग नहीं करता है तब परस्पर समानता का परीक्षण कर युद्ध के लिए ही तत्पर होना चाहिए।

बलिष्ठेन न योद्धव्यं बलिष्ठाश्रयणं विना।
तद्युद्धेन जयः प्रायः क्षयश्चानुशयः सदा।।२९।।

अपने से बलवान शत्रु से बलवान राजा के आश्रय के बिना युद्ध नहीं करना चाहिए। उस (बलवान) के साथ युद्ध करने पर प्रायः विजय नहीं (प्राप्त होती) सदा नाश तथा पश्चात्ताप (होता है)।

हीनेनापि न योद्धव्यं स्वयं गत्वा च सम्मुखम्।
तज्जये तु यशो न स्यात् किन्तु हानिः पराजये।।३०।।

अपने से हीन राजा के साथ भी स्वयं सामने जाकर युद्ध नहीं करना चाहिये। क्योंकि उसके ऊपर विजय प्राप्त करने पर यश तो नहीं मिलता किन्तु पराजय होने पर हानि होती है।

(वृ०) अत्र स्वयमिति पदेनावश्यके कार्ये सेनान्यं प्रेष्य तज्जयो विधेय इत्यावेदितम्–

यहाँ 'स्वयं' शब्द से आवश्यक कार्य के लिए सेनापति को भेजकर शत्रु पर विजय प्राप्त करनी चाहिए यह कहा गया है –

अथ कदा च यानं विधेयमित्याह –

इसके बाद कब युद्ध हेतु प्रस्थान करना चाहिये, इसका कथन –

स्वराष्ट्रदुर्गरक्षार्हप्रधानं च तथा बलम्।
संस्थाप्य च निजे राज्ये सन्तोष्यात्मीयकान् भृशम्।।३१।।

वाहनायुधवर्मादिसामग्रीं संविधाय च।
देवं गुरुं च सम्पूज्य शान्तिकर्मपुरस्सरम्।।३२।।
सुमुहूर्ते सुशकुने मार्गादौ माससप्तके।
यात्रां कुर्वीत राजेन्द्रो वीक्ष्य कालबलाबलम्।।३३।।

राजा अपने राष्ट्र एवं दुर्ग की सुरक्षा में समर्थ सेनापति तथा सेना स्थापित कर, अपने राज्य में अपने लोगों को अत्यधिक सन्तुष्ट कर, वाहन, आयुध, कवच आदि सामग्री को सज्जित कर और (शान्ति कर्म सहित) देव, गुरु की पूजा कर, उत्तम मुहूर्त और उत्तम शकुन देखकर मार्गशीर्ष मास से लेकर (अगले) सात मासों में समय और सबल तथा निर्बल पक्ष का परीक्षण कर (युद्ध के लिए) प्रस्थान करे।

(वृ०) अत्र मार्गशीर्षादिमाससप्तके युद्धप्रस्थानकाल इति दर्शनेन वर्ज्य-चतुर्मासेषु युद्धनिषेधः सूचितः।

मार्गशीर्ष आदि सात महीनों को युद्ध हेतु प्रस्थान का काल बताकर शेष चार मासों में युद्ध का निषेध सूचित किया गया है।

मुहूर्तशकुनादिविचारस्तु निमित्तशास्त्रात् ज्ञेयः इति।

मुहूर्त शकुनादि का विचार निमित्तशास्त्र से ज्ञात कर लेना चाहिए।

मन्त्रिसामन्तसन्मित्रनैमित्तिकभिषग्वर ।
कोषाध्यक्षादिसंयुक्तश्चतुरङ्गचमूवृतः ।।३४।।
वेषान्तरधरैश्चारैराज्ञातश्च पदे पदे।
गच्छेत्समाहितो मार्गे शोधिते चाग्रगामिभिः।।३५।।

युद्ध हेतु प्रस्थान के समय मन्त्री, सामन्त, सन्मित्र, नैमित्तिक, श्रेष्ठ वैद्य, कोषाध्यक्ष आदि सहित चतुरङ्गिणी सेना से घिरा हुआ, परिवर्तित वेष धारण करने वाले गुप्तचरों द्वारा आगे जाकर मार्ग का शोधन कर कदम-कदम की सूचना प्रदान किये जाने पर आश्वस्त होकर राजा आगे बढ़े।

गतप्रत्यागतभृत्ये गूढभक्तिपरायणे।
मित्रे च न हि विश्वासः कार्यो भूपेन सर्वदा।।३६।।

अत्यधिक भक्तिपरायण, आने-जाने वाले नौकर तथा मित्र पर राजा को सदा विश्वास नहीं करना चाहिए।

सर्वतो भयसत्वे च दण्डव्यूहेन पार्थिवः।
पृष्ठतो हि भयप्राप्तावनोव्यूहेन गच्छति।।३७।।

यदि राजा को शत्रु से चारों दिशाओं से भय हो तो वह सेना को दण्डव्यूह के आकार में लेकर चले, यदि पीछे से भय हो तो सेना का शकटाकार व्यूह बनाकर आगे बढ़े।

ताक्ष्र्यशूकरव्यूहाभ्यां पार्श्वतो भीतिवान् व्रजेत्।
मुखे पश्चाद्भये जाते मकरव्यूहसाधनः।।३८।।
सूचीव्यूहेन भूभर्ता संव्रजेदग्रतो भये।
यतो हि भयशङ्कास्याद्बलं विस्तारयेत्ततः।।३९।।
पद्मव्यूहे निवासे हि सदा तिष्ठेत्स्वयं नृपः।
सेनापतिबलाध्यक्षैः रक्षा कार्या समन्ततः।।४०।।

यदि राजा को शत्रु से दोनों पार्श्व से भय हो तो उसे सेना का ताक्ष्र्य और शूकर व्यूह बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। आगे और पीछे से भय उत्पन्न होने पर सेना का मकर व्यूह बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। आगे से भय होने पर सेना का शूची व्यूह बनाकर राजा को आगे बढ़ना चाहिए। जहाँ से विशेष भय हो वहाँ सेना को दोनों ओर फैला देना चाहिए। सेना का शिविर लगाना हो तो व्यूह रचना पद्म आकार में करनी चाहिए। राजा व्यूह के मध्य में रहे और सेनापतियों द्वारा चारों ओर से उसकी रक्षा की जानी चाहिए।

(वृ०) मुखे बलाध्यक्षो मध्ये भूपः पृष्ठतः सेनापतिः उभयपार्श्वतश्चेभास्ततो हयास्ततः पदातयश्चेत्येवं दण्डाकाररचनात्मकः सर्वत्र समविस्तारो दण्डव्यूहः।

मुख अर्थात् अग्रभाग में सेनाध्यक्ष, मध्य में राजा, पिछले भाग में सेनापति, दोनों पार्श्वों में हाथी, उसके बाद घोड़े, पुनः पैदल सैनिक – इस प्रकार दण्ड के आकार में सभी स्थानों पर समान विस्तार से युक्त संरचना दण्डव्यूह है।

सम्मुखाग्रे सूक्ष्मः पश्चात् पृथुलः शकटाकारोऽनोव्यूहः।

आगे कम और पीछे विस्तीर्ण आकार वाली सेना की संरचना अनोव्यूह है।

तद्विपरीतो मकरव्यूहः।

इस (अनोव्यूह) के विपरीत अर्थात् आगे विस्तीर्ण और पीछे सङ्कीर्ण आकार वाली सेना की संरचना मकरव्यूह है।

मुक्तामालेव संहततयावस्थापनं गमनं वा सूचीव्यूहः।

सेना को मोतियों की माला की तरह जुड़ी हुई स्थिति में स्थापित करना अथवा गमन करना सूचीव्यूह है।

मध्ये स्थितस्य नृपतेः परितो वलयाकारेण पद्मबलस्थापनं पद्मव्यूहः।

मध्य में स्थित राजा के चारों ओर वलय आकार में (दो-दो पङ्क्तियों में) स्थित सेना की स्थापना को पद्मव्यूह कहते हैं।

एवं सङ्गच्छतस्तस्यानवछिन्नप्रयाणतः।
सीमान्तमुपसम्पद्य स्कन्धावारः प्रजायते।।४१।।

इस प्रकार निर्बाध गति से प्रयाण करतें हुए सीमान्त में पहुँचकर स्कन्धावार का संयोजन करे।

(वृ०) कुत्र स्कन्धावारो विधेय इत्याह –

सेना का शिविर कहाँ लगाना चाहिए, इसका कथन –

जलाशयाः प्रभूताश्च तृणधान्येन्धनानि च।
सुलभान्युच्चभूमिश्च तत्र सेनां निवेशयेत्।।४२।।

जहाँ पर्याप्त जलाशय, घास, धान्य, इन्धन और उच्च स्थान सुलभ हो वहाँ सेना शिविर बनाये।

(वृ०) ततः किंकार्यमित्याह –

सैन्य शिविर स्थापित करने के बाद क्या करना चाहिये, इसका कथन –

प्रतीपो न समायातोऽभिमुखं चेत्तदा चरः।
प्रेषणीयः पुनस्तस्याभिप्रायं ज्ञातुमत्र वै।।४३।।

यदि शत्रु सम्मुख नहीं आया हो तब उस (शत्रु) का अभिप्राय जानने के लिए गुप्तचर प्रेषित करना चाहिए।

ज्ञायते युद्धसज्जः स चेत्तर्हि रणभूमिका।
शोधनीया यथा सेनागतिरस्खलिता भवेत्।।४४।।

यदि वह (शत्रु) युद्ध के लिए तत्पर दिखाई पड़े तब युद्धभूमि की गवेषणा करनी चाहिए जिससे सेना की गति निर्बाध हो।

गुल्मान्प्रधानपुरुषाधिष्ठितान्निपुणान्युधि ।
स्थाने च कृतसङ्केतानभीरून् संस्थापयेन्नृपः।।४५।।

निर्भय, आयुध (अस्त्र-शस्त्र सञ्चालन) में निपुण, उत्तम पुरुषों से अधिष्ठित गुल्मों (सैन्य दल) के सङ्केत सहित योग्य स्थान पर राजा को स्थापित करे।

(वृ०) गुल्माह। नव गजाः नव रथाः सप्तविंशत्यश्वाः पञ्चचत्वारिंशत्पदातयश्चेत्संख्यान्वितरक्षकसैन्यसमुदायो गुल्मः।

गुल्म (सैन्यदल के विभाग विशेष का) कथन – नौ हाथी, नौ रथ, सत्ताइस अश्व और पैंतालिस पैदल सैनिकों की संख्या से युक्त रक्षक सैन्य समूह गुल्म है।

एतत्कृतशङ्खभेरीपटहशब्दानुसारेणैव सेनाया युद्धे स्थानं ततोऽपसरणं चबोभवीति।

भिन्न स्थानों पर स्थित गुल्मों के शङ्ख, भेरी, पटह आदि शब्दों के अनुसार ही सेना का युद्ध में गमन और वहाँ से हटना होता है।

देवान्गुरूंश्च शस्त्राणि पूजयित्वा महीधनः।
शुभं शकुनमादाय वीरान्सन्तोष्य सर्वथा।।४६।।

प्रणवतूर्यनिस्वानजयध्वन्यूर्जितस्पृहः ।
सन्नद्धबद्धकवचः राजचिह्नैरलङ्कृतः ।।४७।।

जयकुञ्जरमारूढः धृतशस्त्रचमूवृतः ।
पश्येत्परबलं सर्वं किमाकारं व्यवस्थितम्।।४८।।

राजा को देव, गुरु तथा शस्त्रों की पूजा कर, शुभ शकुन लेकर, सब प्रकार से वीरों को सन्तुष्ट कर, प्रणव (ऊँ) तथा भेरी के शब्दों की जय ध्वनि से उत्साहित, युद्धातुर, कवच धारण किये हुए, राजचिह्नों से सुशोभित, हाथी पर सवार, शस्त्र धारण किये हुए और सेना से घिरे हुए, समस्त शत्रुबल का निरीक्षण करना चाहिए कि उसकी व्यूह रचना किस प्रकार है।

आहवे सैव प्राची दिक् यतः .....।
तत एवं मुखं कुर्यात् स्वसेनायाः इलापतिः।।४९।।

संग्राम में तेज पूर्व दिशा में अतः राजा अपनी सेना का मुख इस प्रकार करे।

चक्रसागरव्यूहाद्यैर्विविधा व्यूहनिर्मितिः।
यतः परबलं भिन्द्यात् कल्पयेत्ता निजे बले।।५०।।

शत्रु सेना किस प्रकार नष्ट हो यह विचार कर चक्र, सागर आदि अनेक प्रकार की व्यूह रचना से अपनी सेना को व्यवस्थित करे।

स्वल्पान्तसंहतान्कृत्वा योधयेच्च बहून्यथा।
कामं विस्तार्य वज्रेण सूच्या वा योधयेद्भटान्।।५१।।

राजा थोड़ी सेना इकट्ठा कर अत्यधिक सेना के साथ युद्ध करे, वज्र या सूची व्यूह से योद्धाओं को अत्यधिक फैलाकर युद्ध करना चाहिए।

(वृ०) त्रिधावस्थितबलेन वज्रव्यूहेन पूर्वोक्तेन सूचिव्यूहेन वा योधयेत्।

तीन प्रकार के व्यूह में स्थित सेना द्वारा वज्रव्यूह अथवा सूचीव्यूह के द्वारा युद्ध करना चाहिए।

(वृ०) क्षेत्रविशेषे शस्त्रविशेषयुद्धमाह –

क्षेत्र-विशेष में शस्त्र-विशेष के द्वारा युद्ध करने का कथन –

खड्गकुन्तादिशस्त्रैश्च गर्तादिरहितस्थले।
नौभिर्द्विपैरनूपे तु समे च रथवाजिभिः।।५२।।

गड्ढे आदि से रहित (समतल) स्थल पर तलवार, भाला आदि शस्त्रों से, जल में नाव से, हाथियों से तथा समतल भूमि पर रथ और घोड़ों से युद्ध करे।

निकुञ्जे द्रुमसङ्कीर्णे बाणैर्युध्येत भूपतिः।
वैशाखस्थानमाश्रित्य वेध्यवेधनकोविदः।।५३।।

राजा को उपवन में और वृक्षों से घिरे स्थल में बाणों से, वैशाख मुद्रा का आश्रय लेकर लक्ष्य-वेध में निपुण योद्धाओं के द्वारा युद्ध करना चाहिए।

(वृ०) चापयुद्धे वैशाखस्थानस्वरूपं चेत्थम् –

धनुष युद्ध में वैशाखस्थान (बाण चलाने की मुद्रा-विशेष) का स्वरूप इस प्रकार है–

स्थानान्यालीढवैशाखप्रत्यालीढानि मण्डलम्।
समपादं चेति तत्र वैशाखस्थानलक्षणम्।।५४।।

आलीढ, वैशाख, प्रत्यालीढ, मण्डल और समपाद (पाँच) स्थान हैं। वैशाख स्थान का लक्षण इस प्रकार है –

पादौ कार्यौ सविस्तारौ समे हस्तौ तत्प्रमाणतः।
वैशाखस्थानके सद्यः कूटलक्ष्यस्य वेधने।।५५।।

वैशाख स्थान नामक बाण चलाने की विशेष मुद्रा में कठिन लक्ष्य शीघ्र भेदने हेतु दोनों हाथों सहित पैरों को उस लक्ष्य के प्रमाण के अनुसार फैलाना चाहिए।

शौर्याभिमानिनः शूरान् बलिष्ठान् पृतनामुखे।
योजयेद्बन्दिभिर्वीररसेनोत्साहयेद्भटान् ।।५६।।

(अपनी) वीरता पर गर्व करने वाले बलशाली वीरों को सेना के अग्रभाग में रखकर उद्भट वीरों का वीर रस से उत्साहवर्धन के लिए बन्दियों को लगाना चाहिए।

मान्त्रिकेषु च शस्त्रेषु वह्न्यादिषु महीधनः।
तन्निवृत्तिकरास्त्राणि वारुणादीनि निक्षिपेत्।।५७।।

राजा मन्त्रयुक्त और अग्नि आदि शस्त्रों के निवारक वरुण आदि अस्त्रों को प्रक्षेप करे।

हृष्टत्वं च समलीनत्वं सम्यक् तेषां परीक्षयेत्।
तथा सोपधिचेष्टांश्च विपरीतांश्च सङ्गरे।।५८।।

उनके उल्लास तथा मलिनता की सम्यक् प्रकार से परीक्षा करनी चाहिए और उनके कपट व्यवहार तथा विरुद्ध व्यवहार को युद्ध में परखना चाहिए।

नातिरूक्षैर्विषाक्तैर्न नैव कूटायु[1]धैस्तथा।
दृषन्मृदादिभिर्नैव युध्येत नाग्नितापितैः।।५९।।

अत्यन्त रुक्ष, विषसिक्त और कूट शस्त्रों से युद्ध नहीं करना चाहिए। पत्थर, मिट्टी और अग्नि से तपे हुए हथियारों से युद्ध नहीं करना चाहिए।

नीतियुद्धेन योद्धव्यं सर्वैः शस्त्रैश्च वाहनैः।
शत्रोरन्यायनिष्ठे तु कर्त्तव्यं समयोचितम्।।६०।।

सभी शस्त्रों और वाहनों से नीति युद्ध द्वारा युद्ध करना चाहिए (परन्तु) शत्रु यदि अन्याय का आश्रय ले तब समयोचित व्यवहार करना चाहिए।

न हन्यात्तापसं विप्रं त्यक्तशस्त्रं च कातरम्।
नश्यन्तं व्यसनप्राप्तं क्लीबं नग्नं कृताञ्जलिम्।।६१।।

नायुध्यमानं नो सुप्तं रोगार्तशरणागतम्।
मुखदन्ततृणं बालदीक्षेप्सुं च गृहागतम्।।६२।।

तापस, ब्राह्मण, शस्त्र का त्याग करने वाले, भयातुर, युद्धस्थल से पलायन करने वाले, दुर्व्यसनी, नपुंसक, नग्न, हाथ जोड़ने वाले, युद्ध न करने वाले, सोये हुए, रोगी, शरणागत, मुख में तृण धारण करने वाले, बालक, दीक्षार्थी और घर आये हुए का वध नहीं करना चाहिए।

अयुध्यमानं शत्रुं चावेष्ट्यासीतास्यधान्यजले।
इन्धनादीनि सर्वाणि दूषयेत्पीडयेज्जनम्।।६३।।

यदि शत्रु युद्ध नहीं कर रहा हो तो उसे घेरकर उसका धान्य, जल, ईंधन आदि सब दूषित करना चाहिए और लोगों को पीड़ित करना चाहिए।

---

१. ०यूधै० भ १, भ २।।

भिन्द्यात् प्राकारपरिखादुर्गादींश्च तडागकम्।
शक्तिहीनविधायैनं घातयेत्सहचारिणः।।६४।।

शत्रु के द्वारा निर्मित कोट, खाइयों, दुर्ग तथा तालाब का विध्वंस करना चाहिए। शत्रु को शक्तिहीन कर उसके सहयोगियों को मार डालना चाहिए।

भेदयेन्निखिलान्तस्य सचिवादींश्च वंशजान्।
सुमुहूर्ते च भूपालः स्वाज्ञां तत्र प्रवर्तयेत्।।६५।।

शत्रु पक्ष के सभी मन्त्री आदि के वंशजों को फोड़कर अर्थात् अपने पक्ष में मिलाकर शुभ मुहूर्त में राजा अपनी आज्ञा प्रवर्तित करे।

देवान् गुरूंश्च संपूज्य दानं दत्वा बहुवसु।
ख्यापयेदभयं तेषां ये पूर्वनृपसेवकाः।।६६।।

देवों व गुरुओं की सम्यक् पूजा कर, प्रचुर धन दान देकर, पूर्व राजा के सेवकों की सुरक्षा की घोषणा करनी चाहिये।

विदित्वैषां समासेन सर्वेषां तु चिकीर्षितम्।
तद्वंश्यं स्थापयेत्तत्र चेदाज्ञाभक्तितत्परः।।६७।।

पारितोषिकदानेन तं सन्तोष्य भुवःपतिः।
स्वशासनं स्थिरीकुर्यान्नियमादिप्रबन्धतः।।६८।।

सभी इच्छुक व्यक्तियों का सामूहिक रूप से विचार जानकर पूर्व राजा के आज्ञा पालन करने वाले और स्वामिभक्त वंशज को राज्य पर स्थापित करना चाहिये। विजयी राजा नियुक्त राजा को पुरस्कार के द्वारा सन्तुष्ट कर नियम आदि के प्रबन्ध द्वारा अपनी सत्ता को सुदृढ़ करे।

(वृ०) अथ जये जाते पौरुषप्राप्तधनं स्वामिना योधेभ्यः किं देयमित्याह –

इसके अनन्तर विजय प्राप्त होने पर पराक्रम से प्राप्त धन को राजा द्वारा योद्धाओं को किस प्रकार देना चाहिये, इसका कथन –

जये जाते नृपो दद्याद्योद्धृभ्यो नितरां धनम्।
धान्याजागोमहिष्यादि यो यत्प्राप्नोति तस्य तत्।।६९।।

स्यन्दनाश्वगजामोघरत्नकुप्यपशुस्त्रियः ।
भटैर्राज्ञेर्पणीयाश्च रणे प्राप्ताः स्वपौरुषात्।।७०।।

एवं पूर्वोक्तविधिना जयं प्राप्य सुविस्तृत-।
यशःसम्पूर्णभूचक्रः राजेन्द्रो भूविश्रुतः।।७१।।

जयवादित्रनिर्घोषबधिरी[१]कृतदिग्मुखः ।
मङ्गलाचारनिरतो हर्षेण स्वपुरीं[२] व्रजेत्।।७२।।
इत्येवं वर्णिता चात्र युद्धनीतिः समासतः।
विशेषस्तु महाशास्त्रात् ज्ञेयः सद्बुद्धिसागरैः।।७३।।

विजय प्राप्त होने पर राजा सैनिकों को अत्यधिक मात्रा में धन प्रदान करे। इसके अतिरिक्त युद्ध के समय अन्न, बकरी, गाय, भैंस आदि जिसको प्राप्त हो उसको मिले। योद्धाओं के द्वारा युद्ध में अपने पराक्रम से प्राप्त रथ, घोड़े, हाथी, बहुमूल्य रत्न, बर्तन, पशु और स्त्रियों को राजा को अर्पित कर देना चाहिये। इस प्रकार ऊपर वर्णित विधि से विजय प्राप्त कर अत्यन्त विशाल कीर्ति से सम्पूर्ण पृथ्वीमण्डल को पूर्ण करने वाला राजा पृथ्वी पर प्रसिद्ध हो जाता है। विजय वाद्य की ध्वनि से सभी दिशाओं के मुख को बधिर बनाने वाले, मङ्गलाचार में संलग्न हर्षपूर्वक अपनी नगरी की ओर प्रस्थान करे। इस प्रकार युद्धनीति का संक्षेप में वर्णन किया गया सद्बुद्धि के सागर अर्थात् बुद्धिमान जनों को विशेष रूप से महा शास्त्र से जानना चाहिये।

।। इति युद्धनीतिप्रकरणम्।।

—O—

---

१. वधरी भ १, बधरी भ २, प २।।
२. पुरा भ १, भ २, प ३।।

द्वितीय अधिकार

२.२

दण्डनीतिप्रकरणम्

अथ क्रमप्राप्तदण्डनीतिप्रकरणमारभ्यते –

इसके बाद क्रमागत दण्डनीतिप्रकरण का आरम्भ किया जाता है –

प्रणम्य परमा[1] भक्त्या सम्भवं श्रुतसम्भवम्।
प्रजानामुपकाराय दण्डनीतिः प्रचक्ष्यते।।१।।

आगम शास्त्र के प्रणेता (तीसरे तीर्थङ्कर) सम्भवनाथ की परम भक्ति पूर्वक वन्दना कर प्रजा के उपकार के लिए दण्डनीति का कथन किया जाता है।

तत्र जैनागमे दण्डनीतयः सप्तधा स्मृताः।
ताः स्युर्हाकारमाकारधिक्काराः परिभाषणम्।।२।।

मण्डले बन्धनं काराक्षेपणं चाङ्गखण्डनम्।
अष्टमो द्रव्यदण्डोऽपि स्वीकृतो नीतिकोविदैः।।३।।

परिभाषणमाक्षेपान् मागा इत्यादि शंसनम्।
सरोध इङ्गिते क्षेत्रे मण्डले बन्ध उच्यते।।४।।

जैन आगम (स्थानाङ्गसूत्र) में दण्डनीति सात प्रकार की कही गयी है, वे (इस प्रकार) हैं – १. हक्कार, २. मक्कार, ३. धिक्कार, ४. निन्दा, ५. मण्डल बन्धन, ६. कारागार में रखना और ७. अङ्ग-भङ्ग। (इसके अतिरिक्त) नीतिवेत्ताओं द्वार आठवाँ अर्थ दण्ड भी स्वीकार किया गया है। निन्दा और झिड़की सहित 'मत जाओ' इत्यादि आदेश और नियत क्षेत्र (मण्डल) में (अपराधकर्त्ता को) रोकना मण्डल बन्ध कहा जाता है।

(वृ०) यदुक्तं स्थानाङ्गसूत्रे –

सत्तविहा दंडनीई पणत्ता तं जहा हक्कारे १ मक्कारे २ धिक्कारे ३ परिभासे

---

१. परया भ १, भ २, प १, प २।।

४ मंडलीबन्धे ५ कारागारे ६ छविच्छेदे य ७ अत्रच्छविच्छेद इति वधाद्युपलक्षणं।

जैसा कि स्थानाङ्गसूत्र में प्ररूपित है – दण्डनीति सात प्रकार की कही गयी है। वे (इस प्रकार) हैं – १. हक्कार, २. मक्कार, ३. धिक्कार, ४. निन्दा, ५. मण्डल बन्धन, ६. कारागार और ७. अङ्ग-भङ्ग। छविच्छेद से अभिप्राय वधादि है।

एताः सत्त्वेऽभियोगस्यासत्त्वे चापि महीभुजा।
प्रयुज्यन्ते[1] प्रजास्थित्यै यथादोषं दुरात्मसु।।५।।

ये (दण्डनीतियाँ आरोपी के विरुद्ध) अभियोग (दोषारोपण) होने पर और न होने पर भी राजा द्वारा प्रजा की रक्षा हेतु दुष्टों के अपराध के अनुसार प्रयोग की जाती हैं।

(वृ०) अतएव प्रत्यर्थ्यभियोगोत्थाः एत्ता वक्ष्यमाणव्यवहाराधिकारे यथावसरं वर्णनीया भविष्यन्त्यत्र तु तदभावेऽपि याः स्वयं नृपेण प्रजादुःखापकरणार्थं प्रयुज्यन्ते ता एवोपक्रम्यन्ते।

इसलिए वादियों द्वारा आनीत वाद के समाधान हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली दण्डनीति आगे वर्णन किये जाने वाले व्यवहार अधिकार में अवसरानुकूल वर्णित की जाएगी। यहाँ तो (वादियों द्वारा वाद के) न प्रस्तुत किये जाने पर भी प्रजा के दुःख को दूर करने हेतु स्वयं राजा द्वारा जिन दण्डनीतियों का प्रयोग किया जाता है उनका ही वर्णन किया जाता है –

तत्राद्यं दण्डनीतीनां त्रिकं प्राक् प्रथमार्हतः।
युग्मिनां कालदोषेण कलौ कुलकरैः कृतम्।।६।।

उन (सात दण्डनीतियों) में से पहली तीन (हक्कार, मक्कार, धिक्कार) प्रथम तीर्थङ्कर (ऋषभदेव) के पूर्व युगलियों के (उत्तम) काल के दोष की गणना में कुलकरों द्वारा अपनाई जाती थीं।

पश्चात् प्रवृत्ता अपरा भरतेन कृता अपि।
ततो निश्चीयते दण्डनीतिः कालानुसारिणी।।७।।

उसके पश्चात् अपनाई गई (चक्रवर्ती) भरत द्वारा प्रवर्तित अन्य (चार से) भी समयानुसार दण्डनीति निश्चित की जाती है।

(वृ०) अत एव द्रव्यदण्ड, ज्ञातिदण्ड, ताडनादि दण्डोऽपि सङ्गृह्यते। यथा दोषं यथा कालं प्रयुक्ताः सर्वाअपि साध्यसिद्धिदा एवेति।

---

१. प्रयुज्यते भ १, भ २, प १, प २।।

इसलिए द्रव्यदण्ड, ज्ञातिदण्ड एवं ताडनादि दण्डों का भी यहाँ ग्रहण करना चाहिए। समय एवं दोष के अनुरूप दण्ड का प्रयोग करना सदा सिद्धिदायक होता है।

(वृ०) यदुक्तम् – जैसा कि कहा गया है –

यथापराधं देशं च कालं बलमथापि वा।
व्ययं कर्म च वित्तं च दण्डं दण्ड्येषु पातयेत्।।८।।

अपराध, देश, काल, बल अथवा व्यय, कर्म और वित्त (के अनुसार) अपराधियों को दण्ड देना चाहिए।

तत्र द्विजे मेति दण्डः हेति क्षत्रियवैश्ययोः।
धिक्कारः शूद्रमात्रेषु परे वर्णचतुष्टये।।९।।

उन दण्डों में से ब्राह्मण पर 'मा' दण्ड, क्षत्रिय और वैश्य पर 'हा' (दण्ड) और शूद्र वर्ग पर 'धिक्कार' और अन्य (चार दण्ड) चारों वर्णों पर लागू होते हैं।

(वृ०) अत्रैव विशेषमाह –

जाते महापराधेऽपि नारीविप्रतपस्विनाम्।
नाङ्गच्छेदो वधो नैव कुर्यात्तेषां प्रवासनम्।।१०।।

गम्भीर या बड़ा अपराध करने पर भी स्त्री, ब्राह्मण और तपस्वियों का न तो अङ्गच्छेद और न ही वध करना चाहिए वरन उनका (देश से) निर्वासन करना चाहिए।

वैश्यश्चेत्मांसविक्रेता कूटहेम्नश्च विक्रयी।
प्रागङ्गहीनं तं कृत्वा दण्डयेद् द्रुतमेव च।।११।।

वैश्य यदि मांस विक्रेता और खोटा या नकली सोना बेचने वाला हो तो उसके प्रमुख अङ्ग का छेदन कर उसे शीघ्र दण्डित करना चाहिए।

मनुष्यप्राणहर्ता च चौरवद्दण्डभाग् भवेत्।
ततोऽर्द्धं गोगजोष्ट्रादिबृहज्जन्तुविनाशके।।१२।।

मनुष्य का वध करने वाले को चोर के समान दण्ड देना चाहिए, विशाल प्राणियों गाय, हाथी, उष्ट्र आदि को मारने वाले को उसका आधा दण्ड देना चाहिए।

क्षुद्रजीवविनाशे तु द्विशतं दम उच्यते।
पञ्चाशद्दण्डभागी स्यान्मृगपक्षिविनाशकः ।।१३।।

क्षुद्र जीवों के विनाश पर दो सौ द्रम्म (का दण्ड) निर्धारित है। वन्य पशुओं और पक्षियों का विनाश करने वाला पचास मुद्रा (दण्ड) का भागी हो।

पञ्चमाषैस्तु दण्ड्यः स्यादजाविखरघातकः।
माषद्वयेन दण्ड्यश्च श्वशूकरविनाशकृत्।।१४।।

बकरा, भेड़ और गधे को मारने वाला पाँच माशा (माष) सिक्कों के दण्ड का पात्र है, कुत्ता एवं शूकर को मारने वाले को दो माशा से दण्डित करना चाहिए।

अभक्ष्यभक्षके विप्रे दण्ड उत्तमसाहसम्।
क्षत्रिये मध्यमं वैश्येऽन्त्यं शूद्रे त्वर्द्धकं भवेत्।।१५।।

अभक्ष्य पदार्थ का भक्षण करने वाले ब्राह्मण को उत्तम साहस (अपराध करने) का दण्ड, क्षत्रिय को मध्यम (अपराध करने का दण्ड), वैश्य को अन्त्य (अपराध करने का दण्ड) और शूद्र को (वैश्य के दण्ड का) आधा दण्ड देना चाहिए।

नृपस्याक्रोशकर्त्तारं तस्यैवानिष्टभाषिणम्।
भेत्तारं नृपमन्त्रस्य राजकोषापहारकम्।।१६।।
भूपप्रतीपतापन्नं जिह्वां छित्वा प्रवासयेत्।
उत्तमेन च दण्ड्यः स्याद्राजाज्ञालेखकः स्वयम्।।१७।।

राजा की निन्दा करने वाले, उसका अमङ्गल भाषण करने वाले, राजा की मन्त्रणा (के रहस्य) को उजागर करने वाले, राजकोष की चोरी करने वाले और राजा से शत्रुता करने वाले की जिह्वा काटकर (देश से) निर्वासित करना चाहिये। राजाज्ञा के लेखक (राजा के कूट हस्ताक्षर द्वारा) को उत्तम (अपराध के दण्ड) से दण्डित करना चाहिए।

स्वस्त्रीकलङ्कभीत्या च राजदण्डभयेन च।
शतपञ्चकदण्ड्यः स्याज्जारञ्चौर इति बुवन्।।१८।।

अपनी पत्नी के कलङ्कित होने और राजा द्वारा दण्ड के भय से (घर में) जार (उपपति) के होने पर (उसे) चोर बताने वाले को पाँच सौ मुद्राओं से दण्डित करना चाहिए।

उपजीव्यधनं लुञ्चन् दण्ड्यश्चाष्टगुणैस्ततः।
उत्तमेन भवेद्दण्ड्यश्चौरं जारं च मुञ्चतः।।१९।।

भृत्यादि का धन हरण करने वाले को (धन का) आठ गुना दण्ड देना चाहिए। चोर और जार को मुक्त करने वाले को उत्तम (अपराध का) दण्ड होता है।

मृताङ्गोत्सृष्ट[1]विक्रेता गुरोस्ताडयिता[2] नरः।
भूपयानासनस्थायी दण्ड्यः स्यादुत्तमेन च॥२०॥

मृतक के शरीर पर से उठाये गये (वस्त्रादि) के विक्रेता और गुरु को मारने वाले पुरुष और राजा के वाहन और आसन पर बैठने वाले को उत्तम (अपराध) से दण्डित करना चाहिए।

नेत्रभेदनकर्त्ता यो दण्ड्यः पञ्चशतेन सः।
जीवतो द्विजरूपेण शूद्रस्याष्टशतो [3]द्रम्मः॥२१॥

(किसी की) आँख फोड़ने वाला व्यक्ति पाँच सौ (मुद्राओं से) और ब्राह्मण वेश द्वारा जीविकार्जन करने वाला शूद्र आठ सौ द्रम्म से दण्डनीय है।

पराजितोऽपि यो मन्ये जेतास्मीत्यभिमानतः।
राजद्वारे तमाकृष्य दण्डयेद् द्विगुणेन च॥२२॥

पराजित होने पर भी जो (मिथ्या) अभिमान से स्वयं को विजयी मानता है उसे राजद्वार पर ले आकर दोगुना दण्ड देना चाहिए।

(वृ०) अन्यायविहितदण्डप्राप्तधनगतिमाह –

अन्यायपूर्वक दण्ड से प्राप्त धन का क्या करना चाहिए, इसका निरूपण –

योऽन्यायेन कृतो दण्डः भूपालेन कथञ्चन।
कृत्वा त्रिंशद्गुणं तं च धर्माय[4] परिकल्पयेत्॥२३॥

राजा द्वारा अन्याय पूर्वक किये गये दण्ड से जो कुछ (धन प्राप्त हो) उसका तीस गुना कर धर्म (-कार्य) के लिये निश्चित करना चाहिये।

(वृ०) दण्डभेदमाह –

दण्ड के भेदों का कथन –

उदरमुपस्थं जिह्वा हस्तौ कर्णौ धनं च देहश्च।
पादौ नासा चक्षुर्दण्डस्थानानि दशधैव॥२४॥

पेट, उपस्थ (शरीर का मध्य भाग, पेडू, नितम्ब, स्त्री या पुरुष की जननेन्द्रिय), जिह्वा, हाथ, कान, धन, शरीर, पैर, नाक और आँख दस प्रकार के दण्ड के स्थान हैं।

---

१. मृतागोत्सृष्ट भ १, भ २, प १, प २॥
२. ताडविता प २॥
३. दमः भ १, भ २, प १, प २॥
४. धर्म्माय भ १॥

(वृ०) यद्देहावयवजनितोऽपराधस्तत्रैव निग्रहः करणीयः।

शरीर के जिस अङ्ग से अपराध किया गया हो उसी अङ्ग को दण्डित करना चाहिए।

योऽसमर्थो धनं दातुं कारागारे निधाय तम्।
कारयित्वा स्वकं कर्म धनदण्डं विमोचयेत्।।२५।।

जो धन देने में असमर्थ है उसे कारागार में रखकर अपना (राजकीय) कार्य कराकर धनदण्ड छोड़ देना चाहिए।

उत्तमो दण्ड इत्युक्तः सर्वस्वहरणं वधः।
पुरान्निर्वासनं चाङ्गच्छेदनं चाङ्कनं तथा।।२६।।

उत्तम दण्ड इस प्रकार कहे गये हैं – सर्वस्वहरण, वध, नगर से निर्वासन, अङ्गच्छेदन तथा अङ्कन (शरीर पर दाग)।

(वृ०) अथ विशेषमाह –

दण्ड के विषय में विशेष कथन –

ललाटेऽङ्कोऽभिशप्तस्य[1] खरे चारोपणं परम्।
सुरापाने पताका स्याद्भगस्तु गुरुतल्पगे।।२७।।
श्वपदाङ्कः[2] स्तैन्यकृत्ये तथाकारानिवेशनम्।
ब्रह्महत्याकारकस्य शिरोमुण्डनमेव च।।२८।।
कारयित्वा च सर्वस्वमपहृत्य खरोपरि।
समारोप्याथ नगरात्प्रवासनमिति स्थितिः।।२९।।

निन्दक के मस्तक को चिह्नित कर बाद में गधे पर बैठाये, मदिरा सेवन करने वाले के (मस्तक पर) पताका का चिह्न, गुरुपत्नी के साथ शय्या पर सोने वाले के (मस्तक पर) योनि-चिह्न, चोरी करने पर (मस्तक पर) कुत्ते का चिह्न तथा कारागार में रखना, ब्राह्मण की हत्या करने वाले का सिर मुण्डन कराकर सर्वस्व अपहृत कर, गधे पर बैठाकर नगर से निष्कासन यह स्थिति है।

सत्यं जल्पति यो लिङ्गं नष्टप्राप्तस्य वस्तुनः।
नृपेण तस्मै तद्देयं नो चेत्तत्समदण्डभाक्।।३०।।

जो (अपनी) खोई हुई वस्तु की पहचान सत्य बताता है राजा द्वारा उसे वह (वस्तु) दे देनी चाहिए। यदि (सत्य) नहीं बताता है तो दण्ड का पात्र है।

---

१. ०भिशस्तस्य भ १, भ २, प १, प २।।
२. वयदाङ्क भ १, वपदाङ्क भ २, प १, प २।।

वृद्धं बहुश्रुतं बालं ब्राह्मणं गुर्विणीं गुरुम्।
मातरं पितरं चैव प्रवक्तारं तपस्विनम्।।३१।।
[1]आचार्यं पाठकं चापि गां च घ्नन्तं हि घातयेत्।
न हि स बहुदोषी स्याद्दण्डार्होऽपि च नो भवेत्।।३२।।

वृद्ध, विज्ञ पुरुष, शिशु, ब्राह्मण, गुरुपत्नी, गुरु, माता-पिता, उपदेशक, तपस्वी, आचार्य, पाठक तथा गाय का वध करने वाले का निश्चय ही वध करना चाहिये। ऐसा करने वाला वह बहुत दोषी नहीं होता और दण्ड के योग्य भी नहीं होता।

धनापहः शस्त्रपाणिः वह्निदो विषदस्तथा।
भार्यातिक्रमकारी च क्षेत्रहृद्दारहृत्तथा।।३३।।
पिशुनो रन्ध्रदर्शी च प्रोद्यतास्त्रश्च [2]गर्भापहा।
[3]घातेऽप्येषां न दण्डःस्यादेते स्युराततायिनः।।३४।।
इत्येवं दण्डनीतीनां विचारस्त्वत्र वर्णितः।
विशेषतोऽपि यथास्थानं वर्णयिष्ये यथाश्रुतम्।।३५।।

धन का हरण करने वाले, हाथ में शस्त्र लेकर (वध करने के लिए तत्पर), आग लगाने वाले, विष देने वाले, पत्नी की उपेक्षा करने वाले, खेत तथा स्त्री का हरण करने वाले, पिशुन (भेदिया या द्रोही), (शत्रु को) कमजोरी बताने वाले, अस्त्र चमकाने वाले और गर्भ नष्ट करने वाले आततायी कहे जाते हैं – इनका वध करने वाले को दण्ड नहीं देना चाहिए। इस प्रकार दण्डनीति का विचार यहाँ निरूपित किया गया। श्रुत के अनुसार विशेष रूप से इसका यथास्थान वर्णन करूँगा।

इत्याचार्य श्रीहेमचन्द्रविरचिते चौलुक्यवंशभूषणकुमारपालशुश्रूषिते
लघ्वर्हन्नीतिशास्त्रे युद्धनीतिदण्डनीतिवर्णनो नाम द्वितीयोऽधिकारः।२।

यह आचार्य श्री हेमचन्द्र द्वारा विरचित चौलुक्यवंश के भूषण राजा कुमारपाल द्वारा सेवित लघु-अर्हन्नीति नामक शास्त्र में युद्धनीति- दण्डनीतिवर्णन शीर्षक द्वितीय अधिकार है।

।। इति दण्डनीतिप्रकरणम्।।

—O—

---

१. ०पाद्वकं भ १, ०पाठकं भ २, प २।।
२. गर्भव्हा भ १, भ २, प १, गर्भहा प २।।
३. पातेयेषां भ १, भ २, प १, प २।।

तृतीय अधिकार

३.१

व्यवहारविधिप्रकरणम्

विशदशारदसोमसमाननः कमलकोमलचारुविलोचनः।
शुचिगुणः सुतरामभिनन्दनो जयतु भक्तजनेप्सितसिद्धिदः।।१।।

स्वच्छ शरद ऋतु के चन्द्र के समान मुख वाले, कमल के समान कोमल और सुन्दर नेत्र वाले, अत्यधिक पवित्र गुण वाले, भक्तजनों को वाञ्छित सिद्धि प्रदान करने वाले (चौथे तीर्थङ्कर) अभिनन्दन की जय हो।

हेमपीठसमासीनः सभ्यमन्त्रियुतो नृपः।
व्यवहारपरामर्शं कुर्याद्विद्वज्जनैः सह।।२।।

स्वर्ण आसन पर विराजमान, सभासदों और मन्त्रियों सहित राजा द्वारा विद्वान् पुरुषों के साथ व्यवहार नीति सम्बन्धी मन्त्रणा करनी चाहिये।

(वृ०) तत्रव्यवहारो नाम एकस्मिन् वस्तुनि परस्परविरुद्धधर्मयोरेक-धर्मव्यवच्छेदेन स्वीकृततदन्यधर्मावछिन्नस्वपक्षसाधकव्यवस्थापनार्थं साधनदूषणवचनं व्यवहारः।

एक वस्तु में परस्पर विरोधी (साधक एवं बाधक) धर्मों में से एक धर्म के खण्डन तथा स्वविहित विशिष्ट गुणों द्वारा दूसरी सब वस्तुओं से पृथक् (अविच्छिन्न) अन्य स्वीकृत धर्म के पक्ष को सिद्ध करने वाले तथा बाधित करने वाले वचनों का नाम व्यवहार है।

ननु उभयधर्माधारभूतैकवस्तुनि अन्यधर्मनिरासेन तदन्यधर्मान्तरं व्यवस्थापयितुं वादिना साधनमुच्यते तत्रैव दूषणोद्भावनेन प्रतिवादिनां वादिसाधितपक्षविपक्षीभूतं स्वोक्तिसमर्थनैकहेतुभूतं वचनं कथं सङ्गच्छते मिथो व्याघातादिति।

(शङ्का) साधक तथा बाधक दोनों विरोधी धर्मों के आधारभूत एक वस्तु में अन्य (बाधक) धर्म के निराकरण से दूसरे (साधक) धर्म को व्यवस्थापित करने

के लिए वादी के द्वारा साधन का कथन किया जाता है वहाँ ही वादी के साधित पक्ष का खण्डन कर अपनी बाधक उक्तियों के समर्थन में प्रतिवादी द्वारा प्रयुक्त एकहेतुभूत वचनों की सङ्गति परस्पर विरोधी (व्याघात) होने से कैसे बैठ सकती है।

शङ्कासमाधानम्

चेन्न स्वस्वाभिप्रायानुसारेणैकस्मिन्वस्तुनि वादिप्रतिवादिनिरूपित-साधनदूषणप्रतिपादकवचनकथने विरोधाभावात्। यथा वादी स्वाभिप्रायेण साधनमभिधत्ते पश्चात् प्रतिवाद्यपि स्वाभिप्रायेण तत्रैव दूषणं प्रणिगदति न चात्रेकवस्तुनि साधनं दूषणं च तात्त्विकमस्ति किन्तु स्वाभिप्रायकल्पित-मेवेत्यलम्।

ऐसा नहीं है (अर्थात् वादी और प्रतिवादी के साधक और बाधक वचनों में परस्पर व्याघात नहीं होता है) अपने-अपने अभिप्राय के अनुसार एक वस्तु में वादी और प्रतिवादी द्वारा निरूपित (क्रमशः) साधन और दूषण के प्रतिपादक वचनों के कथन में विरोध का अभाव होने से। जैसे वादी अपने अभिप्राय से साधन का कथन करता है पश्चात् प्रतिवादी भी अपने अभिप्राय से उसी में दूषण का कथन करता है, वस्तुतः यह एक ही पदार्थ में साधन का दूषण नहीं है अपितु स्वाभिप्राय (अर्थात् वादी तथा प्रतिवादी के अभिप्राय) के अनुसार है।

व्यवहारभाष्ये तु –

अत्थी पच्चत्थीणं, हाउं एगस्स ववति बितियस्स।
एतेण उ ववहारो, अधिगारो एत्थ उ विहीए।।

एक से अर्थात् प्रत्यर्थी से हरण कर दूसरे को अर्थात् अर्थी में वपन कर देना व्यवहार है। इसमें हरण और वपन दोनों क्रियाएं होती हैं इसलिए इसे व्यवहार कहा जाता है। (व्यवहार विधि पूर्वक भी होता है और अविधिपूर्वक भी)।

स द्विविधः लोकोत्तरो लौकिकश्च। तत्राद्यो व्यवहारसूत्रादिषु वर्णितत्वादत्र नोक्तः

वह व्यवहार लोकोत्तर और लौकिक दो प्रकार का होता है। व्यवहारसूत्र आदि ग्रन्थों में प्रथम अर्थात् लोकोत्तर व्यवहार का वर्णन होने से (उसका यहां वर्णन) नहीं किया गया है।

इह राजकर्मणि लौकिकस्यैवाधिकारः, स तु द्विविधः।

(इस स्थल में वर्ण्यविषय) राजकर्म होने से लौकिक व्यवहार का अधिकार है। लौकिक व्यवहार दो प्रकार का है।

व्यवहारो द्विधा प्रोक्तः सन्देहतत्त्वयोगतः।
आद्यः सत्सङ्गतो ज्ञेयो लोमृदर्शनतः परः।।३।।

व्यवहार दो प्रकार का कहा गया है – सन्देहात्मक और तत्त्वात्मक। प्रथम (सन्देहात्मक) व्यवहार सत्सङ्गति से ज्ञेय है और दूसरा तत्त्वात्मक व्यवहार चिह्न से ज्ञेय है।

(वृ०) लोप्त्रं लिङ्गं तत्र सन्देहाभियोगः सत्सङ्गाद्भवति तत्त्वाभियोगस्तु चिह्नदर्शनात् स च विधिनिषेधाभ्यां द्विविधः यथा मदीयक्षेत्रमपहरति। तथायं मत्तो रजतान् गृहीत्वा न ददातीति प्रतिषेधात्मकः।

चुराई हुई वस्तु का चिह्न होने पर सन्देहात्मक अभियोग और उसका साहचर्य होने पर तत्त्वात्मक अभियोग होता है। चिह्नदर्शन होने से वह विधि और निषेधपूर्वक दो प्रकार का होता है, जैसे मेरे खेत का अपहरण करता है (यह विधेयात्मक) और यह मेरे रुपयों को लेकर नहीं देता है यह प्रतिषेधात्मक है।

यो न्यायं नेच्छते कर्तुमन्यायं च करोति यः।
व्यवहारविलोपी च श्वभ्रं याति न [1]संशयः।।४।।

जो न्याय करने की इच्छा नहीं करता और अन्याय करता है वह व्यवहार को नष्ट करने वाला मनुष्य नरक में जाता है, इसमें कोई संशय नहीं है।

(वृ०) अत्र न्यायं कर्तुं नेच्छति अन्यायं च कर्तुं ईहते इति प्राङ्विवाकापेक्षयापि विधिनिषेधात्मकत्वं स पुनरष्टादशविधस्तथाहि।

न्याय करने की इच्छा नहीं करता है और अन्याय करने की इच्छा करता है। यह विधि-निषेधात्मक व्यवहार अधिकारी की अपेक्षा से अठारह प्रकार का होता है –

ऋणादानं च सम्भूयोत्थानं देयविधिस्तथा।
दायः सीमाविवादश्च वेतनादानमेव च।।५।।
क्रयेतरानुसन्तापो विवादः स्वामिभृत्ययोः।
निक्षेपः प्रासवित्तस्य विक्रयः स्वामिनं विना।।६।।
वाक्पारुष्यं च समयव्यतिक्रान्तिः स्त्रियाग्रहः।
द्यूतं स्तैन्यं साहसं च दण्डपारुष्यमेव च।।७।।
स्त्रीपुंधर्मविभागश्चेत्येते भेदाः प्रकीर्तिताः।
व्यावहारिकमार्गेऽस्मिन्नष्टाग्रदशसंख्यया ।।८।।

---

१. शंसयः भ १, प १, प २।।

१. ऋणादान – ऋण-ग्रहण, २. सम्भूयोत्थान – सामुदायिक कृत्य, ३. देय विधि, ४. दाय भाग, ५. सीमा विवाद, ६. वतेनादान – वेतन-ग्रहण, ७. क्रयेतरानुसन्ताप – क्रय-विक्रय विवाद, ८. स्वामि-भृत्य विवाद, ९. प्राप्त वित्त का निक्षेप, १०. अस्वामि विक्रय – स्वामी के बिना वस्तु का विक्रय, ११. वाक्पारुष्य – वाणी में कर्कशता, १२. मर्यादाव्यतिक्रम, १३. परस्त्री-ग्रहण, १४. द्यूत-विवाद, १५. चोरी विवाद, १६. साहस, १७. दण्ड पारुष्य और १८ स्त्री-पुरुषधर्म – इस प्रकार व्यवहार मार्ग के अठारह भेद बताये गये हैं –

(वृ०) ऋणग्रहणं ऋणादानं १ बहुभिर्मिलित्वा कृत्यापादनं २ दातुं योग्यस्य-विधिः ३ दायभागः ४ सीमायाः विवादः ५ वेतनादानं ६ क्रयविक्रयपश्चात्तापः ७ स्वामिभृत्ययोर्विवादः ८ प्राप्तवस्तुनः उत्तमे पुरुषे स्थापनं निक्षेपः ९ स्वामिनं विना तद्वस्तुविक्रयः १० वाक्पारुष्यं ११ मर्यादाव्यतिक्रमः १२ परस्त्रीग्रहणं १३ द्यूताभियोगः १४ स्तैन्यवादः १५ साहसपारुष्यं १६ दण्डपारुष्यं १७ स्त्रीपुरुषधर्मः १८ इति अष्टादश भेदा अस्मिन्व्यवहारमार्गे स्मृताः।

१. ऋणादान अर्थात् ऋणग्रहण, २. अनेक व्यक्तियों द्वारा मिलकर कार्य करना सम्भूयोत्थान, ३. देने योग्य विधि देयविधि, ४. दायभाग, ५. सीमा-विवाद, ६. वेतनादान, ७. क्रय-विक्रय पश्चात्ताप, ८. स्वामि- भृत्यविवाद, ९. प्राप्त वस्तु का उत्तम पुरुष में स्थापन निक्षेप, १०. स्वामी के विना उसकी वस्तु का विक्रय, ११. वाक्पारुष्य, १२. मर्यादा-व्यतिक्रम, १३. परस्त्रीग्रहण, १४. द्यूताभियोग, १५. स्तैन्यवाद, १६. साहसपारुष्य, १७. दण्डपारुष्य और स्त्री-पुरुष धर्म – ये अठारह भेद इस व्यवहार मार्ग में कहे गये हैं।

एवमन्येपि भेदाः स्युः शतमष्टोत्तरं पुनः।
क्रियाभेदान्मनुष्याणां बहुशाखो भवेत् ध्रुवम्।।९।।

इस प्रकार (व्यवहार के) दूसरे भी एक सौ आठ भेद हैं। मनुष्यों की (अलग-अलग) क्रियाओं के भेद से निश्चय ही (व्यवहार के) अनेक भेद होते हैं।

(वृ०) यथा बहुवादिनां बहूनां बहुप्रतिवादिभिर्विरोधः १, बहूनामेकेन सह विरोधः २, एकस्य बहुभिर्विरोधः ३, एकस्यैकेन सह विरोधः ४, एवमष्टादशानां चतुर्भिगुणने द्विसप्ततिभेदाः भवन्ति।

जैसे कई वादियों का कई प्रतिवादियों के साथ विरोध, बहुत से वादियों का एक प्रतिवादी के साथ विरोध, एक वादी के साथ बहुत से प्रतिवादियों का विरोध, एक वादी के साथ एक प्रतिवादी का विरोध, इस प्रकार अठारह भेदों के साथ चार का गुणा करने से व्यवहार मार्ग के बहत्तर भेद होते हैं।

यथा अनेन मत्त एतावद्रजतानि एतन्मिषेण तुर्यमासनियमतया गृहीतानि। अद्य नियतकालव्यतिक्रमे मया अधमर्णो याचितोऽपि न ददाति। प्रत्युतो योद्धुं प्रवृत्त इति।

उदाहरणस्वरूप, अमुक ने मुझसे इतने रुपये इस ब्याज से चार मास में वापस करने का नियम कर लिया था। वह अवधि व्यतीत हो जाने पर मैंने कर्जदार से यह राशि माँगी थी परन्तु वह वापस न कर प्रत्युत् लड़ाई करने के लिए तैयार है।

इति विज्ञप्तिं श्रुत्वा निर्णीय मद्द्रव्यं मामधनर्णिकादापयितव्यमिति प्रतिज्ञा।१।

यह विज्ञप्ति सुनकर निर्णयकर मेरा धन उस कर्जदार के पास से दिलवाना चाहिए– यह प्रतिज्ञा है।

अर्थ्युक्तपक्षसाधनबाधकरूपं यत्प्रत्यर्थिनोक्तं तदुत्तरम्।२।

वादी द्वारा कथित पक्ष के साधन को बाधित-खण्डित करने वाले प्रतिवादी का कथन उत्तर है।

द्वयोरुक्तिं श्रुत्वा प्राड्विवाकस्य चित्तं दोलायते इदं साधनं सत्यं वेदमिति संशयः एकस्मिन् धर्मिणि विरुद्धनानाधर्मविशिष्टज्ञानं वा संशयः।३।

दोनों (वादी और प्रतिवादी) का कथन सुनकर न्यायाधीश का चित्त दोलायमान – अनिर्णय की स्थिति में हो जाता है। वादी का साधन (रूप वचन) सत्य है अथवा प्रतिवादी का निषेधरूप वचन (मन की यह दुविधा) संशय है। एक वस्तु में विरुद्ध विविध गुण विषयक ज्ञान संशयः है।

अर्थिप्रत्यर्थिनियुक्तसाधनदूषणसमर्थनकारणं हेतुः।४।

वादी और प्रतिवादी के द्वारा (क्रमशः) साधन और दूषण के समर्थन में प्रयुक्त कारण हेतु है।

हेतुद्वयमध्ये कः कस्य साधक इति विचारः परामर्शः।५।

दोनों हेतुओं के मध्य में कौन किसका साधक है यह विचार परामर्श है।

साक्ष्यादिभिर्यस्य वाक्यस्य बलप्रतीतिः तत् प्रमाणम्।६।

साक्षी, (लेख) इत्यादि के द्वारा जिस वाक्य की बल प्रतीति हो वह प्रमाण है।

भूपोमन्त्रिसभ्यैश्च सह सर्वमाद्यन्तलेख्यादीन् वाचयित्वा श्रुत्वा वोभयोर्जयपराजयसाधकनिदानज्ञानोत्तरं सर्वानुमत्या चाज्ञां देयादितिनिर्णयः।७।

मन्त्री तथा सभासदों के साथ आदि से अन्त तक सभी लेखों को पढ़कर, साक्षियों को सुनकर सबकी सहमति से राजा जो आज्ञा दे वह निर्णय है।

पुनस्तदनुसारेणाधिकार्युभयोराज्ञां श्रावयित्वा तत्प्रवृत्तिकरणं प्रयोजनम्।८।

पुनः निर्णय के अनुसार न्यायाधीश द्वारा दोनों (वादी और प्रतिवादी) को आज्ञा सुनाकर उसे क्रियान्वित करना प्रयोजन है।

इत्यष्टप्रकारैर्वादनिर्णयः कार्यः, तत्र कथं व्यवहारो विधेयः, इत्याह –

इस प्रकार उपरोक्त आठ प्रकार से वाद का निर्णय करना चाहिए। वाद के समय किस प्रकार व्यवहार का सञ्चालन करना चाहिए, इसका कथन –

भूपः सदसि संवेगभावमाश्रित्य निस्पृहः।
राज्यकार्यं करोत्येव गृहीत्वा सभ्यसंमतिम्।।१०।।

समदः प्रेक्षमाणोऽसौ नोक्तिं कस्यापि मानयेत्।
राज्यकृत्ये यथानीति यदीप्सुः सुखमक्षयम्।।११।।

राजा सभा में प्रचण्ड भाव का आश्रय लेकर इच्छारहित होकर सभासदों की सम्मति लेकर ही राज्य-कार्य करता है। यदि राजा को अक्षय सुख की इच्छा हो तो वह सगर्व देखता हुआ नीतिपूर्वक राज्य कार्य में किसी के कथन को स्वीकार न करे (किसी से प्रभावित न हो)।

(वृ०) एवं भूपे राज्यकर्मणि प्रवृत्ते कस्मिंश्चित् अर्थिन्यागते चरस्तस्माद्विज्ञप्तिपत्रं गृहीत्वा मन्त्रिणं देयात्। मन्त्री च तत्पत्रं भूपं निवेद्य श्रव्येतरनिर्णयानन्तरं पत्रोपरि चाज्ञां लिखेत्।

राजा के राज्यकार्य में प्रवृत्त होने पर वादी के आवेदन हेतु आने पर दूत आवेदन पत्र लेकर मन्त्री को सौंपे। मन्त्री उस आवेदन पत्र को राजा को सूचितकर कि यह सुनने योग्य है कि नहीं, इस निर्णय के बाद, पत्र पर आज्ञा लिखे।

(वृ०) का तत्रयोग्यतायोग्यता वेत्याह–

आवेदन की योग्यता अथवा अयोग्यता के विषय में कथन –

सार्थकं च समग्रार्थं साध्यधर्मेण संयुतम्।
स्फुटं संक्षिप्तसच्छद्ममात्मप्रत्यर्थिनामयुक्।।१२।।

साध्यप्रमाणसंख्यावद्देशभूपाभिधान्वितम् ।
यन्निवेदयते राज्ञे तद्योग्यमिति कथ्यते ।।१३।।

राजा को प्रस्तुत आवेदन यदि उद्देश्यपूर्ण, समस्त दावों से युक्त, समाधान

योग्य प्रकृति वाला, स्पष्ट, संक्षिप्त, उत्तम शब्द, अपने एवं प्रतिवादी के नाम, दावा सिद्ध करने योग्य प्रमाणों की संख्या, देश और राजा के नाम से युक्त हो तो वह योग्य (आवेदन) कहा जाता है।

(वृ०) स्फुटोऽर्थः। जङ्गमविषयिकव्यवहारे त्वियं रीतिः, स्थावर-विषयाभियोगे तु –

अर्थ स्पष्ट है। चल सम्पत्ति विषयक व्यवहार में आवेदन की यह (उपरोक्त) पद्धति है। अचल सम्पत्ति विषयक व्यवहार में आवेदन की यह (अधोलिखित) पद्धति है –

देशस्थानाख्यजातिस्वसन्निवेशप्रमाणयुक् ।
पितामहस्वपितानुजज्येष्ठाद्यभिधान्वितम् ॥१४॥

राजमुद्राङ्कितं पत्रं स्थावरे श्राव्यमुच्यते।
अन्यथा तु वादिविज्ञप्तिर्न श्रोतव्याधिकारिणा॥१५॥

देश, ग्राम, जाति, अपने सन्निवेश (वास स्थान का नाम, कुटीर) के प्रमाण सहित, अपने पितामह, अपने पिता, कनिष्ठ भाई, ज्येष्ठ भाई आदि के नाम से युक्त, राजा की मुद्रा (मुहर) से अङ्कित आवेदन अचल सम्पत्ति के वाद में (अधिकारियों) द्वारा) सुनने योग्य है, नहीं तो वादी का आवेदन अधिकारियों द्वारा सुनने योग्य नहीं है।

(वृ०) तत्र देशो मध्यदेशो वा द्रविडाङ्गबङ्गादयः, स्थानं वाराणस्यादि, जातिः क्षत्रियादयः, सन्निवेशः पूर्वापरदक्षिणोत्तरविभागावच्छिन्नः, प्रमाणं दशरज्जुमितमायतं बाणरज्जुमितविस्तृतं, पितृपितामहादिनामयुतं, क्षेत्रं यवक्षेत्रं वा शालिक्षेत्रं, इत्येतद्रीत्या लिखिता विज्ञप्तिः श्रोतव्या अन्यथा न पक्षाभासत्वात्–

देश अर्थात् मध्यदेश या द्रविड़, अङ्ग, बङ्ग आदि देश, स्थान वाराणसी आदि, जाति क्षत्रिय आदि, सन्निवेश पूरब-पश्चिम, दक्षिण-उत्तर दिशा की मर्यादा, प्रमाण दस रज्जु लम्बा, पाँच रज्जु चौड़ा, पिता, पितामह आदि के नाम से युक्त, क्षेत्र यव आदि का क्षेत्र अथवा शालि का क्षेत्र, इस रीति से लिखित विज्ञप्ति सुननी चाहिये, इससे भिन्न पक्षाभास होने के कारण नहीं सुननी चाहिए।

(वृ०) के पक्षाभास इत्याह –

पक्षाभास क्या है इसका कथन –

असाध्यमप्रसिद्धं च विरुद्धं निष्प्रयोजनम्।
निरर्थकं निराबाधं पक्षाभासं विवर्जयेत्॥१६॥

असाध्य (जिस वाद का समाधान न हो सके), अप्रसिद्ध (अस्तित्व विहीन) वस्तु से सम्बन्धित वाद विरुद्ध, निष्प्रयोजन, निरर्थक, निराबाध – इस प्रकार के वाद पक्षाभास हैं (अधिकारियों द्वारा) इनके श्रवण का त्याग करना चाहिए।

(वृ०) यथा अनेन मां दृष्ट्वा निष्ठीवनं कृतमित्यसाध्यम्।

जैसे मुझे देखकर इसने थूका यह असाध्य वाद है।

मद्गृहस्थं खपुष्पं गृहीत्वायमगमत्तदहं याचयामि परं नो ददाती-त्यप्रसिद्धम्।

मेरे घर में स्थित आकाश-पुष्प लेकर चला गया उसे मैं माँगता हूँ पर वह नहीं देता है, यह अप्रसिद्ध वाद है।

अनेनाहं शप्त इतिविरुद्धम्।

इसके द्वारा मेरा सौगन्ध लिया गया यह विरुद्ध है।

मत्पित्रा पूर्वमस्याधिकारः कृतोऽस्ति भूयो मां न ददाति इति निष्प्रयोजनम्।

मेरे पिता द्वारा पूर्व में इसके अधिकार में किया गया पुनः मुझे नहीं देता है यह निष्प्रयोजन है।

यथा तथा प्रलपनं निरर्थकम्।[1]

जैसा-तैसा प्रलाप निरर्थक है।

मद्गृहस्थदीपप्रकाशेनायं स्वगृहकार्यं करोति इति निराबाधम्।

मेरे घर के दीपक के प्रकाश से यह अपने घर का कार्य करता है, यह निराबाध है।

एतादृशं पक्षाभासं वर्जयेत् न श्रृणुयादित्यार्थः।

इन पक्षाभासों का त्याग करना चाहिए, नहीं सुनना चाहिए यह अभिप्राय है।

तथा चानेकव्यवहार विषयगर्भिता विज्ञप्तिरपि न श्रोतव्या।

अनेक विषयों से युक्त आवेदन की भी सुनवाई नहीं करनी चाहिए।

किन्तु प्रत्येकविषयगर्भिता इत्याह –

किन्तु अलग-अलग विषयों से सम्बन्धित (आवेदन की सुनवाई करनी चाहिए), इसका कथन –

विज्ञप्तिर्नहि श्रोतव्या क्रियाभेदसमन्विता।
अनेकविषयाकीर्णा श्रूये[2]ताथाधिकारिभिः।।१७।।

---

१. प्रतिकरणम् भ १, भ २, प १, प २।।

२. ०नाथा० भ १, भ २, प १, प २।।

भिन्न-भिन्न क्रियाओं वाले आवेदन को (अधिकारियों को) नहीं सुनना चाहिए। (परन्तु कभी-कभी) अनेक (वादों को) विषय बनाने वाले आवेदन को भी अधिकारियों द्वारा सुनना चाहिए।

(वृ०) कस्मिंश्चित् काले भिन्नविषयभूतैकविज्ञप्तिरपि श्रोतव्या भवतीत्याह–

कभी-कभी भिन्न-भिन्न विषयभूत एक आवेदन भी अधिकारियों को सुनना पड़ता है, इसका कथन –

एकैकविषयासक्तोऽनेकक्रियसमन्वितः ।
श्राव्यो वाद्यभियोगश्चान्यद्ग्रामजनहेतुकः।।१८।।

यदि वादी का अभियोग दूसरे गाँव के लोगों के हेतु वाला हो तो अनेक क्रियाओं और अलग-अलग विषयों से युक्त होने पर भी आवेदन अधिकारियों को सुनना चाहिए।

साक्ष्यादिहेतुभिः सिद्धं तद्विमृश्याधिकारिभिः।
शीघ्रमाज्ञा प्रदेया हि जयपराजययोरिति।।१९।।

साक्षी इत्यादि हेतुओं से सिद्ध उस वाद पर विमर्श करके (वादी के) जय अथवा पराजय की आज्ञा अधिकारियों द्वारा शीघ्र प्रदान की जानी चाहिए।

(वृ०) यद्यपि व्यवहाराभियोगे न्यायेन एकविषयैकक्रियायुता विज्ञप्तिरेवैककाले च देया इत्युक्ता परन्तु केनचिदन्यपत्तनीयानेकपुरुषैर्नियोगे तद्विज्ञप्तिरवश्यं श्रोतव्या भवत्येव इति श्रोतव्यं चेत् पराह्वानाय समुद्राज्ञाछदं दूतद्वाराप्रत्यर्थिसमीपे प्रेषयेदन्यथा तु तत्पत्रं राज्यपत्रकोषे क्षिपेत्। तथाहि –

यद्यपि व्यवहार सम्बन्धी आरोपपत्र न्याय के अनुसार एक विषय और एक क्रिया से युक्त दिया जाना चाहिए, यह कहा गया है परन्तु वाद किसी अन्य नगरवासी अनेक पुरुषों से सम्बन्धित हो तो उसका आवेदन अवश्य सुनना चाहिए। क्योंकि –

श्रोतव्या यदि विज्ञप्तिस्तस्यामाज्ञां लिखेत्परा-

ह्वानाद्यर्थे समुद्रां चाधिकारी तां प्रवर्तयेत्।।२०।।

नृपाज्ञापत्रं तत्रैव गच्छेद्दूतो ह्यनाकुलम्।
योग्यतायोग्यते दृष्ट्वा नेतुं योग्यं तमानयेत्।।२१।।

यदि अधिकारी द्वारा वह विज्ञप्ति सुनी गई है तो प्रतिवादी को बुलाने आदि के लिए लिखित राजाज्ञा पत्र राजा की मुद्रा सहित भेजनी चाहिए। दूत शीघ्रता से

उस राजाज्ञा पत्र को लेकर वहाँ (प्रतिवादी) के पास जाय और उसकी योग्यता और अयोग्यता देखकर लाने के योग्य होने पर उसे लेकर आये।

(वृ०) के अनाहूया इत्याह –

कौन बुलाने योग्य नहीं है, इसका कथन–

अशक्ताः स्थविरा बाला कुलजा हीनपक्षकाः।
अज्ञातस्वामिनो क्रूरा राज्यकार्यसमाकुलाः।।२२।।
आवश्यकक्रियोद्युक्ता उन्मत्ता भूतडाकिनी।
गृहीता वातपित्तोग्रा अनाहूयाः स्मृता बुधैः।।२३।।
देशकालानुसारेण कृत्यसाधनदूषणे।
ज्ञात्वा यानैरशक्तादीन् बला[1]दाह्वाययेन्नृपः।।२४।।

अशक्त, वृद्ध, बाल, कुलीन, विकलाङ्ग, जिनका कोई स्वामी न हो, क्रूर, राज्यकार्य में व्यस्त, आवश्यक कार्य में संलग्न, उन्मत्त, भूत-डाकिनी आदि से पीड़ित, उग्र वायु-पित्त रोग से पीड़ित को विद्वानों द्वारा न बुलाने योग्य कहा गया है। देश और काल के अनुसार न्याय कार्य के सम्पादन में दोष को जानकर अशक्त आदि को राजा वाहन आदि के द्वारा बलपूर्वक बुलवाये।

(वृ०) एतद्रीत्या दूतेन प्रत्यर्थिन्यानीते किं तत्पितृभ्रातादयोऽपि तत्र वक्तुं शक्नुवन्ति न वेत्याह –

उपर्युक्त रीति से दूत द्वारा प्रतिवादियों को (बुलाकर) लाने पर उसके पिता, भाई आदि भी वहाँ बोलने में समर्थ हैं या नहीं इसके विषय में कथन–

पिता भ्राता न पौत्रो वा न सुतो न नियोगकृत्।
व्यवहारेषु शक्तः स्याद्वक्तुं दण्ड्यो हि विब्रुवन्।।२५।।

व्यवहार (वाद की सुनवाई) में न पिता, न भाई, न पौत्र अथवा न ही पुत्र एवं न मुक्तारनामा से युक्त व्यक्ति बोलने में समर्थ है। निश्चित रूप से बोलने पर दण्डित करने योग्य है।

(वृ०) स्वाम्यभावे तु दत्तपूर्णाधिकारत्वेन सर्वे वक्तुं शक्नुवन्ति इति स्थितिः।

ततोऽधिकारी अर्थिदत्तं प्रतिज्ञापत्रमुत्तरं गृहीतुं प्रत्यर्थिने दर्शयेत् तदभिप्रायं निवेदयेच्च –

स्वामी की अनुपस्थिति में (स्वामी द्वारा) दिये गये पूर्ण अधिकार से सभी बोल सकते हैं – यह स्थिति है। तत्पश्चात् अधिकारी उत्तर प्राप्त करने के लिए

---

१. ०दाह्वानयेन्नृपः भ १, भ २, प १, प २।।

वादी द्वारा प्रदत्त वादपत्र को प्रतिवादी को दिखाये। प्रतिवादी को उस वादपत्र का अभिप्राय भी बताये।

कुलजातिवयोवर्षमासपक्षदिनान्वितम् ।
अर्थिनावेदितं यच्च तत्सर्वं हि निवेदयेत्।।२६।।

कुल, जाति, अवस्था, वर्ष, मास, पक्ष, दिन सहित वादी द्वारा जो भी निवेदित किया गया है वह सब निवेदित करना चाहिए।

(वृ०) स च तत्पत्रं सुतरामालोच्य शोधनार्थमवधिं याचेत शोधनं च यावदुत्तरदर्शनं ततः प्राड्विवाको यथाकृत्यमवधिं देयात्।

और वह प्रतिवादी उस वादपत्र को भलीभाँति देखकर संशोधन हेतु समय की माँग करे। न्यायाधीश कार्य के अनुसार शोधन से लेकर उत्तर देने हेतु समय की निश्चित अवधि प्रदान करे।

ऋणाद्युत्तरदाने चावधौ देयादिनत्रयम्।
भूयो विशेषकृत्ये तु पक्षं नातःपरं दिशेत्।।२७।।

ऋण आदि सम्बन्धी विवाद में उत्तर देने के लिए (प्रतिवादी को) तीन दिन की अवधि देनी चाहिए। राजा विशेष वाद में एक पक्ष (पन्द्रह दिन) का समय दे इससे अधिक समय न दे।

गोर्वधे ताडने स्तेये पारुष्ये साहसेऽपि वा।
स्त्रीचरित्रे न कालोऽस्ति गृह्णीयादुत्तरं लघु।।२८।।

गोवध, मारपीट, चोरी, वाग्युद्ध अथवा जघन्य अपराध, स्त्री के चरित्र सम्बन्धी वाद में (उत्तर देने के लिए) समय नहीं दिया जाना चाहिए, शीघ्र उत्तर लिया जाना चाहिए।

शोधयेद्वादिपत्रं च यावन्नोत्तरलेखनम्।
लिखिते तु यथानीति निवृत्तं शोधनं भवेत्।।२९।।

जब तक प्रतिवादी द्वारा उत्तर नहीं लिखा गया है तब तक वह वादी के पत्र का निरीक्षण कर सकता है परन्तु उत्तर लिख लिये जाने पर नीति के अनुसार निरीक्षण से विरत हो जाय।

(वृ०) ऋणादिव्यवहारे उत्तमर्णनिरूपितविषयशोधनपूर्वकोत्तरदानार्थं प्राड्विवाको दिनत्रयावधिं देयात्। विशेषकृत्ये तु भूपः पक्षैकमितावधिं देयात्। अतः परं न दिशेत्। गोर्वधे मारणे ताडने यष्ट्यादिप्रहारे स्तेये चौर्ये पारुष्ये क्रोधेन कटुवाक्यादिकथने साहसे विषशस्त्रादि- कृतप्राणघाते स्त्रिया दुश्चरिते

एतद्विषयाभियोगे उत्तरदानार्थं प्रतिवादिनं प्रत्यवधिं न देयात्। तत्क्षण एवोत्तरं गृह्णीयात्। अन्यथा असत्यसाक्ष्यादिना कृत्यविपर्ययः।

ऋणादिव्यवहार में उत्तम ऋण निरूपित विषय का शोधन कर उत्तर देने हेतु न्याया-धीश तीन दिन की अवधि प्रदान करे। विशेष मामलों (आपराधिक वादों) में राजा पन्द्रह दिन (एक पक्ष) की मर्यादा प्रदान करे। इसके पश्चात् समय न दे। गोवध, मार-पीट, लाठी आदि से प्रहार, स्तेय—चोरी, पारुष्य—क्रोध से कठोर वाक्य का कथन, साहस अर्थात् विष और शास्त्र आदि से प्राणघात, स्त्री का दुश्चारित्र्य इत्यादि विषयों के अभियोग में उत्तर देने के लिए प्रतिवादी को अतिरिक्त समय न दे तत्क्षण ही उत्तर माँग ले। अन्यथा असत्य साक्षी आदि द्वारा वाद में छेड़छाड़ की सम्भावना है।

प्रत्यर्थी वादिपत्रं यावदुत्तरलेखनं शोधयेत् लिखिते तु शोधनं निवृत्तं भवेत् अतो गृहीतावधौ प्रतिज्ञापत्रं विविच्य यथातथमुत्तरं देयात्।

प्रतिवादी वादी के पत्र का उत्तर जबतक लिख रहा हो तबतक वह संशोधन कर सकता है परन्तु लेखन से विरत होने के पश्चात् उसमें परिवर्तन नहीं कर सकता है। अतः ग्रहण की गई अवधि में प्रतिज्ञापत्र का विवेचन कर तथ्य के अनुसार उत्तर देना चाहिए।

यदि रागाद् द्वेषाल्लोभाद्वान्यथोत्तरं देयात्स दण्ड्यः।

यदि राग-द्वेष और लोभ के वश तथ्य से परे उत्तर दे तो उसे दण्डित करना चाहिए।

तदुत्तरं द्विविधं श्राव्यमश्राव्यं चेति।

प्रतिवादी द्वारा प्रदत्त उत्तर दो प्रकार का होता है – श्राव्य और अश्राव्य।

तत्र श्राव्यं तु –

उसमें सुनने योग्य उत्तर तो (इस प्रकार हैं) –

अर्थिप्रतिज्ञां दृष्ट्वैव प्रत्यर्थी चोत्तरं लिखेत्।
तद्वै चतुर्विधं सत्यं प्रतिभु व्यापकं तथा।।३०।।
असन्दिग्धमिति प्रोक्तं सूत्तरं निर्णये बुधैः।
येन प्रकृतसाध्यार्थसिद्धिः प्रत्यर्थिनः स्फुटम्।।३१।।

वादी की प्रतिज्ञा (आवेदन) देखकर ही प्रतिवादी द्वारा उत्तर लिखना चाहिये। वह उत्तर सत्य, प्रतिभु, व्यापक एवं असन्दिग्ध चार प्रकार का होता है। विद्वानों द्वारा (वाद के) निर्णय में उसे उत्तम उत्तर कहा गया है जिससे स्पष्ट रूप से प्रस्तुत वाद में प्रतिवादी के साध्य अर्थ की सिद्धि हो।

(वृ०) यथा शतमुद्रा एतस्माद्याचयामीत्यर्थिनोक्ते सत्यं दातव्याः सन्तीति सत्योत्तरं

उदाहरणस्वरूप वादी द्वारा यह कहने पर कि इससे सौ रुपये माँगता हूँ (प्रतिवादी कहे कि) सत्य है मेरे द्वारा दिये जाने हैं – यह सत्य उत्तर है।

अर्थिलेखकं दृष्ट्वा तद्विरुद्धधर्महेतुप्रतिपादनं प्रतिभूः ग्रामादिनामयुतं व्यापकं।

वादी द्वारा लिखित आवेदन को देखकर उसके विरुद्ध धर्महेतु का प्रतिपादन प्रतिभू है।

सत्यमेतावन्मुद्रैतस्य दातव्या परं मयैतस्यैतत्कृत्यं कृतमस्तीत्यसन्दिग्धम्।

सत्य है वादी के इतने रुपये देय हैं पर मेरे द्वारा इसका यह कार्य किया गया है – यह असन्दिग्ध उत्तर है।

अश्राव्यं च पञ्चविधम् –

अश्राव्य उत्तर के पाँच प्रकार –

सन्दिग्धं प्रकृताद्भिन्नमत्यल्पमतिभूरि च।
पक्षैकदेशव्याप्यं यच्छ्राव्यं नैवोत्तरं हि तत्।।३२।।

सन्दिग्ध, वास्तविक से भिन्न, अत्यल्प, अत्यधिक और पक्ष के एक देश में व्याप्त (ये पाँच प्रकार के उत्तर अश्राव्य हैं) अतः अधिकारियों द्वारा सुनने योग्य नहीं हैं।

(वृ०) यथा शतमुद्रा अनेन गृहीता इत्युक्ते सति शतमुद्रा वा शतपणा इति सन्दिग्धम्।

उदाहरणस्वरूप इसने सौ मुद्राएं ग्रहण की हैं वादी के यह कहने पर प्रतिवादी का कहना कि सौ मुद्रा अथवा सौ रुपया, यह सन्दिग्ध उत्तर है।

सुवर्णशताभियोगे पणशतं धारयामीतिप्रकृताद्भिन्नम्।

सौ स्वर्णमुद्राओं का वाद होने पर मैंने तो सौ रुपये लिया है प्रतिवादी का उत्तर भिन्न है।

सुवर्णशताभियोगे पञ्चैव धारयामीति अत्यल्पम्।

सौ स्वर्णमुद्राओं का वाद होने पर मैंने तो पाँच ही लिया है प्रतिवादी का उत्तर अत्यल्प है।

सुवर्णशताभियोगे सहस्रं धारयामीति अतिभूरि।

सौ स्वर्णमुद्राओं का वाद होने पर मैंने तो हजार मुद्राएं ग्रहण की हैं प्रतिवादी का उत्तर अतिभूरि है।

भूषणवस्त्राद्यभियोगे वस्त्राणि गृहीतानि न भूषणानि इति पक्षैकदेशव्यापि।

वादी द्वारा आभूषण और वस्त्र-ग्रहण का आरोप लगाये जाने पर प्रतिवादी का उत्तर कि वस्त्र ग्रहण किया है आभूषण नहीं एकदेशव्यापी उत्तर है।

एतादृशं प्रत्यर्थिलिखितुत्तरं प्राड्विवाको न श्रृणुयादित्यर्थः।

प्रतिवादी द्वारा लिखित इसप्रकार के उत्तर न्यायाधीश न सुने।

ततश्च –

इसके पश्चात् –

प्रत्यर्थ्युत्तरमादाय तदालोच्याधिकारभृत्।
पुनरावेदयेल्लातुमर्थिनं च तदुत्तरम्।।३३।।

प्रतिवादी का उत्तर लेकर उसका निरीक्षण करने के पश्चात् अधिकारी उस उत्तर का प्रत्युत्तर लाने के लिए वादी से कहे।

तदालोच्य पुनश्चार्थी ऋणिलेखाभिघातकृत्।
देयादुत्तरमेता[1]वद्यत्कार्ये पुष्टिदं भवेत्।।३४।।

उस (प्रतिवादी से प्राप्त उत्तर) का निरीक्षण कर वादी पुनः प्रतिवादी के उत्तर का खण्डन करने वाला प्रत्युत्तर दे तब यह उत्तर उसके वाद का पोषक होता है।

विरुद्धमन्यथा पूर्वापरत्वेन स्मृतं ततः।
प्रतिज्ञाभङ्गहीनत्वे स्यातां कृत्यार्थहानिदे।।३५।।

तत्पश्चात् यदि वादी के पूर्व (प्रतिज्ञा) और पश्चात् (प्रतिवादी के उत्तर के प्रत्युत्तर में) विरोध न हो नहीं तो प्रतिज्ञा भङ्ग होती है, पक्ष कमजोर होता है और वाद के प्रयोजन की हानि होती है।

(वृ०) वादिना प्रतिज्ञापत्रे पूर्वं यल्लिखितं तथैव सविस्तरं प्रतिवाद्युक्तोत्तरदानकाले पुनर्लेख्यं अन्यथा पूर्वापरविरुद्धत्वेन प्रतिज्ञाभङ्गः पक्षहीनता च।

वादी के द्वारा प्रतिज्ञापत्र में जो पहले लिखा गया है वही विस्तार सहित प्रतिवादी द्वारा कथित उत्तर का प्रत्युत्तर देते समय पुनः लिखना चाहिए नहीं तो पूर्व और पश्चात् के विरुद्ध होने से प्रतिज्ञा भङ्ग और पक्षहीनता होती है।

---

१. ०दात्का० भ १, भ २, प १, प २।।

हीनता पञ्चधा स्यात् तथा हि –

हीनता पाँच प्रकार की होती है, उदाहरणार्थ –

निरुत्तरः क्रियाद्विष्टो नोपस्थातान्यदुत्तरः।
आहूतः प्रपलायेत भवेद्धीनस्तु पञ्चधा।।३६।।

१. निरुत्तर २. क्रियाद्विष्ट, ३. नोपस्थाता, ४. अन्यदुत्तर और ५. आहूत पलायन – ये पाँच प्रकार के हीन होते हैं।

पृष्टे सति किञ्चिदपि न वदति स निरुत्तरः।

पूछने पर कुछ भी उत्तर न दे वह निरुत्तर है।

लेखनक्रिया चातुर्येणान्यथा लिखन् क्रियाद्विष्टः।

लेखनक्रिया में चतुराई से तथ्य के विपरीत लिखना क्रियाद्विष्ट है।

उत्तरे पृष्टे प्रकृताच्चलेत् स नोपस्थाता।

उत्तर पूछने पर तथ्य से हट जाना नोपस्थाता है।

पृष्टे सत्यन्यथा वदेत् सोन्यदुत्तरः।

पूछने पर तथ्य के विरुद्ध बोलना अन्यदुत्तर है।

आहूते सति पलायेत् स पञ्चमः।

बुलाने पर भाग जाना आहूत पलायन पञ्चम प्रकार की पक्षहीनता है।

पुनश्चाधिकारी तल्लेखं प्रत्यर्थिने निवेदयेत्।
प्रत्यर्थ्यपि च तल्लेखं वाचयित्वोत्तरं लिखेत्।
सत्यं चेत्सिद्धिमाप्नोति विपरीतमथोऽन्यथा।।३७।।

पुनः अधिकारी उस लेख (वादी के प्रत्युत्तर) को प्रतिवादी को निवेदन करे। तत्पश्चात् प्रतिवादी भी उस लेख को पढ़कर उत्तर लिखे। यदि सत्य हो तो सिद्धि प्राप्त होती है। (वादी का समाधान निकल आता है, विपरीत होने पर वाद खोटा सिद्ध हो जाता है।

(वृ०) ततोऽधिकारी पत्रचतुष्टयं गृहीत्वा प्राड्विवाकाग्रे स्थापयेत् स च सभ्यैः सह विविच्य उभौ प्रति साक्ष्यादिसाधननिर्देशं कुर्यात्।

तत्पश्चात् अधिकारी चारों पत्रों को लेकर न्यायाधीश के समक्ष रखे और वह सभासदों के साथ विवेचन कर वादी-प्रतिवादी दोनों पक्षों के प्रति साक्ष्यादि साधनों का निर्देश करे।

तत्र सभ्याः कीदृशाः कियन्तो भवन्ति इत्याह –

सभा में सभ्य किस प्रकार के और कितने होते हैं, इसका कथन –

शत्रौ[1] मित्रे समाः शान्ताः निस्पृहाः सत्यवादिनः।
श्रुताध्ययनसम्पन्नाः परलोकभयान्विताः॥३८॥
निःक्रोधाश्च निरालस्या धर्मज्ञाः कुलजाः सतः।
पञ्चसप्ताथ भूपेन शुद्धाः कार्याः सभासदः॥३९॥

शत्रु और मित्र में सम (भाव रखने वाला), शान्त, निस्पृह, सत्यवादी, शास्त्रज्ञ, परलोक से भय रखने वाला, क्रोधरहित, आलस्य रहित, धर्मज्ञ और कुलीन पाँच और सात व्यक्तियों को राजा द्वारा सभासद बनाना चाहिए।

(वृ०) एते सभ्याश्चेल्लोभादिहेतुभिः कृतमन्यथा कुर्वन्ति तदा दण्ड्याः स्युरित्याह–

ये सभासद यदि लोभ आदि कारणों से अन्याय करते हैं तो दण्डनीय हैं, इसका कथन –

लोभाद्द्वेषाद्बृहन्मित्रकथनेन क्रुधान्यथा।
कृतिं कुर्वन्ति ये सभ्या दण्ड्या भूपेन ते सदा॥४०॥

(राजा द्वारा नामित) जो सभासद लोभ, द्वेष, बड़े मित्र के कथन या क्रोध के कारण अन्याय करते हैं वे राजा के द्वारा सदा दण्ड के योग्य हैं।

(वृ०) लोभादिहेतोरन्यथावादिभ्य एव दण्डग्रहणमुचितं न पुनरज्ञानाद्विरुद्धवादिभ्यस्ते त्वयोग्यत्वेन सभातो निर्वास्या एवेति।

लोभ आदि कारणों से अन्याय करने वाले सभासद ही दण्डनीय हैं पुनः अज्ञानादि के कारण तथ्य के विरुद्ध बोलने वालों को अयोग्य होने से सभा से निष्कासित कर देना चाहिए।

ततस्तौ स्वस्वसाक्षिनामानि लिख्य भूपसदसि प्रवेशयेत् इत्याह–

पूर्व आज्ञा के अनुसार वादी और प्रतिवादी दोनों अपने-अपने साक्षियों का नाम लिखकर राजसभा में प्रवेश करें, इसका कथन –

श्रुत्वोभौ साधनाज्ञां तां स्वस्वपक्षसमर्थक।
साक्षिनामानि [2]संलिख्य स्थापयेत्तां पुरं प्रभोः॥४१॥

इस प्रकार दोनों (वादी और प्रतिवादी) के द्वारा साधन की आज्ञाओं को सुनकर अपने-अपने पक्ष के समर्थक साक्षियों के नाम लिखकर उसे प्रभु (न्यायाधीश) के समक्ष रखना चाहिये।

---

१. सत्रौ भ १, भ २, प २॥
२. संलेख्य भ १, भ २, प १, प २॥

उभयोः साक्षिणो ग्राह्या निस्पृहाः शुद्धवंशजाः।
देशकालविचारज्ञा अपौगण्डा निरन्वयाः।।४२।।

दोनों पक्ष के ऐसे साक्षी ग्रहण किये जाने चाहिए जो निस्पृह हों, जिनका वंश शुद्ध हो, जो देश और काल के विचार को जानने वाले हों, परिपक्व आयु वाले और तटस्थ हों।

(वृ०) ते स्वग्रामजा भिन्नग्रामजा वा।

या तो वे अपने ग्राम में उत्पन्न हों अथवा अन्य ग्राम में उत्पन्न हों।

प्राड्विवाक एतेभ्यो यावन्निर्णयं वेतनं साक्ष्यैश्वर्यानुसारेणोभाभ्यां दापयेदिति।

न्यायाधीश वादी और प्रतिवादी से साक्ष्य और ऐश्वर्य के अनुसार पूर्व निर्धारित वेतन साक्षियों को दिलवाये।

अथ तत्कृत्यमुच्यते –

इसके पश्चात् साक्षियों का कृत्य कहा जाता है –

आगत्य साक्षिणो ब्रूयुः साक्ष्यतां कृत्यसाधने।
धर्मेण स्वस्वपक्षे च यथानीति द्वयोरपि।।४३।।

(वृ०) साक्षिण आगत्य पक्षद्वये साक्ष्यतां वक्तुमुद्युक्ता भवन्ति तदाप्राड्विवाको राज्य-प्रबन्धतया तान् भिन्नान् स्थापयित्वा स्वेष्ट-शपथादिनियमं च कारयित्वा साक्ष्यं गृह्णीयात्।

जब दोनों पक्षों के साक्षी आकर साक्ष्य देने के लिए तैयार होते हैं तब न्यायाधीश राजकीय प्रबन्ध के अनुसार उनको अलग-अलग बैठाकर अपने इष्ट का शपथ आदि नियम कराकर साक्ष्य ग्रहण करे।

आहूतान् साक्षिणः सर्वान्स्थापयेच्च पृथक् पृथक्।
सभान्तोविदिताचारान्मंत्रीयाज्ञार्थ[1]साधकान् ।।४४।।
कृतस्नानार्चनान्पूर्वं नियम्य शपथैर्नृपः।
पृच्छेत्सत्कृत्य सम्बन्धं तत्कृत्ये च यथाविधि।।४५।।

(वादी तथा प्रतिवादी) दोनों पक्ष के साक्षी आकर कार्य के साधन में अपने-अपने पक्ष में धर्म और नीति के अनुसार साक्ष्य कहें। बुलाये गये (दोनों पक्षों के) सभी साक्षियों को अलग-अलग स्थापित करना चाहिए। (वे साक्षीगण) सभा में किये जाने वाले आचरण के ज्ञाता हों और मन्त्री की आज्ञा का (सही)

---

१. मन्त्रीयज्ञार्थ भ १, भ २, मन्त्रीयज्ञार्प्य प १, मन्त्रीयज्ञार्ष्य भ २, प २।।

अर्थ में पालन करने वाले हों। (साक्षीगण के) पहले स्नान एवं पूजा कर लेने के पश्चात् राजा (उनको) शपथ दिलाकर, सत्कार कर, विधि के अनुसार उस वाद के सम्बन्ध में पूछे।

विप्रं यज्ञोपवीतेन क्षत्रियं च कृपाणतः।
गोदेवब्राह्मणैर्वैश्यं शपेच्छूद्रं तु पातकैः।।४६।।

विप्र को यज्ञोपवीत की और क्षत्रिय को कृपाण की, वैश्य को गो, देव और ब्राह्मण की तथा शूद्र को 'पाप लगने' की सौगन्ध दिलानी चाहिए।

स्त्रीबालगर्भघाते यज्जीवानामग्निपातने।
पापं तत्सर्वमाप्नोति यः साक्ष्यमनृतं वदेत्।।४७।।

स्त्री-हत्या, शिशु-हत्या, भ्रूण-हत्या और प्राणियों को अग्नि में गिराने का जो पान है असत्य साक्ष्य देने वाला उस सम्पूर्ण पाप को प्राप्त करता है।

दानपूजादिजं पुण्यमसत्येन विनश्यति।
ज्ञात्वेति साधनं ब्रूयुः साक्षिणस्ते यथायथम्।।४८।।

दान और पूजा से उत्पन्न पुण्य असत्य के कारण नष्ट हो जाता है – यह जानकर साक्षियों को साधन (वाद के सम्बन्ध में) तथ्य के अनुरूप कथन करना चाहिये।

(वृ०) कीदृशाः साक्षिणो मान्या भवन्तीत्याह –

कैसे साक्षी स्वीकार करने योग्य हैं, इसका कथन –

यथार्थवादी निर्लोभः क्षमाधर्मपरायणः।
निर्मोहो निर्भयस्त्यागी साक्षी मान्य उदाहृतः।।४९।।

यथार्थ भाषी, लोभ रहित, क्षमाधर्म के पालन में निपुण, निर्मोही, निर्भय और त्यागी साक्षी स्वीकार करने योग्य हैं।

लोभी गद्गदवाग् दुष्टो रुद्धकण्ठो विरुद्धवाक्।
क्रोधी व्यसनसेवी च साक्ष्यमान्यः स्मृतो बुधैः।।५०।।

लोभी, गद्गद (अस्पष्ट) वाणी बोलने वाले, दुष्ट, रुद्ध कण्ठ वाले, विरुद्ध भाषी, क्रोधी, व्यसनी आदि (कुलक्षण युक्त व्यक्ति), विद्वानों द्वारा साक्षी रूप में अस्वीकार्य कहे गये हैं।

(वृ०) वादिसाक्ष्यभवनान्तरं प्रत्यर्थिसाक्षिणो बुयुरित्याह–

वादी के साक्षियों का साक्ष्य होने के बाद प्रतिवादियों का साक्ष्य हो, इसका कथन–

एकपक्षस्वरूपाप्तिं साक्ष्यं स्यात्पूर्ववादिनः।
तन्निवृत्तौ पुनर्ब्रूयात्साक्षी प्रत्यर्थिनः स्फुटम्।।५१।।

एक पक्ष का स्वरूप जानने के लिए पहले वादी का साक्ष्य हो, उसका साक्ष्य पूरा हो जाने पर फिर प्रतिवादी के साक्षी को स्पष्ट वचन कहना चाहिये।

(वृ०) एतद्रीत्या प्राड्विवाकेन पूर्ववादिसाक्ष्यादाने प्रारब्धे प्रत्यर्थी तत्साक्षिनिमित्तं तदनुचरत्वादिदोषप्रतिपादनपूर्वकत्वेनाप्रमाणत्वं वदेत्तदाधिकारी किं कुर्यादित्याह –

इस (पूर्वोक्त) रीति से न्यायाधीश के द्वारा पहले वादी के साक्षियों का साक्ष्य ग्रहण करने पर प्रतिवादी उस साक्षी के निमित्त वादी के सेवक आदि से दोष-प्रतिपादन के द्वारा उस साक्षी की अप्रामाणिकता कहे तब अधिकारी क्या करे, इसका कथन –

अर्थिनोऽनुचरो मित्रं सहवासी कुटुम्बजः।
ऋणार्त्तश्चेति तत्साक्ष्यं गृह्णीयाद्दिव्यपूर्वकम्।।
दिव्ये गृहीतेऽसत्यत्वं साक्षिणां च स्फुटं भवेत्।
दण्ड्याः पृथक् द्रम्मैर्यथादोषं च धर्मतः।।५२।।

यदि साक्षी के रूप में वादी का सेवक, मित्र, पड़ोसी, कुटुम्बी जन और कर्जदार साक्ष्य देने आया हो तो उससे शपथ पूर्वक साक्ष्य ग्रहण करना चाहिए। शपथ लेने पर भी यदि साक्षियों का झूठ प्रकट हो जाता है तो उनको उनके दोष के अनुसार भिन्न-भिन्न द्रम्मों (सिक्कों) से धर्म के अनुसार दण्डित करना चाहिए।

(वृ०) एवं वादिसाक्ष्यभवनान्ते प्रतिवादिसाक्षिणोऽपि साक्ष्यं ददति ततः प्राड्विवाक उभयसाक्षिणां साक्ष्यं गृहीत्वा पुनः किं कुर्यादित्याह–

इसी प्रकार वादी का साक्ष्य होने के बाद प्रतिवादी के साक्षी भी साक्ष्य दे देते हैं इसके बाद न्यायाधीश दोनों पक्षों के साक्षियों का साक्ष्य लेकर पुनः क्या करे, इसका कथन –

साक्ष्युक्तं प्राड्विवाकश्च विमृश्य सुतरां द्वयोः।
कस्य वाक्यस्य प्रामाण्यमिति सभ्यैर्विवेचयेत्।।५३।।

दोनों पक्षों के साक्षियों द्वारा (दिये गये) वक्तव्य का भलीभाँति विमर्श कर किस (साक्षी) का वाक्य प्रमाण है – ऐसा सभासदों द्वारा विवेचित किया जाना चाहिए।

(वृ०) यद्यर्थी साक्ष्यादिभिः स्वोक्ति समर्थनं कर्त्तुम् न शक्नुयात्तदा दण्ड्यः।

यदि वादी साक्ष्य आदि से अपने दावे का समर्थन करने में समर्थ न हो पाये तो तब वह दण्डनीय है।

न शक्नोति नियोगं स्वमर्थी साक्ष्यादिहेतुभिः।
समर्थयितुमेषः स्याद्राज्यदण्ड्यश्च प्रत्युत।।५४।।

मिथ्याभियोगी पक्षार्थं निह्नुते चेदमुं भयात्।
तदपि दण्ड्यतामायात् नियोगद्विगुणैर्धनैः।।५५।।

यदि अपने साक्ष्य आदि हेतुओं से वादी अपने नियोग (दावे) को प्रमाणित न कर सके तो बदले में वह राज्य द्वारा दण्डनीय है। यदि मिथ्या अभियोगी अथवा वादी भयवश छिपाता है तो वे दावे की दुगुनी राशि के दण्ड के पात्र हैं।

(वृ०) यदि नियमिताः साक्षिणोऽपि अनृतं वदन्ति तदा किं स्यादित्याह –

यदि शपथ-ग्रहण के पश्चात् भी साक्षी झूठ बोलते हैं तब क्या होना चाहिये, इसका कथन –

वादिनः साक्षिणोऽसत्यं वदेयुश्चेन्नृपाग्रतः।
दण्ड्याः पृथक् पृथक् रूप्यैर्यथाशक्ति यथाकुलम्।।५६।।

वादी के साक्षीगण यदि राजा के समक्ष असत्य बोलें तो उनको उनके कुल तथा शक्ति के अनुसार अलग-अलग राशि से दण्डित करना चाहिए।

(वृ०) प्रत्यर्थिसाक्षिणोऽपि असत्याः स्युस्तदा किं करोति मन्त्री तदाह–

यदि प्रतिवादी के साक्षी भी झूठे हों तो मन्त्री क्या करे, उसका कथन–

साक्षिणो वादिनः सत्या असत्याः प्रतिवादिनः।
इषुवेदाग्नि समिषं सव्ययं स्वं नृपोऽर्थिने।।५७।।

दापयेदृणिना द्रव्यं साक्षिणस्ते पृथक् पृथक्।
दण्डनीयाः पुनर्नैवादेयाः स्युः साक्षिकर्मणि।।५८।।

वादी के साक्षी सत्य और प्रतिवादी के साक्षी असत्य बोलने वाले हों तो वादी को पाँच, चार तथा तीन प्रतिशत ब्याज सहित दी जाने वाली राशि और साथ में (वाद का) व्यय भी ऋणी द्वारा दिया जाना चाहिए और उन साक्षियों को भी अलग-अलग दण्डित करना चाहिए। उन झूठे साक्षियों को पुनः साक्ष्य के काम में नहीं लेना चाहिए।

(वृ०) कश्चित्साक्षी कृत्यस्वरूपं जानन्नपि मूको भवेत्तदा किंकार्यमित्याह–

कोई साक्षी कृत्य – घटना के स्वरूप को जानता हुआ भी मूक रह जाता है तो क्या करना चाहिए, यह बताया –

यो नरः कूटसद्भावं जानन्नपि वदेन्न वै।
सः कूटसाक्षिवद्दण्ड्यो नृपेण शतरौप्यकैः।।५९।।

जो व्यक्ति (वाद का) खोटापन या यथार्थस्वरूप जानते हुए भी तथ्य नहीं बताता है राजा द्वारा उसे नकली साक्षी की भाँति सौ रुपये से दण्डित किया जाना चाहिए।

(वृ०) उभयसाक्षिणामसत्यत्वे नृपेण किंकार्यमित्याह –

वादी और प्रतिवादी दोनों के साक्षियों के झूठे हो जाने पर राजा को क्या करना चाहिए, इसका कथन –

उभयोः साक्षिणोऽसत्याश्चेदन्यैर्गुणवत्तमैः।
नृपेण निर्णयः कार्यः स्वाहूतैः साक्षिभिस्तदा।।६०।।

ब्राह्मणक्षत्रियविशः कृत्येऽसत्यं वदन्ति चेत्।
दण्डयित्वा प्रवास्याश्च न शूद्रे साक्ष्ययोग्यता।।६१।।

यदि दोनों पक्ष के साक्षी झूठे हों तो राजा द्वारा स्वयं अन्य बुलाये गये उत्तम गुण वाले साक्षियों के द्वारा (वाद का) निर्णय करना चाहिए। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य यदि साक्ष्य कार्य में असत्य बोलते हैं तो उन्हें दण्डित कर देश से निर्वासित कर देना चाहिए, शूद्र में साक्ष्य की योग्यता नहीं है।

(वृ०) अन्यसाक्षिणामभावे नृपेण किंकार्यमित्याह –

अन्य साक्षियों के न होने पर राजा को क्या करना चाहिए –

उभानुमतिमादाय कार्यः साक्षी स्वधर्मभृत्।
एक एव हि शुद्धस्तु गुणवान् सत्यवाक् शमी।।६२।।

वादी तथा प्रतिवादी दोनों का अभिप्राय लेकर न्यायाधीश पवित्र, गुणवान, सत्यभाषी, शान्त और कर्त्तव्यनिष्ठ एक साक्षी करे।

(वृ०) ननु सीमावादादिविषयेषु भूपस्वस्थापितसाक्षिभिर्निर्णयं कर्तुं शक्नोति अन्येषु च ऋणादानादिव्यवहारेषु साक्ष्यभावे लेखपत्राद्याभावे च कथं निर्णयं कुर्यादित्याह–

निश्चित रूप से सीमाविवाद आदि विषयों में राजा अपने स्थापित साक्षियों के द्वारा निर्णय करने में समर्थ है और दूसरे ऋणादान आदि व्यवहारों में साक्षी के अभाव में और पत्रादि के अभाव में कैसे निर्णय करे, यह बताया –

अर्थिप्रत्यर्थिनोः स्यातां साक्षिणौ चेन्न भूपतिः।
कृत्यतत्त्वमजानानः शपथं तत्र कारयेत्।।६३।।

तद्देववह्नियात्रापोगुरूणां नियमात्क्रमात्।
द्विजक्षत्रियवैश्येभ्यः शपथं कारयेत्ततः।।६४।।

यदि वादी तथा प्रतिवादी दोनों पक्ष के साक्षी न हों तो उन दोनों पक्षों के तत्त्व को न जानता हुआ राजा शपथ कराये। ब्राह्मणों, क्षत्रियों एवं वैश्यों से नियम से क्रमशः उनके देव, अग्नि, यात्रा, जल और गुरु की शपथ ग्रहण करनी चाहिए।

मासपक्षावधिं कृत्वा कारयेच्छपथं नृपः।
तज्जाधिव्याधिवह्नयापोमरणं जायते न चेत्।।६५।।

लोकाधिकारिभिर्दिव्यं प्रमाणमिति मन्यते।
सत्यमंतर्भवेत्कष्टं तच्चेद्भवति चान्यथा।।६६।।

मास अथवा पक्ष की मर्यादा कर राजा शपथ दिलवाये, उस अवधि में शपथकर्त्ता को आधि, व्याधि, अग्नि और जल सम्बन्धी (पीड़ा) अथवा मरण यदि न हो तो अधिकारियों को उसे (पीड़ा को) दिव्य प्रमाण रूप मानना चाहिए। सत्ययुक्त हो तो ठीक है अन्यथा (झूठ होने पर) उसे अवश्य ही कष्ट होता है।

महीपालस्ततः सम्यक् परीक्ष्योभयसत्यताम्।
सभ्यसंमतिमादाय वदेज्जयपराजयौ।।६७।।

तत्पश्चात् राजा दोनों पक्षों की सत्यता का सम्यक् परीक्षण कर सदस्यों की सम्मति लेकर जय और पराजय के विषय में निर्णय दे।

इत्थं समासतः प्रोक्तो व्यवहारविधिक्रमः।
यस्य स्मरणमात्रेण मानवो वञ्च्यते न कैः।।६८।।

इस प्रकार संक्षिप्त रूप से व्यवहार विधि का क्रम कहा गया जिसके स्मरणमात्र से मनुष्य किसी के द्वारा ठगा नहीं जा सकता है।

।। इति व्यवहारकृतिप्रकरणम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.२

ऋणादानप्रकरणम्

सुवर्णवर्णोऽभ्रनरेन्द्रसूनुः क्रौञ्चाङ्कितः[1] श्रीसुमतिर्जिनेन्द्रः।
ऋणप्रदानग्रहणाधिकारं प्रवक्तुकामं सुमतिं प्रदेयात्।।१।।

स्वर्ण सदृश वर्ण वाले, क्रौञ्च (पक्षी) के लाञ्छन वाले अभ्र राजा के पुत्र पाँचवें तीर्थङ्कर श्री सुमति ऋण देने और लेने (सम्बन्धी) अधिकार का प्ररूपण की इच्छा वाले मुझे सद्बुद्धि प्रदान करें।

(वृ०) तत्र किं नाम ऋणम् –

ऋण से क्या अभिप्राय है –

याचितेन धनिनाथ केनचित् दीयते सनियमं पराय यत्।
तद्दणं निगदितं बुधैर्मिषलोभतः प्रतिदिनं सुवृद्धिकृत्।।२।।

माँगे जाने पर किसी धनवान द्वारा जो (धन) दूसरे को नियम सहित ब्याज के लोभ से एवं प्रतिदिन (धन में) वृद्धि के लिए दिया जाता है, विद्वानों द्वारा उसे ऋण कहा गया है।

तत्केन कदा ग्राह्यं तदाह –

ऋण किससे कब ग्रहण करना चाहिए, वह बताया –

[2]कुटुम्बावन[3]धर्मापन्मित्रा[4]द्यावश्यककर्मणि ।
निर्द्धने नान्यथावासौ ऋणं ग्राह्यं च ऋक्थिनः।।३।।

परिवार के भरण-पोषण रूप धर्म में आपत्ति आने पर, मित्रादि का आवश्यक

---

१. क्रोञ्चाङ्कितम् भ १, क्रोञ्चकितम् भ २, क्रोञ्चाकितम् प २।।
२. कुटुंवावन भ १, कुटुंबाबन भ २, कुटंवावन प १, प २।।
३. धर्मावन भ १, प १।।
४. ०द्यावश्यकर्मणि भ १, प १, प २, ०द्यवश्यकर्मणि भ २।।

कार्य पड़ने पर, अन्य किसी प्रकार से धन न प्राप्त होने पर ऋणदाता से ऋण ग्रहण करना चाहिए।

प्रतिमासं मिषं दद्यात् वृद्धौ दुःखं महद्भवेत्।
पुनश्च नियते काले देयात्स्वं सोऽधमर्णकः।।४।।

ऋण लेने के पश्चात् प्रत्येक महीने ब्याज देना चाहिए, (ब्याज न देने से उसमें) वृद्धि होने पर महान् दुःख होता है और पुनः निश्चित किये गये समय में उस मूल धन को ऋण दाता को लौटा देना चाहिए।

काले व्यतीते नियते ह्युत्तमर्णेन याचितो।
अपि नो दद्यात्तदा ऋक्थी राजानं स्वं निवेदयेत्।।५।।

नियत काल व्यतीत हो जाने पर ऋणदाता द्वारा माँगने पर भी यदि (ऋणी) धन वापस नहीं दे तब ऋणदाता धन के लिए राजा से निवेदन करे।

(वृ०) धनी कया रीत्या द्रव्यं देयात् –

धनी किस रीति से धन दे –

अर्थी स्वनामयुक्लेखपत्रं प्रत्यर्थिनः पुरा।
स्वसाक्षिपितृपैतामहादिनामयुतं स्फुटम्।।६।।
लेखयित्वा धनी देयाद्रजतानि यथाविधि।
समिषं सप्रतिज्ञं च मिषं भिन्नं च वर्णशः।।७।।

वादी (धनवान् पुरुष) अपने नाम के लेख से युक्त पत्र में प्रतिवादी (ऋण लेने वाले के समक्ष) साक्षी, पिता, पितामह आदि के नाम स्पष्ट लिखवाकर विधि के अनुसार ब्याज सहित रजत मुद्रायें (धन उधार) दे। वर्ण के अनुसार ब्याज की दर भिन्न होती है।

तथाहि–

ब्राह्मणक्षत्रविट्शूद्रान् शुल्कलोभेन चेद्धनी।
देयाद्रौप्यान् लेखरीत्या द्वित्रिवेदेषु सम्मितम्।।८।।
मिषं वृद्धितया ग्राह्यं प्रतिमासं प्रतिज्ञया।
पुनश्चतुर्विधा प्रोक्ता सा वृद्धिः शक्त्यपेक्षया।।९।।
चक्रवृद्धिः स्मृता चाद्या कालिका कारिता तथा।
कायिका चेति विज्ञेया सर्वसंपत्प्रवर्द्धनी।।१०।।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को धनवान् ब्याज के लोभ से क्रमशः दो,

तीन, चार और पाँच प्रतिशत ब्याज पर उपरोक्त रीति के अनुसार ऋण प्रदान करे। निर्धारित ब्याज प्रत्येक माह वृद्धि के साथ ग्रहण करना चाहिए। वह ब्याज-वृद्धि (कर्ज लेने वाले की) क्षमता के अनुसार चार प्रकार की कही गई हैं – प्रथमा चक्रवृद्धि, द्वितीया कालिका, तृतीया कारिता और चौथी कायिका कही गई है। इन चारों को सब प्रकार से सम्पत्ति में वृद्धि करने वाली जानना चाहिए।

आप्रतिज्ञान्तमेकापि न दत्ता चेद्वराटिका।
तदैकीकृत्य तां वृद्धिं तद्वृद्धिः प्रथमा मता।।११।।

नियत अवधि तक यदि (ब्याज राशि की) एक कौड़ी भी चुकाई नहीं गई हो तो उस (ब्याजराशि और मूल राशि) को जोड़कर उस (राशि) का ब्याज और पुनः ब्याज के ब्याज की गणना (प्रथम वृद्धि अर्थात् चक्रवृद्धि) कहा जाता है।

मासपक्षदिनेष्वेतद्रजतानामिमामहम् ।
वृद्धिं दास्यामि नियतां कालिका सा स्मृता बुधैः।।१२।।

नियत मास, पक्ष और दिनों में अमुक निश्चित धनराशि ब्याज के रूप में दूँगा, यह वृद्धि विद्वानों द्वारा कालिका वृद्धि कही गयी है।

[1]मासकृतप्रतिज्ञायां नो चेद्दास्यामि किञ्चन।
दास्यामि द्विगुणान् रौप्यानिति वृद्धिस्तु कारिता।।१३।।

नियत की गई मासावधि में यदि कभी राशि नहीं दूँगा तो उस मूल राशि का दुगुना दूँगा - इस प्रकार की वृद्धि कारिता कही जायेगी।

[2]कृतमासप्रतिज्ञोऽपि मिषं दातुमशक्नुयात्।
देहेन सेवां धनिनो वृद्धिः सा कायिका मता।।१४।।

मासावधि नियत करने के पश्चात् भी ब्याज देने में समर्थ न हो पाने पर ऋणी द्वारा धनी की शरीर से सेवा रूप वृद्धि कायिका कही गई है।

(वृ०) यदृणं गृहीत्वा देशान्तरं गच्छेत्तद्रीतिमाह –

कोई ऋण लेकर विदेश चला जाय तो क्या करना चाहिए, इसका कथन –

गृहीत्वार्ण[3] ऋणी गच्छेद्देशाद्देशान्तरं तदा।
आगतेऽब्दे मासवृद्धिरस्य द्विगुणा स्यादितिस्थितिः।।१५।।

यदि ऋण लेने वाला ऋण लेकर इस देश से दूसरे देश चला जाय तब

---

१. माषकृत भ १, भ २, प १, प २।।
२. कृतमाष० भ १, भ २, प १, प २।।
३. गृहीत्वार्णं प १, प २।।

(वापस) आने पर वर्ष में जो मास-वृद्धि हो उसका दुगुना ब्याज प्रत्येक मास ग्रहण करे ऐसी स्थिति हो।

(वृ०) स्वदेशस्थोऽपि ऋणी धनिना याच्यमानो धनं न देयाच्चेत्किं कुर्याद्धनीत्याह–

स्वदेश में होने पर भी धनी द्वारा माँगे जाने पर ऋणी धन वापस न दे तो धनी को क्या करना चाहिए, इसका कथन –

गत्वाभिप्रायसर्वस्वं राजानं प्रतिबोधयेत्।
तद्विवेच्य नृपः सभ्यैरुभावप्याह्वयेत्ततः।।१६।।

आदानाह्नो नियोगाहःपर्यन्त[1]मिषयुक् धनम्।
दापयेद्धनिने भूपः सव्ययं चाधमर्णकात्।।१७।।

देश में रहते हुए भी ऋणी द्वारा कर्ज न लौटाने की दशा में ऋणदाता सम्पूर्ण वृत्तान्त राजा से निवेदित करे, राजा सभासदों से उस पर विचार कर तत्पश्चात् (वादी और प्रतिवादी) दोनों को बुलवाये। प्रतिवादी द्वारा उधार लिये गये दिन से वाद के दिन पर्यन्त ब्याज सहित (मूल) धन एवं वाद के व्यय के साथ (समस्त राशि) धनवान को दिलवाये।

(वृ०) आधिभेदेन वृद्धिभेदानाह –

आधि के भेद से ब्याज में वृद्धि का कथन –

हिरण्यधान्यवस्त्राणां द्वित्रितुर्यगुणा स्मृता।
धीवृद्धिर्धनिना सर्वं वस्तुरक्ष्यं प्रयत्नतः।।१८।।

स्वर्ण, धान्य और वस्त्र की स्थापना में क्रमशः दो गुना, तीन गुना और चार गुना ब्याज लेना चाहिए और धनवान द्वारा सभी वस्तुओं की यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए।

यो शक्तो पालितुं नैव मानवो गोधनं स्त्रियम्।
[2]चाधिं रक्षेद्यदातौ च वृद्धिं दास्यत्यनेकशः।।१९।।

जो मनुष्य, गोधन और स्त्री का पालन करने में असमर्थ हो और कोई (अन्य) उसकी रक्षा करे तो अनेक गुना ब्याज दे।

(वृ०) हिरण्याद्याधौ क्रमशो द्विगुणा त्रिगुणा तुर्यगुणा वृद्धिर्दातव्या धनिना सर्वं धनं यत्नतो रक्षणीयं गो महिष्यादिकं स्त्रियं वा पालितुमशक्तः सन्

---

१. माषयुक् प १, प २।।
२. चाधिरक्षे० प १, प २।।

कस्यचिदाधिं रक्षेत्तदानेकधा मिषं देयं इत्यर्थायत्तमोचनकाले मूलद्रव्यं दत्वा गवाद्याधिं मोचयेत् तदा तद्वृद्धिं मिषतया देयात् स्त्रीसन्ततिवृद्धौ तु पुत्रं देयात् न कन्यां मूल्यं दत्वा मोचयेत् स्त्रियं कायेन धनोऽनुचर्या कृत्वा स्वात्मानं मिषदानतो मोचयेत्।

सुवर्ण आदि आधि पर दोगुना, तीनगुना, चारगुना ब्याज देना चाहिए। धनी द्वारा सम्पूर्ण धन का यत्नपूर्वक रक्षण करना चाहिए। गाय, भैंस आदि अथवा स्त्री को पालने में असमर्थ होते हुए किसी आधि की रक्षा करे तब अनेक गुना ब्याज देना चाहिए। जो स्थापना मुक्त कराते समय मूल धन देकर गाय आदि की स्थापना मुक्त करावे तो ब्याज के रूप में यह वृद्धि दे। स्त्री की सन्तति के सम्बन्ध में वृद्धि के रूप में पुत्र देना चाहिए कन्या नहीं। मूल्य देकर स्त्री को मुक्त कराना चाहिए। शरीर से धनी की सेवा कर ब्याज देकर स्वयं को मुक्त कराना चाहिए।

नन्वाधिद्रव्यं चौरैर्हृतं चेद्भूपो निश्चित्य चौरेभ्यस्तद्धनं दापयेत्।

यदि आधि द्रव्य चोरों द्वारा चुरा लिया गया है तो राजा निश्चय कर चोरों से वह धन दिलाये।

यद्यशक्तस्तदा स्वकोषाद्दापयेत् –

यदि राजा चोरों से धन दिलाने में असमर्थ है तो अपने कोष से दिलवाये –

प्रत्याहर्त्तुमशक्तश्चेच्चौराद्भूपो हि यद्धनम्।
स्वकोषात्तन्मितं द्रव्यं युक्तं दातुं च ऋक्थिनः।।२०।।

यदि राजा चुराया गया धन चोर से वापस लेने में असमर्थ हो जाये तो उसके बराबर धन अपने कोष से ऋण लेने वाले को देना उचित है।

(वृ०) प्रीतिदत्तर्णस्य वृद्धिर्न भवति इत्याह –

परस्पर सुहृत् सम्बन्धों में प्रदत्त ऋण की वृद्धि न हो, इसका कथन–

प्रीत्या दत्तं तु यद्द्रव्यं वर्द्धते नैव तत्कदा।
याचिते वर्द्धते दत्तं प्रतिमासं मिषक्रमात्।।२१।।

प्रीति वश दिये गये धन पर कभी ब्याज नहीं होता, लेकिन यदि धन माँगने पर दिया गया है तो प्रत्येक माह ब्याज के क्रम से धन में वृद्धि होती है।

(वृ०) पितृऋणम् पुत्रैर्देयमिति नियततया क्लीबत्वादिदोषयुक्तानामपि ऋणदातृत्वप्रसङ्गे तद्वारणायाह –

पिता का ऋण पुत्र को देना चाहिए – यह नियम होने से नपुंसक आदि दोष से युक्त पुत्रों के ऋण देने के प्रसङ्ग में उनका निवारण करने हेतु कहा –

सत्सु पुत्रेषु तेनैव ऋणं देयं सुतेन च।
येन पितृवसु प्राप्तं क्लीबान्धबधिरादिषु।।२२।।

कई पुत्रों के होने पर उन्हीं पुत्रों द्वारा ऋण देय है जिससे नपुंसक, अन्धे, बधिर आदि भाइयों में पिता का धन प्राप्त हो।

(वृ०) अविभक्तभ्रातृभिर्दम्पत्या पितृपुत्राभ्यां वावश्यककृत्यार्थमृणं सर्वानुमत्यैव ग्राह्यं विभक्तेभ्यस्तु धनी प्रातिभाव्यतयैव देयात् तदाह –

अविभाजित भाइयों, दम्पति (स्त्री-पुरुष) अथवा पिता-पुत्र आदि को आवश्यक कार्य हेतु ऋण सबकी अनुमति से ग्रहण करना चाहिए और विभक्त होने पर धनी को ऋणी की (धन वापस कराने की जमानत पर) धन देना चाहिए, इसका कथन–

भ्रातृणामाविभक्तानां दम्पत्योः पितृपुत्रयोः।
ऋणलाभस्त्वेकमत्या विभक्ते प्रातिभाव्यतः।।२३।।

भाइयों में विभाजन न होने पर पति, पत्नी और पिता-पुत्र को सहमति से ऋण लेना चाहिए और यदि विभाजन हो चुका हो तो प्रतिभूति (धरोहर) रूप में रखकर ऋण प्राप्त करना चाहिए।

(वृ०) अविभक्तानां ऋणलाभः सर्वानुमत्या स्यात् विभक्तानां तु प्रातिभाव्यतः। दीनत्वादिति लाभः, इति दानस्याप्युपलक्षणम् –

(परस्पर विभाजन न हुआ हो ऐसे) अविभक्तजनों को ऋण सबकी अनुमति से लेना चाहिए जबकि विभक्त होने पर धरोहर के अनुसार ऋण लेना चाहिए। निर्धनता के कारण दिये गये धन को लाभ की संज्ञा दी गई है, इस प्रकार यह दान का भी उपलक्षण है –

किं नाम प्रातिभाव्यमित्याह –

प्रातिभाव्य या जमानतदार क्या है –

प्रतिभूः सदृशस्तस्य भावस्तद्धर्मशक्तिता।
प्रातिभाव्यं त्रिधा प्रोक्तं दृष्टिप्रत्ययदानतः।।२४।।

प्रतिभू के सदृश उसका भाव, धर्म और शक्ति, प्रतिभूति दृष्टि, प्रत्यय और दान रूप तीन प्रकार की कही गई है।

दर्शने यथा यस्मिन् काले त्वमेनं याचयिष्यसि तदेवैनं दर्शयिष्यामि इति।

प्रतिभूति या जमानत लेने वाला (यह विश्वास दिलाये) जिस समय तुम ऋणी को माँगोगे उसी समय ऋणी को दिखा (समक्ष प्रस्तुत कर) दूँगा ऐसा दृष्टि प्रतिभू है।

प्रत्यये यथा अयमेतत्पुत्रः सपुत्रः कुलीनोऽस्तीति मत्प्रत्ययेनास्मै यथायाञ्चां द्रव्यं प्रयच्छायं त्वां कदापि न वञ्चयिष्यत इति।

प्रत्यय प्रतिभू (प्रतिभू का वह प्रकार है) जैसे यह इस (अमुक व्यक्ति) का पुत्र है, यह पुत्रवान है, उत्तम परिवार का है मेरे विश्वास पर इसे माँग के अनुसार द्रव्य दें, यह तुम्हें कभी ठगेगा नहीं इस प्रकार आश्वासन देना।

दाने यथा त्वमेनं प्रति किञ्चिद्याचसे अयं दास्यति शीघ्रमेव अन्यथैतत्कालेऽहं दास्यामि इति।

दान प्रतिभू जैसे तुम इस (ऋणी) से कुछ माँगते हो तो यह शीघ्र देगा अन्यथा इस समय तक मैं स्वयं दूँगा (इस प्रकार कहने वाला) दान प्रतिभू है।

किञ्च –

गृहीतद्रव्यो निःस्वश्चेत् प्रतिभूर्धनवान्सदा।
मूलं दत्वैव सर्वं तत्कुर्यात्तं निर्ऋणं तथा।।२५।।

यदि ऋण लेने वाला निर्धन हो प्रतिभू धनवान् हो तो समस्त मूलधन देकर ही ऋण लेने वाले को ऋणमुक्त करना चाहिए।

ऋणी यदि निःस्वः प्रतिभूः धनवान्तदा सर्वमूलं दत्वैव तं ऋणिनं निर्ऋणं कुर्यादिति भावः।

ऋणी यदि निर्धन और प्रतिभू धनवान हो तो सम्पूर्ण मूलधन लौटाकर ही उस ऋणी को मुक्त कर देना चाहिए – यह अभिप्राय है।

यदि एकस्मिन् कृत्ये बहवः प्रतिभुवस्तदा स्वस्वांशानुसारेण द्रव्यमेकीकृत्य धनिनं दद्युः।

यदि एक कृत्य (ऋण) के बहुत से जमानत वाले हैं तब अपने-अपने अंश के अनुसार धन एकत्र कर ऋणदाता को दें।

एककृत्ये प्रतिभुवः बहवः स्युः परस्परम्।
स्वस्वशक्त्यनुसारेण धनिने दद्युरेकशः।।२६।।

यदि कार्य (ऋण) एक हो और प्रतिभूतियाँ बहुत हों तो आपस में मिलकर अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार ऋणदाता को धन एकबार में वापस कर देना चाहिए।

(वृ०) दर्शनप्रतिभूर्धनितृप्तये कृतकालावधेर्ऋणिनो देशान्तरगतत्वात्तदन्ते तं दर्शयितुमशक्तश्चेद्धनी तस्माद्रजतानि गृह्णीयात्तद्युक्तं परं न्यायरीत्या पक्षत्रयावधिं पुनर्दद्यात्तदवधौ प्रतिभूस्तं दर्शयेत्तदा प्रातिभाव्यत्वेन मुक्तो भवेत् अन्यथा रजतानि देयादेव।

दर्शनप्रतिभू ऋणी के देश से बाहर चले जाने पर ऋणदाता की सन्तुष्टि के लिए ऋण वापस करने की अवधि पूरी होने पर प्रतिभू द्वारा उसे प्रस्तुत करने में असमर्थ होने पर प्रतिभू से रजतमुद्रा (धन ग्रहण करे)। परन्तु न्यायपूर्वक तीन पक्ष की अवधि पुनः दे और इस अवधि में प्रतिभू यदि ऋणी को दिखा दे (प्रस्तुत कर दे) तो प्रातिभाव्य से मुक्त हो जाय नहीं तो प्रतिभू को धन देना ही पड़ेगा।

तथाहि –

प्रतिभूरधमर्णार्थं गृह्यात्पक्षत्रयं प्रभोः।
दर्शयित्वा स्वयं काले मुक्तः स्वोक्तेर्भवेदलम्।।२७।।

यदि प्रतिभू ने ऋणी को दिखलाने (प्रस्तुत करने) के लिए तीन पक्ष का समय माँगा हो निश्चित अवधि में उस (ऋणी) को दिखलाकर अपने वचन से पूर्णतया मुक्त हो जाए।

आधिविषयमुच्यते

विश्रम्भाय प्रभोर्वस्तु दत्वा गृह्णाति रौप्यक्यान्।
स आधिर्द्विविधः प्रोक्तो नियतेतरभेदतः।।२८।।
गोप्यभोग्यतया सोऽपि द्विविधः सम्प्रकीर्तितः।
वर्द्धिष्णिवतरभेदाभ्यां पुनः सो द्विविधः स्मृतः।।२९।।

(आधि का वर्णन) ऋणदाता के विश्वास के लिए (ऋण के बदले) वस्तु प्रदान कर ऋण ग्रहण करता है इसे आधि कहा जाता है, यह नियत और अन्य दो प्रकार की होती है। रक्षा योग्य और भोग्य होने से भी वह दो प्रकार की होती है। वृद्धि को प्राप्त होने वाली और उससे भिन्न की दृष्टि से भी वह दो प्रकार की होती है।

(वृ०) प्रभोर्विश्वासार्थे यद्वस्तु धनिनिकटे स्थाप्यते स आधिर्नियतोऽनियतश्चेति द्विविधोऽपि गोप्यभोग्यभेदेन द्विविधः यथायमाधिर्वैशाख-शुक्लसप्तम्यां रजतान् दत्वा मोचयिष्यतेऽन्यथा तवैवेति नियतः। स्वेच्छयैव गृह्यते सोऽनियत एव। गोप्यस्तु हैमरजत रत्नादिको भोगानर्हो नियतकालान्ते प्रणश्येत् भोग्यः।। क्षेत्रारामादिर्न नश्यति तस्य त्रिंशद्वर्षावधित्वात् –

प्रभु – ऋणदाता के विश्वास के लिए उसके समीप जो वस्तु स्थापित की जाती है वह आधि नियत या अनियत दो प्रकार की कही जाती है। गोप्य और अभोग्य के भेद से भी यह दो प्रकार की होती है। उदाहरणस्वरूप वैशाख शुक्ला सप्तमी तक रुपये देकर यह आधि मुक्त कराऊँगा अथवा आपकी ही हो जायगी, यह नियत आधि है। ऋणदाता स्वेच्छा से आधि ग्रहण करे यह अनियत आधि है।

स्वर्ण, रजत और रत्नादि गोप्य आधि है जो भोग्य योग्य नही पर रक्षणीय है। जो आधि निश्चित अवधि में नष्ट हो जाती है वह भोग्य आधि है। खेत, उपवन आदि नष्ट नहीं होते हैं उसकी भोग की अवधि तीस वर्ष की होती है।

आधिस्तु नैव भोक्तव्यो भुक्ते तु वृद्धिहानिता।
गोप्यस्य नियते कालेऽतीते स्वामी धनी भवेत्।।३०।।
नष्टे तु मूल्यं देयं स्याद्दैवभूपापदं विना।
भोग्यस्यावधिपूर्तौ च ऋक्थी स्वामी न जायते।।३१।।

ऋण दाता को आधि में प्राप्त वस्तु का भोग नहीं करना चाहिए। (आधि का) भोग करने पर ब्याज की हानि होती है। गोप्य का नियत अवधि व्यतीत हो जाने पर धनवान् (उस वस्तु) का स्वामी हो जाता है। आधि के रूप में प्राप्त वस्तु के नष्ट हो जाने पर धनवान् को उसका मूल्य ऋण लेने वाले को वापस करना चाहिए बशर्ते कि वह दैविक और राजकीय कारणों से आकस्मिक रूप से नष्ट न हुई हो। भोग की अवधि पूर्ण हुए बिना धनवान् व्यक्ति उस वस्तु का स्वामी नहीं बन सकता।

(वृ०) आधिवस्तुनि भुज्यमाने ऋणिना दृष्टे वृद्धिहानिः।

आधि (के रूप में प्राप्त) वस्तु का उपभोग करते हुये ऋणी द्वारा देखे जाने पर ब्याज की हानि होती है।

तन्नाशे तु तन्मूल्यं धनिना देयमेव।

उस (आधि के रूप में प्राप्त वस्तु) के नष्ट हो जाने पर उसका मूल्य धनवान द्वारा (ऋण लेने वाले को) अवश्य ही देय है।

यदि तन्नाशे दैवभूवपापत्कारणं न स्यात्।

यदि उस (वस्तु) के नष्ट होने में देव और राजा कारण न हो।

गोप्यस्य हेमरजताद्यर्थस्य नियतकालव्यतिक्रान्तौ धनी स्वामीः स्यात्।

गोप्य अर्थात् आधि रूप में निक्षिप्त स्वर्ण-रजत आदि सम्पत्ति का (ऋण वापसी की) नियत अवधि समाप्त हो जाने पर धनवान् स्वामी हो।

भोग्याधेः स्थावरधनस्य त्ववधिसमाप्तावपि धनी स्वामी न भवति जंगमस्य तु भवत्येवेति विशेषः। यदि केनचिदृणिना क्षेत्रमाधिं कृत्वा धनिनो रजतानि गृहीतानि पुनर्दैवयोगेन तत्क्षेत्रं नद्याद्यपहृतं तदा ऋणिनान्य आधिः स्थापनीयोऽन्यथा रजतानि देयादित्याह।

नद्या भूपेन वा क्षेत्रं हृतं चेदृणिना पुनः।
आधिरन्यः प्रदेयो वा दीनत्वे धनिने धनम्।।३२।।

स्वक्षेत्रविषये वादो न कार्यः ऋणिना कदा।
धनिनो नापराधोऽत्र स्वकर्मफलमेव तत्।।३३।।

(आधि के रूप में धनवान् को प्रदत्त) खेत यदि नदी द्वारा हर लिया जाय अर्थात् खेत, नदी की धारा में विलीन हो जाय अथवा राजा द्वारा अधिग्रहण कर लिया जाय तो (ऋण लेने वाला) दूसरा (खेत) प्रदान करे अथवा गरीब होने पर (खेत न होने पर) धनी को धन देना चाहिए। (नदी के कारण अथवा राजा के कारण खेत नष्ट होने पर) अपने खेत के विषय में ऋणी को कभी वाद नहीं करना चाहिए, इसमें धनी का अपराध नहीं है, अपने कर्म का ही फल है।

अन्यच्च –

पुराणतीर्थयात्रादिबन्धकान्तमृणी धनम्।
प्रतिमासं मिषं दत्वा काले द्रव्यं समर्पयेत्।।३४।।

यदि ऋणी पुराण (श्रवण), तीर्थयात्रा आदि (समाप्त होने पर ऋण लौटाने हेतु वचन) बद्ध है तो प्रत्येक महीने ब्याज देकर समय पर मूलधन (ऋणदाता को) वापस कर देना चाहिए।

(वृ०) पुराणतीर्थयात्रादिबन्धकगृहीतधनं ऋणी समिषं देयादेव। यदि कश्चित् प्रपञ्चे नाधिं गृहीत्वा रजतनियुक्तलेखं च कारयित्वा रौप्यान्न ददाति तदा ऋणी किं कुर्यादित्याह –

यदि ऋणदाता ऋणी से छलपूर्वक आधि को ग्रहण कर ले और शपथपत्र भी लिखवा ले परन्तु ऋण न दे तो ऐसी स्थिति में ऋणी को क्या करना चाहिए, इसका कथन –

ज्ञापयित्वा तदुदन्तमृणी भूपाधिकारिणम्।
गृह्णीयादाधिलेखं स्वं सो दण्ड्यः शतरौप्यकैः।।३५।।

उस समय ऋणी को चाहिए कि वह राज्याधिकारियों को सूचित कर अपना आधि और लेख प्राप्त कर ले। वह धनी सौ रुपये के दण्ड का पात्र है।

(वृ०) ऋणविषये मिषग्रहणप्रकारमाह–

रजतशते दत्ते खलु रौप्ययुगं ग्राह्यमेव मिषवृद्धौ।
प्रतिमासं दत्तं चेन्मिषं तदा मूलमवधौ च।।३६।।

ऋणी को सौ रुपया देने पर प्रत्येक मास ब्याज वृद्धि के रूप में दो रुपया ग्रहण करना चाहिए। यदि ब्याज प्रतिमास दिया हुआ है तो निश्चित समय पर मूलधन वापस करना चाहिए।

(वृ०) आधिविषये कथं मिषं ग्राह्यमित्याह –

सौवर्णं राजतं चाधिं लात्वा चेद्रौप्यमुत्सृजेत्।
राजतेऽर्द्धांशमादेयं सौवर्णे तुर्यमंशकम्।।३७।।

यदि स्वर्ण और चाँदी का आधि लेकर रुपया दिया हो तो चाँदी का (आधि रहने पर) आधा रुपया और सोना का (आधि रहने पर) चौथाई रुपया ब्याज लेना चाहिए।

(वृ०) अधमर्ण आवश्यककार्यवशेन मुद्राद्वयं दत्वा शतमुद्रा गृह्णाति तत्कृत्ये राज्यगते उक्तमिषमेव दास्यति तथाहि –

अधमर्णः स्वयं लाति मिषमुक्ता ततोऽधिकम्।
नृपान्तिकं गतवादे तूत्तमर्णनिरूपणात्।।३८।।

नृपो लेखं निरीक्ष्यैव [1]विवेच्य सहसाकृतिम्।
न्यायादुक्तमिषं चैव दापयेदधमर्णकात्।।३९।।

गोऽजाविमहिषीदासाश्चाधिं कृत्वा गृहीतर्णः।
पुनर्दातुमशक्तश्चेन्न याचेताधिमृक्थिनः।।४०।।

ऋणी (यदि) स्वयं उस उपरोक्त नियत से अधिक ब्याज कहकर धन लाता है तो राजा के पास वाद के पहुँचने पर राजा लेख का निरीक्षण और कृत्य का विवेचन कर न्यायपूर्वक कथित ब्याज को ही ऋणी से दिलवाये। गाय, बकरी, अवि, भैंस और दास को आधि देकर ऋणी रुपया ले और पुनः (ऋण) वापस करने असमर्थ हो जाय तो ऋणदाता से आधि न माँगे।

गवाद्याधिविषयमाह –

पूर्णेऽवधौ पुनः प्राप्ते वित्ते गृह्णाति ऋक्थिनो।
अधमर्णस्थापितं यावत्तावद्गृह्णाति सर्वशः।।४१।।

धनी नो दद्याद् वृद्धिं तु ऋणी गृह्णाति नैव ताम्।
भक्ष्यमूल्ये प्रदत्तेऽपि नैव दद्याद्धनी तकाम्।।४२।।

जब अवधि पूर्ण हो जाने पर पुनः ऋणी के पास धन हो जाने पर धनवान धन ग्रहण करता है तब ऋणी अपनी स्थापित सब आधि ग्रहण कर लेता है। धनवान् यदि वृद्धि (अर्थात् आधि रूप गाय, भैंस के बछड़े आदि सहित) ऋणी को न दे तो वह उसे ग्रहण न करे। साथ ही यदि ऋणी ने चारे आदि का मूल्य दिया हो तो वह धनी को न दे।

---

१. विवेच्य भ १, भ २, प १, प २।।

सप्रतिज्ञं धृतं यच्चेत् गोमहिष्यादिकं वसु।
रौप्यान्दत्वा गृहीष्यामि पूर्णे काले तवैव तत्।।४३।।

यदि ऋणी इस प्रतिज्ञा के साथ गाय, भैंस आदि धन (आधि रूप में) स्थापित करता है कि अवधि पूर्ण होने पर रुपया देकर ही उसे ग्रहण करूँगा।

यदि ऋण्याधिश्चौरैर्ह्रियते तदा धनी तन्मौल्यं ऋणिनो देयात् तदाह –

मध्ये तत्र हृते चौरैर्गोधनेस्तूत्तमर्णिकः।
तन्मौल्यं सकलं दत्वा स्वमादत्तेऽधमर्णकात्।।४४।।

अवधि के मध्य में ही (आधि रूप) स्थापित गोधन का चोरी हो जाने पर धनी व्यक्ति उसका सम्पूर्ण मूल्य चुकाकर ऋणी से अपना धन ग्रहण कर लेता है।

वस्त्राधिविषयमाह –

न भोक्तव्योंऽशुकाद्याधिर्धनिना सुखमिच्छता।
अन्यथा मौल्यं प्रदेयं स्यान्मिषहानिर्भवेत्पुनः।।४५।।

ऋक्थी वासांसि भूषांश्च भुङ्क्ते चेदाधिरूपतो।
दृष्ट्वा ऋणी न वक्तीति न तदा मौल्यामाप्नुयात्।।४६।।

धनवान सुख की इच्छा से (आधि रूप स्थापित) वस्त्रादि का उपभोग न करे अन्यथा उसका मूल्य देय होगा और पुनः ब्याज में भी हानि होगी। धनी द्वारा वस्त्रों, आभूषणों आदि का उपभोग करने पर यदि सामने देखकर ऋणी कुछ नहीं बोलता है तब वह मूल्य न ले।

क्षेत्रग्रामतडागादि बालस्वं दासदासिका।
भुज्यमाना नश्यन्ति तद्वृद्धिर्धनिनः स्मृता।।४७।।

खेत, ग्राम, तालाब आदि, वाड़ी रूप धन, दास, दासी उपयोग में लाने पर नष्ट नहीं होते हैं उनकी वृद्धि धनी की वृद्धि कही गई है।

धान्याविषयमाह –

प्रतिमासं धान्यवृद्धिः प्रस्थयुग्मं मणं प्रति।
प्रतिज्ञान्ते न शक्नोति दातुं वृद्धिमृणं च चेत्।।४८।।

पुनर्वृद्धेश्च वृद्धिः स्यान्मध्ये किञ्चिद्ददाति नो।
सार्द्धवर्षे व्यतीते तु तद्धान्यं द्विगुणं भवेत्।।४९।।

(ऋण के रूप में लिए हुए) धान्य पर दो प्रस्थ प्रतिमास प्रत्येक मन पर ब्याज लेना चाहिए। प्रतिज्ञा के अनुसार यदि ऋणी ब्याज देने में समर्थ न हो और मध्य

में कुछ न दिया हो तो पुनः वृद्धि की वृद्धि हो और डेढ़ वर्ष बीत जाने ऋण लिया हुआ धन दो गुना हो जाता है।

(वृ०) मृते स्वामिनि तत्पुत्र ऋणं देयादित्याह –

स्वामी की मृत्यु हो जाने पर उसका पुत्र ऋण का भुगतान करे, इसका कथन –

मृते स्वामिनि तत्पुत्रो लेखं दृष्ट्वाधमर्णकः।
स्वतातकरमुद्राङ्कं द्रव्यमृक्थिनमर्पयेत्।।५०।।

स्वामी के मरने पर उसका पुत्र पिता के हाथ के मुद्राङ्कित लेख को देखकर धनवान को धन वापस करे।

(वृ०) मद्यादिकृतर्णं पुत्रैर्न देयमित्याह –

पिता द्वारा मद्यपान हेतु ग्रहण किये गये ऋण को पुत्र द्वारा नहीं वापस करना चाहिए–

सुराकैतवद्यूतार्थं परस्त्रीहेतुकं तथा।
ऋणं पितृकृतं पुत्रो देयान्नैव कदाचन।।५१।।

आर्तातिवृद्धबालास्वाधीनोन्मत्तकमद्यपैः ।
याच्यते ऋणं नैव धनी दद्यात्कदापि तान्।।५२।।

मद्य (पान), ठगाई (एवं), द्यूत के लिए तथा परायी स्त्री के लिए पिता द्वारा किया गया ऋण पुत्र को कभी नहीं वापस करना चाहिए। रोगी, अतिवृद्ध, बालक, पराधीन, उन्मत्त, मद्यपान करने वालों के द्वारा यदि ऋण माँगा जाता है तो कभी धनी उनको ऋण न दे।

(वृ०) कुटुम्बपालननिमित्तं पितृकृतमृणं तन्मृतौ पुत्रैरेव देयमित्याह–

परन्तु कुटुम्ब पालन हेतु पिता द्वारा लिया गया ऋण पुत्रों के द्वारा देय है, इसका कथन–

कुटुम्बार्थं कृतं पित्रा ज्येष्ठभ्रात्रा ऋणं यदि।
तयोर्मृत्यौ समत्वेन दद्युस्ते सर्वबान्धवाः।।५३।।

यदि पिता या ज्येष्ठ भ्राता द्वारा परिवार के लिए ऋण लिया गया है तो उन (दोनों की) मृत्यु होने पर सभी भाई बराबर हिस्से में ऋण चुकायें।

(वृ०) विभक्ता वा अविभक्ता वा इति शेषः।

चाहे विभाजन हुआ हो अथवा नहीं हुआ हो।

स्वाम्यसत्वे दासकृतं ऋणं स्वामी देयादित्याह –

स्वामी की अनुपस्थिति में दास द्वारा किये गये ऋण को स्वामी वापस करे, इसका कथन –

प्रभ्वसत्वे कुटुम्बार्थमृणं दासेन यत्कृतम्।
तत्स्वामी वितरेत्सर्वं समिषं च ससाक्षिकम्।।५४।।

स्वामी की अनुपस्थिति में कुटुम्ब के लिए दास द्वारा जो ऋण लिया गया है उसे स्वामी ब्याज सहित और साक्षी के सम्मुख वापस करे।

(वृ०) बलेन कारितं लेखं व्यर्थमित्याह –

बलपूर्वक कराया गया लेख व्यर्थ है, यह कथन –

ऋक्थिनो[1] स्वगृहे कस्माद्गुप्तं लेखं न कारयेत्।
भूम्याद्याधियुतं दत्तं सर्वं तच्च वृथा भवेत्।।५५।।

धनवान अपने घर में कोई गुप्त लेख न कराये भूमि आदि आधि से युक्त जो कुछ भी दिया गया वह व्यर्थ हो जाता है।

(वृ०) योग्यं त्यक्त्वायोग्यं गृह्णन् भूपो निन्द्यो भवतीत्याह –

योग्य का त्यागकर अयोग्य का ग्रहण करने वाला राजा निन्दनीय होता है – यह बताया –

न गृह्णीयादनादेयं क्षीणशक्तिरपि प्रभुः।
समृद्धोऽपि न चादेयमल्पमप्यर्थमुत्सृजेत्।।५६।।

ग्राह्यस्याग्रहणाद्धूयोऽग्राह्यस्य ग्रहणादपि।
लोके निन्दामवाप्नोति प्रत्युतो निर्धनो भवेत्।।५७।।

शक्तिहीन होने पर भी स्वामी अदेय (ग्रहण न करने योग्य) वस्तु ग्रहण न करे और समृद्ध होने पर भी अदेय थोड़ी भी वस्तु का त्याग न करे। ग्रहण करने योग्य वस्तु के ग्रहण न करने और ग्रहण न करने योग्य वस्तु के ग्रहण करने से संसार में निन्दा होती है और उल्टे निर्धन होता है।

(वृ०) स्थानमार्गविषयमाह –

स्थान-मार्ग के विषय में कथन –

द्वारमार्गविवादेषु जलश्रेणिप्रवृत्तिषु।
भुक्तिरेव हि गुर्वी स्यान्न दिव्यं न च साक्षिता।।५८।।

सर्वार्थाभिनियोगे च बलिष्ठा पूर्वजा क्रिया।
आधौ प्रतिग्रहे कुप्ये साक्षिणां च प्रधानता।।५९।।

---

१. ऋक्थीनो प १।।

द्वार एवं मार्ग सम्बन्धी विवाद और जल निकासी के सम्बन्ध में भोग ही सशक्त पक्ष है शपथ आदि या साक्ष्य नहीं। सभी प्रकार की सम्पत्तियों के विवाद के निर्णय में पूर्वजों के समय से चली आ रही क्रिया बलवती होती है जबकि आधि, प्रतिग्रह और कूप्य के निर्णय में साक्षी को प्रधानता दी जाती है।

(वृ०) यथा केनचिदेकं क्षेत्रं कस्यचित्पार्श्वे आधिं कृत्वा द्रव्यं गृहीतं पुनरन्यत्र तदेवाधिः कृतः पुनः कालान्तरे कारणवशाद्विग्रहोत्पत्तौ जातेऽभियोगे भूपः साक्ष्यादिभिः पूर्वापरनिर्णयं कृत्वा पूर्वस्य एव द्रव्यं दापयेत् भुक्तिप्रामाण्याऽवसरे तु यथाशास्त्रं विधेय- मित्याह –

जिस प्रकार कोई एक क्षेत्र किसी के पास आधि रखकर धन ग्रहण कर लिया फिर वही क्षेत्र अन्यत्र आधि के रूप में रख दिया। पुनः कालान्तर में कारणवश कलह उत्पन्न होने पर वाद समक्ष आने पर राजा साक्ष्य आदि द्वारा पहले और पश्चात् का निर्णय कर पहले वाले को ही द्रव्य दिलवाये। आधि के भोग (उपयोग) के प्रमाण की स्थिति में शास्त्र के अनुरूप न्याय करना चाहिए, इसका कथन –

परेण भुज्यमाने ज्यां पश्यन्यो न निषेधते।
विंशत्यब्देषु पूर्णेषु ऋणी प्राप्नोति नैव ताम्।।६०।।

अन्य के द्वारा अपनी भूमि का उपयोग देखते हुए भी जो नहीं रोकता है बीस वर्ष पूर्ण हो जाने पर ऋणी उसे नहीं पाता है।

हस्त्यश्वादिधनस्यापि मर्यादा दशवार्षिकी।
ततः परं न शक्तः स्यादवाप्तुं तद्धनं प्रभुः।।६१।।

हाथी, घोड़े आदि धन की भी मर्यादा दस वर्ष की होती है उसके पश्चात् उस धन को प्राप्त करने में स्वामी समर्थ नहीं होता।।

(वृ०) आधिनिह्नवकर्त्ता मौल्यदो दण्ड्यश्चेत्याह –

आधि को छिपाने वाले को मूल देना पड़ेगा और दण्ड भी देना पड़ेगा, यह कथन–

आध्यादिद्रव्यं यो लोभान्निह्नुते साक्षिनिर्णये।
ऋणिने दापयित्वा तन्मौल्यं दण्डयेन्नृपः।।६२।।

प्रतिभूति रूप धन को यदि धनवान छिपाता है तो साक्षी के निर्णय से धन ऋणी को दिलवाकर राजा (धन के मूल्य के बराबर) उसे (धनवान को) दण्डित करना चाहिये।

(वृ०) पैतामहार्जितवस्तुविषयमाह – पितामह द्वारा अर्जित वस्तु (सम्पत्ति) के विषय में कथन –

पैतामहार्जिते वसौ साम्यं वै पितृपुत्रयोः।
राज्ये नियोगे पितरं वारयेत्तत्कृतौ सुतः।।६३।।

पितामह द्वारा अर्जित धन में पिता और पुत्र दोनों का बराबर अधिकार है राज्य में नियोग करते पिता को पुत्र रोक सकता है।

इति संक्षेपतः प्रोक्तः ऋणादानक्रमो ह्ययम्।
विस्तारो बृहदर्हन्नीतिशास्त्रे वर्णितो भृशम्।।६४।।

इस प्रकार संक्षेप में यह ऋण ग्रहण क्रम वर्णित किया गया। बृहदर्हन्नीति शास्त्र में यह अत्यन्त विस्तार से वर्णित है।

।। इति ऋणादानप्रकरणम्।।

—O—

तृतीय अधिकार

३.३

सम्भूयोत्थानप्रकरणम्

पूर्वप्रकरणे ऋणादानं प्रपञ्चितं तल्लब्धधनाश्चानेकेप्येकीभूय व्यवहाराद्यपि कुर्वन्ति इति सम्भूयोत्थानं विरच्यते –

पूर्व प्रकरण में ऋणादान के विषय में कहा गया ऋण से उपलब्ध धन का अनेक लोग मिलकर व्यवहार आदि करते हैं, अतः सम्भूयोत्थान की रचना की जाती है –

पद्मप्रभं जिनं नत्वा पद्माभं पद्मलाञ्छनम्।
सम्भूय च समुत्थानक्रमं वक्ष्ये समासतः।।१।।

कमल सदृश कान्ति वाले और कमल के लाञ्छन से युक्त, तीर्थङ्कर पद्मप्रभ की वन्दना कर एकत्रित होकर (समूह बनाकर) कार्य करने वालों के व्यवहार का संक्षेप से कथन करूँगा।

सर्वैर्मिलित्वा लाभार्थं वणिजो [1]नृत्यकारिभिः।
क्रियते वृत्तिरन्योऽन्यसंमत्या सद्भिरुच्यते।।२।।

सभी नर्तक आदि द्वारा मिलकर लाभ के लिए किये जाने वाले व्यापार को सज्जन परस्पर सम्मति से की जाने वाली आजीविका कहते हैं।

समवायस्तत्र मुख्यो [2]वणिग्गौणा नटादयः।
यो भक्ष्यवस्त्र[3]धान्यादीन् दत्ते सो मुख्यतां भजेत्।।३।।

समवाय अथवा समूह उसमें मुख्य है। नट आदि वणिग् उसमें गौण हैं। इस समूह या मण्डली को लोग जो खाद्य सामग्री, वस्त्र, धान्य आदि देते हैं उसका मुख्य (मण्डली) के अनुसार गणना होती है।

भृत्यकादिभिः भ १, प २।।
वणिऔणानपदयः भ १, भ २, प १, प २।।
धान्यादीदत्ते प १, प २।।

(वृ०) सर्वैर्वणिग्भिर्हिरण्यरजताहिफेनकार्पासधान्यघृततैलगुडादीनां क्रयो विक्रयो वा क्रियते।

सभी वणिकों द्वारा सोना, चाँदी, अफीम, कपास, धान्य, घी, तेल, गुड़ आदि का क्रय अथवा विक्रय किया जाता है।

तज्जलाभालाभौ यथाद्रव्यं गृह्णन्ति। यदि तेषु द्रव्यदातैकोऽन्ये निर्धनाश्चेत्तदा सर्वे धनिद्रव्यमिषांशं स्वस्वद्रव्यान्निस्सार्यावशेषं यथाप्रतिज्ञं विभजेरन् तत्र विसंवादे उत्पन्नेऽभियोगे च राज्ञा दिव्यादिक्रियया विसंवादनिवृत्तिः क्रियते अतएवायं व्यवहारे गणितोऽस्तीति। एवं नटादिभिरामक्रीडाकारकनर्तकादि-भिश्चापिसंभूयवृत्तिः क्रियते। तैरपि यथाप्रतिज्ञं यथाव्ययं लब्धद्रव्यं विभज्यते।

वे उस (सम्मिलित) धन से हुए लाभ और हानि में अपने द्रव्य के अनुसार अंश ग्रहण करते हैं। यदि उन वणिकों में एक धनवान् और अन्य निर्धन हैं तो सभी अपने-अपने धन से धनी के मूलधन और ब्याज का अंश निकालकर शेष धन को प्रतिज्ञा के अनुसार विभाजित करें। उसमें विवाद उत्पन्न होने पर राजा द्वारा शपथ आदि क्रिया से विवाद को समाप्त किया जाता है इसलिये ही यह व्यवहार में गिना जाता है। उसी रूप में नट आदि सुन्दर मनोरञ्जन करने वाले नर्तक आदि भी समूह बनाकर जीविकोपार्जन करते हैं। उनके द्वारा भी प्रतिज्ञा के अनुसार खर्च के अनुपात में प्राप्त धन को विभाजित किया जाता है।

राजाज्ञातो विरुद्धं यत्कृत्यं मुद्राङ्कनादिकम्।
परद्रव्यापहरणमेतेष्वेकः करोति चेत्।।४।।

जाते विवादे दण्ड्याः स्युः सर्वेऽनुमतिदानतः।
यथाद्रव्यं यथैश्वर्यं भूपेन न्यायवर्तिना।।५।।

यदि उनमें से एक राजा की आज्ञा के विरुद्ध मुद्राङ्कन आदि और दूसरों के धन के हरण द्वारा कार्य करता है तो विवाद उत्पन्न होने पर वे सभी उस (अपराध) की स्वीकृति देने के कारण प्रत्येक की भागीदारी तथा सत्ता के अनुपात में न्यायप्रिय राजा के द्वारा दण्डनीय हैं।

यद्वा अपुत्रे निधनं प्राप्तेऽनेकैस्तज्जातिजैनरैः।
रक्ष्यते तद्धनं धर्म[1]वत्सरावधि यत्नतः।।६।।

(इस व्यापार मण्डली में से किसी एक व्यापारी के) पुत्रहीन मृत्यु हो जाने पर उसके धन का अनेक स्वजातीय लोगों द्वारा दस वर्ष की अवधि तक यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए।

---

१. वत्सरावाधि भ १, प १, वत्सएवाधि भ २, प २।।

ततः परमनायाते तत्सबन्धिनि मानुषैः।
कृत्वाभियोगं सर्वे ते भागं [१]कुर्वंति दण्ड्यताम्।।७।।

प्राप्नुवन्ति तदा सर्वे यथाभागं नृपः पुनः।
पत्रं प्रचारयेदेकाब्दं तत्स्वामिगवेषणे।।८।।

नायाति कोऽपि चेद्भूयो भूपस्तज्ज्जातिभोजने।
प्रतिष्ठादिविधौ सर्वद्रव्यं संयोजयेत्तदा।।९।।

उसके बाद पुनः (मृतक मनुष्य के सम्बन्धी के) न आने पर सभी भागीदार दावा रहित धन को विभाजित कर लेते हैं तो (वे अपने-अपने भाग के अनुपात में दण्ड के पात्र होंगे। राजा पुनः सभी (सदस्यों से उनके) अंश के अनुसार (धन) प्राप्त करते हैं। उस धन के स्वामी की गवेषणा के लिए एक वर्ष की अवधि तक पत्र द्वारा घोषणा करनी चाहिए। इसके पश्चात् भी किसी के न आने पर राजा उसके जातियों के भोजन तथा प्रतिष्ठा आदि विधि में समस्त धन को लगाये।

आगतश्चेत्कोऽपिभूपो निश्चित्य सकलं धनम्।
दापयेद्रक्षकेभ्यश्च चतुर्थांशं प्रदाप्य वै।।१०।।

यदि कोई भी (उत्तराधिकारी) आया हुआ हो तो राजा निश्चय कर सम्पूर्ण धन का चतुर्थ भाग (धन) रक्षक को देकर (शेष) उसको सौंप दे।

गौर्वत्समिव भूपोऽपि प्रीत्या स्वाः पालयेत्प्रजाः।
अन्यायेन च द्रव्यार्थं चित्ते नो [२]लोभमाचरेत्।।११।।

सम्भूयोत्थानमेतश्च संक्षेपादत्र वर्णितम्।
यतः सर्वैः प्रतिज्ञातकार्ये रीतिर्नलंघ्यते।।१२।।

जिस प्रकार गाय अपने बछड़े का पालन करती है उसी प्रकार प्रीतिपूर्वक राजा को भी अपनी प्रजा का पालन करना चाहिए। अन्याय से धन प्राप्त करने के लिए मन में लोभ का आचरण नहीं करना चाहिये।

यहाँ समूह अथवा मण्डल व्यापार संक्षेप में निरूपित किया गया क्योंकि सभी प्रतिज्ञा संविदा के अनुसार कार्य करें और रीति बाधित न हो।

।। इति सम्भूयोत्थानप्रकरणम्।।

—O—

---

१. कुर्वेनिदण्ड्यताम् भ १, भ २, कुर्वनिदण्ड्यताम्।।
२. लोभसमाचरेत् भ १, भ २, प १, प २।।

तृतीय अधिकार

३.४

देयविधिप्रकरणम्

श्रीसुपार्श्वजिनं नत्वा सप्तमं तीर्थनायकम्।
देयादेयविधिं सम्यग् विवृणोमि समासतः॥१॥

सप्तम तीर्थङ्कर श्री सुपार्श्वनाथ जिन का वन्दन कर देय-अदेय विधि का संक्षेप में भली प्रकार वर्णन करता हूँ।

पूर्वप्रकरणे सम्भूयोत्थानं प्रतिपादितं तत्र कश्चित्तत् साधारणद्रव्यादानमपि करोति अतो देयादेयव्यवस्थानिरूपणाय देयविधिरधुना व्याख्यायते।

पूर्व प्रकरण में सम्भूयोत्थान प्रतिपादित किया गया है। इसमें कोई साधारण द्रव्य का दान भी करता है इसलिए देयादेयव्यवस्था का निरूपण करने के लिए अब देयविधि की व्याख्या की जाती है।

व्यवहारविधौ देयविधिः सो द्विविधः स्मृतः।
दत्ताप्रदानिकं नाम दत्तस्यानपकर्म च॥२॥

व्यवहार विधि में देय विधि दो प्रकार की कही गई है – दत्ताप्रदानिक और दत्तानपकर्म।

द्रव्यं दत्वा च यो सम्यगादातुं पुनरिच्छति।
दत्ताप्रदानिकाख्यः विकल्पः प्रथमो मतः॥३॥

भली-भाँति धन देकर जो पुनः लेना चाहता है वह दत्ताप्रदानिक नाम का प्रथम भेद माना गया है।

सम्यग् दत्तं च यद्द्रव्यमाहर्तुं तन्न शक्यते।
व्यवहारपदं दत्तानपकर्मेति नामतः॥४॥

भली-भाँति दिये गये जिस धन को वापस लेने में (दाता) समर्थ न हो व्यवहार की दृष्टि से उसे दत्तानपकर्म नाम से जाना जाता है।

पुनश्चतुर्विधं दानं प्रोक्तं दत्तं तथेतरम्।
अदेयदेयमिति च व्यवहारे विचक्षणैः।।५।।

पुनः व्यवहार में कुशल पुरुषों द्वारा दान चार प्रकार का कहा गया है—१. अप्रत्याहरणीय दत्त, २. व्यावर्तनीय अदत्त, ३. परकीय साधारण अदेय और ४. स्वकीय असाधारण देय।

(वृ०) तत्राप्रत्याहरणीयं दत्तम्।

जो पुनः वापस नहीं लिया जा सकता है वह दत्त है।

व्यावर्त्तनीयमदत्तम्।

जो पुनः वापस लिया जा सकता है वह अदत्त है।

परकीयं साधारणं च द्रव्यमदेयम्।

परकीय और साधारण द्रव्य अदेय है।

स्वकीयमसाधारणं च द्रव्यं देयम्।

स्वकीय और असाधारण द्रव्य देय है।

तत्र दत्तं षड्विधं तथाहि –

उसमें दत्त दान छः प्रकार का है जैसाकि –

क्रीतमूल्यवेतनं च [1]प्रीत्या दानं च कीर्त्तये।
धर्मे प्रत्युपकारे च दानं दत्तं हि षड्विधम्।।६।।

दत्त दान निश्चित रूप से छः प्रकार का है – १. क्रय की गई (वस्तु) का मूल्य, २. कार्य हेतु वेतन, ३. प्रीतिपूर्वक दान, ४. यश हेतु दान, ५. धर्मार्थ दान और ६. प्रत्युपकार दान।

अदत्तं षोडशविधं –

अदत्त दान सोलह प्रकार का है–

भयात् क्रोधेन शोकेनोत्कोचेन परिहासतः।
बलाद्वचत्यासतश्चैव मत्तोन्मतार्त्तबालकैः।।७।।
परतन्त्रेण मन्देन प्रतिलाभेच्छया पुनः।
कुपात्रे पात्रबुद्धचा च कुधर्मे धर्मबुद्धितः।।८।।
दत्तं द्रव्यं च यत्तद्वै वस्तुतोऽदत्तमेव च।
कथ्यतेऽत्र कलामानमिदं व्यवहृतौ सदा।।९।।

---

१. प्रासादानं भ १, प्रीसादानं भ २, प १, प २।।

१. भयपूर्वक, २. क्रोधपूर्वक, ३. शोकपूर्वक, ४. रिश्वत (के रूप में), ५. परिहास में, ६. बलपूर्वक, ७. भ्रमवश, ८. मत्त (अवस्था में), ९. उन्मत्त (अवस्था में), १०. रोगी (अवस्था में), ११. बाल (बुद्धि से) १२. पराधीन (अवस्था में), १३. मन्द (अवस्था में), १४. पुनः लाभ की प्रत्याशा में, १५. कुपात्र को पात्र जानकर और १६. कुधर्म में धर्म बुद्धि से दिया गया दान वस्तुतः न दिये गये के समान है। ये कलाओं (की संख्या) के समान (सोलह प्रकार के दान) सदा व्यवहार में कहे गये हैं।

(वृ०) अत्रार्तदत्तमदत्तं धर्मार्थमन्तरा बोध्यं धर्मार्थदत्तं तु तन्मृतावपि तत्पुत्रेणावश्यं दानीयं।

सोलह प्रकार के अदत्त दान में रोगी को दिया गया दान अदत्त है। उसमें अपवाद यह है कि रोगी को धर्मार्थ दिया गया दान दत्त है। धर्मार्थ दिया गया दान मृतक की मृत्यु होने पर भी उसके पुत्र के द्वारा अवश्य दान करना चाहिए।

यदुक्तं बृहदर्हन्नीतौ –

जैसा कि बृहदर्हन्नीति में कहा गया है –

रोगाउरेण दिण्णं जं दाणं मुक्खधम्मकज्जस्स।
तस्स य मरणेवि सुओ जुग्गोच्चियं तं धणं दाउं।।

अदेयं नवविधं तद्यथा

अदेय दान नौ प्रकार का है जैसे –

साधारणं च निक्षेपः पुत्रदाराश्च याचितम्।
आधिरन्वाहितं चैवान्वये सर्वस्वमेव च।।१०।।

प्रतिज्ञातं तथान्यस्मै एतन्नवविधं नृभिः।
महापद्यपि नो देयमदेयमिति शासनम्।।११।।

साधारण (द्रव्य), न्यासकृत (द्रव्य), पुत्र का, पत्नी का, याचित (द्रव्य), आधि, अन्वाहित, कुटुम्ब का सर्वस्व (द्रव्य) तथा दूसरे को (देने हेतु) वचनबद्ध धन –ऐसे नव प्रकार के धन मनुष्यों द्वारा महान आपत्ति काल में भी देय नहीं हैं (अपितु) अदेय हैं – इस प्रकार शास्त्र (कथन) है।

(वृ०) यत्केनचिद्वस्त्राभरणादि विवाहादौ याचित्वानीतमन्यहस्ते निहितं तेनाप्यन्यहस्ते स्वामिनमन्तरान्यस्मै न देयमित्यर्थः।

किसी मनुष्य के द्वारा विवाह आदि में माँगकर लाया गया वस्त्राभूषण आदि दूसरे के हाथ में रख दिया गया। उसके द्वारा भी दूसरे के हाथ में रख दिया गया, वह अन्वाहित धन मूल स्वामी के अतिरिक्त अन्य को देय नहीं यह अर्थ है।

तथा पुत्रपौत्राद्यन्वये सति सर्वस्वं न देयं किन्तु तद्भरण- पोषणावशिष्टं देयमित्यर्थः।

उस प्रकार वंश में पुत्र-पौत्र आदि वंश के होने पर सम्पूर्ण धन दान में नहीं देना चाहिए किन्तु उसके भरण-पोषण से अवशिष्ट धन दान में देना चाहिए।

तद्वृत्तिकल्पनाया आवश्यकत्वात्।

कुटुम्ब की आजीविका की कल्पना से (धन) आवश्यक होने के कारण।

तथा चोक्तं –

और कहा गया है –

मातापितरौ वृद्धौ पुत्रो बालः प्रतिव्रता पत्नी।
एते सर्वे पोष्याः नित्यं[1] यत्नेन निश्चयतः।।१२।।

वृद्ध माता-पिता, शिशु, पुत्र, पतिव्रता पत्नी ये सभी निश्चित रूप से सदा यत्नपूर्वक पालन योग्य हैं।

अथ देयमाह–

इसके बाद देय का कथन–

देयं तदेव विज्ञेयं यस्यापहरणं नहि।
यत्रात्मीयविरोधो न दत्तवत्सप्तभेदयुक्।।१३।।

यस्मै प्रतिश्रुतं यच्च तत्तस्मै देयमेव च।
धर्मार्थं यदि सो धर्मात्प्रच्युतो नहि जायते।।१४।।

प्रतिग्रहो ह्यदेयस्य सप्रकाशो विशेषतः।
स्थावरस्य तथा वादी यथा वैफल्यमश्नुते।।१५।।

भाव्युपाध्याधिदानप्रतिग्रहक्षेपविक्रयाः ।
कृता यस्य तदन्ते तत्सर्वं च विनिवर्तयेत्।।१६।।

देय दान उसी को जानना चाहिये जिसको पुनः वापस नहीं लिया जा सके, जिस धन को देने में कुटुम्बियों से विरोध न हो यह दान देने की विधि से सात प्रकार का है। जो वस्तु जिसको धर्मार्थ देने के लिये कहा था यदि वह व्यक्ति धर्म से च्युत न हो तो वह उसे देनी चाहिये। अदेय वस्तु यदि ग्रहण करे तो प्रकट रूप में ग्रहण करे विशेषतः यदि वह अचल सम्पत्ति हो तो विशेष रूप से प्रकट में ग्रहण करे जिससे (उस सम्पत्ति के विषय में विवाद की स्थिति में) वादी–अभियोगी

---

१. नित्ययत्नेन भ १, भ २, प २।।

असफल हो जाय। भविष्यकालीन प्रयोजन, प्रतिभूति, दान, वापस ग्रहण, धरोहर, विक्रय आदि किया हो तो उन सभी शर्तों को अन्त में रद्द करना चाहिये।

(वृ०) अथ योऽदत्तं गृह्णाति यश्चादेयं प्रयच्छति तद्दण्डमाह –

इसके पश्चात् जो अदत्त ग्रहण करता है और जो अदत्त देता है उसके दण्ड का कथन–

अदत्तग्राहको लोभात्तथादेयस्य दायकः।
एतावुभौ दण्डनीयौ यथादोषं महीभुजा।।१७।।
एवं देयविधिः प्रोक्तः सभेदो विस्तरेण वै।
महार्हन्नीतिशास्त्राच्च ज्ञेयस्तदभिलाषिभिः।।१८।।

लोभवश अदत्त दान को ग्रहण करने वाले तथा अदेय को देने वाले – इन दोनों को राजा द्वारा उनके दोष के अनुसार दण्डित किया जाना चाहिये। इस प्रकार देयविधि का भेद सहित (संक्षेप) में वर्णन किया गया जिज्ञासुओं को विस्तार से महा अर्हन्नीति शास्त्र से जानना चाहिये।

।। इति देयविधि प्रकरणम्।।

—O—

तृतीय अधिकार

३.५

दायभागप्रकरणम्

लक्ष्मणातनयं नत्वा द्युसदेन्द्रादिसेवितम्।
गेयामेयगुणाविष्टं दायभागः प्ररूप्यते।।१।।

देव तथा इन्द्र आदि से सेवित, अपरिमित कीर्तन योग्य गुणों से सम्पन्न लक्ष्मणा के पुत्र (तीर्थङ्कर चन्द्रप्रभ स्वामी) की वन्दना कर दायभाग अर्थात् पैतृक सम्पत्ति के उत्तराधिकारियों में विभाजन की प्ररूपणा की जाती है।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे देयविधिः प्रकाशितस्तत्रादेयसाधारणद्रव्य-व्ययीकरणकारणोद्भूतकलहे भ्रातृणां परस्परं दायभागः स्यात् अतस्तद्विचारः सम्प्रति विधीयते –

पूर्वप्रकरण में देयविधि का कथन किया गया उसमें अदेय साधारण द्रव्य के व्यय के कारण उत्पन्न कलह में भाइयों का परस्पर दाय भाग हो इसलिए अब उसका विचार किया जाता है –

स्वस्वत्वापादनं दायः स तु द्वैविधमश्नुते।
आद्यः सप्रतिबन्धश्च द्वितीयोऽप्रतिबन्धकः।।२।।

अपने स्वामित्व का प्रतिपादन करना दाय है। वह (दाय) दो प्रकार का कहा जाता है – प्रथम प्रतिबन्ध सहित और दूसरा प्रतिबन्ध रहित।

(वृ०) दायोनाम मातृपितृपितामहादिवस्तूनां स्वस्वत्वापादनं येन तद्व्ययादौ कोऽपि निषेद्धुं न शक्नोति, स द्विविधः सप्रतिबन्धकोऽप्रति-बन्धकश्च तत्रपितृव्यभ्रातृजादीनां-पुत्रादिप्रतिबन्धकभावेन यत्स्वत्वं स सप्रतिबन्धकः। तत्र पुत्रादीनां प्रतिबन्धकत्वात्। पुत्रपौत्रादीनां त्वप्रतिबन्धकः पुत्रत्वेन तत्स्वामित्वे नहि कोऽपि प्रतिबन्धकोऽस्तीति।

माता-पिता, पितामह आदि द्वारा अर्जित वस्तुओं का स्वामित्व- प्रतिपादन करना चाहिए ताकि उसके व्यय आदि को कोई निषिद्ध न कर सके। वह पैतृक

'धन दो प्रकार का है – सप्रतिबन्धक और अप्रतिबन्धक। इसमें चाचा, भतीजा आदि के पुत्र आदि पर प्रतिबन्धस्वरूप जो स्वामित्व है वह सप्रतिबन्धक है क्योंकि वह चाचा आदि के पुत्रों पर प्रतिबन्ध है।

दायो भवति द्रव्याणां तद्द्रव्यं द्विविधं स्मृतम्।
स्थावरं जङ्गमं चैव स्थितिमत् स्थावरं मतम्।।३।।

दाय–पैतृक सम्पत्ति का उत्तराधिकारियों में विभाजन– द्रव्यों का होता है, वह द्रव्य दो प्रकार का कहा गया है – अचल और चल, जो स्थिर है वह स्थावर कहा गया है।

गृहारामादिवस्तूनि स्थावराणि भवन्ति च।
जङ्गमं स्वर्णरौप्यादि यत्प्रयोगेण गच्छति।।४।।

भवन, उपवन आदि वस्तुएं स्थावर होती हैं और स्वर्ण, चाँदी आदि जो प्रयोग के कारण (अन्यत्र) जाता है चल है।

न विभाज्यं न विक्रेयं स्थावरं च कदापि हि।
प्रतिष्ठाजनकं लोके आपदाकालमन्तरा।।५।।

निश्चित रूप से लोक में प्रतिष्ठा उत्पन्न करने वाले स्थावर द्रव्य का आपत्तिकाल के बिना न तो कभी भी विभाजन करना चाहिए और न विक्रय करना चाहिए।

सर्वेषां द्रव्यजातानां पिता स्वामी निगद्यते।
स्थावरस्य तु सर्वस्य न पिता न पितामहः।।६।।

पिता सभी धनों का स्वामी कहा जाता है परन्तु समस्त स्थावर सम्पत्ति का न पिता स्वामी होता है न पितामह।

जीवत्पितामहे तातो दातुं नो स्थावरक्षमः।
तथा पुत्रस्य सद्भावे पितामहमृतावपि।।७।।

पितामह के जीवित होने पर स्थावर सम्पत्ति को देने (विक्रय) करने में पिता सक्षम नहीं है। पुत्र के रहने पर पितामह की मृत्यु हो जाने पर भी (पिता स्थावर सम्पत्ति का विक्रय करने का अधिकारी नहीं है)।

(वृ०) अत्र दातुमिति विक्रयस्याप्युपलक्षणम्।

उपरोक्त श्लोक में वर्णित 'दातुं' शब्द विक्रय का भी उपलक्षण है।

पिता स्वीयार्जितं द्रव्यं स्थावरं द्विपदं तथा।
दातुं शक्तो न विक्रेतुं गर्भस्थेऽपि स्तनन्धये[1]।।८।।

---

१. सतनन्धये भ १, भ २, प २।।

पिता स्वयं उपार्जित द्रव्य, अचल तथा द्विपद रूप सम्पत्ति को पुत्र के गर्भस्थ होने तथा स्तनपान करने वाला होने पर भी न (दूसरे को) दे सकता है और न विक्रय कर सकता है।

बाला जातास्तद्वाजाता अज्ञानाश्च शवा अपि।
सर्वे स्वजीविकार्थं हि तस्मिन्नंशहराः स्मृताः।।९।।

पुत्र शिशु हो, उत्पन्न हुआ हो अथवा गर्भस्थ हो, अबोध हो या निर्माल्य – देवता को समर्पित हो – ये सभी अपनी जीविका के लिए उसमें (पिता के द्रव्य में) अंशहर अर्थात् हिस्सा धारण करने वाले कहे गये हैं।

आप्राप्तव्यवहारेषु तेषु माता पितापि वा।
कार्ये त्वावश्यके कुर्यात्तस्य दानं च विक्रयम्।।१०।।

यदि पुत्र व्यवहार (व्यापार) में संलग्न हों तो उनके माता अथवा पिता भी आवश्यक कार्य होने पर उसका दान और विक्रय कर सकते हैं।

(वृ०) धर्मज्ञातिकुटुम्बकार्यार्थमापन्निवृत्यर्थं च मातापि पितापि च स्थावरधनस्य दानं विक्रयं च कर्तुं शक्नोति। अत्र मातृपितृशब्दस्योपलक्षणत्वेन भ्राताप्येकोऽनुमतिदानसमर्थेषु शेषबालभ्रातृष्वावश्यककार्ये दानादि कर्तुं समर्थ एव बोध्यम्।

धर्म, जाति तथा परिवार के कार्य और सङ्कट के निवारण के लिए माता और पिता भी अचल सम्पत्ति का दान तथा विक्रय कर सकते हैं। यहाँ माता-पिता शब्द के उपलक्षण से एक ज्येष्ठ भाई भी अनुमति देने में सक्षम है। शेष बालक रूप भाई (अनुमति देने में सक्षम नहीं किन्तु) आवश्यक कार्य दानादि करने में उन्हें समर्थ जानना चाहिए।

दुःखागारे हि संसारे पुत्रो विश्रामदायकः।
यस्माद्दते मनुष्याणां गार्हस्थं च निरर्थकम्।।११।।

दुःख के निवास रूप संसार में पुत्र विश्राम देने वाले हैं, जिस पुत्र के बिना मनुष्यों का गृहस्थ जीवन निरर्थक है।

यस्य पुण्यं बलिष्ठं स्यात्तस्य पुत्राः अनेकशः।
सम्भूयैकत्र तिष्ठन्ति पित्रोः सेवासु[1] तत्पराः।।१२।।

जिसका पुण्य बलवान है उसके अनेक पुत्र होते हैं और वे एकसाथ रहकर माता-पिता की सेवा में तत्पर होते हैं।

---

१. शेवासु भ १, भ २, प १, प २।।

लोभादिकारणाज्जाते कलौ तेषां परस्परम्।
न्यायानुसारिभिः कार्या दायभागविचारणा।।१३।।

लोभादि के कारण उनमें परस्पर कलह उत्पन्न होने पर न्याय के अनुसार दायभाग का विचार करना चाहिए।

(वृ०) सा चेत्थम् –

और वह (दायभाग की विचारणा) इस (निम्नलिखित) प्रकार है –

ननु पुत्राणां कथं दायभागः स्यादत आह –

पुत्रों का दायभाग किस प्रकार हो, उसका कथन –

पित्रोरूर्ध्वं तु पुत्राणां भागः सम उदाहृतः।
तयोरन्यतमे नूनं भवेद्भागस्तदिच्छया।।१४।।

माता-पिता के दिवङ्गत हो जाने पर तो सम्पति में पुत्रों का हिस्सा बराबर कहा गया है। उन दोनों (माता-पिता) में से एक के (जीवित रहने पर) निश्चय ही उसकी इच्छा से हिस्सा हो।

(वृ०) मातृपित्रोर्मरणानन्तरं पुत्राणां समो भागं भवति।

माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् (सम्पत्ति) में पुत्रों का बराबर का हिस्सा होता है।

तयोरन्यतमेऽपि सति द्वयोर्वा सतोस्तदिच्छयैव भागः स्यात्।

उन दोनों (माता-पिता) में से एक के जीवित होने पर अथवा दोनों के जीवित होने पर उनकी इच्छानुसार ही सम्पत्ति का विभाजन होता है।

ध्यात्व न्यत्र जेष्ठाय द्विगुणं दद्यादित्यादिविषमभागकल्पना पित्रेच्छानुसारिण्युक्ता सा तु पैतृके धने एव न तु पैतामहे।

अन्य ग्रन्थों में जो ज्येष्ठ को दोगुना देना चाहिए इत्यादि विषम भाग की कल्पना पिता की इच्छानुसार बताई गई है वह पिता के धन के सम्बन्ध में ही है पितामह के नहीं।

पित्रोर्ऋणं कैः कथं च देयमित्याह –

पिता द्वारा लिया गया ऋण किसके द्वारा और किस रीति से देय है, इसका कथन–

विभक्ता अविभक्ता वा सर्वे पुत्राः समांशतः।
पित्रोर्ऋणं प्रदत्वैव भवेयुर्भागभागिनः।।१५।।

विभाजन हुआ हो अथवा न हुआ हो सभी पुत्र पिता द्वारा लिये गये ऋण का बराबर भाग से भुगतान कर ही (सम्पत्ति में) हिस्से के अधिकारी होंगे।

(वृ०) ननु पितृविहितविषमभागस्य प्रमाणत्वाप्रमाणत्वे को हेतुरित्याह–

पिता द्वारा आदिष्ट विषम भाग (ज्येष्ठ पुत्र को दोगुना हिस्सा) के प्रामाणिक होने और अप्रामाणिक होने के पीछे क्या कारण है? इसका कथन–

धर्मतश्चेत् पिता कुर्यात्पुत्रान् विषमभागिनः।
प्रमाणं वैपरीत्ये तु तत्कृतस्याप्रमाणता।।१६।।

यदि धर्मपूर्वक पिता पुत्रों के अंश को असमान करे तो वह यथोचित है। प्रमाण के विपरीत अर्थात् अधर्मपूर्वक करने पर उसका कृत्य अप्रामाणिक है।

(वृ०) ननु कीदृशः पिता वैपरीत्येन भागं करोति येन तत्कृतो भागोऽप्रमाण स्यादित्याह –

कैसा पिता (सम्पत्ति में पुत्रों का सम से) विपरीत (विषम) भाग करता है जिसके द्वारा किया हुआ भाग प्रमाणभूत न माना जाय, इसका कथन –

व्यग्रचित्तोऽतिवृद्धश्च व्यभिचाररतस्तु यः।
द्यूतादिव्यसनासक्तो महारोगसमन्वितः।।१७।।
उन्मत्तश्च तथा क्रुद्धः पक्षपातयुतः पिता।
नाधिकारी भवेद्भागकरणे धर्मवर्जितः।।१८।।

व्याकुल चित्त, अत्यन्त वृद्ध, व्यभिचार में संलग्न, द्यूतादि व्यसनों में अनुरक्त, गम्भीर रोग से ग्रस्त, विक्षिप्त तथा क्रोधी, पक्षपात (एक में विशेष स्नेह) से युक्त पिता धर्म से विरहित है और (सम्पति का) विभाजन करने का अधिकारी नहीं है।

(वृ०) ननु विभागकालस्थासंस्कृतसंततिसंस्कारः केन कार्य इत्याह–

विभाजन के समय जिस पुत्र का संस्कार न हुआ हो ऐसे पुत्र का संस्कार किसके द्वारा किया जाना चाहिए, इसका कथन –

असंस्कृतान्यपत्यानि संस्कृत्य भ्रातरः स्वयम्।
अवशिष्टं धनं सर्वे विभजेयुः परस्परम्।।१९।।

विभाजन के समय जिन पुत्रों का संस्कार नहीं हुआ है (अन्य) सभी भाई स्वयं उनका संस्कार कर शेष धन को आपस में विभाजित कर लें।

(वृ०) ननु लघिष्ठेषु भ्रातृषु ज्येष्ठस्य कियानधिकार इत्याह –

कनिष्ठ भ्राताओं में ज्येष्ठ भाई का कितना अधिकार है, इसका कथन –

अनुजानां लघुत्वेऽनुमतौ चाप्यग्रजो धनम्।
सर्वं गृह्णाति तत्पैत्र्यं तदा तान् पालयेत्सदा।।२०।।

यदि (अन्य) भाइयों के लघु (अल्पवयस्क) होने और उनकी अनुमति होने पर पिता से प्राप्त समस्त धन को ज्येष्ठ भ्राता ग्रहण करता है तब उसे सदा उन (कनिष्ठ भाइयों) का पालन करना चाहिये।

विभक्तानविभक्तान्वै भ्रातॄन् ज्येष्ठः पितेव सः।
पालयेत्तेऽपि तं ज्येष्ठं सेवन्ते पितरं यथा।।२१।।

विभाजन हुआ हो अथवा नहीं हुआ हो ज्येष्ठ भ्राता पिता के समान ही कनिष्ठ भाइयों का पालन करे और वे कनिष्ठ भाई भी जैसे पिता की सेवा करते हैं उसकी करें।

(वृ०) अत एव कैश्चिदुक्तम् –

इसलिए किसी के द्वारा कहा गया है –

पूर्वजेन तु पुत्रेण अपुत्रो पुत्रवान्भवेत्।
ततो न देयः सोऽन्यस्मै कुटुम्बाधिपतिर्यतः।।२२।।

पूर्व (प्रथम) में उत्पन्न होने वाले पुत्र से अपुत्रवान् व्यक्ति पुत्र वाला होता है। इस कारण उस (ज्येष्ठ पुत्र को) दूसरे को नहीं देना चाहिए क्योंकि वह परिवार का स्वामी है।

ज्येष्ठ एव हि गृह्णीयात्पैत्र्यं धनमशेषतः।
शेषास्तदनुसारित्वं भजेयुः पितरं यथा।।२३।।

(कुछ का अभिमत है) ज्येष्ठ पुत्र ही पिता के सम्पूर्ण धन को ग्रहण करे और शेष उसकी आज्ञा में (उसी प्रकार) रहें जिसप्रकार पिता की आज्ञा (में रहते हैं)।

(वृ०) ननु विभाग कालोत्तरजातकन्याविवाहः पित्रोः प्रेतयोः कैः कार्य इत्याह–

विभाजन के पश्चात् उत्पन्न कन्या का विवाह और माता-पिता का मरणोपरान्त संस्कार किसके द्वारा किया जाना चाहिए, इसका कथन –

एकानेका च चेत्कन्या पित्रोरूर्ध्वं स्थिता तदा।
स्वांशात्पुत्रैस्तुरीयांशं दत्वावश्यं विवाह्यते।।२४।।

यदि पिता की मृत्यु हो जाने के पश्चात् एक या कई कन्यायें (अविवाहित) हों तो पुत्रों द्वारा अपने हिस्से का चतुर्थ अंश देकर अवश्य ही (उनका) विवाह करना चाहिए।

(वृ०) यदि पित्रोर्धनं पुत्रैर्गृहीतमनवशिष्टं वा तदा विभक्तैर्भ्रातृभिः भगिनीविवाह उत्कर्षतः स्वांशात्तुरीयांशमेकीकृत्य कार्यः इति निष्कर्षः।

यदि पिता की सम्पत्ति पुत्रों द्वारा ग्रहण कर ली गई है अथवा अवशेष न रही हो तो विभक्त भाइयों द्वारा अपने हिस्से का अधिकतम चतुर्थ भाग मिलाकर बहन का विवाह करना चाहिये।

ननु कन्याया अपि दाये भागोऽस्ति न वेत्याशङ्कायामाह–

कन्या का दाय में भाग है अथवा नहीं इस शङ्का के समाधान के विषय में कथन–

विवाहिता च या कन्या तस्याः भागो न कर्हिचित्।
पित्रा प्रीत्या च यद्दत्तं[1] तदेवास्याः धनं भवेत्।।२५।।[2]

पिता की सम्पत्ति में विवाहिता कन्या का कोई हिस्सा नहीं है। पिता द्वारा स्नेहपूर्वक जो दिया गया है वही उसका धन होता है।

(वृ०) प्रीत्या च इत्यत्र चकारेण विवाहादिकालजन्यनैमित्तिकदानमपि समुच्चीयते। ननु विभागसमये भर्त्रा कियतांशेनस्वसवर्णाः स्त्रियो भाज्या इत्याह–

यहाँ इस श्लोक में 'प्रीत्या च' में चकार से विवाह आदि के समय किया गया नैमित्तिक दान का अभिप्राय लिया जाता है। सम्पत्ति-विभाजन के समय स्वामी द्वारा स्वजातीय स्त्रियों का कितना भाग करना चाहिए, इसका कथन –

यावतांशेन तनया विभक्ता जनकेन तु।
तावतैव विभागेन युक्ताः कार्या निजस्त्रियः।।२६।।

पिता द्वारा जिस प्रमाण में पुत्रों में (सम्पत्ति) विभक्त की गई है उसी प्रमाण से अपनी स्त्रियों को भी सम्पत्ति देनी चाहिए।

(वृ०) ननु च पितृमरणोत्तरकालिकपुत्रकृतविभागावसरे मातुर्भागः कीदृशः स्यात् तन्मृतौ च तद्धनस्य कः स्वामीत्याकांक्षायामाह –

पिता की मृत्यु के पश्चात् पुत्रों द्वारा किये गये सम्पत्ति के विभाजन के समय माता का क्या हिस्सा होगा। स्वामी की मृत्यु के पश्चात् उसके धन का स्वामी कौन होगा, इसका कथन –

पितुरूर्ध्वं निजाम्बायाः पुत्रैर्भागश्च सार्धकः[3]।
लौकिकव्यवहारार्थं तन्मृतौ ते समांशिनः।।२७।।

---

१. यद्दतं भ १, भ २, प १।।
२. श्लोक सं० २५ प २ में अनुपलब्ध।।
३. साधकः भ १, भ २, प १, प २।।

पिता की मृत्यु के पश्चात् पुत्रों द्वारा अपनी माता का भाग सम्पत्ति का आधा हिस्सा देना चाहिए कारण कि समस्त लोक व्यवहार माता ही सम्पन्न करती है। उस (माता) की मृत्यु के पश्चात् वे सभी पुत्र समान अंश के भागी हैं।

(वृ०) पितृमरणानन्तरं विभागकरणोद्यतैः सवर्णाया ज्येष्ठामातुर्विशेषाधिको भागः कार्यो यतः पूज्यत्वेन ज्ञातिव्यवहारादिकार्ये तस्या एवाधिकारस्तन्मरणे च दुहितृदौहित्रकस्य चाभावे तद्द्रव्यसमांशभागिनः पुत्राः भवन्तीति।

पिता की मृत्यु के पश्चात् विभाजन के लिए उत्सुक पुत्रों को चाहिए कि वे स्वजातीय ज्येष्ठ माता का विशेष अधिक भाग करें क्योंकि पूज्य होने के कारण जाति व्यवहार आदि कार्यों में उसका ही एकाधिकार है। उसके मरने पर पुत्री या दौहित्र (पुत्री के पुत्र) के अभाव में उसकी सम्पत्ति में पुत्र बराबर के हिस्सेदार होते हैं।

ननु युग्मजातयोः पुत्रयोः कस्य ज्येष्ठत्वमिति दर्शयन्नाह –

जुड़वा पुत्र उत्पन्न होने पर किस शिशु की ज्येष्ठता हो, यह कथन –

पुत्रयुग्मे समुत्पन्ने यस्य प्रथमनिर्गमः।
तस्यैव ज्येष्ठता ज्ञेया इत्युक्तं जिनशासने॥२८॥

जुड़वा पुत्र उत्पन्न होने पर जिस शिशु का पहले जन्म हुआ हो उसकी ही ज्येष्ठता जाननी चाहिए ऐसा जिनशासन में कहा गया है।

(वृ०) ननु यस्य सुताभवनान्तरं पुत्रजन्म स्यात् तत्र कस्य ज्येष्ठत्वमितिसूचयन्नाह–

पुत्री होने के पश्चात् पुत्र उत्पन्न हुआ हो वहाँ किसका ज्येष्ठत्व यह सूचित करते हुए कथन –

दुहिता पूर्वमुत्पन्ना सुतः पश्चाद्भवेद्यदि।
पुत्रस्य ज्येष्ठता तत्र कन्यायाः न कदाचन॥२९॥

यदि पहले पुत्री उत्पन्न हुई हो पश्चात् पुत्र उत्पन्न हुआ हो तो सदैव पुत्र की ही ज्येष्ठता होगी कभी कन्या की नहीं।

(वृ०) ननु यस्यैकैव कन्या नापरा संततिस्तद्द्रव्यस्वामी कः स्यादित्यावेदयन्नाह–

यदि जिसकी एक ही कन्या हो और दूसरी सन्तान न हो उसकी सम्पत्ति का स्वामी कौन हो यह निवेदन करते हुए कथन –

यस्यैकायां तु कन्यायां जातायां नान्यसन्ततिः।
प्राप्तं तस्याधिपत्यं[1] तु सुतायास्तत्सुतस्य च।।३०।।

जिसके अकेली कन्या उत्पन्न हो अन्य सन्तान न हो उसकी सम्पत्ति का स्वामित्व पुत्री और उस पुत्री के पुत्र (दौहित्र) को प्राप्त होता है।

(वृ०) तदाधिपत्यप्रतिबन्धकीभूतपत्न्यादीनामभाव आत्मजसम्बन्धित्वेन पुत्रिकाः दौहित्रकाश्च दाये समा एवातस्तत्सत्वे न ह्यन्यो धनहरणे शक्तः स्यात् यदुक्तम्–

स्वामी की मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पत्ति के स्वामित्व में प्रतिबन्धक होने वाली पत्नी आदि के न होने पर स्वयं से उत्पन्न होने के कारण पुत्रियाँ तथा दौहित्र (पुत्री के पुत्र) सम्पत्ति में बराबर के भागी हैं। उनके रहने पर दूसरे लोग धनहरण करने में समर्थ नहीं हैं, जैसा कि कहा गया है –

आत्मा वै जायते पुत्रः पुत्रेण दुहिता समा।
तस्यामात्मनि तिष्ठन्त्यां कथमन्यो धनं हरेत्।।३१।।

आत्मा ही पुत्र रूप में उत्पन्न होता है। पुत्र के समान पुत्री होती है। उस आत्मा रूप पुत्री के रहने पर दूसरा धन का हरण कैसे कर सकता है।

(वृ०) नन्वपुत्रपित्रोर्मरणे तद्द्रव्यस्वामित्वं सामान्यतो दुहितु- र्दौहित्रस्य चोक्तं तत्रापि मातृद्रव्यस्य कः स्वामी पितृद्रव्यस्य च क इति विशेषजिज्ञासायामाह–

पुत्ररहित माता-पिता के मरने पर सामान्यतः पुत्री तथा पुत्री के पुत्र (दौहित्र) का उनकी सम्पत्ति पर स्वामित्व कहा गया है। माता की सम्पत्ति का स्वामी कौन होगा और पिता की सम्पत्ति का स्वामी कौन होगा, इस जिज्ञासा के विषय में कथन –

गृह्णाति जननीद्रव्यमूढा च यदि कन्यका।
पितृद्रव्यमशेषं हि दौहित्रः सुतरां हरेत्।।३२।।

और यदि माता की सम्पत्ति विवाहिता कन्या ग्रहण करती है तो पिता की समस्त सम्पत्ति पुत्री का पुत्र सुखपूर्वक ग्रहण करे।

पौत्रदौहित्रयोर्मध्ये भेदोऽस्ति न हि कश्चन।
तयोर्देहे हि सम्बन्धः पित्रोर्देहस्य सर्वथा।।३३।।

पौत्र (पुत्र के पुत्र) और दौहित्र (पुत्री के पुत्र) के मध्य कोई भेद नहीं है

---

१. ०न्तस्स्वाधि० भ १, भ २, प १, प २।।

क्योंकि दोनों (पौत्र और दौहित्र) के शरीर से सब प्रकार से माता-पिता के शरीर का सम्बन्ध है।

(वृ०) ननु परिणीतपुत्रीमरणे पुत्राभावे तद्धनाधिपतिः कः स्यादित्याह –

विवाहिता पुत्री के मरने के बाद पुत्र के अभाव में उसके धन का स्वामी कौन होगा, यह कथन –

विवाहिता च या कन्या चेन्मृतापत्यवर्जिता।
तदा तद्द्युम्नजातस्याधिपतिस्तत्पतिर्भवेत्।।३४।।

यदि विवाहिता पुत्री की सन्तान रहित मृत्यु हो जाये तो समस्त स्त्री-धन का स्वामी उसका पति हो।

(वृ०) ननु पितृविहितविभागोत्तरकालजातपुत्रः कस्यांशं प्राप्नोतीत्याह–

पिता द्वारा किये गये विभाजन के बाद उत्पन्न पुत्र कौन सा हिस्सा प्राप्त करेगा, यह कथन –

विभागोत्तरजातस्तु पुत्रः पित्रंशभाग् भवेत्।
नापरेभ्यस्तु भ्रातृभ्यो विभक्तेभ्योंऽशमाप्नुयात्।।३५।।

पिता द्वारा पुत्रों में सम्पत्ति का विभाजन करने के पश्चात् उत्पन्न पुत्र पिता के हिस्से का अधिकारी होता है परन्तु पहले विभाजित अन्य भाइयों की सम्पत्ति में उसका हिस्सा नहीं होगा।

(वृ०) यदिविभागात्पूर्वं उत्पन्नस्तदातु सर्वसोदरसमभागग्राही सम्भवत्येवेति फलितार्थः।

यदि विभाजन से पहले उत्पन्न हुआ है तब वह सभी सगे भाइयों के बराबर का हिस्सा ग्रहण करने वाला होगा – यह फलितार्थ है।

ननु पितृमरणानन्तरं विभक्तेषु पुत्रेषु समुत्पन्नपुत्रस्य कथं भागः इत्याह–

पिता के मरने के बाद उत्पन्न पुत्र का बँटवारा हो चुके भाइयों में किस प्रकार हिस्सा होगा, यह कथन –

पितुरूर्ध्वं विभक्तेषु पुत्रेषु यदि सोदरः।
जायते तद्विभागः स्यादायव्ययविशोधितात्।।३६।।

पुत्रों में सम्पत्ति का बँटवारा हो जाने पर पिता की मृत्यु के पश्चात् यदि भाई उत्पन्न होता है तो आय-व्यय का आकलन करने के पश्चात् उसका हिस्सा होता है।

(वृ०) स्वांशादितिशेषः

अपने-अपने अंश में से व्यय को निकालकर जो शेष रहे उसमें से पिता की मृत्यु के पश्चात् उत्पन्न पुत्र को हिस्सा देना चाहिए।

विभागकालेऽस्पृष्टगर्भायां मातरि विभक्तभ्रातृभिः पश्चादुत्पन्नपुत्रायायव्यये विशोध्य स्वांशेभ्यः स्वसमानभागो देयः स्पष्टगर्भायां तु प्रसवं प्रतीक्ष्य भागो कार्य इति तत्त्वम्।

सम्पत्ति-विभाजन के समय माता का गर्भ स्पष्ट न होने पर विभाजन के पश्चात् उत्पन्न पुत्र के लिए भाइयों द्वारा आय और व्यय की गणना कर अपने-अपने हिस्सों से अपने हिस्से के बराबर हिस्सा देना चाहिए। गर्भ स्पष्ट होने पर प्रसव की प्रतीक्षा कर विभाजन करना चाहिए।

ब्राह्मणादिवर्णत्रयस्य सवर्णासवर्णस्त्रीसम्भवेन तज्जातपुत्राणां भागः विधेयः कथंविधेय इति दिदर्शयिषुराह –

ब्राह्मण आदि तीन वर्णों अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के समानवर्ण और असमानवर्ण से उत्पन्न पुत्रों का हिस्सा किस प्रकार होना चाहिए यह बताने की इच्छा से कथन –

ब्राह्मणस्य चतुर्वर्णस्त्रियः सन्ति तदा वसु।
विभज्य दशधा तज्जान् चतुस्त्रिद्व्यंशभागिनः।।३७।।

कुर्यात्पितावशिष्टं तु भागं धर्मे नियोजयेत्।
में पड़ोस के गृह स्वामियों को बुलाना चाहिए। बहुत से लोगों के समक्ष उनके द्वारा रक्तवस्त्र रूप असाधारण वेश धारण करने से लज्जा आने से वे असत्य कथन न करें यह तात्पर्य प्रतीत होता है। जहाँ ये भी न हों वहाँ वनवासी, बहेलिया, भील, चरवाहे आदि को बुलाकर और पूछकर वस्तुस्थिति का निर्णय करना चाहिये।

(वृ०) अथ विगतचिह्नासु भूमिषु तन्निर्णयार्थमुपायमाह –

भूमि अर्थात् क्षेत्रों के चिह्न मिट जाने पर उनकी सीमा के निर्णय के लिये उपाय का कथन –

नद्यादिध्वस्तचिह्नेषु भूप्रदेशेषु वासतः।
दिशाप्रमाणभोगेभ्यः कुर्याद्भूपो विनिश्चयम्।।१८।।

नदी आदि के कारण (सीमा-) चिह्नों के नष्ट हो जाने पर भूमिप्रदेशों के स्थान से अमुक दिशाओं तथा स्वामित्व (के प्रमाण से) राजा (सीमा का) निश्चय करे।

(वृ०) यथा अस्य क्षेत्रं ग्रामादमुकदिशीयदूरे चास्ति इत्यनुमानतः तद्भोगतश्च निश्चयो विधेयः।

जैसे कि इस मनुष्य का खेत ग्राम से अमुक दिशा में इतना दूर है इस अनुमान से उसके स्वामित्व का निश्चय करना चाहिए।

अथैतत्कृत्ये कीदृशाः साक्षिणो योग्या इति दर्शयति –

इसके पश्चात् इस कृत्य (स्वामित्व का निश्चय करने) में किस प्रकार के साक्षी सक्षम हैं, यह प्ररूपित किया जाता है –

प्रमाणमागमं चैव कालं भोगं च लक्षणम्।
भूमिभागं तथा नाम जानीयुस्तेऽत्र साक्षिणः।।१९।।

प्रमाण, आगमशास्त्र, काल, स्वामित्व, लक्षण, भूमि-खण्ड तथा क्षेत्र का नाम (स्वामित्व) यह साक्षियों से जानना चाहिए।

साक्षिणः सीम्नि प्रष्टव्या अर्थिप्रत्यार्थिनोः पुरः।
पार्श्वगग्रामवृद्धानां समक्षं धर्मपूर्वकम्।।२०।।
समस्तास्ते हि पृष्टाश्च वदन्त्येकां गिरं यदि।
तर्हि सीमां निबध्नीयात्तन्नामसहितां नृपः।।२१।।

समीपस्थ ग्राम के वृद्धों के समक्ष धर्म (की शपथ) पूर्वक और प्रतिवादियों के समक्ष सीमा के विषय में पूछना चाहिए। निश्चित रूप से यदि पूछने पर सभी एक ही बात कहते हैं तो राजा उनके नाम सहित सीमा तय करे।

(वृ०) अथ साक्ष्येऽनृतभाषिणां दण्डमाह –

साक्ष्य में असत्य भाषण करने वाले (साक्षियों के) दण्ड के विषय में कथन–

चेत्साक्षिणोऽनृतं ब्रूयुः सीमाकृत्ये कथञ्चन।
सामन्ताः शतदण्ड्याः[1] स्युः शेषाः शक्त्यनुसारतः।।२२।।

सीमा को लेकर यदि साक्षी कुछ झूठ बोलते हैं तो सामन्तों को सौ मुद्रा दण्ड करना चाहिए, शेष को (उनकी) सामर्थ्य के अनुसार दण्डित करना चाहिए।

(वृ०) कूटसाक्ष्ये प्रत्येकं दण्डो देय इति स्थितिः एष दण्डोऽज्ञानतोऽनृतभाषणेऽस्ति यस्तु जाननृतं लोभादिना भाषते स त्वितोऽपि विशेषदण्डेन दण्ड्य इति ज्ञेयम्।

झूठे साक्ष्य में प्रत्येक साक्षी को दण्ड देना चाहिए यह नियम है, यह दण्ड न जानते हुए असत्य भाषण करने वाले के लिये है। जो जानते हुए लोभादिवश असत्य भाषण करता है उसे तो इससे भी विशेष दण्ड से दण्डित करना, ऐसा जानना चाहिए।

अथ यत्र चिह्नज्ञातरो न सन्ति तत्र किं विधेयमित्याह –

सीमा-विवाद में जब सीमा-चिह्न जानने वाले न हों तब कैसे न्याय करना चाहिए, यह कथन –

चिह्नज्ञाता न कोऽप्यस्ति यत्र तत्र महीधनः।
आरामदेवतास्थाननिपानोद्यानवेश्मभिः ।।२३।।

वर्षाजलप्रवाहैश्च सीमां निर्णीय चाभितः।
कुर्याच्चिह्नं यथा न स्यात्तयोर्हि कलहः पुनः।।२४।।

जहाँ कोई भी सीमा-चिह्न का ज्ञाता नहीं है वहाँ राजा बाग, मन्दिर, जलाशय, उद्यान, आवास, वर्षाजल के प्रवाह से सीमा का निर्णय कर दोनों ओर से चिह्न लगाये जिससे पुनः कलह न हो।

जयपत्रं ततो देयं सीमासत्यार्थवादिने।
भूमिप्रमाणवित्तेन दण्ड्योऽन्यो भवति ध्रुवम्।।२५।।

नाशयेद् भूमिलोभेन सीमाचिह्नानि यो नरः।
दण्डनीयः स भूभुग्भीरौप्यैः पञ्चशतैः पणैः।।२६।।

अज्ञानेन प्रमादेन यो नाशयति तानि च।
स पणद्विशतं दण्ड्यो दीनश्चेद्मुनिमुष्टिभिः।।२७।।

---

१. शतदण्डाः भ १, भ २, प १, प २।।

सीमा के विषय में सत्य बोलने वाले को विजय प्रपत्र देना चाहिए, दूसरा (जो असत्य बोलता है) निश्चय ही भूमि के मूल्य के बराबर धन से दण्डनीय है। (अधिक) भूमि के लोभ से जो पुरुष सीमाचिह्नों को नष्ट कर देता है राजा उसे पाँच सौ मुद्राओं (रुपयों) से दण्डित करे। जो उन (सीमाचिह्नों) को अज्ञानतावश या असावधानीवश नष्ट करता है वह दो सौ मुद्राओं से दण्डनीय है और यदि (वह दोषी) निर्धन है तो उसे सात मुष्टियों के प्रहार से दण्डित करना चाहिए।

(वृ०) अथ प्रसङ्गतः सेतुकूपक्षेत्र विषये विशेषमाह –

अब प्रसङ्गानुसार पुल, कुआँ और खेत के विषय में विशेष कथन –

सेतुः कूपश्च क्षेत्रेऽपि न निषेध्यो हि क्षेत्रिभिः।
स्वल्पाबाधाकरास्तेऽपि बहुलोकोपकारकाः॥२८॥

यः सेतुः पूर्वनिष्पन्नः संस्कारार्हो भवेद्यदा।
तदा तत्स्वामिनं पृष्ट्वा तद्वंश्यं वाथ भूभुजम्॥२९॥
तं संस्करोति चेत्काऽपि तर्हि तत्फलभाग् भवेत्।
अन्यथा तत्फलं स्वामी गृह्णीयाद्वा महीपतिः॥३०॥

(अपने) खेत में भी पुल और कुँआ हो तो खेत के स्वामी द्वारा (दूसरों को) इसके प्रयोग के लिए) रोकना नहीं चाहिए। वे (पुल और कुँआ) खेत में थोड़ी बाधा पहुँचाते हुए भी (लोगों के लिए) बहुत उपकारक हैं। जो पुल पहले से निर्मित है और वह जीर्णोद्धार (संस्कार) के योग्य हो गया है उसके स्वामी, उसके वंशज अथवा राजा से पूछकर जो जीर्णोद्धार कराता है उसके फल का भागी होता है अन्यथा उसका फल स्वामी या राजा ग्रहण करे।

(वृ०) परक्षेत्रसेतुविषयोऽयं विधिः।

दूसरे के खेत में पुल हो तो यह विधि है।

अङ्गीकृतेऽपि क्षेत्रे नो कृषिं कुर्यान्नकारयेत्।
तेनापि देयं तन्मूल्यं फलं स्यादथवा न हि॥३१॥

(क्षेत्र को) ग्रहण कर भी जो खेत में न कृषि कार्य करे, न कराये उसे भी उस (खेत) का मूल्य देना चाहिए, फल हो अथवा न हो।

इति संक्षेपतः प्रोक्तः सीमावादस्य निर्णयः।
ज्ञेयोविशेषो धीमद्भिर्महार्हन्नीतिशास्त्रतः॥३२॥

इस प्रकार सीमा विवाद निर्णय संक्षेप में कहा गया (इस विषय में) विशेष तथ्यों को बुद्धिमानों द्वारा बृहदर्हन्नीति शास्त्र से जानना चाहिए।

॥ इति सीमावादप्रकरणम्॥

—O—

तृतीय अधिकार

३.७

वेतनादानस्वरूपम्

नत्वा श्रीशीतलं देवं संसाराम्बुधितारकम्।
वेतनादान[1]वृत्तान्तो वर्ण्यतेऽत्र समासतः।।१।।

संसार रूपी समुद्र को पार कराने वाले तीर्थङ्कर श्री शीतलनाथ का वन्दन कर यहाँ वेतनादान का स्वरूप संक्षेप में वर्णित किया जाता है।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे सीमाविवाद उक्तस्तत्र भृत्या अप्येक्षिता भवन्ति इत्यत्र तद्वर्णना तद्वेतनादियुतोच्यते। तत्रादौ सेवकभेदानाह –

पूर्व प्रकरण में सीमा-विवाद का वर्णन किया गया उसमें भृत्यों की भी आवश्यकता पड़ती है अतः इस प्रकरण में उनका तथा उनके वेतनादि का स्वरूप वर्णित किया जाता है। प्रारम्भ में सेवक के भेदों का कथन –

सेवकः पञ्चधा प्रोक्तः शिष्यान्तेवासिभृत्यकाः।
अधिकर्मकरास्तुर्याः स्मृता दासास्तु पञ्चमाः।।२।।

चत्वारः प्रथमे तत्र शुभकर्मकराः स्मृताः।
पञ्चमो दासको ह्यत्र सर्वकर्मकरो भवेत्।।३।।

सेवक पाँच प्रकार का कहा गया है – १. शिष्य, २. अन्तेवासी, ३. भृत्य, ४. चौथा अधिकर्मकर और ५. पाँचवां दास। उन (पाँचों) में प्रथम चार शुभ काम करने वाले कहे गये हैं। निश्चित रूप से पाँचवां दास सभी (शुभ-अशुभ) कार्य करने वाले होते हैं।

(वृ०) तत्र विद्याध्ययनतत्परः शिष्यः १।

विद्याध्ययन में तल्लीन शिष्य है।

शिल्पविद्यार्थी अन्तेवासी २।

---

१. ०कृत भ १।।

शिल्प की शिक्षा ग्रहण करने वाला अन्तेवासी है।

भृत्या कर्मकरो भृत्यः ३।

मजदूरी लेकर काम करने वाला भृत्य है।

कर्मकराणामधिष्ठाताधिकर्मकरः ४।

भृत्यों का प्रधान अधिकर्मकर है।

गृहद्वारस्थोच्छिष्टविण्मूत्राद्यशुचिस्थानशोधकः स्वामिगुह्याङ्ग-शोधकश्च दासः ५।

घर के द्वार पर (घर से बाहर) रहकर जूठन, मल-मूत्र आदि अपवित्र स्थानों को स्वच्छ करने वाला और स्वामी के गुप्त अङ्गों को साफ करने वाला दास है।

भृत्यस्तु त्रिविधस्तत्रायुधिकः प्रोक्तः उत्तमः।
मध्यमः कृषिकश्चैवाधमो भारस्य वाहकः।।४।।

वेतनभोगी भृत्य तीन प्रकार के कहे गये हैं – १. शस्त्रधारी उत्तम, २. कृषि कर्म करने वाला मध्यम और भारवाहक अधम।

दासाः पञ्चदश ख्याताः गृहजः क्रीत आधितः।
लब्धो दायागतश्चैव दुर्भिक्षे पोषितस्तथा।।५।।

युद्धे पणे च विजित ऋणभाग् ऋणमोचितः।
रक्षितो भुक्तिदानेन प्रव्रज्याप्रच्युतस्तथा।।६।।

स्थितो यः स्वयमागत्य वडवा[1]लोभतः स्थितः।
अमातृपितृको यस्तु विक्रेता स्वयमात्मनः।।७।।

दास पन्द्रह (प्रकार के) कहे गये हैं – १. गृहज–स्वामी के गृह में दासी से उत्पन्न, २. क्रीत – खरीदे गये, ३. आधित – गृहीत धन के बदले न्यास रूप में निक्षिप्त, ४. लब्ध – मार्ग में प्राप्त, ५. दायागत – विवाह में प्राप्त, ६. दुर्भिक्ष में पोषित, ७. युद्ध-प्राप्त – युद्ध में जीता हुआ, ८. द्यूतजित् – द्यूत में जीता हुआ, ९. ऋणभाक् – ऋण देकर बनाया दास, १०. ऋण मोचित – ऋण-मुक्ति के बदले बनाया दास, ११. रक्षित – भोजन देकर बनाया गया दास, १२. दीक्षा से भ्रष्ट, १३. स्थित – स्वामी के पास स्वयं आकर रहने वाला, १४. स्वामी की पुत्री के लोभ से स्वयं आकर रहने वाला, १५. बिना माता-पिता वाला स्वयं अपने को विक्रय करने वाला।

(वृ०) गृहदास्यां जातो गृहजः १।

---

१. वडबो भ १,भ २, प १, वडवो प २।।

घर की दासी से उत्पन्न व्यक्ति गृहज दास है।

मूल्येन गृहीतः क्रीतः २।

मूल्य देकर ग्रहण किया गया व्यक्ति क्रीत दास है।

स्वामिना धनगृहणार्थमाधितो नीत आधितः ३।

स्वामी द्वारा धन ग्रहण करने के लिए धरोहर में लिया गया व्यक्ति आधित दास है।

मार्गेऽनाधारः सार्थभ्रष्टो वा प्राप्तो लब्धः ४।

मार्ग में प्राप्त, आश्रयरहित, व्यापारियों के दल से भटका हुआ व्यक्ति लब्ध दास है।

विवाहे दाये समागतो दायागतः ५।

विवाह में वैवाहिक उपहार के रूप में प्राप्त दास दायागत है।

दुर्भिक्षे पोषितः ६।

दुर्भिक्ष में पोषित दास।

सङ्ग्रामे जितो युद्धप्राप्तः ७।

लड़ाई में जीता गया दास युद्धप्राप्त है।

द्यूतेजितः ८।

द्यूत में जीता गया दास।

ऋणापनयनं यावत् दास ऋणभाक् ९।

ऋण के भुगतान तक दास रखना ऋणभाक् है।

ऋणमोचनेन दासः कृत ऋणमोचितः १०।

ऋण की राशि छोड़ने के बदले दास बनाना ऋणमोचित है।

भोजननिबन्धेनैव रक्षितः ११।

मात्र भोजन की शर्त पर रखा गया दास रक्षित है।

प्रव्रज्याच्युतः १२।

दीक्षा से भ्रष्ट दास।

स्वयमागतः १३।

स्वयं आया हुआ दास।

तत्पुत्रीपरिणयलोभेनागतः १४।

स्वामी की पुत्री से विवाह के लोभ से आया हुआ दास।

अमातृपितृको यः स्वयमात्मानं विक्रीणाति १५।

विना माता-पिता के जो स्वयं अपना विक्रय करता है।

अथदासधर्मापकरणे हेतुविशेषानाह –

दासधर्म के त्याग में विशेष हेतुओं का वर्णन –

चौरैर्हृत्वा तु विक्रीतो बलाद्दासीकृतश्च यः।
दासत्वं तस्य नो युक्तं बलात्तं मोचयेन्नृपः॥८॥

जो चोरों द्वारा चोरी कर विक्रय किया गया है और जो बलपूर्वक दास बनाया गया है उसकी दासता उचित नहीं है राजा उसे बलपूर्वक मुक्त कराये।

स्वामिनं मोचयेद्यस्तु प्राणसंशयसङ्कटात्।
मुच्यते दासभावेन पुत्रवद्भागभाक् च सः॥९॥

जो अपना प्राण सङ्कट में डालकर स्वामी को सङ्कट से मुक्त कराये (स्वामी) उसे दासभाव से मुक्त करे और वह पुत्र के समान सम्पत्ति में हिस्सेदार हो।

(वृ०) अयं साधारणः सर्वदासविषयिको विधिः।

उपरोक्त साधारण विधि सभी प्रकार के दासों को मुक्त करने के विषय में है।

अथ विशेषं दर्शयति –

(दासों को मुक्त कराने के विषय में) विशेष विधि का वर्णन –

सवृद्धिधनदानाद्धै आधिता ऋणमोचिताः।
दासभावात्प्रमुच्येरन्नकालेपोषितस्तथा ॥१०॥

भुक्तिदासोऽपि तद्भुक्तद्रव्यं दत्वा च मुच्यते।
युद्धे पणे जयप्राप्तस्तथा च स्वयमागतः॥११॥

तुल्येन कर्मणा दास्यान्मुच्येद्दासीकृतोऽपि च।
दासीनिग्रहतश्चान्ये न मुच्यन्ते कृतिं विना॥१२॥

आधित (धरोहर रूप में निक्षिप्त) और ऋणमोचित (ऋण से मुक्ति के बदले बनाये गये) तथा दुर्भिक्ष काल में पोषित दास, ब्याज सहित धन देने पर दास भाव से मुक्त किये जाने चाहिए। भुक्ति दास (भोजन के बदले दास बनाया गया) भी भोजन के मूल्य के बराबर धन देकर मुक्त होता है। युद्ध तथा द्यूत में जीतकर प्राप्त तथा स्वयं आये हुए दास को (भोजन आदि के मूल्य) के बराबर कार्य कराकर दासता से मुक्त करना चाहिए। दासता में बद्ध अन्य कोटि के दास स्वामी के कृत्य का बदला चुकाये बिना मुक्त नहीं हो सकते हैं।

प्रव्रज्याप्रच्युतं तत्र दासं कुर्याद्बलान्नृपः।
आनुपूर्व्या च वर्णानां दास्यं नो प्रातिलोम्यतः।।१३।।

उन दासों में जो दीक्षा से भ्रष्ट पुरुष हैं उन्हें राजा बलपूर्वक दास बनाये। इन सभी दासों (की कोटियों) में चारों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) वर्णों के क्रम से दास बनाना चाहिए, विपरीत क्रम से नहीं।

(वृ०) अथ दासत्वनिराकरणविधिमाह –

दासत्व से निवारण की विधि का वर्णन –

दासं स्वीयमदासं यः कर्त्तुमिच्छेत्प्रसादतः।
तस्यांसतः स आदाय साम्भः कुम्भं च भेदयेत्।।१४।।

छत्राधस्तं च संस्थाप्य मार्जयित्वा च तच्छिरः।
पुष्पाक्षतानि तच्छीर्षे किरेद्ब्रूयाच्च त्रिर्विभुः।।१५।।

अदासस्त्वमतो जातो दासत्वं च निराकृतम्।
वर्तितव्यं शुद्धचित्ताभिप्रायेण निरन्तरम्।।१६।।

जो स्वामी कृपा पूर्वक अपने दास को अदास बनाना चाहता है अर्थात् दासता से मुक्त करना चाहता है वह उस दास के कन्धे से लेकर जल से भरा घड़ा फोड़े। उस (दास) को छतरी के नीचे बैठाकर (घड़े के जल से) उसका मस्तक धोकर और उसके सिर पर फूल और अक्षत बिखेरे और तीन बार कहे 'आज से तुम अदासता को प्राप्त हो गये हो'। तुम्हारी दासता समाप्त हो गई। तुम सदा शुद्ध अन्तःकरण से व्यवहार करना अर्थात् तुम स्वतन्त्र मत का आश्रय लेना।

(वृ०) अथ भृत्यवेतनविषयमाह –

नौकर के वेतन के विषय में कथन –

भृत्याय स्वामिना देयं यथाकृत्यं च वेतनम्।
आदौ मध्येऽवसाने वा यथा यद्यस्य निश्चितम्।।१७।।

अनिश्चिते वेतने तु कार्यायाद्दशमांशकम्।
दापयेद्भूपतिस्तस्मै स ह्युपस्काररक्षकः।।१८।।

कार्य के अनुरूप स्वामी द्वारा नौकर को पूर्व निश्चय के अनुसार कार्य के आरम्भ, मध्य अथवा अन्त में जो जिसका वेतन निश्चित हो दिया जाना चाहिए। वेतन निर्धारित न होने पर राजा (स्वामी से) उस (नौकर) को कार्य से (हुए) लाभ का दसवाँ भाग दिलाये क्योंकि निश्चय ही वह (नौकर स्वामी की) सम्पत्ति का रक्षक है।

(वृ०) यदुक्तं बृहदर्हन्नीतौ –

जैसा कि बृहदर्हन्नीति में कहा गया है –

किसिवाणिज्जपसूहिं जं लाहो हवइ तस्स दसमंस्सं दावेइ निवो भिच्चं अणिच्छिए वेज्जणे तस्स।१।

यदि वेतन निर्धारित न हो तो कृषि, वाणिज्य और पशुओं द्वारा हुए लाभ का दसवाँ हिस्सा राजा नौकर को दिलवाये।

व्यापारे स्वामिवित्तस्य हानिवृद्धिकरः स्वयम्।
योऽस्ति तस्मै भृतिर्देया स्वामिवाञ्छानुसारतः।।१९।।

व्यापार में स्वामी के धन में हानि अथवा वृद्धि करने वाला यदि स्वयं नौकर है तो स्वामी द्वारा अपनी इच्छानुसार उसे वेतन देय है।

(वृ०) हानौ हीनां वृद्धावधिकां चानिश्चितवेतनत्वात् स्वच्छन्दत्वाच्च तस्य।

यदि नौकर का वेतन निर्धारित न हो तो स्वामी हानि होने पर न्यून वेतन और वृद्धि होने पर अधिक वेतन देने के लिए स्वतन्त्र है।

अनेककृतकार्ये तु दद्याद्भृत्याय वेतनम्।
यथाकर्म तथा साध्ये देयं तस्मै यथाश्रुतम्।।२०।।

अनेक (सामूहिक रूप से नौकरों द्वारा) किये गये कार्य के लिए नौकर को वेतन उसके कार्य के अनुसार, सम्पन्न कार्य तथा शर्त के अनुरूप दिया जाना चाहिए।

(वृ०) अथ भृत्यदण्डमाह –

इसके पश्चात् नौकर के दण्ड के विषय में कथन-

सम्प्राप्ते वेतने भृत्यः स्वकं कर्म करोति न।
द्विगुणेन च स दण्ड्योऽप्राप्ते भृतिसमेन च।।२१।।

वेतन प्राप्त हो जाने पर यदि नौकर अपने सौंपे गये कार्य को नहीं करता है तो उसे दुगुना और (सौंपे गये कार्य के बदले) यदि वेतन न मिला हो तो मजदूरी के बराबर दण्ड दिया जाना चाहिए।

अनेकसाध्ये कार्ये तु देयं भृत्याय वेतनम्।
यथाकार्यं तथासिद्धे सिद्धे देयं यथाश्रुतम्।।२२।।

अनेक (नौकरों द्वारा सम्पन्न) कार्य में यदि कार्य सिद्ध न (अपूर्ण) हो तो किये गये कार्य के अनुसार नौकर को वेतन देय है। कार्य पूरा होने पर शर्त के अनुसार वेतन देय है।

भाण्डं तु नाशयेत्किंचित्प्रमादात् भारवाहकः।
तन्मूल्यप्रमितं द्रव्यं दापयेत्स्वामिनं नृपः।।२३।।

यदि भारवाहक असावधानी से बर्तन नष्ट कर देता है तो राजा उस (बर्तन) का मूल्य (भारवाहक से) स्वामी को दिलाये।

प्रस्थाने नियतो भृत्यो लग्ने विघ्नकरो भवेत्।
भृतिद्विगुणदण्ड्यः स दोषो हि बलवत्तरः।।२४।।

प्रस्थान तय होने पर नौकर के लग्न (नियत समय में) बाधक बनने पर उसे मजदूरी का दुगुना दण्ड देना चाहिए, निश्चय ही यह बड़ा अपराध है।

दण्ड्यः सप्तमभागेन लग्नात्पूर्वं परित्यजन्।
मार्गे तु त्रयभागेन विना व्याध्यादिकारणम्।।२५।।

लग्न (नियत समय) से पहले ही (कार्य) छोड़ने वाले मजदूर पर (निश्चित मजदूरी का) सातवाँ भाग दण्ड लगाना चाहिए। बिना बीमारी आदि के मार्ग में कार्य छोड़ने पर मजदूरी का एक तिहाई दण्ड लगाना चाहिए।

मार्गार्द्धं समतिक्रान्तं कुर्वन्तं निजकर्म च।
भृत्यं त्यजति यः स्वामी स दद्यात्सकलां भृतिम्।।२६।।

आधा रास्ता बीत जाने पर मजदूर अपना कार्य करते हुए यदि मजदूरी छोड़ देता है तो स्वामी उसे पूरी मजदूरी प्रदान करे।

इत्येवं वेतनादानस्वरूपं चात्र वर्णितम्।
संक्षिप्तं श्रुतपाथोधिमध्याद्रत्नमिवोद्धृतम्।।२७।।

समुद्र में रत्न निकालने के समान शास्त्र रूपी समुद्र में से यह 'वेतनादान' रूपी रत्न उद्धृत कर उसका स्वरूप यहाँ संक्षिप्त रूप में वर्णित किया गया।

।। इति वेतनादानप्रकरणम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.८

क्रयेतरानुसन्तापप्रकरणम्

श्रीश्रेयांसं नमस्कृत्य वादिकौशिकभास्करम्।
क्रयेतरानुसन्तापः कथ्यतेऽत्र समासतः॥१॥

वादी रूपी उलूक के लिए सूर्य के समान तीर्थङ्कर श्री श्रेयांसनाथ की वन्दना कर यहाँ क्रय-विक्रय (के बाद के) दुःख का कथन किया जाता है।

(वृ०) पूर्वस्मिनप्रकरणे भृत्या वर्णिताः तत्सहितो धनी तद्द्वारा स्वयं वा क्रय-विक्रयावपि कुरुते तत्र वस्तुपरीक्षामन्तरा तज्जनितानुशयोऽपि भवतीतिसम्बन्धसम्बद्धं तत्स्वरूपं कथ्यते –

पूर्व प्रकरण में नौकरों का वर्णन है, नौकरयुक्त स्वामी नौकर के माध्यम से अथवा स्वयं क्रय-विक्रय भी करता है जिसमें वस्तु-परीक्षा के विना क्रय-विक्रय से उत्पन्न दुःख या पश्चात्ताप भी होता है इसलिए व्यापार से सम्बन्धित पश्चात्ताप का स्वरूप वर्णित किया जाता है –

(वृ०) क्रीतानुशयलक्षणमाह –

क्रय से उत्पन्न पश्चात्ताप के लक्षण का कथन –

क्रेता पणेन पण्यं यः क्रीत्वा जानाति नो बहु।
पश्चात्तापो भवेत्तस्य[1] स क्रीतानुशयः स्मृतः॥२॥

जो खरीदार मूल्य द्वारा विक्रेय वस्तु को क्रय कर (पुनः) हमें (मूल्य) अत्यधिक जान पड़ता है उसे (इस प्रकार) पश्चात्ताप हो तो वह क्रीतानुशय (क्रय कर पछताना) कहा जाता है।

(वृ०) विक्रीतानुशयलक्षणमाह –

विक्रय से उत्पन्न पश्चात्ताप के लक्षण का वर्णन –

---

१. भवेतस्य भ १, भ २, प १, प २॥

विक्रीय द्रव्यं यो मन्येन्मूल्यमल्पमुपागतम्।
तस्य चित्तेऽनुपातो यो विक्रीतानुशयो भवेत्।।३।।

जो वस्तु का विक्रय कर यह माने कि अल्प मूल्य प्राप्त हुआ तो उसके मन में जो खेद हो वह विक्रीतानुशय – बिक्री का खण्डन होता है।

(वृ०) अथ वस्तुविशेषपरीक्षाकालवधिमाह –

वस्तु-विशेष की परीक्षा के काल की मर्यादा का वर्णन –

स्त्रीदोह्य[1]बीजवाह्यायोरत्नपुंसां परीक्षणे।
क्रीतानामवधिर्ज्ञेयो मासस्त्रिदशपञ्चभूः।।४।।

दिनं सप्तदिनं पक्षश्चात्र दोषे निरीक्षिते।
क्रेतादातुं दत्तद्रव्यं शक्तः प्रत्यर्थक्रीतकम्।।५।।

क्रय की हुई स्त्री (दासी), दुहे जाने योग्य पशु (गाय, भैंस आदि), बीज, भार वाहक पशु, रत्न और पुरुष के परीक्षा की अवधि क्रमशः एक मास, तीन दिन, दस दिन, पाँच दिन, सात दिन और एक पक्ष (पन्द्रह दिन) जाननी चाहिए। इस (अवधि) में दोष दिखाई पड़ने पर क्रेता क्रय की हुई वस्तु को लौटाकर दिये गये धन को वापस ले सकता है।

(वृ०) अथोक्तव्यतिरिक्तविषयव्यवस्थामाह –

उपरोक्त वर्णित वस्तुओं से भिन्न वस्तुओं के सम्बन्ध में व्यवस्था का वर्णन–

क्रीतं प्रत्यर्पितुं वस्तुग्राहकश्चेत्समीहते।
अविकृतं तद्दिने चैव तर्हि प्रत्यर्पयेद् ध्रुवम्।।६।।

ददद्द्वितीये दिवसे पणस्त्रिंशांशहानिभाक्।
तृतीये द्विगुणाहानिः परतो देयमेव[2] न।।७।।

यदि क्रय की हुई वस्तु को ग्राहक वापस करना चाहता है तो उसमें बिना विकृति उत्पन्न किये उसी दिन अवश्य वापस कर देना चाहिए। ग्राहक द्वारा (क्रीत वस्तु) दूसरे दिन वापस करने पर मूल्य के तीसवें भाग की हानि होगी, तीसरे दिन वापस करने पर (इससे) दुगुना अर्थात् मूल्य के पन्द्रहवें भाग की हानि होगी। तीन दिन के पश्चात् (क्रीत वस्तु) वापस नहीं करनी चाहिए।

(वृ०) अयमपरीक्षितवस्तुग्रहणे विधिः परीक्षितग्रहे तु न हि क्रीतवस्तुनः प्रत्यर्पणं न च दत्तादानं भवतीत्याह –

---

१. दौह्यवीज० भ १, भ २, प १, प २।।
२. देयवेमन भ १, भ २, प २ देयवैमन प १।।

उपरोक्त विधि बिना परीक्षा के क्रय की गई वस्तु के सम्बन्ध में है। परखी गई वस्तु का क्रय करने पर उसे वापस नहीं किया जा सकता है और न ही दिया गया धन वापस लिया जा सकता है, इसका कथन –

परीक्षापूर्वकं क्रीतं क्रय्यं यत्स्वामिना स्वयम्।
तद्विक्रेता न गृह्णीयाल्लब्धं प्रत्यर्पयेन्न च।।८।।

यदि स्वामी द्वारा स्वयं परीक्षण के पश्चात् क्रेय वस्तु क्रय की गई है तो विक्रेता विक्रय की गई वस्तु को न (वापस) ग्रहण करे और न ही प्राप्त हुए (मूल्य) को लौटाये।

(वृ०) अथपरीक्षाप्रसङ्गात्स्वर्णादिहानिपरीक्षामाह –

परीक्षा के प्रसङ्ग से स्वर्ण आदि की क्षति की परीक्षा का वर्णन –

वह्नौ स्वर्णस्य नो हानिः रजतस्य पलद्वयम्।
त्रपोरष्टौ[1] च ताम्रस्य पञ्चायसि पलानि दिक्।।९।।

अग्नि (तपाने से) स्वर्ण की हानि नहीं होती है, चाँदी की दो पल (भार माप-विशेष), रांगा या जस्ता की आठ, ताम्र की पाँच और लोहा की दस पल हानि होती है।

(वृ०) प्रतिशत पलमेषा हानिर्ज्ञेया अधिकहानौ तु शिल्पी दण्ड्यो भवति।

उपरोक्त धातुओं में प्रति सौ पल में यह (श्लोक में निर्दिष्ट) क्षति जाननी चाहिए इससे अधिक हानि होने पर शिल्पकार दण्डित किया जाना चाहिए।

यदुक्तं बृहदर्हन्नीतौ –

हाणी णहु सुवणेअमीए पलदुग्गं भवे रयए।
तंवस्स पञ्च लोहे दस सीसे अठयइसयगं।।१।।

जैसा कि बृहदर्हन्नीति में कहा गया है – निश्चित रूप से अग्नि में स्वर्ण की हानि नहीं होती है, सौ पल चाँदी में दो पल की हानि होती है, ताम्र में पाँच, लौह में दस और सीसे में आठ पल की हानि होती है।

(वृ०) अथवस्त्वन्तरविषये विशेषमाह –

उपरोक्त धातुओं से भिन्न वस्तुओं के सम्बन्ध में विशेष कथन –

कार्पासे सौत्रिके चौर्णे स्थूलसूत्रेण निर्मिते।
ज्ञेया दशपलावृद्धिः शते प्रक्षालिते सति।।१०।।

---

१. त्रपुषष्टौ भ १, प १, त्रपुपौष्टौ भ २, प २।।

कपास के सूत, ऊन और मोटे धागे से निर्मित वस्त्र को धोने पर सौ पल में दस पल की वृद्धि होती है।

सूक्ष्मसूत्रैश्च निष्पन्ने वृद्धिर्हि त्रिपला भवेत्।
मध्यमे मध्यमा ज्ञेया प्रोक्तमेतज्जिनागमे।।११।।

पतले धागों से निर्मित वस्त्र में निश्चय ही तीन पल की वृद्धि होती है, मध्यम धागों से निर्मित वस्त्र में मध्यम वृद्धि होती है – ऐसा जिन शास्त्रों में प्ररूपित है।

त्रिंशद्भागक्षयो रोमजाते च कार्मिके पुनः।
कौशेये वल्कले तु स्यान्न वृद्धिर्न क्षयः कदा।।१२।।

(पशु-पक्षियों) के रोम और हस्तनिर्मित धागों के वस्त्रों में (सौ में) तीस भाग का ह्रास होता है, पुनः रेशमी और वल्कल वस्त्र में (धोने से) न कभी वृद्धि होती है और न हानि होती है।

(वृ०) चित्रयन्त्रसूत्रादिकर्मनिर्मिते रोमनिर्मिते च राशितस्त्रिंशद्भागक्षयः स्यात्। कौशेये भूर्जपत्रादिवल्कलनिष्पाद्ये च हानिवृद्धी न हि स्यातामिति।

यन्त्र द्वारा सूत्रादि से निर्मित चित्र और पशु-पक्षियों के रोम से निर्मित वस्त्र में तीसवें भाग का क्षय होता है। रेशम, भोजपत्र तथा वल्कल वस्त्र में क्षय तथा वृद्धि नहीं है।

क्रयेतरानुसन्तापः संक्षेपेणात्रसूत्रितः।
यज्ज्ञानेन प्रवीणाः स्युर्जना व्यापारकर्मणि।।१३।।

क्रय-विक्रय विवाद प्रकरण यहाँ संक्षेप में क्रमबद्ध किया गया जिसके ज्ञान से लोग व्यापार कर्म में कुशल हों।

।। इति क्रयेतरानुसन्तापप्रकरणम्।।

—O—

तृतीय अधिकार

३.९

स्वामिभृत्यविवादप्रकरणम्

वासुपूज्यजिनं स्तुत्वा दुष्टारातिविनाशकम्।
स्वामिभृत्यविवादोऽत्र संक्षेपेणाभिधीयते॥१॥

दुष्ट शत्रुओं के विनाशक तीर्थङ्कर वासुपूज्य की स्तुति कर स्वामी तथा नौकर के विवाद का यहाँ संक्षेप में कथन किया जाता है।

(वृ०) पूर्वस्मिन्प्रकरणे क्रेयविक्रेयपरीक्षाकालावधिरभिहितस्तत्र परीक्षिताः क्रीतगोमहिष्यादयोऽपि भवन्ति तश्चारणार्थं नियुक्तभृत्यदोषे वादः स्यादतो तद्वर्णनोऽभिधीयते –

पूर्व प्रकरण में क्रय और विक्रय की जाने वाली वस्तु की परीक्षा की समय-मर्यादा का कथन किया गया है। परख कर खरीदे गये पशुओं में गाय-भैंस आदि भी होते हैं, उनको चराने के लिए नियुक्त सेवकों के दोष के कारण विवाद होता है अतः उसका वर्णन किया जाता है–

महिषी त्वष्टमाषैश्च परशस्यविनाशिनी।
दण्डचा तदर्द्धैः सुरभिस्तस्याप्यर्द्धैरजात्वविः॥२॥

दूसरे के (खेत में प्रवेश कर) फसल को नष्ट करने वाली भैंस पर आठ मासा, गाय पर उसका आधा (चार मासा) और बकरी पर इस (चार मासा) का आधा अर्थात् दो मासा दण्ड लगाना चाहिए।

(वृ०) माषश्च ताम्रपणस्य विंशतिमो भागः।

मासा (का मूल्य) ताँबे के सिक्के का बीसवाँ भाग होता है।

अपराधाधिक्ये तु दण्डाधिक्यं स्यादित्याहुः –

अपराध की अधिकता होने पर दण्ड की अधिकता का कथन –

अवत्सानां स्थितानां च चरित्वा तत्र पूर्वतः।
दण्डः स्याद्द्विगुणस्तासां सवत्सानां चतुर्गुणः॥३॥

यदि बछड़े आदि से रहित (गाय, भैंस, बकरी आदि) खेत में चरकर वहीं खेत में रहे तो पूर्व की अपेक्षा दुगुना दण्ड देना चाहिए और यदि (वे पशु) बछड़े आदि के साथ हों तो (पहले की अपेक्षा) चार गुना दण्ड देना चाहिए।

(बृ०) क्षेत्रान्तरविषयं पश्वन्तरविषयं च दण्डमाह –

विशेष पशु तथा विशेष खेत के विषय में दण्ड का कथन –

विवीतिऽपि हि पूर्वोक्त एव तासां दमः स्मृतः।
खरोष्ट्रयोश्च दण्डः स्यात्पूर्वोक्तमहिषीसमः।।४।।

(दूसरे) के बाड़े या चारागाह में भी उन पशुओं के चरने पर पहले की भाँति ही (पशु स्वामी को) दण्ड कहा गया है। गधे, ऊँट (आदि अन्य पशुओं के विषय में) पहले प्ररूपित भैंस के बराबर दण्ड होता है।

(बृ०) एवं च परक्षेत्रस्य नाशे गोमहिष्यादिस्वामिनां दण्डस्तूक्तः परं क्षेत्रस्वामिने तद्धानिनिमित्तं किं दातव्यं तदाह –

इस प्रकार दूसरों के खेत की हानि होने पर गाय, भैंस आदि के स्वामियों को दण्ड तो कहा गया है परन्तु खेत के स्वामी को उस हानि के निमित्त क्या देना चाहिए, उसका वर्णन–

ताड्यो गोपस्तु गोमी च पूर्वोक्तदण्डभागपि।
दद्यात् क्षेत्रफलं यद्विनष्टं क्षेत्राधिपाय तत्।।५।।

(पशुओं द्वारा खेत चरने पर) गोप या चरवाहों को मारना चाहिए, गाय आदि पशुओं का स्वामी पूर्व कथित दण्ड का भी भागी होगा। यदि खेत की फसल नष्ट हुई हो तो खेत के स्वामी को (नष्ट फसल के बराबर मूल्य) देना चाहिए।

(वृ०) क्षेत्रफलहानिनिदाने तु गवादिभक्षणावशिष्टपलालादिकं गोमिनैव ग्राह्यं मध्यस्थस्थापितमूल्यदानेन क्रीतप्रायत्वात्।

खेत की फसल की हानि के निर्णय के लिए गाय आदि के खाने से बचे हुए पौधे के डण्ठल आदि पशुओं के स्वामी द्वारा ही ग्रहण करना चाहिए क्योंकि मध्यस्थ द्वारा क्षति का निर्धारित मूल्य खेत के स्वामी को देने के कारण (क्षतिग्रस्त भाग उसके द्वारा) लगभग क्रय ही कर लिया गया है।

(वृ०) गोपदोषे स ताड्यस्तद्धानिं च गोमी देयात्। गोमिदोषे स दण्ड्योऽपि हानिदोऽपि चेति फलितार्थः।

गोपालक का दोष होने पर वह दण्डनीय है और उसके कारण हुई क्षति (का मूल्य) पशु के स्वामी द्वारा दिया जाना चाहिए। तात्पर्य यह कि पशु के स्वामी का दोष होने पर वह दण्डनीय भी है और क्षति (का मूल्य) देने वाला भी है।

(वृ०) अयं कामचारे दण्डः उक्तः। अकामचारे तु क्षेत्रविशेषेऽपवादं दर्शयति–

उपरोक्त दण्ड जान-बूझकर (दूसरे के खेत में पशु) चराने पर कहा गया। अनजाने में (दूसरे के) खेत-विशेष में पशु चराने पर अपवाद का कथन करते हैं–

कामचारे त्वयं दण्डोऽकामे दोषो न कस्यचित्।
यदि ग्रामविवीतान्तान्तं क्षेत्रं मार्गसमीपगम्।।६।।

यदि (खेत में पशु) जान बूझकर चराये गये हों तो यह (उपरोक्त) दण्ड है। यदि जानबूझकर नहीं चराया गया है, भूमि चारागाह के छोर पर है और मार्ग के निकट है तो किसी (चरवाहे या पशु मालिक) का दोष नहीं है।

(वृ०) अदण्ड्यानपशुविशेषानाह –

दण्डित न किये जाने वाले विशेष पशुओं के विषय में कथन –

षण्डोत्सृष्टागन्तुकाश्च पशवः सूतिकादयः।
दैवाश्च राजकीयाश्च मोच्या येषां न रक्षकः।।७।।

सांड़, मुक्त पशु, नये आये हुए पशु और सद्यः जात (बछड़े) आदि, देवताओं के (नाम पर छोड़े गये) पशु और सरकारी पशुओं को मुक्त कर देना चाहिए (क्योंकि) इनका कोई रखवाला नहीं होता।

(वृ०) अथगोपकृत्यमाह –

गोपालक के कर्त्तव्य के विषय में कथन –

प्रातर्गृहीता[1] यावन्तः गवादिपशवो विकाले।
अर्पणीया हि तावन्तो गोपेन गणनोत्तरम्।।८।।

प्रातःकाल चराने हेतु जितने गाय आदि पशु (स्वामियों से) ग्रहण किये गये हों सन्ध्याकाल में ग्वाले द्वारा गिनकर उतने पशु वापस देना चाहिए।

सिंहाहिविद्युदाग्नै[2]श्च मृतश्चौरैर्हृतोऽपि वा।
तस्य दण्डो न गोपस्य तत्प्रमादे स दण्डभाक्।।९।।

सिंह, सर्प, विद्युत् और अग्नि से मरे हुए अथवा चोरों द्वारा भी चुराये हुए (पशुओं के लिए) ग्वाले का अपराध नहीं है उस (ग्वाले) की असावधानी होने पर वह दण्ड का पात्र है।

---

१. ०र्गृहीतावन्तः भ १, भ २, प १, प २।।
२. विद्युदायै भ १, भ २, प १, प २।।

(वृ०) प्रसङ्गाद्गोपवेतनस्वरूपं गवादिचारक्षेत्रस्वरूपं चोच्यते –

प्रसङ्गवश गोपालक के वेतन का स्वरूप और गाय आदि के चराने के योग्य खेत के विषय में कथन –

शताद्गवां वत्सतरा द्विशताद्गोपवेतनम्।
प्रतिवर्षं भवेद्देयं दोहद[1]श्चाष्टमे दिने।।१०।।

(गोपालक को) सौ गायों पर एक बछिया, दो सौ गायों पर दो (बछिया) वार्षिक वेतन के रूप में देय है। दूध देने वाले पशु को (बच्चा देने के) आठवें दिन चराने हेतु देना चाहिए।

नृपेण ग्रामलोकैश्च रक्षणीया वसुन्धरा।
गवादिपशुवृत्यर्थं नो चेद्दुःखं सदा भवेत्।।११।।

गाय इत्यादि पशुओं के निर्वाह के लिए राजा और ग्रामीणों द्वारा (गोचर आदि) भूमि की रक्षा करनी चाहिए नहीं तो सदा दुःख होगा।

(वृ०) तत्प्रमाणमाह –

उस (पशुचारागाह) के प्रमाण का कथन –

परिणाहोऽभितो रक्ष्यो ग्रामस्य धनुषां शतम्।
शतद्वयं कर्वटस्य नगरस्य चतुःशतम्।।१२।।

ग्राम के चारों ओर सौ धनुष (चार हाथ के बराबर लम्बाई), कर्वट (मण्डी, बाजार) के चारों ओर दो सौ धनुष और नगर के चारों ओर चार सौ धनुष विस्तृत (गोचर हेतु) संरक्षित होना चाहिए।

संक्षेपेणात्र गदितो विवादः स्वामिभृत्ययोः।
व्यवहारेऽष्टमो भेदो विशेषः श्रुतसागरात्।।१३।।

व्यवहारमार्ग में आठवें भेद स्वामी और सेवक के विवाद के विषय में संक्षेप में यहाँ वर्णित किया गया है (इसके विषय में) विशेष श्रुतसागर अर्थात् बृहदर्हन्नीति से जानना चाहिए।

।। इति स्वामिभृत्यविवादप्रकरणम्।।

—o—

---

१. ०दस्याष्टमे भ १, भ २, प १, प २।।

तृतीय अधिकार

३.१०

निक्षेपप्रकरणम्

श्रीविमलस्य पादाब्जनखा दिन्तु सुखानि वः।
यज्जन्मनि नभोभागाद्रत्नवृष्टिरभूत्तराम्।।१।।

श्री विमलनाथ के, जिनके जन्म के समय आकाश खण्ड से रत्नों की प्रचुर वर्षा हुई, चरण-कमल के नख तुम्हें सुख प्रदान करें।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे भृत्यदोषेण स्वामिनो हानिः सूचिता ततः खिन्नः कोऽपि स्वामी वृद्धिलाभार्थं रक्षार्थं वा स्वधनं क्वचिन्निक्षिप्य निर्वाहं करोत्यतो निक्षेपप्रकारोऽत्र वर्ण्यते तत्र तावन्निक्षेपस्वरूपमुच्यते –

पूर्वप्रकरण में सेवक के दोष से स्वामी की हानि का निर्देश किया गया उससे दुःखी कोई भी स्वामी ब्याज के लाभ के लिए अथवा धन की रक्षा के लिए अपने धन का कुछ अंश न्यास रखकर निर्वाह करता है। अतः निक्षेप के भेदों का यहाँ वर्णन किया जाता है। उस प्रसङ्ग में निक्षेप के स्वरूप का कथन किया जाता है –

कर्मोदयेन मर्त्यस्य सन्ततिर्न भवेद्यदा।
[1]दुष्टोऽथवा तनुजः स्यात्तदा दुःखं महत्क्षितौ।।२।।

जब कर्मोदय के कारण किसी पुरुष की सन्तान उत्पन्न न हो अथवा सन्तान दुष्ट हो तो पृथ्वी पर महान दुःख होता है।

ततः कुटुम्बपुष्ट्यर्थं स्तैन्यादिभयतोऽपि वा।
स्वयं व्यवहर्तिं कर्तुमशक्तेन नरेण वा।।३।।
यात्रार्थमुद्यतेनापि क्षिप्यते यद्वसु स्वकम्।
धर्मज्ञे कुलजे सत्ये सदाचाररतात्मनि।।४।।
स निक्षेपविधिः प्रोक्तः सर्वजीवसुखप्रदः।
स तु द्विविधतापन्नः समिषाऽमिषभेदतः।।५।।

---

१. स्यादुष्टनुजस्तदा भ २, प २।।

इसलिए (उन दुःख के कारणों के विद्यमान होने पर) परिवार के पोषण के लिए अथवा चोरी आदि के भी भय अथवा स्वयं व्यापार करने में असमर्थ होने या यात्रा के लिए तत्पर होने पर व्यक्ति अपना धन, धर्म के ज्ञाता, कुलीन, सत्यवादी और सदाचारी व्यक्ति के पास न्यास रूप में रखे। वह निक्षेप विधि सभी प्राणियों को सुख देने वाली कही गई है। वह निक्षेप समिष (ब्याज सहित) और अमिष (ब्याज रहित) भेद से दो प्रकार का है।

स तु भूयः कियत्काले निक्षेपं याचयेद्यदा।
न तदा स्याद्विसंवादस्ततः शुद्धे विनिक्षिपेत्।।६।।

यावद् द्रव्यं च निक्षिप्तं तावद्देयाद्धनी पुनः।
यथादानं तथादानं येन प्रीतिः सदा तयोः[1]।।७।।

वह (न्यास रखने वाला) जब कुछ काल के पश्चात् निक्षेप को (वापस) माँगे तब कलह न हो अतः शुद्धता से न्यास रखना चाहिए। (न्यासकर्त्ता द्वारा) जितना धन रखा गया उतना (धन) धनी पुनः उसे दे (वापस करे)। जिस प्रकार ग्रहण करना उसी प्रकार प्रदान करना जिससे दोनों में सदा प्रीति (बनी रहे)।

याच्यमानं स्वकीयं स्वं निक्षेप्ता यो न यच्छति।
भूप आहूय तं [2]मैत्र्यभावेन क्षेपिनं वदेत्।।८।।

विवादोऽयं किमन्योऽन्यं नायं धर्मस्तवोचितः।
स्ववंशो लज्यते येन न तत्कुर्वीत बुद्धिमान्।।९।।

जो न्यास रखने वाला अपने धन के से माँगे जाने पर जो नहीं देता है राजा न्यास रखने वाले उस व्यक्ति को बुलाकर मैत्रीभाव से पूछे। यह परस्पर विवाद क्यों? यह धर्म नहीं है, तुम्हारे लिए उचित नहीं है। हे बुद्धिमान्! जिससे अपना वंश लज्जित हो वैसा (कृत्य) नहीं करना चाहिए।

स्वामिन्मम तु न ह्यस्ति देयैतस्य वराटिका।
श्रीमद्भिर्निश्चयं कृत्वा यथा रोचेत तत्कुरु।।१०।।

हे स्वामिन्! मुझे इसकी एक कौड़ी भी देय नहीं है (अतः) श्रीमन्त निश्चय कर जैसा उचित समझे वही करें।

स्वामिकार्यहितोद्युक्तैः पुरुषैः साक्ष्यदायिभिः[3]।
विजातिभिर्गूढचरैर्निर्णीयात्सत्यतां द्वयोः।।११।।

---

१. नयोः भ १, प १, प २।।
२. मै अभावेन क्षेपितं प २।।
३. दायिनिः भ २ दायिनि प २।।

स्वामी के कार्य और हित के लिए तत्पर साक्ष्य देने वाले पुरुषों तथा विजातीय प्रच्छन्न रूप से कार्य करने वालों के द्वारा दोनों की सत्यता का निर्णय करना चाहिए।

वाद्युक्तं चेद्वचः सत्यं तदा भूपो यथातथा।
दापयित्वा धनं तस्मै दण्डयेन्न्यस्तरक्षकम्।।१२।।

यदि वादी (न्यास देने वाले) का वचन सत्य हो तब राजा द्वारा जिस किसी ढङ्ग से उसे धन दिलवाकर न्यास रखने वाले को दण्डित करना चाहिये।

(वृ०) अर्थिन्यसत्ये किं स्यादित्याह –

वादी के असत्य सिद्ध होने पर क्या करना चाहिए, यह कथन–

अर्थिन्यसत्ये दण्ड्यः[1] स यावद्वेदनमर्थतः।
तथा न पुनरन्योऽप्यनीतिं कुर्याच्च कश्चन।।१३।।

वादी के झूठा सिद्ध होने पर उसने जितना धन बताया हो उतने धन से दण्डित करना चाहिए जिससे पुनः कोई भी अन्य दुराचार न करे।

निजमुद्राङ्कितं बन्धं कृत्वा च वस्तुनः स्वयम्।
निकटे स्थाप्यतेऽन्यस्य[2] बुधैरुपनिधिः स्मृतः।।१४।।

जब स्वयं अपनी मुद्रा अङ्कित कर और बाँधकर वस्तु को दूसरे के पास रखा जाता है तो उसे विद्वानों द्वारा उपनिधि कहा जाता है।

निक्षेप्ता लेखपत्रे चेत्पुत्रनाम न लेखितम्।
याचितं तदवाप्नोति पुत्र ऋक्थं मृतौ पितुः।।१५।।

न्यास करने वाले ने यदि लेखपत्र में पुत्र का नाम नहीं लिखाया है तो भी पिता की मृत्यु के बाद उस न्यास को धनी से माँगने पर पुत्र प्राप्त कर लेता है।

जलाग्निचौरैर्यन्नष्टं तन्निक्षेप्ता न चाप्नुयात्।
निक्षेपरक्षकाद्द्रव्यं तत्प्रसादादृते नरः।।१६।।

(न्यास रूप में निक्षिप्त धन) यदि जल, अग्नि या चोरों के कारण नष्ट हो जाय तो निक्षेप रखने वाले की कृपा के बिना निक्षपेकर्त्ता उसे प्राप्त नहीं कर सकता।

(वृ०) ऋक्थिधननिनोर्निक्षेपनिह्नवं कुर्वतो नृपः किं कुर्यातदित्याह–

यदि न्यास रखने वाला स्वामी निक्षेप (रखने से) मुकर जाता है तो राजा को क्या करना चाहिए, इसका कथन –

---

१. दम्यः भ १, भ २, प १, दमाः प २।।
२. स्थाप्यतेयस्य भ १, भ २, प २।।

निक्षेपापह्नुतिं कर्त्रोः समाधैः शपथैर्नृपः।
साक्ष्यादिशपथैर्वापि योऽसत्यस्तं तु दण्डयेत्।।१७।।

सभी पापों के शपथपूर्वक अथवा साक्षी आदि की शपथपूर्वक जो न्यास को छिपा लेता है और जो झूठा है उसे राजा दण्डित करे।

चेदसत्यं द्वयोर्वाक्यं राज्ञा दण्ड्यावुभावपि।
यावन्निवेदितं स्वान्ताभिप्रायं तावता लघु।।१८।।

(वादी और प्रतिवादी) दोनों का कथन असत्य हो तो राजा द्वारा दोनों को दण्डित किया जाना चाहिए। यदि वे अपने अन्तःकरण से शीघ्र (यथार्थ) अभिप्राय सूचित न करें।

निक्षिप्तं यो धनं ऋक्थी निह्नुतेऽस्मान्महीधनः।
गृहीत्वा षोडशांशं प्रागर्थिनं दापयेत्समम्।।१९।।

धरोहर रखे हुए जिस धन को न्यास रखने वाला (यदि) छिपाता है तो राजा पहले उससे (न्यास का) सोलहवाँ भाग लेकर बाद में बराबर धन न्यास कर्त्ता को दिलाये।

(वृ०) अर्थिकृताभियोगे यो व्ययोऽर्थिनः स्यात्स भूपेन प्रत्यर्थिनो अर्थिने दापयितव्य इत्याह –

वादी द्वारा अभियोग चलाने में जो व्यय उसका हो वह राजा द्वारा प्रतिवादी से दिलवाना चाहिए, यह कथन –

यो नियोगेऽर्थिनो जातो व्ययः प्रत्यर्थिनो नृपः।
तद्द्रव्यं दापयेत्सर्वं लिखित्वा जयपत्रके।।२०।।

वाद में वादी का जो व्यय हुआ है राजा उस राशि को विजय प्रपत्र में अङ्कित कर प्रतिवादी से सम्पूर्ण राशि (वादी को) दिलवाये।

(वृ०) अथोपनिधिहरणविषयमाह –

उपनिधि अर्थात् धरोहर के हरण करने के विषय में कथन –

कश्चिच्चोपनिधे[1]र्हर्ता भूपेन यदि निश्चितः।
दण्ड्यः स्याद्दापयित्वा प्राक् निक्षिप्तक्षेपकाय तम्।।२१।।

यदि राजा द्वारा उपनिधि के हरण करने वाले का निश्चय कर लिया गया हो तो पहले उस (न्यास कर्त्ता को) निक्षेप किया हुआ धन दिलवाकर तब दण्ड (राशि) ग्रहण करना चाहिए।

१. ०च्चौपनिधे प १।।

(वृ०) यः कैतवेन कञ्चिद्वञ्चयेत्स दण्ड्य इत्याह –

जो कपटवश किसी को ठगे वह दण्डनीय है –

राज्यगेहे श्रुतं मित्र नृपः क्रुद्धस्तवोपरि।
ततस्त्वं मद्गृहे तिष्ठ रक्षामि त्वामसंशयम्।।२२।।

हे मित्र! राजसभा में मैंने सुना है कि राजा तुमसे क्रुद्ध है इसलिए तुम मेरे घर में रहो निश्चय ही मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा।

चेद्भूपस्त्वद्गृहस्थानि वस्तूनि द्राक् गृहीष्यति[1]।
त्वदिच्छा चेत्समस्तानि मद्गेहे स्थापयाम्यहम्।।२३।।

इत्येवं कैतवं कृत्वा भयं दत्वा हरेद्धनम्।
कन्यावास्तुहिरण्यादि हेतुभिर्विविधैः खलः।।२४।।

स दण्ड्यो भूमिपालेन कारागारादिबन्धनैः।
निर्वास्यो नगरात्स्वीयात्सर्वलोकप्रपञ्चकः।।२५।।

यदि (आशङ्का है) कि राजा तुम्हारे घर की वस्तुओं का अधिग्रहण कर लेगा (अतः) यदि तुम्हारी इच्छा हो तो (तुम्हारी) समस्त वस्तुओं को मैं अपने घर में रख लेता हूँ। इस प्रकार छल कर, भय देकर धन हरण कर लेता है। कन्या, गृह, स्वर्ण आदि के लिए अनेक प्रकार के दुष्ट आचरण द्वारा (वह वस्तु ग्रहण करता है)। वह (दुष्ट) राजा द्वारा कारागार आदि में डालने (रूप) दण्ड द्वारा दण्डित किया जाना चाहिए। सभी लोगों को ठगने वाले उस दुष्ट को अपने नगर से निर्वासित कर देना चाहिए।

(वृ०) साक्षिनिश्चितवादविषयमाह –

साक्षियों द्वारा निर्णीत किये जाने वाले वादों के विषय का कथन–

साक्षिनिश्चितनिक्षेपविवादेऽन्योऽन्यमेव च।
यावत्साक्ष्यादिभिः सिद्धचेत्तदेव स्यात्प्रमाणयुक्।।२६।।

साक्षियों द्वारा निश्चित होने वाले 'निक्षेप' सम्बन्धी विवाद में जिन साक्षियों से एक-दूसरे की बात सिद्ध हो वही (तथ्य) प्रमाण के योग्य है।

(वृ०) एतद्विषये साक्षिणो भिन्ना भवन्ति तेषु योग्यायोग्यानाह–

न्यास के विषय में साक्षी भिन्न होते हैं उनकी योग्यता-अयोग्यता के विषय में कथन–

---

१. गृहिष्यति भ १, भ २, प २।।

यः कृत्यस्यादिमन्तं च जानाति नितरां नरः।
प्रत्यक्षदर्शी साक्षी स्यान्न परः श्रुतिमात्रतः।।२७।।

जो साक्षी प्रकरण को आरम्भ से अन्त तक भलीभाँति जानता हो ऐसा प्रत्यक्षदर्शी साक्षी हो दूसरा मात्र सुनने वाला साक्षी नहीं (हो सकता)।

स साक्षी द्विविधः स्वाभाविको नैयोगिकः पुनः।
तत्राद्यः षड्विधो ज्ञेयः परः पञ्चविधः स्मृतः।।२८।।

वह साक्षी दो प्रकार का होता है - स्वाभाविक और नैयोगिक, उसमें प्रथम (स्वाभाविक) छः प्रकार का जानना चाहिए और दूसरा (नैयोगिक) पाँच प्रकार का कहा गया है।

ग्रामीणः प्राड्विवाकश्च भूपश्च व्यवहारिणः।
राज्यस्यकार्याभिरतोऽर्थिना तु प्रहितश्च यः।।२९।।

कुल्याः कुल्यविवादेषु विज्ञेयास्तेऽपि साक्षिणः।
न्यायोक्तगुणसम्पन्ना अर्थिप्रत्यर्थिमोदिनः।।३०।।

ग्राम प्रमुख, न्यायाधीश, राजा और व्यापारी, राज्यकार्य में संलग्न, वादी द्वारा प्रेषित, कुल के विवाद में पारिवारिक जन भी न्यायोक्तगुणों से सम्पन्न, वादी तथा प्रतिवादी को प्रसन्न करने वाले साक्षी होते हैं।

रदितः स्मारितश्चैव यदृच्छागत एव च।
गुप्तोऽथ साक्षिसाक्षी च एवं पञ्चविधः परः।।३१।।

दूसरे (नैयोगिक साक्षी) रदित, स्मारित, यदृच्छागत, गुप्त और साक्षिसाक्षी इस प्रकार पाँच प्रकार के होते हैं।

स्वधर्मनिरताः शस्याः[1] कुलीनाश्च तपस्विनः।
दानिनो धनिनः पुत्रवन्तो बहुकुटुम्बिनः।।३२।।

निर्लोभाश्च विजातीया श्रुताध्ययनसंयुताः।
शुद्धवंशोद्भवा वृद्धाः कार्या वै साक्षिणस्त्रयः।।३३।।

अपने धर्म में निष्णात, प्रशंसनीय, कुलीन, तपस्वी, दानशील, धनवान्, पुत्रवान, बड़े परिवार वाला, निर्लोभी, विजातीय, शास्त्राध्ययनरत और शुद्धवंशोत्पन्न तीन वृद्धों को साक्षी बनाना चाहिए।

स्त्रीणां साक्ष्ये स्त्रियः कार्याः पुरुषाणां नरास्तथा।
परोपकारनिरताः शत्रुमित्रसमेक्षणाः।।३४।।

---

१. ससा भ १, भ २, प १, प २।।

परोपकार में कुशल, शत्रु और मित्र के प्रति समदृष्टि रखने वाली, स्त्रियों को स्त्रियों से और पुरुषों को पुरुषों से सम्बन्धित साक्ष्य में साक्षी बनाना चाहिए।

(वृ०) रदितादीनां स्वरूपमाह –

रदित आदि साक्षियों के स्वरूप का कथन –

अर्थिना स्वयमानीतो यः पत्रे प्राग् निवेश्यते।
स साक्षी रदितो ज्ञेयोऽरदितः पत्रकादृते।।३५।।

वह साक्षी जो वादी द्वारा स्वयं लाया गया है और पूर्व में (प्रथम) प्रतिवेदन पत्र में (साक्षी का नाम) सम्मिलित हो उसे रदित नाम का साक्षी कहा गया है और (प्रतिवेदन) पत्रक में (दिये गये नाम के) अतिरिक्त (बनाया गया साक्षी) अरदित कहा गया है।

कार्यं मुहुर्मुहुः पृष्टो कार्यसिद्ध्यर्थमेव च।
स्मार्यते चार्थिना यो वै स स्मारित इहोच्यते।।३६।।

जिसको बार-बार पूछकर (आग्रह कर) कार्य की सिद्धि के लिए साक्षी बनाया गया है और वादी द्वारा जिसको स्मरण कराया जाता है वह साक्षी 'स्मारित' कहा जाता है।

विवाददर्शनार्थं[1] यः स्वयं राज्यसभास्थले।
उपकारेच्छया प्राप्तो यदृच्छागत उच्यते।।३७।।

जो उपकार की इच्छा से स्वयं राजसभा में विवाद देखने के लिए आया हुआ है वह 'यदृच्छागत' साक्षी कहा जाता है।

प्रसङ्गादागतः साक्षी वा प्रयोजनतः स्वयम्।
प्रत्यर्थिवचनं श्रोतुमर्थिना स्थापितश्च यः।।३८।।

जो साक्षी, प्रसङ्गवश सुनने के लिए अथवा प्रयोजनवश स्वयं आ गया हो और प्रतिवादी की बातों को सुनने के लिए वादी द्वारा स्थापित किया गया हो वह वादी के कार्य को सिद्ध करने वाला 'गुप्तसाक्षी' है।

गुप्तसाक्षी स विज्ञेयोऽर्थिनः कार्यस्य सिद्धिदः।
साक्ष्युक्तश्रवणाज्जातस्फुर्तिरुत्तरदायकः ।।३९।।
साक्षिसाक्षी स विज्ञेयः साक्षिणां साक्ष्यदायकः।
इमे चैकादशविधाः साक्षिणः परिकीर्तिताः।।४०।।

---

१. दर्शितार्थं भ १, भ २, प १।।

साक्षी के वचनों को सुनकर जो स्फूर्तिपूर्वक उत्तर देने वाला है उसे 'साक्षिसाक्षी' जानना चाहिए क्योंकि वह साक्षियों की (बातें सुनकर) साक्ष्य देने वाला है। (उपरोक्त) ये ग्यारह प्रकार के साक्षी कहे गये हैं।

(वृ०) अत्र शुद्धवंशजा इत्यनेन मूर्धावशिष्टां बष्टादीनां न साक्षि- योग्यतेति सिद्धम् –

ऊपर शुद्धवंश में उत्पन्न साक्षियों का कथन किया गया है। अतः ऊपर वर्णित शुद्ध साक्षियों के अतिरिक्त शेष दासी पुत्रादि साक्ष्य के योग्य नहीं हैं यह फलित होता है –

इति संक्षेपतः प्रोक्तो निक्षेपविधिसङ्ग्रहः।
विस्तृतिश्चास्य विज्ञेया महार्हन्नीतिशास्त्रतः।।४१।।

इस प्रकार संक्षेप में निक्षेप विधि का कथन किया गया, इस विषय में विस्तार से बृहदर्हन्नीति से ज्ञात कर लेना चाहिये।

।। इति निक्षेपप्रकरणम् समाप्तम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.११

अस्वामिविक्रयप्रकरणम्

श्रीमदर्हंतमानम्यानन्तं चानन्त[1]सौख्यदम्।
यथागमं वर्ण्यतेऽत्र विक्रयोऽस्वामिवस्तुनः॥१॥

अनन्त सुख प्रदान करने वाले श्रीमद् तीर्थङ्कर अनन्तनाथ की वन्दना कर स्वामी की आज्ञा के बिना वस्तुओं के विक्रय के सम्बन्ध में यहाँ आगम शास्त्र के अनुसार वर्णन किया जाता है।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे निक्षेपो वर्णितो निक्षिप्तधनं च कोऽपि लोभी स्वाम्याज्ञामन्तरापि विक्रीणात्यतस्तद्वर्णनं क्रियते तत्र प्रथममस्वामि-विक्रयवरूपमाह –

पूर्व प्रकरण में निक्षेप का वर्णन किया गया, धरोहर रखे गये धन को कोई भी लोभी स्वामी की आज्ञा के बिना भी विक्रय करता है इसलिए उसका वर्णन किया जाता है। पहले बिना स्वामी के विक्रय के स्वरूप का कथन –

प्रच्छन्नं परकीयस्य नष्टनिक्षिप्तवस्तुनः।
विक्रयः स्वाम्यसत्त्वे यः स स्यादस्वामिविक्रयः॥२॥

चुराई हुई, निक्षिप्त (धरोहर के रूप में रखी गई) दूसरे की वस्तुओं का स्वामी की अनुपस्थिति में हुआ विक्रय अस्वामिविक्रय है।

(वृ०) ननु स्वाम्याज्ञान्तरा वस्तुविक्रेता कीदृशदण्डयोग्यः स्यादित्याह–

स्वामी की आज्ञा के विना वस्तु का विक्रय करने वाला किस प्रकार के दण्ड का अधिकारी है इसका कथन –

स्वाम्य[2]ज्ञातकृते कोऽपि विक्रीणात्यन्यवस्तु यः।
स दण्ड्यश्चौरवत्ततस्तं दापयेत्स्वामिनं नृपः॥३॥

---

१. सोख्यदं भ १॥
२. स्वाम्या० भ १, भ २॥

यदि कोई स्वामी के जाने बिना दूसरे की वस्तु विक्रय करता है तो वह चोर के समान दण्डनीय है, वह (विक्रय से प्राप्त) धन राजा स्वामी को दिलाये।

दायश्च विक्रयश्चापि स्वाम्यसत्त्वेऽन्यवस्तुनः।
कृतोऽप्यकृत एव स्याद्व्यवहारविनिर्णये।।४।।

व्यवहार शास्त्र का निश्चित नियम है कि स्वामी की अनुपस्थिति में देने अथवा विक्रय की क्रियान्वित प्रक्रिया को भी अकृत (न किये हुये) की भाँति जानना चाहिए।

(वृ०) ननु अल्पमूल्येन रहसि कालातिक्रमे रात्र्यादौ वा निर्धनान्महार्घ्यवस्तु गृह्णन् क्रेतापि दण्डनीयः स्यादित्याह –

एकान्त, अनुपयुक्त काल अथवा रात्रि आदि में निर्धन से कम मूल्य में बहुमूल्य वस्तु ग्रहण करने वाला क्रेता भी दण्डनीय है, इसका कथन –

दीनान्महार्घवस्तूनां क्रेताऽकाले रहस्यपि।
अल्पमूल्येन गृह्णन्वा दस्युवद्दण्डभाग् भवेत्।।५।।

गरीब व्यक्तियों की अतिमूल्यवान् वस्तुओं को कम मूल्य में कुसमय में या सुनसान स्थान में क्रय करने वाला व्यक्ति दस्यु की भाँति दण्ड का पात्र होता है।

(वृ०) ननु यदि धनी स्ववस्त्वन्यविक्रीतं क्रेतृहस्तगतं पश्येत् तदा किं कार्यमित्याह–

यदि धनवान् दूसरे को बेची गयी अपनी वस्तु को क्रय करने वाले के हाथ में देखे तो क्या करे, यह कथन –

लब्ध्वा स्वमन्यविक्रीतं क्रेतृहस्तस्थितं धनी।
तं ग्राहयेत्तलारक्षं स्वयमादाय वार्पयेत्।।६।।

स्वयं नहीं बल्कि दूसरे के द्वारा विक्रय की गई (अपनी) वस्तु क्रय करने वाले के हाथ में पाने पर धनी उसे तलारक्ष से पकड़वाये या स्वयं लेकर (तलारक्ष) को दे देवे।

नष्टं चापहृतं वस्तु मदीयमिति साधयेत्।
ततः क्रेतापि शुद्ध्यर्थं विक्रेतारं प्रदर्शयेत्।।७।।

खोई हुई और चुराई हुई वस्तु को कोई 'मेरी है' ऐसा प्रमाणित कर दे तो क्रय करने वाले को भी शुद्धि के लिए विक्रेता को दिखाना चाहिए।

ततो मूल्यं स आप्नोति शुद्ध्येच्चापि न संशयः।
यद्यशक्तस्तमानेतुं तदा साक्ष्यादिभिः क्रयम्।।८।।

दिव्येन वा शोधयित्वा वस्तु दत्वा गृहं व्रजेत्।
क्रेतान्यथा तु दण्ड्यः स्याद्गृह्णीयाद्वस्तु तद्धनी।।९।।

तत्पश्चात् वह (क्रेता विक्रेता से) मूल्य प्राप्त करता है और स्वयं को निर्दोष सिद्ध करता है इसमें कोई संशय नहीं है। यदि (मूल्य को) विक्रेता से वापस लेने में असमर्थ हो तो साक्षी आदि अथवा शपथ से पवित्र कर क्रय की गई वस्तु को स्वामी को सौंप कर अपने घर जाये। अन्यथा क्रेता दण्ड का पात्र है और वस्तु स्वामी को ग्रहण करनी चाहिए।

(वृ०) ननु वस्तुगवेषणानियुक्तेन वस्तुलाभे किं कर्त्तव्यमित्याह –

वस्तु की खोज हेतु नियुक्त व्यक्ति द्वारा वस्तु के प्राप्त हो जाने पर क्या करना चाहिए, यह कथन –

नष्टं चापहृतं वस्तु समासाद्य कथञ्चन।
स वस्तुचोरं राजानं समर्प्य स्वं निजं वदेत्।।१०।।

खोई और चुराई गई वस्तु को किसी प्रकार प्राप्त कर उस वस्तु के चोर को राजा को सौंपकर वस्तु को अपनी बताये।

(वृ०) यदि नो निवेदयेत् तर्हि सोऽपि नृपदण्ड्यः स्यादित्याह –

यदि राजा को सूचित नहीं करता है तो वह भी राजा द्वारा दण्डनीय है इसका निरूपण –

यस्माल्लब्धं हृतं नष्टं तद्वृत्तमनिवेद्य यः।
भूपं स्वयं च गृह्णाति दण्ड्यः षण्णिधिभिः पणैः।।११।।

जिसके पास से चोरी गई (एवं) खोई हुई वस्तु प्राप्त हो इस वृत्तान्त को जो राजा को न सूचित कर स्वयं (वस्तुओं को) ग्रहण कर लेता है तो उसे (वस्तु के मूल्य का) छः गुना दण्ड देना चाहिए।

(वृ०) ननु निःस्वामिकधने राजपुरुषहस्तगते का व्यवस्थेत्याह–

स्वामी रहित धन राजपुरुष को प्राप्त होने पर क्या व्यवस्था हो, यह कथन–

राजा निःस्वामिकमृक्थमात्र्यब्दं संनिधापयेत्।
स्वाम्यासं तत्र शक्तस्तत्परतस्तु नृपः प्रभुः।।१२।।

राजा स्वामिविहीन वस्तु को तीन वर्षों तक संरक्षण में रखे उसके स्वामी के मिलने पर वह (स्वामी) सक्षम है अर्थात् वस्तु को प्राप्त करने का अधिकारी है। उस (अवधि) के पश्चात् तो राजा ही स्वामी है।

वर्णितोऽयं समासेनऽस्वामिविक्रय एव च।
विशेषस्तु बृहच्छास्त्रात् ज्ञातव्यो धिषणान्वितैः।।१३।।

यह संक्षेप में ही वस्तु के स्वामी द्वारा नहीं (अन्य द्वारा) विक्रय का वर्णन किया गया बुद्धिमानों द्वारा (इस सम्बन्ध में) विशेष बृहत् शास्त्र (बृहदर्हन्नीति) से जानना चाहिए।

।। इति अस्वामिविक्रयप्रकरणम्।।

—O—

तृतीय अधिकार

३.१२

वाक्पारुष्यप्रकरणम्

श्रीमद्धर्मजिनं नत्वा सर्वकर्मविनाशकम्।
यन्नामस्मृतिमात्रेण सफलाश्च मनोरथाः।।१।।

सम्पूर्ण कर्मों को नष्ट करने वाले तीर्थङ्कर श्री धर्मनाथ, जिनके नाम के स्मरण मात्र से मनोकामनायें सफल हो जाती हैं, का वन्दन कर (वाणी की कर्कशता का कथन करता हूँ)।

(वृ०) पूर्वप्रकरणेऽस्वामिविक्रयो वर्णितस्तत्र वाक्पारुष्यं भवति इति तद्वर्णनमत्र प्रतिपाद्यते –

पूर्व प्रकरण में स्वामी की आज्ञा के विना वस्तु-विक्रय का वर्णन किया गया, उसमें वचन की कठोरता होती है उसका वर्णन यहाँ प्रतिपादित किया जाता है –

येनोपयोगो जीवस्य शुद्धमार्गात्प्रणश्यति।
वाक्पारुष्यमिति प्रोक्तं तदहं वच्मि किञ्चन।।२।।

जिस (कर्कश वाणी) के प्रयोग से प्राणी का शुद्ध मार्ग नष्ट हो जाता है उसे वाक्पारुष्य कहा गया है उसके विषय में किञ्चित् कथन करता हूँ।

प्राणिपीडानिदानं यल्लोकेऽप्रीतिकरं घनम्।
सद्भिस्तत्प्राणनाशेऽपि न वाच्यं परुषं वचः।।३।।

जो (कर्कश वाणी) संसार में अत्यन्त अरुचिकर और प्राणियों की पीड़ा का कारणभूत है, प्राण सङ्कट में होने पर भी सज्जनों द्वारा कर्कश वाणी नहीं बोलनी चाहिए।

वाचा सत्यापि या लोके जीवानां दुःखदायिका।
सा ग्राह्यते न केनापि वनवासितपस्विना।।४।।

सत्य होते हुए भी जो वाणी संसार में प्राणियों को दुःख देने वाली है वह

किसी वनवासी तपस्वी के द्वारा भी स्वीकर करने योग्य नहीं है (तो सामान्य जनों का क्या कहना)।

ब्राह्मणक्षत्रविट्शूद्रा वदन्तः परुषं वचः।
नृपेणात्महितार्थं वै दण्ड्या वर्णानुसारतः।।५।।

कर्कश वचन बोलने वाले ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को राजा द्वारा अपने हित के लिए (उनके) वर्ण के अनुसार दण्डित किया जाना चाहिए।

द्विजोऽयं चौर इत्यु[1]क्त्वा व्याक्रोशं[2] क्षत्रियो यदि।
कुरुते भूपतिर्दण्डं देयात्तं मुद्रिकाशतैः।।६।।

'यह ब्राह्मण चोर है' इस प्रकार कहकर यदि क्षत्रिय निन्दा करता है तो राजा द्वारा उसे सौ मुद्राओं का दण्ड देना चाहिये।

वैश्याक्रोशे तदर्द्धं स्याच्छूद्राक्रोशे च विंशतिः।
क्षत्राक्रोशे तु क्षत्रस्य दण्डः [3]खाग्निमितैः पणैः।।७।।

यदि (क्षत्रिय) वैश्य की निन्दा करे तो उसे (सौ मुद्रा का) आधा अर्थात् पचास मुद्रा और शूद्र की निन्दा करने पर बीस मुद्रा और क्षत्रिय की निन्दा करे तो तीस मुद्रा से दण्ड दे।

ब्राह्मणेन द्विजाक्रोशे आक्रुष्टे क्षत्रियेऽपि च।
सम एवोभयत्रास्ति चत्वारिंशत्पणैर्दमः।।८।।

ब्राह्मण द्वारा ब्राह्मण की निन्दा करने और क्षत्रिय की निन्दा करने पर दोनों स्थितियों में समान ही चालीस पण (मुद्रा) से दण्डित करना चाहिए।

वैश्याक्रोशे तु विप्रस्य पणानां पञ्चविंशतिः।
शूद्राक्रोशे भवेत्तस्य दण्डस्तु दशभिः पणैः।।९।।

ब्राह्मण द्वारा वैश्य की निन्दा करने पर पच्चीस पणों का और शूद्र की निन्दा करने पर दस पणों का दण्ड है।

वैश्येन ब्राह्मणाक्रोशे[4] मुद्रासार्धशतैर्दमः।
क्षत्राक्रोशे तदर्द्धः स्याच्छूद्राक्रोशे ततोऽर्द्धकः।।१०।।

वैश्य द्वारा ब्राह्मण की निन्दा करने पर डेढ़ सौ मुद्रा (पण) दण्ड, क्षत्रिय की

---

१. ०त्युत्सा भ १, भ २, प १, प २।।
२. कोशे प १।।
३. स्वाग्निसितै : भ १, खाग्निसितैः भ २, प २।।
४. क्रोसे प १।।

निन्दा पर उसका आधा (पचहत्तर मुद्रा दण्ड) और शूद्र की निन्दा होने पर उस (पचहत्तर मुद्रा) का आधा साढ़े सैंतीस मुद्रा का दण्ड हो।

वैश्याक्रोशे तु वैश्यस्य पणैस्त्रिंशद्धिरीरितः।
शूद्रेण ब्राह्मणाक्रोशे दण्डः स्यात्ताडनादिभिः।।११।।

वैश्य द्वारा वैश्य की निन्दा करने पर तीस मुद्रा (पण) का दण्ड कहा गया है। शूद्र द्वारा ब्राह्मण की निन्दा करने पर ताडन(मारना, फटकारना) आदि द्वारा दण्ड देना चाहिए।

क्षत्राक्रोशे शतं सार्द्धं वैश्याक्रोशे[1] तदर्द्धकम्।
शूद्रेण शूद्राक्रोशे तु पणानां पञ्चविंशतिः।।१२।।

शूद्र द्वारा क्षत्रिय की निन्दा पर एक सौ पचास, वैश्य की निन्दा पर उसका आधा (पचहत्तर) और शूद्र की निन्दा करने पर पच्चीस मुद्राओं (पणों) का (दण्ड हो)।

जातिदोषं वदेन्मिथ्या ब्राह्मणे क्षत्रिये विशि।
स तु दण्डमवाप्नोति वेदाग्निद्विपणैः क्रमात्।।१३।।

(यदि कोई) ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य के विषय में असत्य जाति दोष का कथन करे तो उस मनुष्य को अनुक्रम से ब्राह्मण (के विषय में चार, क्षत्रिय के विषय में तीन और वैश्य के विषय में) दो मुद्रा से दण्डित करे।

धर्मार्थमुपदेशं हि दातुं यस्याधिकारिता।
तामुल्लंघ्योद्यतस्योपदेशे दण्डः शतैर्भवेत्।।१४।।

धर्म-अर्थ का उपेदश करने का जिसका अधिकार है उसका उल्लङ्घन कर उपदेश हेतु तत्पर (अनधिकारिक व्यक्ति) को सौ पणों का दण्ड हो।

तिथिवारादिकं सर्वश्रुतं जातिं व्रतं मदात्।
अन्यथा वदतो दण्डो जिह्वाछेदसमो भवेत्।।१५।।

मद के कारण तिथि, वार आदि सभी शास्त्र, जाति और व्रत का परिवर्तन करने वाले या मिथ्या कथन करने वाले को जिह्वा काटने जैसा दण्ड हो।

काणान्धखञ्जकुष्ठ्यादीन् दोषदुष्टान् तथैवम्।
यो ब्रूते सदोषवाचा स स्याद्दण्ड्यः पणैस्त्रिभिः।।१६।।

जो काने, अन्धे, लंगड़े, कुष्ठ रोगी आदि दोष से दूषित व्यक्तियों को उसी

---

१. ०शेन तर्द्धकम् भ १, प १, प २, शेर्न तर्द्धकम् भ २।।

प्रकार (अर्थात् काने को काना, अन्धे को अन्धा) दोष युक्त वचन बोलता है वह तीन मुद्राओं (पणों) से दण्डित करने योग्य है।

आचार्यं पितरं बन्धुं मातरं वनितां गुरुम्।
विपरीतं वदन् दण्ड्यः पणैर्युग्मशतोन्मितैः।।१७।।

आचार्य, पिता, बन्धु, माता, स्त्री तथा गुरु को विपरीत वचन बोलने वाला दो सौ मुद्राओं (पणों) के बराबर दण्ड के योग्य है।

इत्थं समासतः प्रोक्तं वाक्पारुष्यं यतो जनाः।
प्रवदेयुर्हितं तथ्यं वाक्यं प्राणिप्रियं मितम्।।१८।।

इस प्रकार संक्षेप में वाक्पारुष्य (वचन की कर्कशता) का कथन किया गया जिससे लोग हितकारी, सत्य, लोगों को प्रिय लगने वाले तथा अल्प वचन बोलें।

।। इति वाक्पारुष्यप्रकरणम् समाप्तम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.१३

समयव्यतिक्रान्तिप्रकरणम्

प्रणिपत्य मुदा शान्तिं शान्तं शान्ताशिवं शिवम्।
निगद्यतेऽत्र समयव्यतिक्रान्तिर्नृसंविदे।।१।।

अकल्याण का शमन करने वाले शिव – मोक्ष रूप तथा शान्त शान्तिनाथ को हर्षपूर्वक वन्दन कर मनुष्यों के ज्ञान हेतु यहाँ समयव्यतिक्रान्ति का लक्षण कहा जाता है।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे वाक्पारुष्यमुक्तं सति तस्मिन् क्रोधाद्यावेशवशेन समयव्यतिक्रान्तिरपि सम्भवत्यतस्तत्स्वरूपमुच्यते –

पूर्व प्रकरण में वाणी की कठोरता का वर्णन किया गया उसमें क्रोध आदि आवेश के वश नियम का अतिक्रमण भी सम्भव है अतः उस (समयव्यतिक्रान्ति) का स्वरूप वर्णित किया जाता है –

स्थितिर्हिनैगमादीनां समय इति कथ्यते।
तस्य चोल्लङ्घनं ज्ञेया व्यतिक्रान्तिर्विवादभूः।।२।।

नैगम–व्यापारियों आदि द्वारा निश्चित नियम समय कहे जाते हैं। उस (समय) का उल्लङ्घन जो विवाद का मूल है, उसे व्यतिक्रान्ति जानना चाहिए।

सदा सामयिकं[1] धर्मं स्वधर्ममपरित्यजन्।
पालयेदतियत्नेन भूपोऽन्योऽपि च मानवः।।३।।

राजा एवं अन्य मनुष्यों को भी अपने धर्म का त्याग न करते हुए समय धर्म अर्थात् परम्परागत नियम का पालन करना चाहिए।

समुदायस्य राज्ञां च धर्मः सामयिकः[2] स्मृतः।
तमतिक्रमतो दण्डो व्यवहारपदे भवेत्।।४।।

---

१. सामायिकम् भ १, भ २, प १, प २।।
२. सामायिकः भ १, भ २, प १, प २।।

समुदाय तथा राजा का धर्म सामयिक धर्म कहा जाता है, उसका उल्लङ्घन करने वाला व्यवहार मार्ग में दण्ड का भागी होता है।

तथाहि–

साधारणं च यद्द्रव्यं तद्धरेल्लङ्घयेत्पुनः।
गणभूपस्थितिं तं च सर्वं हृत्वा प्रवासयेत्।।५।।

साधारण (ग्रामादि सार्वजनिक) धन का जो मनुष्य हरण करे और पुनः गण (पञ्च) तथा राजा के निर्णय का उल्लङ्घन करे तो उससे सर्वस्व हरण कर राज्य से निर्वासित कर देना चाहिये।

(वृ०) साधारणम् ग्रामादिजनसमुदायद्रव्यं योऽपहरति गणस्थितिं राजस्थितिं च योऽतिक्रामति तस्य सर्वस्वमपहृत्य राजादेशान्निर्वासयेत्।

साधारण द्रव्य अर्थात् ग्रामादि जन समुदाय का धन जो चुराता है, पञ्चों और राजा द्वारा निश्चित नियमों या निर्णय का उल्लङ्घन करता है तो राजा को उसका सर्वस्व हरण कर राज्य से निर्वासित कर देना चाहिये।

(वृ०) अथ समूहे हितवादिवचनं सर्वैरङ्गीकरणीयमन्यथादण्डः स्यादित्याह–

समूह अर्थात् पञ्चों के हितवादी वचनों को सभी मनुष्यों को स्वीकार करना चाहिए, ऐसा न करने पर दण्ड देना चाहिय, यह कथन –

हितवादिवचो मान्यं समूहे तत्स्थितैः परैः।
विपरीतो हि दण्ड्यः स्याज्जघन्येन दमेन च।।६।।

समूह या पञ्च-समिति में स्थित सदस्यों के हितवादी वचनों को दूसरे मनुष्यों को स्वीकार करना चाहिए। इसके विपरीत (न मानने वालों को) अधम दण्ड से दण्डित करना चाहिये।

(वृ०) यदुक्तं बृहदर्हन्नीतौ –

जैसा कि बृहदर्हन्नीति में कहा गया है–

हियवाइस्सय वयणं जो नहु मणइ तिदुवितव्यूहे सो होइ दण्डणिज्जोपढमदमेणं खु णिच्चंपि।१।

अथ समुदायकार्यकारिणां कथं सत्कारो विधेय इत्याह –

इसके अनन्तर समुदाय का कार्य करने वालों का किस प्रकार आदर करना चाहिये, यह कथन –

कार्यसिद्धिं विधायाशु गणकार्यसमागतान्।
सत्कार्य दानमानाद्यैर्महीनाथो विसर्जयेत्[1]।।७।।

१. साज्ज० प १।।

गण अर्थात् समुदाय के कार्य से (राजसभा में) आये हुए लोगों का शीघ्रता से कार्य सम्पन्न कर दान, सम्मान आदि द्वारा सत्कार कर राजा उन्हें भेजे।

(वृ०) अथ यो गणकार्यार्थं तत्समाजस्थैः प्रेरितः स्वयं वा राजपार्श्वे गतश्चेद्धिरण्यादिप्राप्नुयात्तदा तत् समाजमहाजनेभ्यो निवेदयेदन्यथा तस्य दण्डः स्यादित्याह–

जो व्यक्ति समुदाय के कार्य से समाज के लोगों द्वारा प्रेरित किये जाने पर अथवा स्वयं राजा के पास जाने पर स्वर्ण आदि प्राप्त करे तब समाज के प्रमुख व्यक्तियों को (इसके विषय में) सूचित करे नहीं तो उसे दण्ड मिले, इसका कथन–

स्वयं समर्पणीयं तद्गणकार्यगतेन यत्।
लब्धं सो ह्यन्यथा दण्डचस्ततो दशगुणेन वै।।८।।

समुदाय कार्य से जो (धन) प्राप्त हो उसे स्वयं (सभा को) अर्पित कर देना चाहिए। ऐसा न करने पर उसे निश्चित रूप से उस धन का दस गुना दण्ड देना चाहिए।

(वृ०) अथ समूहकार्यचिन्तकाः कीदृशाः कार्या इत्याह –

सार्वजनिक कार्य की देखरेख करने वाले किस प्रकार के नियुक्त करने चाहिये, इसका कथन –

धर्मिणः प्रतिभायुक्ताः शुचयो लोभवर्जिताः।
कार्यदक्षा निरालस्या[1] बहुशास्त्रविशारदाः।।९।।
कुलशुद्धाः सर्वमान्याः कार्यचिन्तासमाहिताः।
माननीयं वचस्तेषां सर्वैस्तद्व्यूहसंस्थितैः।।१०।।

धर्मनिष्ठ, प्रतिभाशाली, पवित्र, लोभरहित, कार्यकुशल, आलस्यरहित, बहुशास्त्र वेत्ता, शुद्ध कुल वाला, सर्वमान्य और कार्य की चिन्ता करने वाला व्यक्ति (सभा का कार्यभार ग्रहण करे।) उन सभी सभासदों को (गुणवान) कार्यभारी के वचनों का समादर करना चाहिए।

वणिजां श्रेणिपाषण्डिप्रभृतीनामयं विधिः।
नृपो रक्षेच्च तद्भेदं पूर्वरीतिं प्रचालयेत्।।११।।

व्यापारियों, शिल्पकार समूहों, पाखण्डियों आदि की यह विधि है। इसलिए राजा को उनके भेदों की रक्षा करनी चाहिए और पूर्व परम्परा का पालन करनाा चाहिए।

---

१. ०लभ्यां प १, ०लभ्याः भ १, भ २, प २।।

(वृ०) वणिजः प्रसिद्धाः शिल्पोपजीविनः श्रेणयः कार्पटिकादयश्च पाखण्डिनः प्रभृतिशाब्दादायुधीयादयोऽपि ग्राह्यास्तेषां भेदं राजा रक्षेत्पूर्वरीतिं प्रवर्तयेच्च।

वणिज अर्थात् प्रसिद्ध शिल्प से जीविका अर्जित करने वालों का सङ्घटन, तीर्थयात्री आदि पाखण्डी, प्रभृति शब्द से शस्त्र धारण करने वालों का भी ग्रहण करना चाहिये। उनके भेदों की राजा रक्षा करे और पूर्व परम्परा का पालन करे।

एवं प्रोक्तात्र समयव्यतिक्रान्तिः समासतः।
विशेषस्तु जनैर्ज्ञेयो विशेषाच्छास्त्रसागरात्।।१२।।

इस प्रकार समय-व्यतिक्रान्ति (नियम-उल्लङ्घन) संक्षेप में यहाँ वर्णित किया गया। इस विषय में विशेष शास्त्र रूपी समुद्र (बृहदर्हन्नीति) से जानना चाहिए।

।। इति समयव्यतिक्रान्तिप्रकरणम् सम्पूर्णम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.१४

स्त्रीग्रहप्रकरणम्

नत्वा श्रीकुन्थुतीर्थेशं स्वान्तध्वान्तनिवारकम्।
परस्त्र्याकर्षणाख्योऽयं विवादो वर्ण्यतेऽधुना।।१।।

अन्तस् अन्धकार को दूर करने वाले तीर्थङ्कर श्री कुन्थुनाथ का वन्दन कर अब परस्त्री आकर्षण शीर्षक इस प्रकरण का वर्णन किया जाता है।

(वृ०) पूर्वस्मिन् प्रकरणे समयव्यतिक्रान्तिः प्ररूपिता तत्सत्त्वे स्त्रीग्रहादयोऽपि दोषाः प्रादुर्भवन्ति इत्यत्र तावत् स्त्रीग्रहदोषो व्याख्यायते–

इस पूर्व प्रकरण में समयव्यतिक्रान्ति का निरूपण किया गया उसमें स्त्रीग्रह आदि दोष उत्पन्न होते हैं इसलिए यहाँ स्त्रीग्रहदोष का व्याख्यान किया जाता है–

पराङ्गनासमासक्तं न रुन्ध्याच्चेन्नरं नृपः।
महत्पापविभागो स्याद्राष्ट्रनाशो भवेत्पुनः।।२।।

परस्त्री में आसक्त पुरुष को यदि राजा नहीं रोकता है तो वह बड़े पाप का भागी होता है और राष्ट्र का विनाश होता है।

सन्ततिर्यत्प्रसङ्गेन जायते वर्णसङ्करा।[1]
तेन वर्णविनाशः स्यात्तन्नाशे धर्मसंक्षयः।।३।।

क्योंकि (परस्त्री आसक्ति के) प्रसङ्ग से सन्तान वर्णसङ्कर उत्पन्न होती है, उससे वर्ण (धर्म) का नाश होता है, उस (वर्ण) धर्म का नाश होने पर (मूल) धर्म का नाश होता है।

पराङ्गनाभिः संलापं यः कुर्याद्रहसि स्थितः।
स दण्ड्यो भूभुजा तूर्णमावेश्यस्तस्करालये।।४।।

जो (पुरुष) एकान्त में स्थित होकर परायी स्त्रियों के साथ अन्तरङ्ग वार्तालाप करे वह बन्दीगृह में डालकर राजा द्वारा शीघ्र दण्डित करने योग्य है।

---

१. वर्णशङ्करा प १, प २।।

अदृष्टपूर्वस्त्रीभिर्यो राजाध्वनि च संलपेत्।
केनापि हेतुना दण्ड्यो न स्यान्नो तद्व्यतिक्रमः।।५।।

जो पुरुष पहले न देखी गई स्त्रियों के साथ राजमार्ग में किसी प्रयोजनवश वार्तालाप करे तो वह दण्डित करने योग्य नहीं है, यह उल्लङ्घन नहीं है।

तीर्थे कूपे वने स्थाने विजनेऽभिलपेन्नरो।
अरण्ये च सर्वथा दण्ड्यः परिणामाश्रयो विधिः।।६।।

(यदि कोई) पुरुष तीर्थ, कूप, वन, निर्जन स्थान और जङ्गल में (परायी स्त्री से) वार्तालाप करे तो (वह पुरुष) सर्वथा दण्डनीय है क्योंकि नियम परिणाम के आश्रित होते हैं।

एकासत्राशनं देहे गन्धलेपनमम्बुना।
केली रहःसंलपनं तथा भूषणवाससाम्।।७।।
परिधानं स्वहस्तेनान्योऽन्यं स्पर्शनचुम्बने।
सह खट्वासनं चैतदुभयोर्दण्डकारणम्।।८।।

परायी स्त्री के साथ एक आसन पर भोजन, शरीर पर सुगन्धित (द्रव्य का) लेप करना, जल क्रीड़ा, एकान्त में अन्तरङ्ग वार्तालाप तथा अपने हाथ से आभूषण, वस्त्र और अधोवस्त्र पहनाना, परस्पर स्पर्श एवं चुम्बन करना और एक साथ खाट पर बैठना दोनों (पुरुष एवं स्त्री) के दण्ड का कारण है।

वर्णत्रयेषु यः कश्चित् सेवेत् ब्राह्मणीं यदि।
छित्वा लिङ्गं महीपस्तं देशान्निर्वासयेत्त्वरम्।।९।।
ब्राह्मणीमपि कृष्णास्यां कारयित्वा च भ्रामयेत्।
पुरे स्वानुचरैर्भूपः पुनर्निष्कासयेद्बहिः।।१०।।

तीनों वर्णों (क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) में से कोई (पुरुष) यदि ब्राह्मणी का भोग करे तो राजा द्वारा (उसका) लिङ्ग कटवाकर शीघ्र उसे देश से निर्वासित करना चाहिये। ब्राह्मणी को भी मुख में कालिख लगवाकर अपने भृत्यों से नगर में घुमाना चाहिये और पुनः (देश से) बाहर निष्कासित करना चाहिये।

ब्राह्मणो[1] यदि सेवेत क्षत्रियां भूमिपस्तदा।
ज्ञात्वा चरित्रं तद्द्वुतैरुभौ निष्कासयेत्पुरात्।।११।।

यदि ब्राह्मण क्षत्रिय स्त्री के साथ भोग करे तो राजा द्वारा उसके चरित्र को जानकर दोनों को शीघ्र नगर से निष्कासित करना चाहिये।

---

१. ब्राह्मणो भ १, भ २, प १।।

बन्दिचारणशैलूषा दीक्षिताः कारवस्तथा।
ये सज्जयन्ति स्वा नार्यस्तत्स्त्रीभिर्भाषणं नराः।।१२।।
कुर्वन्तो न निवार्याः स्युः राजलोकनरैः कदा।
प्रायशो वृत्तिरेतेषां स्त्र्यधीना प्रथिता भुवि।।१३।।

बन्दी, चारण, भाट, दीक्षित तथा कलाकार जो अपनी पत्नियों को सज्जित कर रखते हैं, उन स्त्रियों से वार्तालाप करते हुए पुरुषों को राजपुरुषों द्वारा कभी नहीं रोकना चाहिए क्योंकि प्रायः इन लोगों की जीविका ही स्त्रियों के अधीन है – यह जगत प्रसिद्ध है।

कन्याङ्गे विकृतिं या स्त्री कुर्यात्तच्छीर्षमुण्डनम्।
कारयित्वाङ्गुलि[1]च्छेदं चैनां निष्कासयेत् पुरात्।।१४।।

जो स्त्री कन्या के अङ्ग में विकृति करे उसका सिर मुड़ाकर और अङ्गुलि काटकर उसे नगर से निष्कासित करना चाहिए।

स्ववंशगुणदर्पेण भर्तारं या न मन्यते।
तां भिन्नां स्थापयेद्भूपो न पुनर्दर्शयेत्पतिम्।।१५।।

जो स्त्री अपने (पितृ) कुल की श्रेष्ठता के कारण पति को सम्मान नहीं देती है उस (स्त्री) को राजा अलग रखवा दे और पुनः पति (मुख) को न दिखावे।

परस्त्रीं सेवते वर्षाद[2]ज्ञातो यां च भूमिभृत्।
तदुदन्तं चरैर्ज्ञात्वा दण्डयित्वा विवासयेत्[2]।।१६।।

(कोई पुरुष यदि) वर्षपर्यन्त परायी स्त्री का भोग करता है और राजा को ज्ञात नहीं होता तो उसका चरित्र अपने गुप्तचरों द्वारा ज्ञात कर (राजा) उसे दण्डित करना चाहिये और नगर से निष्कासित कर देना चाहिये।

क्षत्रब्राह्मणवैश्यानां स्त्रीं वा कन्यां निषेवयेत्[3]।
शतैर्दमनमाद्ये तु लिङ्गभेदः परे स्मृतः।।१७।।

(यदि कोई पुरुष) क्षत्रिय, ब्राह्मण और वैश्य की स्त्री अथवा कन्या के साथ भोग करे तो प्रथम (स्थिति) में सौ (मुद्रा) दण्ड और दूसरी (स्थिति में) लिङ्गच्छेदन (का दण्ड) कहा गया है।

दण्ड्यो द्विजो द्विजां गच्छन् सहस्ररजतैर्भवेत्।
क्षत्रियः क्षत्रियां गच्छन् दण्ड्यो युग्मसहस्रकैः।।१८।।

---

१. ०ङ्गुलीछेदं प १, प २।।
२. तर्षाद प १, प २।।
३. निषेवये भ १, भ २, प १, प २।।

(परायी) ब्राह्मणी के साथ (व्यभिचार) करता हुआ ब्राह्मण हजार रजत (मुद्राओं) से दण्डनीय है। (परायी) क्षत्राणी के साथ (व्यभिचार) करता हुआ क्षत्रिय दो हजार (रजत मुद्राओं) से दण्डनीय है।

सेवेत वैश्यां चेद्वैश्यो दण्ड्यस्तुर्यशतप्रमैः।
शूद्रस्तु शूद्रासेवी चेन्निष्कास्यो[1] भूभुजा पुरात्।।१९।।

यदि वणिक् (परायी) स्त्री के साथ भोग करे तो (वह) सौ मुद्रा प्रमाण से शीघ्र दण्डनीय है। शूद्र (स्त्री) का भोग करने वाला शूद्र राजा द्वारा नगर से निष्कासित करने योग्य है।

शूद्रासेवकवैश्योऽपि दण्ड्यः स्याच्छतराजतैः।
द्विजः शूद्रानुचारी चेन्निर्वास्यो नगराद्बहिः।।२०।।

शूद्र का सेवन करने वाला वैश्य भी सौ रजतमुद्राओं से दण्डनीय है। शूद्रा का सेवन करने वाला ब्राह्मण नगर से बाहर निष्कासित करने योग्य है।

चतुर्वर्णजनोद्भूतमपराधं समीक्ष्य चेद्।
भूपो न वारयेद्दण्डतर्जनाताडनादिभिः।।२१।।
तदा सर्वापराधानां नृपः स्वामी भवेत्खलु।
ततो राष्ट्रेऽतिदुःखं स्यादीतिदुर्भिक्षमृत्युजम्।।२२।।

चारों वर्ण के लोगों द्वारा कृत अपराधों की समीक्षा कर यदि राजा दण्ड, तिरस्कार, ताड़ना आदि द्वारा (उन्हें) रोके नहीं तो उन सब अपराधों का स्वामी (कर्त्ता) राजा ही होगा। तब देश में ईति (छः प्रकार की), दुर्भिक्ष, मारी से अत्यन्त दुःख उत्पन्न होगा।

दुरिताकराशुचिगृहं संप्रेक्ष्य रमातनुं सुधीः कोऽत्र।
प्रीतिं कुरुते बीभत्साकर[2]मशङ्करमत्यन्तदुर्गन्धम्।।२३।।

सङ्कट की खान, अपवित्रता का घर, वीभत्सता की खान, अकल्याण- कारी और अतिदुर्गन्धयुक्त, स्त्री-शरीर को देखकर कौन बुद्धिमान् इससे प्रेम करेगा।

सततमुदरं दृष्ट्वा कृमिमूत्रपुरीषपात्राबलानाम्।
विष्ठाघटमिव निन्द्यं त्यजत शरीरं विबुधोऽवश्यम्।।२४।।

निरन्तर कीड़ा, मूत्र, विष्ठा पात्र रूप स्त्रियों के उदर को देखकर बुद्धिमान् लोग मल के घड़े रूपी निन्दनीय शरीर का त्याग करें।

---

१. चेन्निकाश्यो प १।।
२. ०मसङ्करमसन्त० प १, ०साकरमसन्त० प २।।

सर्वथा स्वहितोद्युक्तैः सदा त्याज्याः परस्त्रियः।
पश्येतस्याः प्रभावेण प्रणष्टा रावणादयः।।२५।।

सब प्रकार से अपना हित चाहने वालों द्वारा परायी स्त्रियाँ सदा त्याग के योग्य हैं। (यह) देखना चाहिये इस (स्त्री) के प्रभाव से रावण आदि नष्ट हो गये।

इत्येवं वर्णिता नारीग्रहचिन्ता समासतः।
विशेषो बृहदर्हन्नीतिशास्त्राद्बोध्य आदरात्।।२६।।

इस प्रकार संक्षेप में (परायी) स्त्रीग्रहण विचार संक्षेप में वर्णित किया गया। विशेष बृहदर्हन्नीति से आदरपूर्वक जानना चाहिए।

।। इति स्त्रीग्रहप्रकरणम् सम्पूर्णम्।।

—O—

तृतीय अधिकार

३.१५

द्यूतविधिप्रकरणम्

नत्वारनाथं श्रीयुक्तमन्तरङ्गारिभेदकम्।
व्यवहारपदं द्यूतमभिधास्ये यथागमम्।।१।।

ऐश्वर्यवान, आन्तरिक शत्रुओं का नाश करने वाले तीर्थङ्कर अरनाथ की वन्दना कर शास्त्रानुसार व्यवहार मार्ग द्यूत का प्रतिपादन करूँगा।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे स्त्रीग्रहो वर्णितस्ततो व्यसनसाहचर्याद् द्यूत-मधुनाभिधीयते तत्र तावत् द्यूतस्वरूपमाह –

पूर्व प्रकरण में स्त्रीग्रह दोष वर्णित है उस व्यसन के साथ द्यूत का साहचर्य होने से अब द्यूत का वर्णन किया जाता है। इसलिए द्यूत के स्वरूप का कथन –

द्विपदापच्चतुष्पादखचरैर्देवनं हि यत्।
पणादि द्रव्यमुद्दिश्य तद् द्यूतमिति कथ्यते।।२।।

द्विपद (मल्ल आदि), अपद (पासा आदि), चतुष्पद (मेष, अश्व आदि), पक्षियों (मुर्गे, कबूतर आदि) के दाव से कौड़ियों या सिक्के (पण) आदि धन को लक्ष्य कर जो (क्रीड़ा होती है) उसे द्यूत कहा जाता है।

(वृ०) तत्र द्विपदा मल्लादयः अपदाः पाशकबध्नादयश्चतुष्पदा मेषहयादयः खचराः पक्षिणः कुक्कुटतित्तिरपारावताद्यास्तैर्द्रव्यादिपणनिबन्धेन क्रीडा द्यूतम्।। अत्रैवाभिधानव्यपदेशविषयविशेषमाह –

उसमें दो पैर वाले मल्ल आदि, पैर रहित पाँसा, सीसा आदि, चार पैर वाले भेड़, घोड़े आदि, खचर अर्थात् मुर्गे, तित्तिर, कबूतर आदि पक्षियों के दाव से द्रव्य आदि धन से क्रीड़ा द्यूत है। यहाँ नाम-भेद के कथन से विषय-विशेष का कथन–

अचेतनैः क्रीडनं यत्तद्द्यूतमिति कथ्यते।
सचेतनैस्तु या क्रीडा सा समाह्वयसंज्ञिका।।३।।

जड़ पदार्थों के द्वारा जो क्रीड़ा है उसे द्यूत कहा जाता है। जो क्रीड़ा सचेतन प्राणियों के माध्यम से होती है वह 'समाह्वय' अर्थात् जानवरों की लड़ाई पर शर्त लगाना, संज्ञा वाली है।

(वृ०) इयं द्यूतक्रीडा राजनियमितसभिकस्थाने भवति इति सभिक आगतचतुवर्णीयजनान् मिष्टेष्टवचनैर्विश्वासयन्नशनादिभिश्च सन्तोषयन् रमयते सप्रतिबन्धकतयाप्रतिबन्धकतया वा त्वं शतमुद्रा जेष्यसि चेद् विंशतिमुद्रा अहं ग्रहीष्यामि इति सप्रतिबन्धकता अथवा यदा त्वं शतमुद्रा जेष्यसि तदा राजनियमितमुद्रापञ्चकं ग्रहीष्यामि इति अप्रतिबन्धकक्रीडा।

यह द्यूतक्रीड़ा राजा द्वारा निर्धारित सभास्थान में होती है। सभास्थान में आये हुए चारों वर्णों के लोगों को मधुर और प्रिय वचनों से विश्वस्त करते हुए, भोजन आदि से सन्तुष्ट करते हुए प्रतिबन्ध सहित या बिना प्रतिबन्ध के द्यूत खिलाया जाता है। यदि तुम सौ मुद्रा जीतोगे तो बीस मुद्रा मैं लूँगा इस प्रकार प्रतिबन्ध पूर्वक अथवा जब तुम सौ मुद्रा जीतोगे तब राजा द्वारा निश्चित पाँच मुद्रा ग्रहण करूँगा इस प्रकार प्रतिबन्ध रहित क्रीड़ा।

सभा च राजानुमत्या स्वद्रव्यनिर्मापितद्यूतस्थानम्।

राजा की अनुमति से अपने (व्यक्तिगत) धन से निर्माण किया गया द्यूत-क्रीड़ा स्थली सभा कही जाती है।

राजद्रव्य निर्मापितस्थानं वा सा विद्यते यस्य स सभिकः।

राजकीय धन से निर्माण कराई गई द्यूत-क्रीड़ा स्थली जिसकी होती है वह सभिक होता है।

तदेव दर्शयति –

वही वर्णित किया जाता है –

स्वकीये राजकीये वा स्थाने आगतमानवान्।
क्रीडयेदशनाद्यैश्च तोषयन्नभितो मुहुः॥४॥

अपने अथवा राजकीय स्थान में आये हुए व्यक्तियों को भोजन आदि से बार-बार सन्तुष्ट करते हुए द्यूत-क्रीड़ा करनी चाहिए।

अन्योऽन्यकलहादेश्च रक्षयन् जितमानवान्।
राज्यांशं च समुद्धृत्य स्वांशमादाय सर्वशः॥५॥
राज्यांशं तु प्रतिदिनं देयाद्राज्ये निरालसः।
स्वांशेन स्वं कुटुम्बं[1] हि पालयेन्निरुपद्रवम्॥६॥

---

१. स्वकुटुंवं भ १, भ २, प २॥

(द्यूतक्रीड़ा स्थल पर) जीतने वाले व्यक्तियों (जुआरियों) की परस्पर कलह आदि से रक्षा करनी चाहिए और पूर्ण रूप से राज्य का और अपना भाग निकाल कर, बिना आलस्य के राज्यांश को प्रतिदिन राज्य (राजकोष) में देना चाहिए और अपने भाग से अपने परिवार का निर्विघ्न पालन करना चाहिए।

जिते पराजितेऽन्योऽन्यं क्लेशो यदि भवेत्सभेट्।
तद्विमृश्य जितं द्रव्यं दापयेच्च पराजितात्।।७।।
यदि स्वं दापनेऽशक्तस्तदा भूपं निवेद्य सः।
दापयेन्नियतं रिक्थं नो हानिः स्याद्यतः पुनः।।८।।

(द्यूत क्रीड़ा में) जीतने और हारने पर यदि सभा में आपस में विवाद हो तो विमर्श कर हारे हुए जुआरी से जीता हुआ धन (जीतने वाले को) दिलवाना चाहिए। यदि धन दिलवाने में असमर्थ हो तब राजा से निवेदन कर वह नियत भाग (जीतने वाले को) दिलवाना चाहिए जिससे पुनः (द्यूत स्थल पर) हानि न हो।

राज्यस्थाने सति द्यूते कैतवेभ्यश्च रक्षणम्।
भवत्यतः सभास्थाने द्यूतक्रीडा सदोचिता।।९।।

राजकीय स्थल पर द्यूत (क्रीड़ा) होने पर कपटियों से सुरक्षा रहती है अतः राजकीय सभा स्थल में द्यूत क्रीड़ा सदैव उचित होती है।

प्रच्छन्नं स्वगृहे द्यूतं ये दीव्यन्ति सभेट् ततः।
राज्यांशं द्विगुणं गृह्णीयात्स्वांशं निर्णये सति।।१०।।

जब छिपे रूप से अपने घर में द्यूत खेलते हैं तब अपने भाग का निर्णय हो जाने पर राजा का भाग दो गुना लेना चाहिए।

एषा द्यूतक्रिया लोके सर्वव्यसननायिका।
श्वभ्रतिर्यग्गतेर्दूती स्मार्या शिष्टजनैर्न हि।।११।।

यह द्यूत क्रीड़ा संसार में सभी व्यसनों की नायिका है। शिष्ट लोगों द्वारा इसे नरक और तिर्यञ्चगति की दूती के रूप में स्मरण करना चाहिए। निश्चित रूप से व्यवहार में नहीं लाना चाहिए।

इत्थं समासतः प्रोक्ता द्यूतव्यवहृतिर्मया।
संसारस्योपकाराय भाग्याधिक्यप्रकाशिका।।१२।।

इस प्रकार संसार के उपकार के लिए भाग्य के आधिक्य को प्रकाशित करने वाली, द्यूत-क्रीड़ा का व्यावहारिक रूप मेरे द्वारा संक्षेप में वर्णित किया गया।

।। इति द्यूतविधिप्रकरणम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.१६

स्तैन्यप्रकरणम्

प्रणम्य श्रीयुतं मल्लिं मल्लं मोहादिताडने।
स्तैन्यप्रकरणं वक्ष्ये समुद्धृत्य श्रुतादहम्।।१।।

मोहादि (कषायों) के नष्ट करने में मल्ल रूप श्रीयुत् (तीर्थङ्कर) मल्लिनाथ का वन्दन कर आगम या शास्त्र से उद्धृत कर मैं स्तैन्य प्रकरण का वर्णन करूँगा।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे द्यूतवर्णनोक्ता तत्र हारितश्चौर्याचरणं कोऽपि करोत्यतो व्यसनत्व साधर्म्यादधुना स्तैन्यवर्णनाधिक्रियते –

पूर्व प्रकरण में द्यूत का वर्णन किया गया, द्यूत में हारा हुआ कोई भी चोरी का आचरण करता है। इसलिए व्यसन की समानता से अब स्तैन्य-वर्णन का अधिकार कहा जाता है –

नृपतेः परमो धर्मः स्वप्रजापालनं सदा।
[1]स्तैन्यादिभ्यो यतः कीर्तिर्विस्तृता स्याद्दिगन्तरे।।२।।

चोरी आदि (दुष्कृत्यों) से सदा अपनी प्रजा का पालन करना परम कर्त्तव्य है जिससे दिशाओं में यश फैले।

लोकानां संसृतौ तुल्योऽभयदानेन नो वृषः।
तस्माज्जनैः सदा[2] यत्नोऽभये कार्यः समधिया[3]।।३।।

इस जगत में (जीवों को) शरण या रक्षा देने के समान कोई श्रेष्ठ (दान) नहीं है इस कारण लोगों को सदा समानता की बुद्धि से अभय देने का कार्य करना चाहिए।

---

१. पुरास्तै० भ १, भ २, प १, प २।।
२. ०स्तदाय० भ १, भ २, प १, प २।।
३. समधिवा भ १, भ २, प १, प २।।

प्रजास्वास्थ्ये नृपः स्वस्थस्तदुःखे दुःखितो नृपः।
तस्माद्यत्नं प्रजास्वास्थ्येऽहर्निशं कुरुते नृपः।।४।।

प्रजा के सुखी रहने पर राजा सुखी, उस (प्रजा) के दुःखी रहने पर राजा दुःखी, इस कारण राजा प्रजा के स्वास्थ्य के लिए दिन-रात प्रयत्न करे।

प्रजादानार्चनादीनां षष्ठांशं[1] लभते नृपः।
पुण्यात्ततो[2] ने[3]तिभयं कोषवृद्धिश्च जायते।।५।।
शिष्टानां पालनं कुर्वन् दुष्टानां निग्रहं पुनः।
पूज्यते भुवने सर्वैः सुरासुरनृयोनिभिः[4]।।६।।

प्रजा (द्वारा कृत) दान, पूजा आदि का छठाँ भाग राजा ग्रहण करता है। उस पुण्य से राजा को ईति – महामारी का भय नहीं होता और कोष में वृद्धि होती है। राजा सज्जन पुरुषों का पालन करता हुआ एवं दुष्टों का निग्रह (दण्डित) करता हुआ देव, दानव और मनुष्य सभी योनि के लोगों द्वारा पूजा जाता है।

लोभतः करमादत्ते प्रजाभ्यो यो महीधनः।
क्षुद्रकर्मणि यो दण्डं लाति स नरकं व्रजेत्।।७।।
चौरान् धूर्तान्निगृह्णन् यो भूपः[5] सन्न्यायरीतितः।
रोधनेन हि बन्धेन[6] स वै स्वर्गमवाप्नुयात्।।८।।
प्रजोपरि सदा क्षान्तीरक्षणीया महीभुजा।
बालातुरातिवृद्धानां क्षन्तव्यं कठिनं वचः।।९।।

जो राजा प्रजा से लोभवश दण्ड ग्रहण करता है और छोटे (अपराध) कार्यों में जो प्रजा से दण्ड लेता है वह नरक जाता है। जो राजा चोरों और धूर्तों को पकड़ता हुआ उत्तम न्याय रीति से कैद और बन्धन द्वारा (दण्डित करता है) वह अवश्य स्वर्ग प्राप्त करता है। राजा द्वारा प्रजा पर सदा क्षमाभाव रखना चाहिए। बालक, रोगी और वृद्धों के कर्कश वचनों को राजा को सहना चाहिए।

(वृ०) अथ प्रस्तुतमाह –

अब प्रस्तुत विषय का निरूपण –

---

१. षष्टांशं भ १, भ २, प १, प २।।
२. पुण्यत भ १, भ २, प १, प २।।
३. ०तिभवंभ १, भ २, ०तिभवंको० प १, प २।।
४. सुरासुरनृपादिभिः प १।।
५. भूयः भ १, भ २, प १, प २।।
६. वंधेन सोवैस्वर्गम० भ १, भ २, प १।।

यो हरेत्कूपतो रज्जुं घटं वस्त्राणि स्तैन्यतः।
ताडयित्वा कशाभिस्तं यथावस्थं विवासयेत्।।१०।।

जो (पुरुष) कुँए पर से रज्जु, घड़ा, वस्त्र चुरा ले जाता है उसे कोड़ों से मारकर उसी अवस्था में ग्राम से (बाहर) निर्वासित कर देना चाहिये।

स्तैन्यात् धान्यं हरन् क्षेत्रात्स्तेनो दण्डमवाप्नुयात्।
स्तेयाद्दशगुणं भूपो देशान्निर्वासयेच्च तम्।।११।।

राजा को खेत में से चोरी से धान्य ले जाने वाले चोर से चुराई हुई (सामग्री) का दस गुना (दण्ड) प्राप्त करना चाहिये और उसे देश से निर्वासित कर देना चाहिये।

जानंस्तस्करवृत्तान्तं प्रजादुःखं च शक्तिमान्।
यः पश्यन् क्षमते भूपो ध्रुवं प्राप्नोति दुर्गतिम्।।१२।।

जो शक्तिशाली राजा चोरी की घटना और प्रजा के दुःख को जानते एवं देखते हुए क्षमा करता है वह निश्चित रूप से दुर्गति को प्राप्त करता है।

हिरण्यरजतादीनां भूषणानां[1] च वाससाम्।
हर्तुः प्रदापयेन्मूल्यं सर्वं तत्स्वामिने नृपः।।१३।।
तं पुनःस्थापयेद्बन्दिगृहे वर्षत्रया[2]वधि।
[3]लोप्त्रा दाने तु [4]चेदेकाब्दं यावत्तत्र संस्थितिः।।१४।।

राजा स्वर्ण, रजत आदि के आभूषणों तथा वस्त्रों के चोर से सम्पूर्ण मूल्य (लेकर) उस (वस्तु) के स्वामी को प्रदान करे और उस (चोर) को तीन वर्ष की अवधि तक कारागार में रखे। यदि चुराई हुई वस्तु (वह चोर) वापस कर देता है तो वहाँ (कारागार में) उसे एक वर्ष तक रखना चाहिए।

मानवानामर्भकस्य कन्याया हरणेऽपि च।
तथा[5]नुपमरत्नानां चौरो [6]बन्दिगृहं विशेत्।।१५।।
तत्र वर्षत्रयं स्थाप्यो मोचयेत्साक्षितस्तकम्।
पुनः स्तेयस्य करणे वर्षषट्कावधिं पुनः।।१६।।

---

१. भूषणानां भ १, भ २, प १, प २ में अनुपलब्ध।।
२. वर्षंजया० भ १, भ २, प १, प २।।
३. लोप्त्र भ १, भ २, प १, लोत्र प २।।
४. वेदैकांक्ष्यावक्षत्रतत्स्थितिः भ १, भ २, प २, चेदैकां० प १।।
५. ०नुयम० भ २।।
६. वन्दिगृ० भ २, वन्दिग् प २।।

[1]निधापयेद्बन्दिगृहे [2]यत्र न स्याच्च दर्शनम्।
[3]अन्यस्य लेखनं कारयित्वा तं च विमोचयेत्।।१७।।

(राजा) मानवों के शिशु और कन्या तथा अनुपम रत्नों के चुराने पर चोर को बन्दीगृह में रखे, तीन वर्ष तक वहाँ (बन्दीगृह में) रखकर साक्षी के साथ मुक्त करना चाहिए। दुबारा चोरी करने पर पुनः उसे छः वर्ष तक बन्दीगृह में (इस प्रकार) रखना चाहिए जिससे वह कुछ देख न सके। (छः वर्ष बीत जाने पर) किसी दूसरे से लेख लिखाकर अर्थात् दूसरे के लिखित दायित्व पर उसे छोड़ना चाहिए।

शास्त्रौषधिगवाश्वानां हर्ता भूपेन पीड्यते।
गृहीत्वा तद्धनं तस्मात्स्थाप्यो कारागृहे पुनः।।१८।।

राजा द्वारा शास्त्र, औषधि, गाय और घोड़ों की चोरी करने वाले को चोरी गया वह धन उससे लेकर कारागार में बन्द कर देना चाहिये।

गुडाज्यक्षीरदध्नां च सिता[4]कर्पासभस्मनाम्।
लवणस्य मृदश्चैव मृद्भाण्डानां तथैव च।।१९।।
तैलमोदकपक्वान्नगुल्मवल्लीप्रसूनकम् ।
कन्दमूलच्छदादीनां च हर्ता [5]वर्षत्रयं वसेत्।।२०।।

राजा द्वारा गुड़, घी, दूध, दही, शक्कर, कपास, भस्म, लवण, मिट्टी के पात्र, तेल, लड्डू, पक्वान्न, गुच्छ, लता, पुष्प, कन्दमूल तथा पत्रों की चोरी करने वाले को तीन वर्ष तक बन्दीगृह में रखना चाहिये।

धान्यं हरन् कृषेर्दण्ड्यः सबन्धी भक्षणाय चेत्।
सबन्धनत्वयोग्यः स्याच्चतुर्वर्णेषु कश्चन।।२१।।

चारों वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) में से किसी की भी खेती का धान्य चोरी करने वाले को बन्दी बनाने के साथ दण्ड देना चाहिए। यदि खाने के (लिये चोरी किया हो तो केवल दण्ड देना चाहिए) बन्दी बनाने के साथ दण्ड अनुचित है।

दत्वा तु खातकं गेहे द्रव्यं हरति यो हठात्।
धनिने दापयित्वा स्वं तं च निर्वासयेत् पुरात्।।२२।।

---

१. निधाययेद् भ १, भ २, प २।।
२. पुत्रस्याच्च० प २।।
३. ०नस्य प २।।
४. कार्यास भ १, भ २, प १, प २।।
५. ०र्तु सत्रयं भ १, भ २, प १, प २।।

घर में सेंध देकर जो बलपूर्वक धन चोरी करता है (उस चोर से) धन के स्वामी को धन दिलाकर (उस चोर को) नगर से निर्वासित करना चाहिये।

यश्च जैनोपवीतादिकृतसूत्राणि संहरेत्।
संस्कृतानि नृपस्तं तु मासैकं बन्धके न्यसेत्।।२३।।

जो (मनुष्य जैन विधि से संस्कार कृत सूत्रों को चुराता है राजा द्वारा उसे एक मास तक बन्धन में रखना चाहिये।

भार्यापुत्रसुहृन्मातृपितृशिष्यपुरोहिताः ।
स्वधर्मविच्युता दण्ड्याः परं वाचा नृपेण वै।।२४।।

(यदि) पत्नी, पुत्र, मित्र, माता, पिता, शिष्य और पुरोहित, अपने धर्म से विचलित हों तो राजा द्वारा उन्हें वाचिक दण्ड देना चाहिये।

लोभतो मोचयेद् बद्धान् यो मुक्तान् बन्ध[1]येन्नरान्।
दासदास्यादिहर्ता च प्रवेश्यस्तस्करालये।।२५।।

स्तेनोपद्रवतो भूपः प्रजा रक्षति यः सदा।
यशोऽत्र प्राप्नुयाल्लोके परत्र स्वर्गगत च सः।।२६।।

बन्दीगृह अधिकारी (यदि) लोभवश बन्दियों को मुक्त कर दे और मुक्त बन्दियों को बन्दी बना ले और दास-दासियों की चोरी करने वाले को कारागार में डाले। जो राजा चोर के उपद्रव से सदा प्रजा की रक्षा करता है वह इस लोक में यश प्राप्त करता है और दूसरे लोक में वह स्वर्ग प्राप्त करता है।

वाचा दुष्टस्तस्करश्च मायावी विप्रलुञ्चकः।
धाटी मारण[2]कर्त्ता यो धाटीनां च निवासदः।।२७।।

तस्कराणां लुण्ठकानां द्यूतादिग्रसितात्मनाम्।
अशनस्थानदाता च दण्ड्यः कारागृहार्हकः।।२८।।

अशिष्टभाषी, चोर, कपटी, ठग, हमलावर और हत्यारे (आदि अप- राधियों को) निवास देने वाले और चोर, लुटेरे, द्यूतादि के व्यसनी लोगों को भोजन तथा स्थान देने वाले कारागार में (रखने के) दण्ड के पात्र हैं।

मैत्र्याल्लोभात्परोक्त्या चेदन्यथा कुरुते नृपेः[3]।
अयशोऽत्रमहदाप्नोति परत्र नरकं व्रजेत्।।२९।।

---

१. ० येन्नरो भ १, भ २, प १, प २।।
२. कर्ता भ १, प १, प २।।
३. नृपो भ १, प १, प २।।

मित्रतावश, लोभवश और दूसरे के कहने (सिफारिश) पर यदि राजा तथ्य से भिन्न व्यवहार करता है तो राजा इस लोक में भारी अपयश पाता है और परलोक में नरक में जाता है।

गुरुधर्म्यात्मवृद्धस्त्रीबालघातोद्यतं नरम्।
तस्करं प्रेक्ष्य चेच्छस्त्रं धारयेत् ब्राह्मणः खलु।।३०।।
न तदा दोष[1]भाक् सः स्यादाततायिनिवारणे।
धर्मस्त्याज्यो न हि प्राणान् संहरेत् घातकारिणः।।३१।।

गुरु, धर्मात्मा, वृद्ध, स्त्री, बालक की हत्या को उद्यत मनुष्य (एवं) चोर को देखकर यदि ब्राह्मण शस्त्र धारण करे, आततायी के निवारण में (शस्त्र उठाने पर भी वह ब्राह्मण) दोष का भागी नहीं होता। आक्रामक के प्राण हर ले परन्तु (रक्षा) धर्म का त्याग न करे।

एवं स्तैन्यादिदुःखेभ्यो रक्षणीयाः प्रजाः सदा।
यतः स्वस्थाः प्रजाः सर्वाः भवेयुर्धर्मतत्पराः।।३२।।

इस प्रकार चोरी आदि दुःखों से प्रजा सदा रक्षा करने योग्य है जिससे सभी प्रजा स्वस्थ रहकर धर्म में तल्लीन हो।

इत्थं समासतः प्रोक्तं स्तैन्यप्रकरणं वरम्।
ज्ञेयो [2]विशेषश्चैतस्य श्रुतपाथोधिमध्यतः।।३३।।

इस प्रकार संक्षेप में स्तैन्य प्रकरण कहा गया, इससे विशेष (यदि जानना है) तो उस शास्त्र समुद्र (बृहदर्हन्नीति) के मध्य से जानना चाहिए।

।। इति स्तैन्यप्रकरणम् सम्पूर्णम्।।

—O—

---

१. भाक्सस्यादाततायि भ १, भ २, प १, प २।।
२. विशेषएतस्य भ १, भ २, प १, प २।।

तृतीय अधिकार

३.१७

साहसप्रकरणम्

नत्वा श्रीसुव्रतं देवं दुःखानलपयोधरम्।
राजनीत्यनुसारेण वक्ष्ये साहसिकं क्रमम्।।१।।

दुःख रूप अग्नि (को शान्त करने में) बादल रूप भगवान् तीर्थङ्कर सुव्रतनाथ की वन्दना कर राजनीति के अनुसार 'साहस (अपराध) प्रकरण' का वर्णन करूँगा।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे स्तैन्यदण्डो वर्णितस्तत्साहचर्यादत्र च साहस-दण्डोऽभिधीयते अथसाहसस्वरूपमाह –

पूर्व प्रकरण में स्तैन्यदण्ड का वर्णन किया गया उससे सम्बन्धित होने से साहसदण्ड का कथन किया जाता है। साहस के स्वरूप का वर्णन –

मनुजैः सहसाकर्म क्रियते क्रोधतोऽर्थतः।
आपदां पदमित्येतत्साहसं सद्भिरुच्यते।।२।।

त्रिधा तल्लघुमध्यो[1]त्तमादिभेदैर्बुधैः स्मृतम्।
एतस्य विस्तृति[2]र्वृद्धार्हन्नीतौ समुदाहृता।।३।।

मनुष्य द्वारा क्रोधवश अथवा धन के लिए साहस (अपराध) कार्य किया जाता है। यह साहस सज्जनों द्वारा सङ्कट का स्थान कहा गया है। विद्वानों द्वारा साहस कर्म लघु, मध्यम तथा उत्तम – तीन भेद वाला कहा गया है। इसका विस्तार बृहदर्हन्नीति में निरूपित है।

क्रियापेक्षो हि दण्डोऽयं त्रिविधस्त्रिषु वर्णितः।
चन्द्रबाणवृषैरौप्यैः शतैर्वाल्पस्ततो भवेत्।।४।।

तीनों प्रकार के आपराधिक कार्यों में अपराध के अनुरूप एक सौ, पाँच सौ अथवा हजार मुद्राओं का अथवा उससे कम दण्ड होना चाहिए।

---

१. ०ध्योतमा प २।।
२. बृद्धार्ह० प २।।

तद्यथा–

क्षेत्रोपकृतिहेतूनां वस्तूनां छेदने तथा।
उदकबन्धविनाशे च प्रथमं साहसं स्मृतम्।।५।।

खेत के उपयोग के लिए (निर्मित) वस्तुओं के काटने तथा पानी के बाँध को नष्ट करना प्रथम (कोटि) का साहस (अपराध) कहा गया है।

लोभेन बालकन्याया भूषणानि दिवानिशि।
यश्चोर[1]यति तत्कृत्ये दण्डो मध्यमसाहसम्।।६।।

लोभ से बालक और कन्या के आभूषणों को दिन-रात में चुराता है तो उस अपराध के लिए मध्यम अपराध का दण्ड है।

विषशस्त्रभयाद्यैर्यः परदारान्निषेवते।
भूषणार्थं प्राणघातं करोत्युत्तमसाहसम्।।७।।

विष, शस्त्र आदि का भय दिखाकर जो स्त्री का सेवन करता है, आभूषण के लिए वध करता है (वह) उत्तम अपराध करता है।

तत्र सर्वस्वहरणं [2]तदङ्गछेदबन्धनम् वधः।
कुर्याच्छिरसि मुद्राङ्कं पुरान्निर्वासनं नृपः।।८।।

राजा द्वारा (उत्तम साहस की स्थिति में अपराधी का) सर्वस्व हरण कर, उसके अङ्ग का छेदन कर, उसका बन्धन कर और सिर पर मुद्रा अङ्कित कर नगर से निर्वासित करना चाहिये।

परद्रव्यापहरणे तन्मूल्याद्द्विगुणो दमः।
निह्नवे[3] तुर्यगुणितः प्रेरको दण्ड्यते[4] शतैः।।९।।

दूसरे के धन का चोरी करने पर उस (धन) के मूल्य से दुगुना दण्ड देना चाहिए। कपट (निह्नव) करने पर चार गुना और चोरी के लिए प्रेरित करने वाले पर सौ मुद्राओं का दण्ड देना चाहिए।

पूज्यापमानकृद् भ्रातृजायापीडनकार्यकृत्।
सन्दिष्टार्थाप्रदाता[5] च गृहमुद्राविभेदकः।।१०।।

---

१. श्चौर० भ १, भ २, प १, प २।।
२. तदंगछेदवंधनंवधः भ १, भ २, प १, प २।।
३. निन्हवो प २।।
४. दम्यते भ १, भ २, प १,।।
५. प्रदाना च भ २।।

उपक्षेत्रगृहाणां च सीमाभञ्जनपूर्वकम्।
स्वभूमौ मेलनं कर्त्ता दम्यते शतराजतैः॥११॥

सम्माननीय लोगों का अनादर करने वाले, भाई की पत्नी को पीड़ित करने वाले, वादा किये हुये धन को न देने वाले और घर का ताला तोड़ने वाले, समीपस्थ खेत और घर की सीमा तोड़ने के साथ उसे अपनी भूमि में सम्मिलित करने (का अपराध करने) वाले को सौ रजत मुद्राओं से दण्डित करना चाहिए।

स्वच्छन्दविधवा नारी विक्रोष्टा सज्जनैः सह।
निष्कारणविरोधी च चाण्डालश्चोत्तमान्स्पृशन्॥१२॥

दैवपैत्र्यान्नभोजी यः शूद्रप्रव्रजितान्नभुक्।
अयुक्तशपथं कुर्वन् अयोग्यो[1] योग्यकर्मकृत्॥१३॥

दण्ड्यो दशमितैरौप्यैर्भिन्नः कार्यः स्वजातितः।
प्रायश्चित्तं विना नैव ज्ञातौ स्थाप्या बहिष्कृताः॥१४॥

स्वेच्छाचारिणी विधवा स्त्री, सज्जनों के साथ वैर रखने वाले, अकारण विरोध करने वाले, श्रेष्ठ जातियों को स्पर्श करने वाले चाण्डाल, देव और पितरों का अन्न खाने वाले, शूद्र और सन्यासी का अन्न खाने वाले, अनुचित शपथ लेने वाले और योग्य कार्य के अनुरूप योग्यता न रखते हुए भी कार्य करने वाले को दस मुद्राओं से दण्डित करना चाहिए एवं अपनी जाति से बहिष्कृत करना चाहिए। जाति से बहिष्कृत को बिना प्रायश्चित्त के जाति में सम्मिलित नहीं करना चाहिए।

क्षुद्रतिर्यग्वृषादीनामश्वानां पुंस्त्वघातकः।
गर्भदास्यपहारी च दण्ड्यो युग्मशतैः सदा॥१५॥

क्षुद्र और तिर्यञ्च (पशु-पक्षी) प्राणी, सांड़ आदि तथा घोड़ों आदि का पुरुषत्व नाश करने वाले, गर्भ और दासी का हरण करने वाले को सदा दो सौ मुद्राओं से दण्डित करना चाहिए।

भ्रातृमातृपितृस्वसृ[2]गुरुशिष्यसुहृत्सुतान् ।
प्रयोगेन[3] वशीकुर्वन् दण्ड्यो रौप्यशतैर्भवेत्॥१६॥

भाई, माता, पिता, बहन, गुरु, शिष्य, मित्र और पुत्र को (मन्त्र के) प्रयोग से वश में करने वाले को सौ रजत मुद्राओं से दण्डित करना चाहिए।

---

१. अयोग्ये भ १, भ २, प १, प २॥
२. स्वस् भ २, स० प २॥
३. ०गेण भ १, भ २, प १, प २॥

(वृ०) आधिविषयेऽपि साहसं भवतीत्युच्यते –

आधि – धरोहर के विषय में भी अपराध होता है, इसका कथन किया जाता है –

निर्णेजकश्च रजको गृहीत्वान्यांशुकानि चेत्।
स्थापयेदाधिरूपेण लातुं राजतमुद्रिकाः।।१७।।
द्रव्यलोभाद्विवाहादौ परिधातुं च मानवम्।
कञ्चित्प्रति यदा देयादुत्तमान्यंशुकानि च।।१८।।
निह्नुते नूतनं वस्त्रं दातुमन्यं पुरातनम्।
शर्कराद्दषदां वृन्दे क्षालनान्नाशयेच्च यः।।१९।।
दण्डस्तेषां क्रमात् ज्ञेय आधौ च दशराजतैः।
रौप्यमेकं त्वन्यदाने निह्नवे[1] पञ्चभिर्दमः।।२०।।
शर्करा[2]द्दषदां वृन्दे क्षालयन्नाशयेद्यदि।
वस्त्राणि रजकस्तर्हि यथादोषं च दण्डभाक्।।२१।।

वस्त्र धोने वाला धोबी यदि दूसरे के वस्त्रों को लेकर रजत मुद्रायें लेने के लिए धरोहर रूप में रख दे, धन के लोभ से किसी के उत्तम वस्त्र विवाह आदि में पहनने के लिए (दूसरे) पुरुष को दे दे, अन्य पुराना वस्त्र देने के लिये नया वस्त्र छिपाये और रेत अथवा पत्थर के ढेर में धोने से (वस्त्र) नष्ट कर दे तो उनका दण्ड क्रमशः धरोहर रख लेने पर दस रजत मुद्रा, दूसरे को देने पर एक रजत मुद्रा और (नया वस्त्र) छिपाने पर पाँच (रजतमुद्रा होना चाहिए)। रेत व पत्थर के ढेर में धोकर यदि वस्त्रों को नष्ट करे तो धोबी दोष के अनुसार दण्ड का भागी होता है।

वस्त्रे नष्टे सकृद्धौतेऽष्टमांशं[3] न्यूनमाप्नुयात्।
द्विकृत्वस्तु तदर्द्धांशं त्रिकृत्वः[4] पादमेव च।।२२।।
तुर्यकृत्वस्तदर्द्धांशमर्द्धे नष्टे च पादभाक्।
धनी जीर्णांशुके क्षीणे न हि किञ्चिदवाप्नुयात्।।२३।।

(धोबी से) पूरा वस्त्र नष्ट हो जाने पर (केवल) एक बार धुले (वस्त्र के मूल्य का) आठवाँ भाग कम (धोबी से) ग्रहण करना चाहिये। दो बार (धुले वस्त्र के

---

१. निन्हवे प २।।
२. दृश० भ २।।
३. ०ष्टंमाश० प २।।
४. ०कृत्वा भ १, प १, प २।।

मूल्य) का आधा, तीन बार (धुले वस्त्र के मूल्य) का चौथाई और चार बार (धुले वस्त्र के मूल्य) का उस (चौथाई) का आधा अर्थात् आठवाँ भाग और जीर्ण वस्त्र के नष्ट हो जाने पर स्वामी को कुछ भी प्राप्त न हो।

(वृ०) निर्णेजकः शुचिकारः रजकश्च परकीयोत्तमवासांसि द्रव्य-ग्रहणार्थमाधिरूपतया स्थापयेत् तदा दशरजतदण्डः।

यदि धुलाई करने वाला, स्वच्छ करने वाला धोबी दूसरे के उत्तम वस्त्रों को धन ग्रहण करने के लिए धरोहर रूप में रखता है तो उसका दण्ड दस रजत।

अथवा विवाहाद्युत्सवे कस्माच्चिद्द्रव्यं गृहीत्वोत्तमवस्त्राणि परिधातुं ददाति चेदेकरजतदण्डः।

अथवा विवाह आदि उत्सव में किसी से धन लेकर यदि उसे पहनने के लिए उत्तम वस्त्र दे देता है तो एक रजत दण्ड।

नूतननिह्नवे पुराणदाने च पञ्चरजतदण्डः।

नये वस्त्र को छिपाकर पुराना देने पर पाँच रजत दण्ड।

यदि रजकः प्रमादात् शर्कराद्दष्टाद्गणे वस्त्राणि धावमानो नाशयति तदा यथादोषं दण्डः।

यदि धोबी असावधानीवश धोते हुए कङ्कड़ी अथवा शिला से वस्त्रों का नष्ट कर देता है तो दोष के अनुसार दण्ड देना चाहिए।

यथाष्टरजतक्रीतस्य सकृद्धौतस्य वाससो नाशेऽष्टमभागोनं सप्त रजतमौल्यं देयम्।

जैसे आठ रजत में क्रय किये गये, एक बार धोये गये वस्त्र के नष्ट हो जाने पर आठवाँ भाग कम सात रजत मूल्य देना चाहिए।

द्विर्धौतस्य तदर्द्धं

दो बार धोये गये वस्त्र का उसका आधा (मूल्य देना चाहिए)।

त्रिर्धौतस्य तदर्द्धं

तीन बार धोये गये वस्त्र का उस का आधा (मूल्य देना चाहिए)।

चतुर्धौतस्य तदर्द्धं

चार बार धोये गये वस्त्र का उसका आधा (मूल्य देना चाहिए)।

अर्द्धे नष्टे तदर्द्धं

वस्त्र के आधा नष्ट होने पर उसका आधा

जीर्णे तु नष्टे रजको न दोषभाक्

पुराने वस्त्र के नष्ट हो जाने पर धोबी दोष का भागी नहीं होता है।

अथ पितृपुत्रविवादे साहसेन साक्ष्यदाने दण्डमाह –

पिता-पुत्र के विवाद में औद्धत्यपूर्वक साक्षी देने पर दण्ड का वर्णन –

तातपुत्रकलहे च साक्षितां साहसात्कलहवर्द्धयेऽधमो यो ददाति न च वारयेत् कलिं दण्ड्यते त्रिकपणैश्च भूभुजा।

पिता-पुत्र के विवाद में कलह बढ़ाने के लिए जो अधम व्यक्ति साहस पूर्वक साक्षी देता है और क्लेश का निवारण नहीं करता है उस अधम व्यक्ति को राजा तीन मुद्राओं से दण्डित करे।

अथ कूटव्यवहारदण्डमाह –

अब कूट व्यवहार दण्ड के लक्षण का कथन–

कूटमानतुलाभिर्यः शासनैर्नाणकेन[1] च।
कूटव्यवहृतिं कुर्याद्दण्ड्य उत्तमसाहसैः॥२४॥

जो खोटे माप-तौल, नकली राज्य नियमों और खोटे सिक्के (नाणक) से खोटा व्यवहार करता है उसे शासन द्वारा उत्तम साहस (अपराध) का दण्ड देना चाहिये।

अकूटं कूटमेवं च कूटं बूते ह्यकूटकम्।
यो नाणकं तु लोभेन स दण्ड्यः परसाहसैः॥२५॥

जो पुरुष लोभवश खोटे सिक्के (नाणक) को असली सिक्के (नाणक) और असली को खोटा बताता है उसे अधम अपराध के रूप में दण्डित करना चाहिए।

तिर्यङ्मनुजभूपानां[2] चिकित्सां कुरुतेऽभिषक्।
स दण्ड्यः क्रमशश्चाद्यमध्यमोत्तमसाहसैः॥२६॥

जो वैद्य (वैद्यक शास्त्र को न जानते हुए) पशु-पक्षी, मनुष्य और राजा की चिकित्सा करता है उसे क्रमशः अधम, मध्यम और उत्तम अपराध के दण्ड से दण्डित करना चाहिए।

(वृ०) यो वैद्यःशास्त्रमजानन् प्रपञ्चेनाहं भिषग् इति वदन् तिरश्चां चिकित्सां कुर्वन्नाद्यसाहसेन दण्ड्यः

---

१. ०र्माणकेन भ १, भ २, प १ ०र्मानकेन प २॥
२. भौपानां भ २, प १, प २॥

वैद्यक शास्त्र को न जानते हुए मायापूर्वक 'मैं वैद्य हूँ' यह कहते हुए तिर्यकों की चिकित्सा करने वाले वैद्य को आद्य साहस से दण्डित करना चाहिए।

मनुष्याणां चिकित्सां कुर्वन्मध्यमसाहसेन दण्डयः।

मनुष्यों की चिकित्सा करने वाले उक्त वैद्य को मध्यम साहस से दण्डित करना चाहिए।

भौपानां राजसम्बन्धिनां चिकित्सां कुर्वन्नुत्तमसाहसेन दण्डयः

राजाओं अथवा राजा के सम्बन्धियों की चिकित्सा करते हुए उक्त वैद्य को उत्तमसाहस से दण्डित करना चाहिए।

यश्च वध्नात्यबद्धं वै बद्धं यश्च विमुञ्चति।
अनिवृतकृतिं[1] भूपाज्ञामृते वरसाहसम्।।२७।।

जो अधिकारी बन्धन की राजाज्ञा के बिना किसी को बाँधता है, जो बाँधने के योग्य है उसको मुक्त कर देता है और जो अपना दायित्व पूरा नहीं करता है वह उत्तम अपराध के दण्ड का पात्र है।

(वृ०) स्पष्टम् –

यो मानसमयेऽष्टांशं व्रीहि[2]कार्पासयोहरित्।
पुनर्हानौ तथा वृद्धौ प्राप्नुयाद्द्विशतैर्दमम्।।२८।।

जो चावल या कपास तौलते समय आठवाँ भाग ग्रहण कर ले उससे अधिक या कम होने पर उस (तौलने वाले) से दो सौ द्रम (रुपया) दण्ड प्राप्त करना चाहिये।

गन्धधान्यगुडस्नेहभेषजादिषु यः क्षिपेत्।
न्यूनद्रव्यं स्वलोभेन दण्डयः स्याद्दशराजतैः।।२९।।

लोभवश जो सुगन्धित पदार्थ, धान्य, गुड़, तेल और औषधि में अल्प द्रव्य मिश्रित कर विक्रय करता है उसे सौ रजत मुद्राओं से दण्डित किया जाना चाहिये।

साहसेन तु यः कुर्यात्समुद्राधानविक्रयम्।
कुङ्कुमादिपरावर्तो[3] दण्डयो विंशतिभिस्त्रिभिः।।३०।।

जो मनुष्य अपराध में मुद्रा से युक्त वस्तु का विक्रय करे अथवा कुमकुम आदि पदार्थों की अदला-बदली करे उसे साठ रुपये से दण्डित करना चाहिये।

---

१. अनिवृतकृतिं भ १, भ २, प १, प २।।
२. कार्यासयो भ १, भ २, प १, प २।।
३. परावर्ते भ १, परावर्तो भ २, परावता प १, परावर्तो प २।।

प्रस्था[१] दिवट्टान्निर्माता भिन्नान् राजप्रचारतः।
पणस्य हानौ वृद्धौ वा दण्ड्यो द्विशतराजतैः।।३१।।

राजा द्वारा प्रचलित बाट से भिन्न बाट का निर्माता जिससे व्यापार में हानि या वृद्धि हो उसे दो सौ रजत मुद्राओं से दण्डित किया जाना चाहिये।

परस्परानुमत्या [२]यो वणिग् वस्तुमहर्घताम्।
करोति चेत्समे दण्ड्याः प्रोक्ता उत्तमसाहसैः।।३२।।

व्यापारी आपसी स्वीकृति से वस्तु का मूल्य बढ़ाकर बेचता है उसे उत्तम अपराध के समान दण्ड देना चाहिये।

एवं संक्षेपतः प्रोक्ता साहसस्य च वर्णना।
यत्फलज्ञानतो जीवाः स्युस्तत्त्यागसमुद्यताः।।३३।।

इस प्रकार साहस का संक्षेप में वर्णन है जिसका फल जानते हुये लोग उसके त्याग की ओर तत्पर हों।

।। इति साहसप्रकरणम्।।

—o—

---

३. ०दिवदान्नि० भ १, भ २, प १, प २।।
४. ज्ञो वाः भ १, ज्ञो याः भ २, प १, प २।।

तृतीय अधिकार

३.१८

दण्डपारुष्यप्रकरणम्

नत्वा नमिजिनं सम्यग् धर्मतीर्थप्रवर्तकम्।
वक्ष्यामि दण्डपारुष्यं प्रजास्थितिनिबन्धनम्।।१।।

धर्म रूपी तीर्थ का प्रवर्तन करने वाले तीर्थङ्कर नमि की भलीभाँति वन्दना कर प्रजा की स्थिति के नियन्त्रण रूप दण्डपारुष्य – दण्ड की कठोरता – का कथन करूँगा।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे साहसदण्डो निरूपितः तत्साहचर्य्याद्दण्डपारुष्यमधुना निरूप्यते–

पिछले प्रकरण में साहस दण्ड का निरूपण किया गया है। इसके साथ साहचर्य के कारण अब दण्डपारुष्य का निरूपण किया जाता है –

येनान्त्यजोऽङ्गेन कुधीः कस्याङ्गं छेदयेत् हठात्।
तदङ्गं छेदयित्वास्य पुरात्कार्यं प्रवासनम्।।२।।

कोई कुत्सित बुद्धिवाला बलपूर्वक किसी के अङ्ग का छेदन करे तो (अपराधी) के उसी अङ्ग को काटकर नगर से निष्कासित कर देना चाहिये।

[1]क्षत्रियद्विजयोर्मोहात् काष्ठधातुविनिर्मिते।
आसने वैश्यशूद्रौ चेदुप[2]विष्टौ तदा भृशम्।।३।।

कषाविंशतिभिर्वैश्यं[3] पञ्चाशद्भिश्च शूद्रकम्।
ताडयेन्न्यायमार्गेण मर्यादारक्षणे नृपः।।४।।

यदि क्षत्रिय और ब्राह्मण के लिए लकड़ी और धातु से निर्मित आसन पर

---

१. क्षत्विय भ २, प २।।
२. ०पविष्टौ प १, प २।।
३. ०भिर्वैश्यं भ १, भ २, प २।।

वैश्य और शूद्र बैठें तो न्यायपूर्वक मर्यादा की रक्षा के लिए राजा द्वारा वैश्य को बीस और शूद्र को पचास कोड़े लगवाना चाहिए।

चतुर्वर्णेषु यः कश्चिद्दृष्ट्वा कञ्चिन्नरोत्तमम्।
निष्ठीवति हसेद्वापि[1] दम्यते दशराजतैः।।५।।

चार वर्णों में से जो कोई (पुरुष) किसी श्रेष्ठ व्यक्ति को देखकर थूके अथवा हँसे भी तो (राजा) दस रजत मुद्राओं द्वारा उसे दण्डित करे।

प्राणघाताभिलाषी यो ग्रीवां मुष्कं [2]शिरस्तथा।
गृह्णाति दर्पतः [3]क्रोधाद्दण्ड्यते [4]स्वर्णनिष्कतः।।६।।

घमण्ड या क्रोध से वध की इच्छा से जो किसी की गर्दन, मुष्क (अण्डकोष) तथा सिर पकड़े तो उसे सोने के (सिक्के) निष्क से दण्डित किया जाता है।

[5]मांसापकर्षकस्तुर्यैस्त्वग्भेत्ता दशराजतैः।
[6]असृक्प्रचालने विप्रो दण्ड्यो युग्मशतेन वै।।७।।

ब्राह्मण को (किसी का) माँस खींचने पर चार (रजत मुद्राओं), चमड़ा काटने पर दस रजत (मुद्राओं) तथा रक्त बहाने पर दो सौ मुद्राओं से दण्डित करना चाहिए।

आरामं गच्छता येन दर्पादुत्पाटिता लता।
त्वक्पत्रदण्डपुष्पाद्याः स दण्ड्यो दश[7]राजतैः।।८।।

उपवन की ओर जाते हुए धृष्टता से जिसके द्वारा लता उखाड़ी गई हो, (वृक्ष की) छाल, पत्ते, डाली, फूल आदि (तोड़ा गया हो) वह दस रजत (मुद्राओं) से दण्डनीय है।

पुष्पचौरो[8] दशगुणैः प्रवास्यो[9]वृक्षभेदकः[10]।
मनुष्यगोप्रहर्ता च प्रवास्यो ग्रामतो ध्रुवम्।।९।।

---

१. हसेच्चापि भ २।।
२. शर भ २।।
३. क्रोधा भ २।।
४. ०दम्यते भ १, भ २, प १, प २।।
५. स्वर्णा० भ २।।
६. ०रसक भ १, भ २, प १, प २।।
७. राजनैः भ १, भ २, प १,।।
८. चौरौ प १।।
९. प्रवास्यौ प १।।
१०. भेदके प १।।

फूल चुराने वाले को (मूल्य के) दस गुने से, वृक्ष काटने वाले को (नगर से) निष्कासित करना चाहिये और मनुष्य तथा गाय का अपहरण करने वाले को निश्चित रूप से गाँव से निष्कासित कर (दण्डित करना चाहिए)।

यादृशोपद्रवं कुर्यात्तादृशं[1] दण्डमाप्नुयात्।
यावता तन्निवृत्तिः [2]स्यात्तावद्द्रव्यं च दापयेत्।।१०।।

(व्यक्ति) जैसा उपद्रव करे उसी के अनुसार दण्ड प्राप्त करे। जितना (द्रव्य व्यय करने पर) उस (उपद्रव) की शान्ति हो उतना द्रव्य (उपद्रवी से) दिलवाना चाहिए।

घातकाद्घातशान्त्यर्थमौषधाद्यमर्थमेव च।
अनुचर्यार्थमपि ग्राह्यं यादक्कर्म तथा फलम्।।११।।

घायल की पीड़ा आदि दूर करने अथवा उसकी औषधि आदि और सेवा के लिए भी हानि पहुँचाने वाले से व्यय ग्रहण किया जाना चाहिए, जैसा कर्म वैसा फल (राजा सुनिश्चित करे)।

[3]वित्तं यस्य वृथा दुष्टो नाशये[4]द् ज्ञानतोऽथवा।
अज्ञानतस्तत्प्रसक्तिश्च कार्या तन्नाशकेन वै।।१२।।

जिसका धन कोई दुष्ट मनुष्य जान बूझकर अथवा भूलवश व्यर्थ में नष्ट करे तो उस नष्ट करने वाले के द्वारा उस (क्षति) की पूर्ति की जानी चाहिए।

ऋणी स्वयं न दत्ते चेद्भूपो[5] निश्चित्य साक्षिभिः।
दापयित्वा धनं तस्माद्दमं गृह्णाति स्वोचितम्।।१३।।

यदि कर्जदार स्वयं (ऋण वापस) नहीं देता है तो साक्षियों द्वारा निश्चित कराकर धन (वापस) दिलाकर उस (कर्जदार) से राजा अपने लिए उचित दण्ड ग्रहण करता है।

वादित्रनाशने दण्डो ज्ञेयो दशगुणः सदा।
मृद्धातुकाष्टपात्राणां नाशे पञ्चगुणः स्मृतः।।१४।।

वाद्ययन्त्र नष्ट करने पर सदा (उसके मूल्य का) दस गुना दण्ड जानना

---

१. कुर्यातादृशं प २।।
२. गतकाद्वात प २।।
३. विज्ञं प २।।
४. त दज्ञे प २।।
५. भूयो प १, प २।।

चाहिए। मिट्टी, धातु और काष्ठ के पात्रों को नष्ट करने पर (उसके मूल्य का) पाँच गुना (दण्ड) कहा गया है।

मार्गे यानादिभिर्नाशे सारथिं दण्डयेन्नृपः।
मदहेतुविमुक्तश्चेदन्यथा न हि दण्डयुक्।।१५।।

(दुर्घटना के कारणों को छोड़कर) मार्ग में वाहनादि से क्षति होने पर राजा सारथी को दण्डित करे। निश्चित् रूप से अकस्मात् क्षति होने पर दण्ड का योग नहीं है।

(वृ०) केऽष्टौ हेतवः इत्याह –

(क्षति होने पर दण्ड न पाने के) आठ कारण कौन से हैं, यह कथन–

युगाक्षयन्त्रचक्राणां भञ्जने राशिभङ्गके।
वृषे तु सम्मुखं प्राप्ते भूवैषम्ये दृषद्गणे।।१६।।

गच्छगच्छेतिपूत्कारे कृते सारथिनाऽसकृत्।
न दण्ड्या यानयानेशस्वामिनः स्युर्नृपेण वै।।१७।।

युग, अक्षयन्त्र और चक्कों के टूटने, राशि टूटने, सामने साँड़ के आने, भूमि असमतल होने, पत्थर का ढेर आने और वाहन चालक द्वारा बार-बार 'हटो-हटो' चिल्लाने की स्थिति में दुर्घटना होने पर गाड़ी, गाड़ी वाले तथा स्वामी को राजा द्वारा दण्डित नहीं किया जाना चाहिए।

अज्ञत्वात् सारथेर्युग्ममन्यत्राकर्षयेद्रथम्[1]।
परवस्तुविनाशे च स्वामी दण्ड्यो न सारथिः।।१८।।

युग्ममुद्राशतं दण्डं गृह्णीयाद्भूपतिस्ततः।
सारथिः कुशलश्चेत्सो दण्ड्यः[2] स्वामी न दोषभाक्।।१९।।

सारथि की अज्ञानता से यदि बैल रथ को दूसरी ओर खींच ले जाये तो दूसरे की वस्तु के नष्ट होने पर स्वामी दण्डनीय है वाहन चालक नहीं। (इस स्थिति में) राजा स्वामी से दो सौ मुद्रा दण्ड ग्रहण करे। यदि वाहन चालक निपुण हो तो वही दण्डित किया जाना चाहिए, स्वामी दोष का भागी नहीं है।

मूर्खत्वे[3] सारथेर्दण्ड्यो[4] युग्मे भूपेन सारथेः।
शतमुद्रां गृहीत्वा [5]प्राग्यानमीशं च दापयेत्[6]।।२०।।

---

१. ०येद्रव्यं भ १, भ २, प १, प २।। २. दण्ड्ये प १, प २।।
३. मूर्खेत्वे भ २।।
४. दण्ड्यो युग्मो भ १, भ २, प १, प २।।
५. प्रग्घानिमोशंच भ १, भ २, प १, प २।।
६. विधाययेत् भ १, विधापयेत् भ २, प १, प २।।

वाहन चालक के मूर्ख होने पर राजा द्वारा (वाहन चालक और स्वामी) को दण्डित करना चाहिए। वाहन चालक से सौ मुद्रा लेकर पहले यान के स्वामी को देना चाहिए।

यानान्तरेण गोऽश्वादिरुद्धे मार्गे तु सारथिः।
अशक्तो [1]वृषरोधादौ न दण्ड्यः स्याच्च सर्वथा।।२१।।

गाय, घोड़े आदि द्वारा वाहन का मार्ग अवरुद्ध होने और साँड़ द्वारा मार्ग अवरुद्ध आदि होने पर तो वाहन चालक असमर्थ है और वह किसी भी प्रकार दण्डनीय नहीं है।

जीवनाशे तु दण्ड्यः स्यात्सूतो भूपेन केवलम्।
वस्तुनाशे तत्प्रसत्तिं नृपस्तेन प्रदापयेत्।।२२।।

(वाहन के नीचे, धक्का लगने से) प्राणी के घायल, मृत्यु आदि होने पर राजा द्वारा वाहन चालक दण्डनीय है। वस्तु के नष्ट होने पर राजा द्वारा उस (चालक) से उसकी क्षतिपूर्ति दिलवानी चाहिए।

मर्त्यनाशे महत्पापं[2] चौरवद्दण्डमाप्नुयात्।
गोगजाश्वोष्ट्रमहिषोघाते[3] स्वामिप्रसन्नता।।२३।।

(दुर्घटना में) प्राणी की घायल अथवा मृत्यु होना पाप है (इस स्थिति में) चोर (चोरी के अपराध करने वाले) के समान दण्ड देना चाहिए। गाय, हाथी, अश्व, उष्ट्र, भैंस के मरने पर (उसके मूल्य के बराबर धन आदि देकर) स्वामी की प्रसन्नता ही दण्ड है।

कारणीया ततो दण्डो गृह्यते पृथिवीभुजा।
यथा पुनर्न कोऽपि स्यादी[4]दृशो जीवघातकृत्।।२४।।

राजा यान-चालक को ऐसा दण्ड दे जिससे कि पुनः इस प्रकार जीव हत्या करने वाला कोई भी न हो।

भार्यापुत्रप्रेष्यदाससोदराश्चापराधिनः ।
तेषां नाथेन दण्डेन स्तैन्यकर्मणि भूभृता।।२५।।

यदि पत्नी, पुत्र, दूत, दास, सहोदर (भ्राता), चौरकर्म के अपराधी हों तो राजा द्वारा नाथ (बैल की नाक में पिरोई जाने वाली रस्सी और) दण्ड से उनकी पिटाई हो।

---

१. तृषरोधा प १, प २।।
२. महत्पापी भ १, भ २, प १, प २।।
३. ०याते भ १, ०द्याते भ २, प २।।
४. स्तासांना० भ १, भ २, प १, प २।।

एषः समासतः प्रोक्तो दण्डपारुष्यनिर्णयः।
जीवमात्रे कृपादृष्टी रक्षणीया मनीषिणा।।२६।।

यह संक्षेप में दण्ड की कठोरता के निर्णय का कथन किया गया। बुद्धिमानों द्वारा प्राणिमात्र पर कृपादृष्टि रखनी चाहिए।

।। इतिदण्डपारुष्यप्रकरणम्।।

—O—

तृतीय अधिकार

३.१९

स्त्रीपुरुषधर्मप्रकरणम्

नेमिं नत्वा मुदा नेमिं [1]सर्वारिष्टविभेदने।
स्त्रीपुंधर्मव्यवहृतिः संक्षेपेणात्र वर्ण्यते।।१।।

सम्पूर्ण अमङ्गल या अशुभ के विदारण में चक्र रूप (बाईसवें तीर्थङ्कर) नेमिनाथ का हर्षपूर्वक वन्दन कर स्त्री-पुरुष के धर्म-व्यवहार का संक्षेप से वर्णन किया जाता है।

(वृ०) पूर्व प्रकरणे दण्डपारुष्यवर्णनं कृतम् –

पूर्व प्रकरण में दण्ड-पारुष्य का वर्णन किया गया –

(वृ०) दण्डस्तु धर्मरक्षार्थं जायतेऽतोऽधुनास्त्रीपुरुषधर्मप्ररूपणाधिक्रियते –

दण्ड सदा धर्म की रक्षा के लिए होता है इसलिए अब स्त्री-पुरुष के धर्म की प्ररूपणा की जाती है –

पित्रादयः स्वबुद्धया यं [2]सुन्दरं प्रेक्ष्य कन्यकाम्।
दद्युः सा निर्गुणं चापि पूजयेद्देववत्तकम्।।२।।

पिता आदि (स्वजनों) द्वारा अपनी बुद्धि से जिस पुरुष को सुन्दर देखकर (अपनी) कन्या दी जाती है गुणरहित होने पर भी वह उसे देवता के समान पूजती है।

भर्त्रापि मिष्टवचनैः सन्तोष्या सा नवाङ्गना।
पक्वान्नदधिदुग्धाद्यैः पोषणीया निरन्तरम्।।३।।

स्वामी के द्वारा भी वह नवविवाहिता स्त्री मधुर वचनों से सन्तुष्ट की जानी चाहिए। पकवान, दूध, दही आदि से वह निरन्तर पोषित की जानी चाहिए।

---

१. सर्वा० प २।।
२. सुन्दर भ २, प २।।

बालत्वे रक्षकस्तातो यौवने रक्षकः पतिः।
वृद्धत्वे [1]सति सत्पुत्रः स्त्री स्वाधीना भवेन्नहि।।४।।

बालावस्था में स्त्री का रक्षक पिता होता है, युवावस्था में रक्षक पति होता है, वृद्ध होने पर पुत्र रक्षा करता है, निश्चित रूप से स्त्री (कभी) स्वतन्त्र नहीं होती है।

अतीचाराद्बुधैर्नित्यं रक्षणीया कुलाङ्गना।
आतुर्यवासरं[2] कस्याप्यास्यं पश्ये[3]दतौ न हि।।५।।

बुद्धिमानों द्वारा कुलीन स्त्रियों की अतिचार (मर्यादा-उलङ्घन) से सदैव रक्षा की जानी चाहिए। ऋतु (रज-स्राव) में पूरे चार दिनों तक कोई भी इसका (मुख) न देखे।

चतुर्थदिवसे स्नात्वेक्षेतास्यं पत्युरेव च।
ऋतुस्नाने न पश्येत्स्त्री परभर्त्यमुखं कदा।।६।।

चौथे दिन स्नान के समय अपने पति का ही मुख देखे। रजोदर्शन के बाद (ऋतु-) स्नान कर वह कभी अन्य पुरुष का मुख न देखे।

यतः – क्योंकि –

स्नानकाले निरीक्षेत सुरूपं च विरूपकम्।
पुरुषं जनयेत्पुत्रं तदाकारं मनोरमा।।७।।

स्नानकाल में वह सुन्दरी सुन्दर या असुन्दर जैसे पुरुष का मुख देखेगी वैसे ही आकार का पुत्र उत्पन्न करेगी।

यादृश[4]मुप्यते बीजं क्षेत्रे कालानुसारतः।
तत्पर्यायगुणैर्युक्तं तादृगुत्पद्यते फलम्।।८।।

उचित समय पर खेत में जैसा बीज बोया जाता है – पर्याय गुण से युक्त उसी प्रकार का फल उत्पन्न होता है।

यद्यज्जातीयपुरुषं यद्यत्कर्मकरं नरम्।
पश्यति स्नानकाले सा तादृशं जनयेत्सुतम्।।९।।

स्नान के समय जिस-जिस जाति तथा जिस-जिस कार्य को करने वाले पुरुष का मुख वह देखती है उसी प्रकार का पुत्र उत्पन्न करती है।

---

१. वृद्धत्वेवति भ १, भ २, प १, प २।।
२. आतुर्यवारं भ १, भ २, प १, प २।।
३. ०दतोनहि भ १, भ २, ०दतौनहि प १, प २।।
४. वप्यते भ १, भ २, प १, प २।।

न स्पृशेद्वस्तुमात्रं हि न भुंक्ते कांस्यभाजने।
गृहाद्बहिर्न गन्तव्यं देवतायतनेऽपि न।।१०।।
शयीत न हि [१]खट्वायां पुष्टान्नं नैव भक्षयेत्।
आदर्शालोकनं नैव ऋतौ कुर्यात्कुलाङ्गना।।११।।

ऋतुकाल में कुलवधू न ही किसी वस्तु का स्पर्श करे, न ही कांसे के पात्र में भोजन करे, घर से बाहर भी न जाय और मन्दिर भी न जाये। निश्चित रूप से न तो वह पलङ्ग पर शयन करे, न ही पौष्टिक अन्न ग्रहण करे और न ही दर्पण का अवलोकन करे।

शरीरसंस्कृतिं नैव कुर्यादुद्वर्त्तनादिभिः।
न काष्ठघर्षणं दन्ते दिवा स्वापं च वर्जयेत्।।१२।।

उबटन आदि (प्रसाधनों से) शरीर का संस्कार नहीं करना चाहिए। दाँतों को काष्ठ (लकड़ी) से नहीं घिसना चाहिए और दिन में निद्रा का त्याग करना चाहिए।

चतुर्थेऽह्नि कृतस्नाना दृष्ट्वा स्वीयधवाननम्।
कृतसर्वसुसंस्कारा कुर्यात् क्षीरान्नभोजनम्।।१३।।

चौथे दिन स्नान कर अपने पति का मुख देखकर सभी सुसंस्कारों को सम्पन्न कर खीर का भोजन करे।

तद्दिने चित्तविक्षेपं क्रोधं वा न करोति वै।
कृतमङ्गलनेपथ्याभूषालङ्कृतविग्रहा ।।१४।।
